सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

गुरुवार, 14 अगस्त, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 220, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## सेंसेक्स में 304 अंकों की उछाल

स्थानीय शेयर बाजार में तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 304 अंक की मजबूती के साथ 80,539 .91 पर बंद हुआ। } 14

## महाभियोग से बचने के लिए न्यायमूर्ति वर्मा के पास इस्तीफा ही एकमात्र विकल्प

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के लिए एक समिति के गठन की घोषणा की है उन्होंने कहा न्यायाधीश के पास इस्तीफा ही एकमात्र विकल्प बचा है। } 16

संक्षेप

### अमेरिका में विरूपित किया गया हिंदू मंदिर

न्यूयॉर्क। अमेरिका के इंडियाना शहर में एक हिंदू मंदिर के नामपट्ट को विरूपित कर दिया गया जिसे भारतीय वाणिज्य दूतावास ने निंदनीय बताया है। मंदिर के आधिकारिक जनसंपर्क हैंडल ने मंगलवार को एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि यह घृणित कृत्य ग्रीनवुड शहर स्थित बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर में हुआ। इसमें कहा गया है कि एक साल से भी कम समय में यह चौथी बार है जब किसी बीएपीएस मंदिर को निशाना बनाया गया है। शिकागो स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने इस कृत्य पर कड़ा संज्ञान लिया और इसे निंदनीय बताया। उसने एक्स पर कहा इंडियाना के ग्रीनवुड स्थित बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर के मुख्य नामपट्ट का अपमान निंदनीय है।

### राहुल गांधी को जान का खतरा : अधिवक्ता

पुणे/नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के वकील ने मानहानि मामले में सुनवाई कर रही पुणे की एक अदालत में एक आवेदन में बुधवार को दावा किया कि उनके मुवक्किल को विनायक दामोदर सावरकर और नाथूराम गोडसे की विचारधारा के लोगों से खतरे की आशंका है, हालांकि बाद में उन्होंने बृहस्पतिवार को यह लिखित वक्तव्य वापस लेने की बात कही। राहुल गांधी के वकील मिलिंद पवार ने अदालत में आवेदन दायर करने के कुछ घंटे बाद एक विज्ञप्ति जारी कर कहा कि उन्होंने अपने अपने मुवक्किल (राहुल) की सहमति के बिना यह आवेदन दायर कर दिया था। पवार ने कहा मेरे मुवक्किल ने यह लिखित वक्तव्य दायर करने पर कड़ी आपत्ति जताई और आवेदन में की गई बातों को लेकर असहमति जताई। वकील ने कहा, मैं कल एक औपचारिक आवेदन दायर करूंगा और अदालत के समक्ष बुधवार को दायर लिखित वक्तव्य को वापस लूंगा। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने वकील की विज्ञप्ति को साझा करते हुए एक्स पर पोस्ट किया कि राहुल गांधी के वकील बृहस्पतिवार को अपना लिखित वक्तव्य वापस लेंगे।

### घाटी में घुसपैठ की कोशिश नाकाम की, जवान शहीद

श्रीनगर। सेना ने जम्मू-कश्मीर के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर बुधवार को घुसपैठ की एक कोशिश को नाकाम कर दिया जिसके बाद हुई मुठभेड़ में एक जवान की जान चली गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सैनिकों ने उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले में उरी स्थित चुरुंडा इलाके में घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी। अधिकारियों ने बताया कि हालांकि, मुठभेड़ के दौरान सेना के एक जवान की जान चली गई। उन्होंने बताया कि अभियान जारी है और इस संबंध में अभी विस्तृत जानकारी नहीं मिली है। सेना ने एहतियात के तौर पर आस-पास के इलाकों में छानबीन शुरू कर दी है।



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 32.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 27.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- छात्रों की जिज्ञासा को संदीप सिंह ने किया शांत (पृष्ठ-02)
- भाजपा ने सिर्फ शिलान्यास किया नाम बदले : शिवपाल (पृष्ठ-02)
- व्यापार वार्ता पर भारत का रुख थोड़ा अड़ियल (पृष्ठ-14)
- रुपया 20 पैसे चढ़कर 87.43 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-14)
- सकल मुद्रास्फीति औसतन 3.5 प्रतिशत रहेगी (पृष्ठ-14)


## तीन जजों की पीठ करेगी आवारा कुत्तों पर सुनवाई

एजेंसी

दिल्ली-एनसीआर में आवारा कुत्तों से संबंधित मामले में सुप्रीम कोर्ट ने तीन सदस्यों की नई बेंच का गठन किया है। सुप्रीम कोर्ट की तीन सदस्यों की यह बेंच कल सुनवाई करेगी। इसे पहले दुधवार को भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने बुधवार को कहा कि वह आवारा कुत्तों से संबंधित मुद्दे पर विचार करेंगे क्योंकि एक वकील ने दावा किया कि सुप्रीम कोर्ट की विभिन्न पीठों द्वारा जारी किए गए निर्देश परस्पर विरोधी हैं।



इसके बाद मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने मामले को सुनने के लिए बड़ी पीठ का गठन किया है। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट के अनुसार, 'आवारा कुत्तों से परेशान शहर, बच्चे चुका रहे कीमत' मामले की सुनवाई अब 14 अगस्त को जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ द्वारा की जाएगी। आवारा कुत्तों से जुड़े एक मामले को बुधवार को भारत के मुख्य न्यायाधीश के समक्ष तत्काल सुनवाई के लिए पेश किया गया। ...शेष पृष्ठ 14 पर

## हाथ में तिरंगा लेकर लखनऊ की सड़कों पर उतरा 'भारत'

### भारत मां, महापुरुषों, क्रांतिकारियों और वीर सैनिकों के प्रति कृतज्ञता का भाव है तिरंगा यात्रा : योगी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश आजादी के 78 वर्ष पूरे कर रहा है। आजादी के इस अमृतकाल में हर भारतीय के मन में संविधान, राष्ट्रीय प्रतीकों, राष्ट्रीयता, क्रांतिकारियों-महापुरुषों के प्रति श्रद्धा व सम्मान का भाव और प्रगाढ़ हो। यह हर जन, हर घर तक पहुंचे, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हर घर तिरंगा और तिरंगा यात्रा के माध्यम से इसे हम सभी देख रहे हैं। तिरंगा यात्रा केवल यात्रा नहीं, बल्कि भारत मां, महापुरुषों, क्रांतिकारियों और वीर सैनिकों के प्रति हमारी कृतज्ञता भी है।

हर गांव, नगर, जनपद में तिरंगा यात्रा इसका उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। यूपी में भी हर घर तिरंगा, सेल्फी विद तिरंगा से जुड़ रहे हैं। देश और सैनिकों के सम्मान तथा आन-बान-शान का प्रतीक तिरंगा हर भारतीय के घर में लहराया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को 'हर घर तिरंगा' अभियान का शुभारंभ किया। राष्ट्रभक्ति के गीतों की धुनों के बीच मुख्यमंत्री ने तिरंगा यात्रा का नेतृत्व किया, फिर अपने आवास से यात्रा को रवाना किया। सीएम ने युवाओं का अभिनंदन करते हुए सभी को स्वतंत्रता दिवस की अग्रिम शुभकामनाएं भी दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि



ऑपरेशन सिंदूर में भारत के शौर्य, पराक्रम, सामर्थ्य और शक्ति को दुनिया ने देखा है। इसे लेकर जब दुनिया अचंभित है तो हर भारतीयों का दायित्व बनता है कि भारत का सम्मान ऊंचा बनाए रखें। सीएम ने अपील की कि 140 करोड़ भारतवासी स्वयं के स्वार्थों की तिलांजलि देकर राष्ट्रमाता के चरणों में समर्पित होकर तिरंगा को हर घर पर लगाकर देश की आजादी के इस समारोह में भागीदार बनें। सीएम ने कहा कि सामाजिक एकता को छिन्न-भिन्न करने का कुत्सित प्रयास करने वालों तथा समाज, क्षेत्र, भाषा, जाति समेत अनेक वादों के नाम पर बांटने वाले तत्वों को बेनकाब करें।

सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी द्वारा दिया गया 2047 तक का विराट लक्ष्य 'विकसित भारत-आत्मनिर्भर भारत' सभी के सामने है। सीएम ने कहा कि उनके संकल्पों के साथ जुड़कर 'विकसित उत्तर प्रदेश-आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश' के उनके मार्गदर्शन को अपने जीवन का हिस्सा व मंत्र बनाएंगे। समारोह में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, प्रदेश सरकार के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, कपिलदेव अग्रवाल, विधायक नीरज बोरा, जया देवी, ओपी श्रीवास्तव, विधान परिषद सदस्य महेंद्र सिंह, मुकेश शर्मा, उमेश द्विवेदी, भाजपा के महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, भाजपा नेता नीरज सिंह आदि मौजूद ...शेष पृष्ठ 14 पर

## बांके बिहारी मंदिर न्यास गठन के लिए अध्यादेश जारी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। विधानमंडल के मानसून सत्र के तीसरे दिन विधानसभा में बुधवार को श्री बांके बिहारी जी मंदिर न्यास विधेयक-2025 पेश किया गया। यह विधेयक 26 मई को जारी हुए उप्र श्री बांके बिहारी जी मंदिर न्यास अध्यादेश का प्रतिस्थानी है। विधेयक स्पष्ट करता है कि मंदिर के चढ़ावे, दान और सभी चल-अचल संपत्तियों पर न्यास का अधिकार होगा। इस अध्यादेश के ड्राफ्ट में मंदिर की परंपरा को सुरक्षित रखने, प्रबंधन को सशक्त करने और आधुनिक सुविधाओं को लेकर कई प्रावधान शामिल किए हैं। मंदिर का संचालन, वित्तीय पारदर्शिता और तीर्थयात्रियों के लिए विश्वस्तरीय सुविधाओं पर जोर दिया गया है, यह काम 18 सदस्यीय ट्रस्ट करेगा।



अध्यादेश में कहा गया है कि मंदिर में स्थापित मूर्तियां, मंदिर परिसर और प्रसीमा के भीतर देवताओं के लिए दी गई भेंट, उपहार, किसी भी पूजा-सेवा-कर्मकांड-समारोह-धार्मिक अनुष्ठान के समर्थन में दी गई संपत्ति, नकद या वस्तु रूपी अर्पण, तथा मंदिर परिसर के उपयोग के लिए डाक/तार से भेजे गए बैंक ड्राफ्ट और चेक तक शामिल हैं. मंदिर की संपत्तियों में आभूषण, अनुदान, योगदान, हुंडी संग्रह सहित श्री बांके बिहारी जी मंदिर की सभी चल एवं अचल संपत्तियां सम्मिलित मानी जाएंगी। सरकार ने कहा है कि न्यास का गठन स्वामी हरिदास की परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए किया गया है। स्वामी हरिदास के समय से चली आ रही रीति-रिवाज, त्योहार, समारोह और अनुष्ठान बिना किसी हस्तक्षेप या परिवर्तन के जारी रहेंगे। न्यास दर्शन का समय तय करेगा, पुजारियों की नियुक्ति करेगा और वेतन, भत्ते/प्रतिकर निर्धारित करेगा. साथ ही भक्तों और आगंतुकों की सुरक्षा तथा मंदिर के प्रभावी प्रशासन और प्रबंधन की जिम्मेदारी भी न्यास पर होगी। न्यास गठन के बाद श्रद्धालुओं को विश्वस्तरीय सुख-सुविधाएं उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है प्रसाद वितरण, वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगों के लिए अलग दर्शन मार्ग, पेयजल, विश्राम हेतु बेंच, पहुंच एवं कतार प्रबंधन कियोस्क, गौशालाएं, अन्नक्षेत्र, रसोईघर, होटल, सराय, प्रदर्शनी कक्ष, भोजनालय और प्रतीक्षालय जैसी व्यवस्थाएं विकसित की जाएंगी। न्यास में 11 मनोनीत और 7 पदेन सदस्य होंगे। मनोनीत सदस्यों में वैष्णव परंपराओं, संप्रदायों, पीठों से 3 प्रतिष्ठित सदस्य जिनमें साधु-संत, मुनि, गुरु, विद्वान, मठाधीश, महंत, आचार्य, स्वामी सम्मिलित हो सकते हैं। सनातन धर्म की ...शेष पृष्ठ 14 पर

### सरकार ने दोहराया 2047 तक उप्र को विकसित बनाने का संकल्प

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन बुधवार को विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश, आत्मनिर्भर भारत-आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश विषय पर आयोजित विशेष चर्चा में राज्य सरकार के वरिष्ठ मंत्रियों ने 2047 तक प्रदेश को देश का सबसे विकसित राज्य बनाने का संकल्प लिया और इसकी रूपरेखा प्रस्तुत की। वहीं, राज्य के मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) के सदस्यों ने कहा कि कोई भी विजन ज्यादा से ज्यादा पांच साल का होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सत्तापक्ष 22 बाद का विजन बता रहा है जो जनता को लॉलीपॉप देने जैसा है। सदन में 24 घंटे तक चलने वाली इस चर्चा के लिए संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना के प्रस्ताव पर सरकार की ओर से उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह समेत वरिष्ठ मंत्रियों ने 2047 तक उत्तर प्रदेश को देश का सबसे विकसित राज्य बनाने का संकल्प दोहराया। सपा के वरिष्ठ सदस्य शिवपाल सिंह यादव ने कहा आज भाजपा सरकार सदन में 2047 का सपना लेकर आयी है। 2047 यानी जब आज के नौजवान अपने बच्चों के बच्चों को स्कूल छोड़ रहे होंगे, सरकार कह रही है कि हम तब विकास करेंगे। यादव ने कहा 22 सालों में जो आज जवान हैं, वे ...शेष पृष्ठ 14 पर

### ईडी ने सुरेश रैना से की पूछताछ

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना से कथित अवैध सट्टेबाजी ऐप से जुड़े धन शोधन मामले में बुधवार को पूछताछ की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

रैना (38) को सुबह करीब 11 बजे अपनी उपस्थिति दर्ज कराने से पहले मध्य दिल्ली स्थित एजेंसी कार्यालय के बाहर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) कर्मियों और ईडी के कर्मचारियों के साथ बातचीत करते देखा गया। सूत्रों ने बताया कि संघीय जांच एजेंसी ने एक अवैध सट्टेबाजी ऐप (1एक्सबेट) से जुड़ी जांच के सिलसिले में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत उनका बयान दर्ज किया। ऐसा माना जा रहा है कि पूर्व भारतीय क्रिकेटर कुछ विज्ञापनों के जरिए इस ऐप से जुड़े हुए हैं। ईडी इस ऐप से उनके संबंधों, इसके प्रचार से की कमायी और दोनों पक्षों के बीच संचार के माध्यम के बारे में पूछताछ करना चाहती है। एजेंसी ने हाल ही में इस जांच के तहत गूगल और मेटा के प्रतिनिधियों को पूछताछ के लिए बुलाया था। उसने मंगलवार को परिमैच नामक एक ...शेष पृष्ठ 14 पर

## सड़क हादसे में 16 की मौत, 23 घायल

- दौसा में ट्रक-पिकअप वैन की टक्कर, 11 की मौत
- राष्ट्रपति ने जताया दुख

विशेष संवाददाता

लखनऊ। जौनपुर और राजस्थान के चौसा में हुए सड़क हादसों में उत्तर प्रदेश के 16 लोगों की मौत हो गई जबकि 23 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

जौनपुर जिले के खेतासराय थाना क्षेत्र के गुरैनी पेट्रोल पंप के पास एक रोडवेज बस और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर में दो साल की बच्ची समेत पांच लोगों की मौत हो गई और लगभग 15 अन्य घायल हो गए। घटना मंगलवार रात करीब साढ़े 10 बजे खेतासराय थाना क्षेत्र के गुरैनी पेट्रोल पंप के पास हुई। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने बताया कि मृतकों में दो महिलाएं, दो पुरुष और एक बच्चा शामिल है। इस घटना में 15 अन्य



घायल हुए हैं। वहीं, राजस्थान के दौसा जिले में बुधवार तड़के एक पिकअप वैन के एक खड़े ट्रक से टकरा जाने से सात बच्चों समेत 11 लोगों की मौत हो गई तथा आठ अन्य लोग घायल हो गए। दौसा के पुलिस अधीक्षक सागर ने बताया कि पिकअप वाहन में सवार लोग खाटू श्याम और सालासर बालाजी मंदिरों के दर्शन करने के बाद उत्तर प्रदेश के एटा स्थित अपने गांव लौट रहे थे, तभी मनोहरपुर राजमार्ग पर सुबह करीब चार बजे यह ...शेष पृष्ठ 14 पर

### अगले सप्ताह रूस जायेंगे जयशंकर

नयी दिल्ली। विदेश मंत्री एस. जयशंकर अगले सप्ताह अपने रूसी समकक्ष सर्गेई लावरोव के साथ महत्वपूर्ण वार्ता करने के लिए मास्को की यात्रा करेंगे। यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब रूस से कच्चे तेल की खरीद को लेकर हाल में अमेरिका के साथ भारत के संबंधों में कुछ तनाव आया है।

जयशंकर की रूस यात्रा राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल की रूस यात्रा और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन तथा कई शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात के कुछ दिनों बाद हो रही है। विदेश मंत्री की मास्को यात्रा से परिचित लोगों ने बताया कि दोनों पक्ष इस वर्ष के अंत में पुतिन की भारत यात्रा के विभिन्न पहलुओं को भी अंतिम रूप दे सकते हैं। रूस के विदेश मंत्रालय के ...शेष पृष्ठ 14 पर

## अवैध धर्मांतरण संशोधन विधेयक को कैबिनेट की मंजूरी

### अग्निवीरों के समायोजन के लिए धामी सरकार का ऐतिहासिक फैसला

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में हुई राज्य कैबिनेट बैठक में अग्निवीरों के सम्मान और पुनर्वास के लिए ऐतिहासिक निर्णय लिया गया। सरकार ने समूह ग के सभी वर्दीधारी पदों की सीधी भर्ती में 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण देने की घोषणा की है। बैठक में कुल 26 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।

राज्य सरकार के अनुसार वर्ष 2026 में लगभग 850 अग्निवीर सेवानिवृत्त होंगे। इनको रोजगार में समायोजित करने के उद्देश्य से यह विशेष आरक्षण लागू किया जाएगा। इसके लिए अभ्यर्थी का उत्तराखंड मूल निवासी या स्थायी निवासी होना आवश्यक होगा। कैबिनेट ने धर्मांतरण



पर नकेल कसने के लिए धर्मांतरण कानून को और अधिक सख्त कर दिया है। कैबिनेट ने धर्मांतरण कानून में संशोधन को हरी झंडी दी है, जिसके तहत अधिकतम सजा 10 साल से बढ़ाकर 14 साल कर दी गई है। वहीं गंभीर मामलों में यह 20 साल तक हो सकती है। जुमार्ना राशि को भी 50 हजार रुपये से बढ़ाकर 10 लाख रुपये करने का निर्णय लिया गया है। अन्य महत्वपूर्व फैसलों में उत्तराखंड परियोजना विकास एवं निर्माण निगम (यूपीडीसीसी) के पुनर्गठन के तहत 95 नए पद सृजित, जिन्हें सिंचाई विभाग से डेप्युटेशन पर भरा जाएगा।सहकारिता विभाग में उत्तराखंड सहकारी संस्थागत सेवा मंडल का गठन, जिससे सहकारी बैंकिंग सेक्टर में भर्ती आईबीपीएस के माध्यम से होगी। कैबिनेट फैसले के अनुसार सिडकुल के 5 प्रतिशत कार्य उत्तराखंड के स्थानीय लोगों को प्राथमिकता के साथ दिए जाएंगे, जिससे स्थानीय उद्योगों और युवाओं को लाभ मिलेगा। लखवाड़ परियोजना में अधिग्रहित भूमि का सर्कल रेट नैनबाग के ...शेष पृष्ठ 14 पर

विशेष खबर — रोबोटिक म्यूल और दुर्गम इलाकों में चल सकने वाले वाहनों व अत्याधुनिक उपकरणों का उपयोग कर रही है सेना

## एलओसी पर सीमा सुरक्षा मजबूत कर रही स्मार्ट बाड़

एजेंसी

सुंदरबनी (जम्मू कश्मीर)।एआई-संचालित प्रौद्योगिकी में तेजी से प्रगति के कारण बदलते सुरक्षा परिदृश्य के साथ तालमेल बिठाते हुए सेना जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर सुरक्षा को मजबूत करने के लिए स्मार्ट बाड़, रोबोटिक म्यूल और दुर्गम इलाकों में चल सकने वाले वाहनों जैसे अत्याधुनिक उपकरणों का उपयोग कर रही है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

क्वाडकॉप्टर, उन्नत निगरानी उपकरण, बुलेटप्रूफ वाहन, आधुनिक हथियार और अंधेरे में देखने में सहायक उपकरण सहित अन्य उपकरणों का 7 से 10 मई के बीच ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया। स्वतंत्रता दिवस से पहले सुंदरबनी के दूरदराज के क्षेत्रों में नियंत्रण रेखा पर भारतीय सेना के अदम्य साहस



को देखने के लिए मीडियाकर्मियों को एक दुर्लभ अवसर प्रदान करते हुए सेना ने इस समारोह को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए त्रि-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की है तथा सीमा पर गश्त और निगरानी बढ़ा दी है। अधिकारियों ने बताया कि आर्मडो और सभी प्रकार के वाहनों जैसे उन्नत सैन्य वाहनों को शामिल किये जाने से सेना की त्वरित प्रतिक्रिया टीमों को सबसे चुनौतीपूर्ण और उब्बड़-खाबड़ इलाकों में तेजी से कार्वाई करने में मदद मिलेगी, ताकि वे किसी भी खतरे को, विशेष रूप से घुसपैठ करने वाले आतंकवादियों से उत्पन्न खतरे को बेअसर कर सकें। अभ्यास के दौरान, सैनिकों ने प्रदर्शित किया कि कैसे वे किसी क्षेत्र की घेराबंदी करते हैं और आतंकवादियों से निपटते हैं तथा इस दौरान वाहनों की गति, सुरक्षा और अनुकूलन क्षमता को दर्शाया गया। महिंद्रा आर्मर्ड लाइट स्पेशलिस्ट व्हीकल (एएलएसवी) या आर्मडो एक हल्का और हवाई मार्ग से कहीं भी ले जाये जाने योग्य बख्तरबंद वाहन है जिसे सेना और विशेष बलों के लिए डिजाइन किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि स्वदेश विकसित रोबोटिक म्यूल युद्ध के मैदान में निर्णायक भूमिका निभाने वाले के रूप में उभर रहा है। उन्होंने बताया कि मेक इन इंडिया ...शेष पृष्ठ 14 पर

## भारतीय शिक्षण संस्थानों पर दो लाख से अधिक साइबर हमले

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय शिक्षण संस्थानों को महज नौ महीनों में दो लाख से अधिक बार साइबर हमलों और जानकारी में सेंध लगाने की करीब चार लाख कोशिशों का सामना करना पड़ा है। यह खुलासा एक प्रायोगिक अध्ययन में हुआ है।

भारतीय शैक्षणिक संस्थानों के लिए साइबर खतरों और डिजिटल जोखिमों की तलाश शीर्षक से यह अध्ययन साइबरपीस फाउंडेशन के महत्वकांक्षी ई-कवच पहल के तहत डेलनेट, रीसिक्योरिटी और ऑटोबोट इन्फोसेक के सहयोग से किया गया है। इस अध्ययन रिपोर्ट को बुधवार साइबर फर्स्ट रिस्पॉन्डर पहल की शुरुआत के साथ जारी किया गया। इसका उद्देश्य छात्रों, संकाय, पुस्तकालयाध्यक्षों और कर्मचारियों को साइबर खतरों, डीपफेक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के दुरुपयोग का मुकाबला करने के लिए कुशल बनाना है। जुलाई 2023 और अप्रैल 2024 के बीच किए गए नौ महीने के अध्ययन में पाया गया कि 8,000 से ज्यादा विशिष्ट यूज़रनेम और 54,000 विशिष्ट पासवर्ड ब्रूट-फोर्स हमलों (इसमें साइबर हमलावर कई संभावित कुंजी या पासवर्ड का इस्तेमाल कर डाटा तक पहुंचने की कोशिश करता है) में इस्तेमाल किए जा रहे थे। आम तौर पर लक्षित यूजरनेम में रूट और एडमिन शामिल थे।

# सरकार के विजन डॉक्यूमेंट के बदले विपक्ष ने जारी किया रीजन डॉक्यूमेंट

## सरकार के 47 चुनावी वादों की सूची जारी कर पूछे सवाल, मंत्रियों ने दिये तर्कसंगत जवाब

विशेष संवाददाता (vol)






**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन भी सत्ता और विपक्ष के बीच तकरार चली। सरकार ने जहां सदन में विजन डॉक्यूमेंट पेश करने और लगातार 24 घंटे सदन चलाने का आह्वान किया। वहीं समाजवादी पार्टी ने पलटवार करते हुए रीजन डॉक्यूमेंट जारी कर दिया। सपा ने अपने दस्तावेज में भाजपा सरकार के 47 चुनावी वादों की सूची जारी कर तीखा सवाल दागा। कहा-विजन की बात छोड़िए। जनता को बताइए कि इन वादों को पूरा न करने का कारण क्या है? सपा के आरोपों में किसानों को मुफ्त सिंचाई बिजली, एमएसपी पर खरीद शामिल है।

साथ ही बाढ़ से बचाव, 70 लाख रोजगार, खाली सरकारी पदों पर भर्ती, छात्राओं को मुफ्त शिक्षा व स्कूटी, प्राथमिक स्कूलों को स्मार्ट विद्यालय बनाने, हर परिवार को रोजगार, खेल मैदान व जिम, योग शिक्षक भर्ती, 108 एम्बुलेंस सेवा में सुधार, डॉक्टर-स्टाफ की नियुक्ति भी सूची में है. इंडस्ट्रियल कॉरिडोर, ग्रामीण बस स्टॉप, सोलर स्ट्रीट लाइट, अन्नपूर्णा कैंटीन, स्वच्छ जल, दोगुनी आय, जैविक खेती, गंगा-यमुना की सफाई, अधिवक्ता कल्याण, खेल कोष, निवेश, पुलिस सहायता, जन औषधि नेटवर्क, पर्यटन विकास, मुफ्त लैपटॉप और 24 घंटे बिजली जैसे तमाम वादे सूची में शामिल हैं। सपा नेताओं ने तंज कसते हुए कहा, सरकार को अब विजन नहीं, रीजन बताना चाहिए कि आखिर किन कारणों से आपने एक भी बड़े वादे को पूरा नहीं किया।

**...और सपा ने कर दिया वॉकआउट :** विधान परिषद में बुधवार को विजन डॉक्यूमेंट 2047 पर चर्चा में विपक्ष सरकार को आईना दिखाने का काम कर रहे थे। 4 बजकर 15 मिनट पर अचानक माहौल उस समय गरमा गया जब समाजवादी पार्टी ने सदन से विरोध जताते हुए वॉकआउट कर दिया। नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव ने कहा कि अब हम इस बहस में हिस्सा नहीं लेंगे। अब ये अपना विजन डॉक्यूमेंट अपने घर में रख लें। दरअसल, विधानपरिषद की पीठ पर अधिष्ठाता जयपाल सिंह व्यस्त विराजमान थे. नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव फसलों की एमएसपी पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि किसानों को अपनी फसल का मूल्य नहीं मिल रहा है। इस पर जयपाल सिंह व्यस्त ने उन्हें टोक दिया तो लाल बिहारी ने कहा कि आप पीठ पर विराजमान हैं। आपको पार्टी की तरह बात नहीं करना चाहिए। इस पर भारतीय जनता पार्टी के सदस्यों ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई. दोनों पक्ष में तीखी बहस शुरू हो गई। समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने विधान परिषद से वॉकआउट कर दिया।

विधानसभा

**गांवों में रोजगार, 24 घंटे बिजली, 100 फीसद कूड़ा प्रबंधन देने की तैयारी: ओपी राजभर :** इससे पहले पंचायती राज मंत्री ओपी राजभर ने सदन में कहा कि विपक्ष 2027 में सरकार बनाने का सपना देख रहा है। हम 2047 के विजन को देख रहे हैं। आप जब सरकार में थे तब आपने पीडीए के बारे में सोचा। आप 27 फीसद आरक्षण में केवल अपनों को मलाई खिलाना चाह रहे हो। आप मुझे अपने नेता के कहने पर टोक रहे हो। मैं बोलूंगा जरूर। मैं आपसे कहीं ज्यादा बोल सकता हूं। मैं तो मिशन 2047 पर बोलूंगा। पंचायती राज विभाग का यह विजन है कि आने वाले समय में आत्मनिर्भर गांव बनाया जाए। पलायन को रोकने के लिए गांव के भीतर ही रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना हमारी पहली प्राथमिकता होगी। हम गांव को 24 घंटे बिजली और 100 प्रतिशत कूड़ा प्रबंधन देने की ओर अग्रसर हैं।

**सपा विधायक अतुल प्रधान विरोध ने किया प्रदर्शन :** एसआईआर को लेकर बुधवार को यूपी विधानसभा में समाजवादी पार्टी के विधायक अतुल प्रधान विरोध प्रदर्शन करने पहुंचे। वह अपने हाथ में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ मिलाते हुई तस्वीर का कटआउट लिए हुए थे। इसके अलावा एक तस्वीर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चुनाव आयोग का प्रतीकात्मक चित्र वाला कटआउट था। साथ ही एक कट आउट स्टॉप एसआईआर का लिए हुए थे। विधायक अतुल प्रधान का कहना था कि लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। यह हमें बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं है। इसलिए लगातार हमारी पार्टी के नेता अखिलेश यादव और समूचा विपक्ष इसका विरोध कर रहा है।

**पहले की सरकारों में बिजली के तारों पर सुखाये जाते थे कपड़े :** ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने विधानसभा में 24 घंटे के विजन डॉक्यूमेंट को लेकर की जा रही चर्चा में बिजली व्यवस्था पर बात की। उन्होंने समाजवादी पार्टी की सरकार के समय में अखबार की कटिंग दिखाई और कहा कि उस समय बिजली के तार में करंट नहीं था, इसलिए उनका इस्तेमाल अरगनी के तौर पर हो रहा था, कपड़े सुखाए जाते थे. शिवपाल सिंह यादव ने कहा था कि अतीत की बातें करें। जिसके बाद में उन्होंने 2017 से पहले के अखबारों की कटिंग दिखाई। उन्होंने कहा कि ये अखबार कह रहा है कि अरगनी बन गए बिजली के तार। हमारी सरकार में बिजली आती है तब की सरकार में कपड़े सुखाए जाते थे बिजली के तार पर। एके शर्मा ने कहा कि हम उत्तर प्रदेश को 24 घंटे लगातार बिजली देने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। 2047 से बहुत पहले ही हम इस लक्ष्य को प्राप्त कर लेंगे।

# भाजपा ने सिर्फ शिलान्यास किया नाम पट्टिका बदली : शिवपाल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** विधानसभा में सपा के वरिष्ठ नेता शिवपाल सिंह यादव ने बुधवार को विजन डाक्यूमेंट को लेकर योगी सरकार पर हमला बोला। इस दौरान परिसर में उन्होंने सपा विधायकों समेत विभिन्न मुद्दों को लेकर धरना दिया।

उन्होंने कहा कि 2047 का सपना ऐसे ही है, जैसे ये सरकार आज के बेरोजगारों से कह रही है कि तुम्हारे पोते-पोती को नौकरी मिलेगी, तुम सिर्फ आशा रखो। आज लाखों नौजवान नौकरी के इंतजार में हैं। स्वास्थ्य व्यवस्था पटरी से उतर चुकी है। कानून व्यवस्था - अपराधियों का अमृत काल है। महिला सड़क पर आसुरक्षित हैं। 2047 का सपना मत बेचिए, 2025 की सच्चाई का हिसाब दीजिए। उन्होंने कहा क आपने देखा होगा एक अस्पताल में कुत्ता लेटा हुआ था। गांव के स्वास्थ्य केंद्र ताले में हैं। डॉक्टर नहीं है। दवा नहीं है। अपराध में यूपी देश में नंबर तीन में है। सपा में अपराधियों पर तुरंत कार्रवाई होती थी। आज जनता भगवान भरोसे है। आज स्कूल में शिक्षक नहीं, किताबें नहीं, ड्रेस तक नहीं है। आधे स्कूल में बिजली ही नहीं है। फर्नीचर नहीं है। 2047 में वहां स्मार्ट क्लास रूम कैसे लागू कर पाएंगे।



- शिवपाल सिंह यादव ने विजन डाक्यूमेंट को लेकर भाजपा सरकार पर किया तीखा हमला

विधानसभा

नई शिक्षा नीति में कॉलेजों में सिर्फ परीक्षाएं होती हैं। क्लास नहीं लगती है। सेमेस्टर सिस्टम लागू करने का हाल ये है कि ठंड में बच्चों को परीक्षाएं देनी पड़ती हैं। ठंड की वजह से हाथ तक नहीं चल पाते हैं। शिवपाल ने कहा कि किसी भी भर्ती में बिना पैसे के कोई काम नहीं हो रहा है। पैसे देकर सेंटर बनाए जा रहे हैं। उच्च शिक्षा में नई शिक्षा नीति ने चौपट कर दिया। कोई पढ़ाई नहीं हो रही है। साल भर सिर्फ परीक्षाएं होती हैं। क्लास नहीं लगते। ये विजन है आपका। भाजपा ने सिर्फ शिलान्यास और नाम पट्टिका बदलने का काम किया है। गरीब को 2047 तक इंतजार करना होगा। इसका इलाज सिर्फ भाजपा के अमृत काल में होगा। 8 साल की नाकामी को 22 साल के सपने से ढंकने की ये कोशिश है।

# संजय निषाद ने विपक्ष को बताया फूलन देवी का हत्यारा, सपा ने काटा हंगामा

**लखनऊ।** यूपी विधानसभा में विजन 2047 पर चर्चा के दौरान बुधवार की शाम कैबिनेट मंत्री संजय निषाद के बोल ने हंगामा खड़ा कर दिया। संजय निषाद ने विपक्षी सदस्यों को फूलन देवी का हत्यारा बता दिया। इस पर सदन में सपा सदस्यों ने खूब हंगामा किया और वेल में चले आए। पीठ पर बैठी मंजू सिवाच को कोई भी सुनने को तैयार नहीं था। हंगामा बढ़ने पर स्पीकर सतीश महाना ने सदन में पहुंचते ही आदेश दिया कि मंत्री जी का माइक बंद कर दीजिए। माइक बंद होने के बाद भी संजय निषाद चुप होने का नाम ही नहीं ले रहे थे। इस पर सतीश महाना को हाथ तक जोड़ना पड़ गया। इसके बाद किसी तरह संजय निषाद बैठे और सदन चल सका।

संजय निषाद ने सदन में निषाद समाज के आरक्षण का मुद्दा एक बार फिर उठाया। इस पर विपक्ष की ओर से किसी ने कहा कि लखनऊ दिल्ली दोनों जगह आपकी सरकार है, दिला दीजिए आरक्षण। इस पर संजय निषाद ने कहा कि मैं निषादों का नहीं 578 जातियों का नेतृत्व कर रहा हूं। विपक्ष की तरफ इशारा करते हुए कहा कि आपने पिछड़ी जातियों को धोखा दिया है। इस पर विपक्ष की तरफ से टोका-टोका शुरू हो गई। संजय निषाद ने कहा कि जितना बोलेंगे, उतना नुकसान होगा। मैं गलत बात बोलूंगा, तो विरोध करिएगा। आपके नेता एक बार भी निषादराज का नाम नहीं लेते। हमारे पीएम अपने भाषण में बार-बार जिक्र करते हैं। उन्होंने कहा कि फूलन देवी ने जब एकलव्य पार्टी बनाई, तब 27 दिन बाद उनकी हत्या हो गई। सीबीआई जांच हो जाए। सच सामने आ जाएगा। साथ ही कहा कि निषादों का कोई नेता नहीं बचा है। मैं बचा हूं। जब कोई निषादों का नेता ही नहीं बचेगा तो कौन हमारे समाज का नेतृत्व करेगा। इसी बीच टोका-टाकी बढ़ी तो संजय निषाद ने कह दिया कि फूलनदेवी और जमुना निषाद के हत्यारे आप लोग हैं। मंत्री के इतना बोलते ही हंगामा मच गया।

विधानसभा

# छात्रों की हर जिज्ञासा को मंत्री संदीप सिंह ने किया शांत

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मथुरा के परमेश्वरी देवी धानुका सरस्वती विद्या मंदिर, वृंदावन से विधानसभा पहुंचे छात्र बुधवार को उस समय गदगद हो उठे, जब बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने उनके सवालों का धैर्यपूर्वक और बेबाकी से जवाब दिया। विधानसभा की कार्यवाही और संसदीय बारीकियों से परिचित होने आये बच्चों की आंखों में भविष्य को लेकर गहरी जिज्ञासा थी, जबकि मंत्री संदीप सिंह के शब्दों में समाधान की स्पष्टता झलक रही थी। उनके सौम्य व्यवहार से छात्रों के चेहरों पर आश्वस्ति का भाव साफ नजर आ रहा था।

- मथुरा से आये छात्रों के सवालों पर बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने दिये बेबाक जवाब
- विधानसभा की कार्यवाही देख संसदीय कार्यवाही से परिचित होने आये थे छात्र



**बच्चों के सवालों पर मंत्री ने यह दिया जवाब :** सबसे पहले, परिषदीय विद्यालयों के पाठ्यक्रम को लेकर उठे सवाल पर मंत्री संदीप सिंह ने स्पष्ट किया कि पाठ्यक्रम तैयार करने का कार्य भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय का है, जहां विशेषज्ञ इस पर काम करते हैं। पहले हम एससीईआरटी के माध्यम से पाठ्यक्रम बनाते थे, लेकिन अब एनसीईआरटी को फॉलो किया जा रहा है। परिषदीय विद्यालयों के बच्चे भी अब एनसीईआरटी के मानक पाठ्यक्रम से पढ़ रहे हैं। वहीं, जर्जर स्कूल भवन और मर्जर पर सवाल आया तो मंत्री ने छात्रों को बताया कि किसी भी स्कूल को बंद नहीं किया गया है। जर्जर भवनों को तोड़कर नए स्कूल बनाने की प्रक्रिया चल रही है। जल्द ही सभी जर्जर विद्यालय नया रूप ले लेंगे। एक छात्र ने मुगलों का इतिहास पढ़ने के साथ ही जिले के इतिहास और स्थानीय महान व्यक्तित्वों की जानकारी पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग रखी। इस पर उन्होंने कहा कि हम जिलावार इतिहास और व्यक्तित्व पर आधारित एक किताब तैयार कर रहे हैं, जिसे जल्द ही कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों को पढ़ाया जाएगा। भविष्य में इसे पाठ्यक्रम में भी जोड़े जाने की योजना है। आरक्षण के सवाल पर उन्होंने साफ किया कि आरक्षण राष्ट्रीय स्तर की नीति है, जिसे कोई भी राज्य बदल नहीं सकता। हम इसके मानकों का पूरी तरह पालन कर रहे हैं। नई शिक्षा नीति (एनईपी) से जुड़े सवाल पर मंत्री ने बताया कि कक्षा एक में प्रवेश के लिए बच्चे की न्यूनतम आयु छह वर्ष तय की गई है। इससे पहले उसे प्री-प्राइमरी में पढ़ाया जायेगा, ताकि वह पहली कक्षा में जाने के लिए तैयार हो सके। विभिन्न बोर्डों के आसान व यूपी बोर्ड के कठिन प्रश्न-पत्रों पर उठे सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि पेपर बनाने का कार्य समिति करती है, इसमें सरकार का कोई हस्तक्षेप नहीं होता।

विधानसभा

# भाजपा सरकार के विजन में सिर्फ बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और निजीकरण : आराधना मिश्रा मोना

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कांग्रेस विधानमंडल दल नेता आराधना मिश्रा मोना ने भाजपा योगी आदित्यनाथ सरकार पर प्रदेश के विजन को लेकर हो रही चर्चा पर निशाना साधा है और इसे मात्र दिखावा और इवेंट करार दिया है। उन्होंने बुधवार को विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान विधानसभा में बोलते हुए कहा कि देश के विकास के लिए अगर सबसे बड़ा कोई विजन देखा और उसे पूरा किया तो कांग्रेस सरकारों ने और हमारे नेताओं ने इसे पूरा किया। इस देश के विकास के विजन की नींव देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने रखी।

- कांग्रेस विधानमंडल दल नेता आराधना मिश्रा मोना ने विधानसभा सत्र के दौरान कहा, भाजपा सरकार के पास विकास के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति की कमी



आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि भाजपा योगी आदित्यनाथ सरकार वर्तमान की चर्चा नही कर रही या तो इतिहास की बात या दूरगामी भविष्य और उसको लेकर कोई ब्लू प्रिंट नही, आज प्रदेश के विकास के विजन 2047 पर चर्चा हो रही है होनी भी चाहिए हम चाहते थे कि इतने महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा के समय को और बढ़ाया जाय। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार के पास विकास के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति की कमी दिखती है और उसका प्रमाण 10 साल की भाजपा योगी आदित्यनाथ सरकार के कार्यकाल के आंकड़े हैं। सरकार को 10 साल बाद विकास के विजन की बात याद आई है, 10 साल हो गए प्रदेश के लिए जो बुनियादी जरूरतें हैं स्वास्थ्य, शिक्षा और सड़क और रोजगार के साथ साथ कृषि, अगर आंकड़ों को उठाकर देख लिया जाए तो सरकार के पास उस पर जवाब नहीं है। आराधना मिश्रा मोना ने कहा की उत्तर प्रदेश कृषि प्रधान प्रदेश है हमारी सरकारों में कृषि पर विशेष काम किया, ध्यान दिया लेकिन उत्तर प्रदेश में कृषि को जो बजट आवंटित हुआ वह मात्र 3.2 प्रतिशत है और दूसरे राज्यों में 6 प्रतिशत से ज्यादा, सरकार एक तरफ करती है कि हम किसानों की आए दुगुनी करेंगें, जब बजट ही आधा है तो आय दुगनी कैसे करेंगे? डीएपी जो 800 की मिलती थी वह अब 1350 रुपए की हो गई लागत बढ़ती जा रही है, जितना कार पर टैक्स 12 से 28% लगाया जा रहा है उतना ही ट्रैक्टर पर लग रहा है यह कैसे जायज है, गन्ना किसान परेशान है गन्ना किसानों का बकाया है लगातार किसान प्रदर्शन कर रहे हैं उसे पर सरकार के पास जवाब नहीं है। आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं का लेकर भाजपा सरकार ढिंढोरा पीट रही है, आयुष्मान योजना में प्रदेश नंबर वन की बात हो रही है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण की धोखाधड़ी विरोधी इकाई (नेफयू) ने प्रदेश में 139 करोड़ से अधिक के क्लेम फर्जी पकड़े, जो कि पूरे देश में सबसे ज्यादा है, लोगों का इलाज होने के बजाय फर्जी क्लेम बनाए जा रहे हैं और ऐसे अस्पतालों को संरक्षण है, इससे आम आदमी को उसका क्या फायदा मिला, 25 करोड़ की आबादी वाला इतना बड़ा प्रदेश होने के बावजूद स्वास्थ्य विभाग को सिर्फ 6% बजट आवंटित है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सड़कों का यही हाल है, आवंटित बजट का 50 प्रतिशत भी खर्च नही हो पाता परिणाम सबसे ज्यादा सड़क दुर्घटना से मौतें उत्तर प्रदेश में हो रहीं हैं, 30% दुर्घटनाएं रोड सेफ्टी के नियमों का पालन सड़क निर्माण में न करने हो रहीं। उन्होंने कहा किसी भी प्रदेश या देश के विकास का मानक वहां के लोगों के रोजगार से पता चलता है प्रदेश में 45 साल में सबसे ज्यादा बेरोजगारी है, अवधी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के आंकड़े उठाकर देख लीजिए प्रदेश में बेरोजगारी दर 9.8 प्रतिशत और सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकॉनमी के अनुसार 29 लाख 72000 युवाओं ने रोजगार की तलाश ही छोड़ दी यानि उन नौजवानों को इस भाजपा सरकार से कोई उम्मीद नही बची।

विधानसभा

# भाजपा सरकार ने नौ साल में भ्रष्टाचार, लूट और बेईमानी की : अखिलेश यादव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को बयान जारी कर कहा कि भाजपा सरकार को विजन नहीं रीजन डॉक्यूमेंट को निकालकर बताना चाहिए कि उन्होंने किस वजह से अपना एक भी वादा पूरा नहीं किया। भाजपा सरकार पूरी तरह से फेल हो चुकी है। इन्होंने नौ साल में भ्रष्टाचार लूट, बेईमानी की। सरकार कानून व्यवस्था, बाढ़ नियंत्रण, शिक्षा, स्वास्थ्य, विकास हर मामले में असफल हो गई है। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार के सारे रिकार्ड टूट गये है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार की नफरत और भेदभाव की राजनीति से जनता में भारी आक्रोश है। भाजपा की नकारात्मक कार्यप्रणाली को जनता समझ गयी है। इस सरकार में अन्याय, अत्याचार चरम पर है। किसी को न्याय नहीं मिल रहा है। भाजपाई गरीबों की और सरकारी जमीनों पर कब्जा कर रहे है। जनता की गाढ़ी कमाई से आया बजट का बंदरबांट कर लिया। पूरे प्रदेश का माहौल भाजपा के खिलाफ है। जनता भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने को तैयार हैं, भाजपा सरकार जनता का सामना करने से डरी हुई है। उन्होंने



कहा कि प्रदेश की जनता भाजपा और उनके संगी सहयोगियों से दस साल का हिसाब मांग रही है। भाजपा के पास छिपने का कोई रास्ता नहीं है। जनता को धोखा देने के लिए भाजपा सरकार एक बार फिर झूठे सपने दिखाने का कुचक्र रच रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के पास प्रदेश की जनता के लिए कोई विजन नहीं है। नौ साल में प्रदेश में एक भी बिजली घर नहीं लगाया। सड़कों के गड्ढे तक नहीं भर पाएं। लोगों को बाढ़ से बचाने के लिए कहीं कोई बांध नहीं बनाया। भाजपा सरकार का खामियाजा आज प्रदेश की जनता भुगत रही है। प्रदेश के दर्जनों जिलों और लाखों की आबादी बाढ़ से घिरी हुई हैं उसके पास खाने रहने की जगह नहीं है। लोग बेबस है। प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था का बुरा हाल है। अस्पतालों में गरीब मरीजों को पर्याप्त इलाज नहीं मिल पा रहा है। मेडिकल कॉलेजों में डॉक्टर पैरामेडिकल स्टाफ और आवश्यक उपकरणों की कमी है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा का एक ही विजन है। जनता को गुमराह करना और धोखा देना। भ्रष्टाचार और लूट करना। समाज में नफरत फैलाना और भेदभाव करना इस सरकार के हर निर्माण में भ्रष्टाचार और लूट है।

# ओबीसी छात्रावासों का निर्माण और आयोग को सशक्त बनाना प्राथमिकता

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन बुधवार को पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने सदन में विजन विकसित भारत 2047 के अंतर्गत विभागों की भूमिका पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को विकसित राज्य बनाने का संकल्प पूर्ण करने के लिए दोनों विभागों ने स्पष्ट रणनीति और ठोस कार्ययोजना बनाई है।

- विधानसभा में मंत्री नरेंद्र कश्यप ने विजन विकसित भारत 2047 के अंतर्गत अपने विभागों की बतायी भूमिका

मंत्री कश्यप ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग ने पिछले आठ वर्षों में पुनर्वासन, पेंशन, शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं।

विधानसभा



जून 2025 तक 11,32,240 दिव्यांगजनों को भरण-पोषण अनुदान (पेंशन) का लाभ मिला, जिसकी राशि योगी सरकार ने 300 रुपये से बढ़ाकर 1000 रुपये प्रतिमाह कर दी। इस अवधि में विभाग ने 8,841 करोड़ रुपये व्यय किए, जो पूर्ववर्ती सरकार के 1,581 करोड़ रुपये की तुलना में लगभग पांच गुना अधिक है। कुष्ठावस्था पेंशन योजना में लाभार्थियों की संख्या 4,765 से बढ़कर 12,692 हो गई और राशि 3,000 रुपये प्रतिमाह कर दी गई। कृत्रिम अंग सहायक उपकरण योजना के अंतर्गत पिछले आठ वर्षों में 327.5 करोड़ रुपये खर्च कर दिव्यांगजनों को आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराए गए, जबकि पूर्ववर्ती सरकार ने 5 वर्षों में मात्र 29.4 करोड़ रुपये खर्च किए थे। प्रति लाभार्थी अनुदान सीमा 6,000 रुपये से बढ़ाकर 15,000 रुपये कर दी गई है। शैक्षिक पुनर्वासन के लिए विभाग ने 25 बचपन डे केयर सेंटर, 28 समेकित विशेष विद्यालय और 2 राज्य दिव्यांग विश्वविद्यालय स्थापित किए हैं। शिक्षा के लिए वार्षिक बजट 53 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 118 करोड़ रुपये कर दिया गया है। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के संबंध में मंत्री कश्यप ने कहा कि ओबीसी वर्ग की संख्या प्रदेश में 52 प्रतिशत से अधिक है और इनके सामाजिक-आर्थिक उत्थान के बिना विकसित उत्तर प्रदेश का लक्ष्य अधूरा रहेगा। वर्ष 2024-25 में विभाग ने 32,22,499 छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति दी। पिछले आठ वर्षों में कुल 2,07,53,457 छात्रों को 13,535.33 करोड़ रुपये का लाभ मिला, जो पूर्ववर्ती सरकार की तुलना में 4,197 करोड़ रुपये अधिक है। विभाग का लक्ष्य 2047 तक 7 करोड़ से अधिक ओबीसी छात्रों को 80,000 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति प्रदान करना है। शादी अनुदान योजना में पिछले आठ वर्षों में 1,221 करोड़ रुपये खर्च कर 6,10,483 गरीब ओबीसी परिवारों की बेटियों की शादी कराई गई, जबकि पूर्ववर्ती सरकार में यह संख्या मात्र 2,75,311 थी और व्यय 344 करोड़ रुपये रहा। अनुदान राशि को 20,000 रुपये से बढ़ाकर 60,000 रुपये करने का प्रस्ताव विचाराधीन है।

# उम्र पूर्ण कर चुके वाहनों को निष्प्रयोज्य घोषित करने का अभियान चलाने की मांग

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** विधान परिषद में बुधवार को भाजपा के विजय बहादुर पाठक ने प्रदेश भर में उम्र पूरी कर चुके वाहनों को निष्प्रयोज्य घोषित करने का अभियान चलाए जाने की मांग की। श्री पाठक ने शून्यकाल में इस मामले को उठाते हुए कहा कि सड़क की सुरक्षा और पर्यावरण को सेहतमंद रखने के लिए एक तय सीमा में पुराने वाहनों को कबाड़ घोषित करने के नियम हैं। सरकारी वाहनों में यह लागू हो जा रहा है। निजी वाहनों के संबंध में वाहन स्वामियों को ही यह निर्णय लेना पड़ता है। पुराने वाहनों के ब्रेक फेल होने की वजह से भी अधिकांश दुर्घटनाएं बढ़ी हैं। वहीं धुएं से पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है। इसलिए वाहनों की आयु तय की गई है। मुख्यमंत्री की विकासवादी सोच के कारण राज्य में एक्सप्रेसवे की झड़ी लग गई है। स्वाभाविक है कि बेहतर कनेक्टिविटी और बेहतर सड़कों

विधान परिषद

के कारण वाहनों की गति भी बढ़ी है, आवागमन सुगम हुआ है। पर इन सबके बीच वाहनों की फिटनेस का एक बड़ा विषय प्रदेश में खड़ा हो रहा है। जहां एक ओर परिवहन विभाग में परिवहन सुविधाओं के आधुनिकरण के साथ सरलता की परिस्थिति उत्पन्न की गई है। वहीं पुराने व खटारा वाहन इन सब में काज में कोढ़ की तरह हो गए हैं। राज्य में बड़ी संख्या में ऐसे वाहन हैं जो अपनी उम्र को पार कर चुके हैं किन्तु सड़कों पर आज भी धड़ल्ले से फरार्टा भर रहे हैं। राज्य सरकार के तमाम प्रयासों के बावजूद बड़ी संख्या में ऐसे वाहन मौजूद हैं। विभागीय अधिकारियों की उदासीनता और उनका आमजन से बेहतर संवाद न होने के कारण ये वाहन निष्प्रयोज्य घोषित नहीं हो पा रहे हैं। अकेले लखनऊ में ही 140396 मोटर कार 2000 से ऊपर मोटर कैब यहां तक की 250 से ऊपर एम्बुलेस हैं जो अपनी आयु पूरी कर चुकी हैं।

# बर्ड फ्लू को लेकर प्राणी उद्यानों में सतर्कता बरती जाये: मुख्यमंत्री

## प्राणी उद्यान, पक्षी विहार, नेशनल पार्क और वेटलैंड क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ हो

विशेष संवाददाता (vol)

- **संरक्षित पशु-पक्षियों के आहार व स्वास्थ्य की गहन जांच अनिवार्य रूप से हो**



**लखनऊ।** एच5 एवियन इंफ्लुएंजा (बर्ड फ्लू) के संभावित खतरे को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को संबंधित विभागों को त्वरित और समन्वित कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संरक्षित पशु-पक्षियों की सुरक्षा प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि प्रदेश के सभी प्राणी उद्यानों, पक्षी विहारों, नेशनल पार्कों, वेटलैंड क्षेत्रों और गो-आश्रय स्थलों में सुरक्षा उपायों को और मजबूत किया जाए। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की गाइडलाइनों के अनुरूप सभी आवश्यक कदम तत्परता से लागू करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राणी उद्यान परिसरों को नियमित रूप से सैनेटाइज किया जाए तथा आवश्यकता पड़ने पर ब्लो टॉर्चिंग की प्रक्रिया भी अपनाई जाए। सभी वन्य जीवों और पक्षियों की स्वास्थ्य जांच अनिवार्य रूप से हो और उनके आहार की गहन जांच के बाद ही भोजन उपलब्ध कराया जाए। मुख्यमंत्री ने इस बात पर भी जोर दिया कि बाड़ों में नियुक्त कर्मचारियों की ड्यूटी जोखिम के स्तर को देखते हुए तय की जाए, ताकि सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन हो सके। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सभी कर्मचारियों को एवियन इंफ्लुएंजा के लक्षण, संक्रमण के तरीके और उससे बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी जाए। साथ ही उन्हें पीपीई किट सहित सभी आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए जाएं, जिससे वे सुरक्षित रहकर अपने दायित्व का निर्वहन कर सकें। पोल्ट्री सेक्टर पर विशेष ध्यान देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी पोल्ट्री फार्मों की मानकों के अनुरूप कड़ी निगरानी की जाए और पोल्ट्री उत्पादों के आवागमन पर निरंतर नियंत्रण रखा जाए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को यह भी निर्देश दिया कि ल्5 एवियन इंफ्लुएंजा के मानव स्वास्थ्य पर संभावित प्रभावों का गहन अध्ययन कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए, ताकि संक्रमण की कोई श्रृंखला मानव समाज तक न पहुंच सके। मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण, नई दिल्ली, राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र, स्वास्थ्य मंत्रालय, मत्स्यपालन एवं डेयरी विभाग तथा भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, इज्जतनगर (बरेली) सहित अन्य राष्ट्रीय संस्थानों के साथ सतत संवाद बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन संस्थानों से प्राप्त सुझावों का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

सीएम ने जोर दिया कि समय पर, समन्वित और सख्त कार्रवाई ही इस संभावित संक्रमण पर प्रभावी नियंत्रण का मार्ग प्रशस्त करेगी। सभी संबंधित विभागों को आपसी सहयोग और त्वरित सूचना आदान-प्रदान के साथ कार्य करना होगा, ताकि प्रदेश के नागरिकों और वन्य जीवों, दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## अमेरिकी टैरिफ के विरोध में व्यापारियों ने किया प्रदर्शन

**लखनऊ।** अमेरिका द्वारा भारतीय उत्पादों पर 50 प्रतिशत टैरिफ के विरोध में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने बुधवार को हजरतगंज स्थित गांधी प्रतिमा पर प्रदर्शन किया। इस दौरान संगठन के वरिष्ठ प्रदेश महामंत्री रवीन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि अमेरिका का यह एकतरफा निर्णय न केवल विश्व व्यापार संगठन के सबसे अधिक अनुकूल राष्ट्र सिद्धांत का उल्लंघन है, बल्कि यह भारत के किसानों, पशुपालकों, कारीगरों और छोटे व्यापारियों के हितों पर सीधा प्रहार है। संगठन के सदस्यों ने पैदल मार्च करते हुए राजभवन पहुंचकर राज्यपाल को एक ज्ञापन सौंपा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के इस दृढ़ रुख की सराहना की, जिसमें अमेरिकी दबाव के आगे झुकने से साफ इनकार किया गया है और आत्मनिर्भर भारत व वोकल फॉर लोकल के संकल्प को प्राथमिकता दी गई है।

## योगी 18 को यूपीएसआईएफएस के ड्रोन और डीएनए लैब का करेंगे उद्घाटन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

- **75 जिलों के लिए तकनीक युक्त फोरेंसिक वैन को भी हरी झंडी दिखायेंगे सीएम**
- **सम्मलेन के नतीजे शिक्षा के क्षेत्र में भविष्य के तकनीकी और फॉरेंसिक विषयों पर दिशा देने में होंगे कारगर : डॉ जीके गोस्वामी**

**लखनऊ।** योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ फोरेंसिक साइंस (यूपीएसआईएफएस) में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन का 18 अगस्त को शुभारम्भ करेंगें। इस द्वौरान मुख्यमंत्री संस्थान में बने ड्रोन लैब, डीएनए लैब का उद्घाटन तथा 75 जिलों के लिए तकनीकी युक्त फोरेंसिक वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। संस्थापक निदेशक डॉ जीके गोस्वामी ने बुधवार को जानकारी देते हुए बताया कि यूपीएसआईएफएस लखनऊ का यह तीसरे स्थापना दिवस का अवसर होगा जब मुख्यमंत्री की संस्थान में उपस्थिति होगी। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर देश-विदेश के महत्वपूर्ण शैक्षणिक संस्थानों से आने वाले विषय विशेषज्ञो द्वारा फारेंसिक, साइबर तथा कानून संबंधित विषयों पर विशेष रूप से परिचर्चा होगी। उन्होंने बताया कि तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन देश विदेश के लगभग 100 से अधिक महत्वपूर्ण विषय विशेषज्ञ प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने कहा कि इसमे लगभग 20 विषय व्याख्यान तथा 15 से अधिक समूह परिचर्चा कराया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि यह अंतराष्ट्रीय सम्मलेन महज कागजों पर सीमित न रह कर इसके नतीजे शिक्षा के क्षेत्र में भविष्य के तकनीकी और फॉरेंसिक विषयों पर दिशा देने में कारगर सिद्ध होंगे। संस्थान के संस्थापक निदेशक डॉ गोस्वामी ने बताया कि इस अंतर्राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन में प्रदेश के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के बच्चों सहित संबंधित विभाग के लगभग 1000 से अधिक लोगों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा।



## 15 अगस्त को बंद रहेगी शराब की बिक्री

**लखनऊ।** लखनऊ के स्वतंत्रता दिवस के मौके पर शराब की बिक्री बंद रहेगी। बुधवार को डीएम विशाख जी ने आदेश जारी करते हुए बताया कि राष्ट्रीय पर्व पर मदिरा बिक्री रोकने का उददेश्य कानून व्यवस्था बनाए रखना है। उन्होंने कानुन व्यवस्था बनाये रखने के लिए यह कदम उठाया जाता है। डीएम ने कहा कि यह पाबंदी 15 अगस्त 2025 की पूरी रात और दिन लागू रहेगी।

## चीफ कार्यालय से गार्ड और चपरासी हटे

**लखनऊ।** लेसा के मुख्य अभियंता कार्यालय से गार्ड और चपरासी हटा दिया गया है। इसके हटाये जाने से अब मुख्य अभियंता को पानी पिलाने वाला भी कार्यालय में नही है। लेसा सिस गोमती और लेसा ट्रांस गोमती के मुख्य अभियंता कार्यालय के बाहर गार्ड की तैनाती रहती थी। लेकिन उन्हे इस माह से हटा दिया गया है। सूत्रो ने बताया कि ऐसा इस लिया किया गया है कि राजस्व को ज्यादा से ज्यादा बचाया जा सके।

## छावनी परिषद में तिरंगा यात्रा का भव्य शुभारंभ



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** छावनी परिषद लखनऊ द्वारा आयोजित तिरंगा यात्रा कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ बड़े हर्ष और उल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रक्षा सम्पंदा मध्य कमान की प्रधान निदेशक भावना सिंह रहीं। उनके साथ निदेशक एन-वी-सत्यानारयण रक्षा सम्पदा अधिकारी, लखनऊ वृत्त प्रोमिला जायसवाल, अजय कुमार संयुक्त निदेशक, उपनिदेशक उमेश पारिख, मुख्य अधिशासी अधिकारी अभिषेक राठौर लखनऊ छावनी परिषद, उप मुख्य अधिशासी अधिकारी आर-पी-सिह, छावनी परिषद लखनऊ की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में रक्षा मंत्रालय भारत सरकार के नामित सदस्य प्रमोद शर्मा ने तिरंगा यात्रा का उत्साहपूर्वक नेतृत्व किया और उपस्थित जनसमुदाय को राष्ट्रभक्ति की भावना सुदृढ़ करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा देश की आन बान और शान के प्रतीक तिरंगे के साथ हमारा यह संकल्प है कि हम एकजुट रहकर राष्ट्र की सेवा में सदैव तत्पर रहें। इस अवसर पर छावनी के गणमान्य व्यक्तियों में प्रताप सिंह बाल्मीकि धीरज सिंह विवेक शर्मा नितिन आर्य विकास धानुक भी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त समस्त कर्मचारीगण विद्यालयों की प्रधानाचार्य एवं शिक्षक,शिक्षिकाओं ने तिंरगा रैली में उत्साहपूर्वक भाग लिया और तिरंगा रैली को सफल बनाया। यह आयोजन देशभक्ति की भावना को जागृत करने वाला एवं जनमानस को एकता समर्पण और राष्ट्रीय गौरव से ओतप्रोत करने वाला सिद्ध हुआ।

## महापौर ने साझा की स्वच्छता, स्मार्ट कचरा प्रबंधन की उपलब्धियां

### अंतरराष्ट्रीय मंच पर शहर-से-शहर सहयोग की चुनौतियों व संभावनाओं पर हुई चर्चा

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मलेशिया में आयोजित एशियन 2025 सम्मेलन में लखनऊ नगर निगम की ओर से शहर के विकास कार्यों और अंतरराष्ट्रीय सहयोग की दिशा में उठाए गए कदमों को प्रस्तुत कर भारत का गौरव बढ़ाया गया। लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल ने मंच पर नॉलेज सिटी के रूप में लखनऊ की उपलब्धियों को साझा करते हुए विश्व समुदाय को शहर की प्रगति की कहानी सुनाई। इस मौके पर लखनऊ नगर निगम के अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद कुमार राव भी उपस्थित रहे।

सम्मेलन में इंदौर, सूरत और पणजी के प्रतिनिधिमंडलों के साथ भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए, महापौर श्रीमती खर्कवाल ने पैनल चर्चा में शहर-से-शहर सहयोग के महत्व और चुनौतियों पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि लखनऊ का लक्ष्य केवल बुनियादी सुविधाओं में सुधार तक सीमित नहीं है, बल्कि स्वच्छ, हरित और ज्ञान-आधारित शहर के रूप में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाना है। महापौर ने सम्मेलन के दौरान एक संक्षिप्त प्रस्तुति दी, जिसमें लखनऊ के स्मार्ट कचरा प्रबंधन, हरित क्षेत्र विस्तार, स्वच्छता अभियान और स्मार्ट सिटी परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। यह भी बताया गया कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत लखनऊ ने स्वच्छता रैंकिंग में देश में तीसरा स्थान प्राप्त कर एक नया मानक स्थापित किया है। इस अवसर पर लखनऊ के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करते हुए, महापौर ने विश्व के विभिन्न देशों के शहरों से संवाद स्थापित किया। उन्होंने बताया कि लखनऊ ने जनभागीदारी, सामुदायिक विकास और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कई सफल प्रयोग किए हैं, जो अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए प्रेरणास्त्रोत हो सकते हैं।

**पैनल चर्चा में कई प्रश्नों पर विचार-विमर्श हुआ :** शहर-से-शहर सहयोग में सबसे बड़ी चुनौती क्या है? (कानूनी, वित्तीय एवं संस्थागत बाधाएं), कौन सा अनुभव प्रस्तावित बदलाव के लिए सबसे प्रासंगिक है?, पिछले एक दशक में शहर-से-शहर सहयोग के स्वरूप में क्या बदलाव आया है? महापौर ने अपने वक्तव्य में कहा कि कानूनी और वित्तीय बाधाओं के साथ-साथ संस्थागत ढांचे की जटिलता शहर-से-शहर सहयोग की प्रमुख चुनौतियां हैं। हालांकि, डिजिटल तकनीक और साझा सीखने की प्रक्रिया ने इन चुनौतियों को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सम्मेलन के पैनल चर्चा के दूसरे चरण में महापौर सुषमा खर्कवाल के साथ तुर्किये की गाज़ियांटेप नगर निगम की मेयर फात्मा साहिन, तमिलनाडु सरकार के स्वच्छ भारत मिशन के राज्य मिशन निदेशक, फिलीपींस के पूर्व मेयर ग्लेन फ्लोरेस, और संयुक्त राष्ट्र एरउअढ के सतत शहरी विकास अनुभाग के प्रमुख श्री कर्ट गैरीगन भी शामिल हुए। इसके अलावा संयुक्त राष्ट्र, मलेशिया, इंडोनेशिया और भारत के शहरी विकास विशेषज्ञों ने शहर-से-शहर सहयोग की संभावनाओं और नीतिगत सुधारों पर अपने विचार रखे।



## शहर के स्कूलों ने दिया देशभक्ति और स्वच्छता का संदेश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** स्वतंत्रता दिवस से पूर्व राजधानी शहर में हर घर तिरंगा और बंधन स्वच्छता का अभियानों के अंतर्गत नगर निगम, लायन एनवायरो लखनऊ एवं लखनऊ स्वच्छता अभियान (एलएसए) ने विभिन्न वार्डों और स्कूलों में देशभक्ति के साथ स्वच्छता का संदेश फैलाने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए। इन कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने झंडा निर्माण, स्वच्छता रैली, तिरंगा रैली और शपथ ग्रहण जैसी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रमों की शुरूआत आरएलबी स्कूल, सेक्टर 14 से हुई, जहां 180 से अधिक छात्रों को कचरा पृथक्करण के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। इंटरैक्टिव गतिविधियों के माध्यम से छात्रों ने स्वच्छता की शपथ ली और तिरंगे के महत्व को समझा, जिससे वे स्वच्छ लखनऊ के युवा एंबेसडर बने। राजा बिजली पासी प्रथम वार्ड (जोन-08) स्थित जे.के. कॉन्वेंट स्कूल में 13 अगस्त को आयोजित फ्लैग मेकिंग एक्टिविटी में बच्चों ने अपने हाथों से सुंदर तिरंगे झंडे बनाए।

इस रचनात्मक गतिविधि ने बच्चों में देशभक्ति की भावना को मजबूत किया और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाई। सभी बच्चों ने अपने घर, स्कूल और आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। मोतीलाल नेहरू वार्ड (जोन-02) के ब्लूमिंग फ्लावर्स स्कूल में भी इसी तरह का कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ तिरंगे झंडे बनाए और स्वच्छता का संदेश फैलाने की प्रतिज्ञा ली। देशभक्ति और स्वच्छता के इस संगम में तिरंगा रैली का भी आयोजन हुआ। नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा के मार्गदर्शन में प्रेरणा भवन से 500 से अधिक लोगों ने तिरंगा रैली में भाग लिया।

वहीं, मंत्री गिरीश यादव के नेतृत्व में के.डी. सिंह बाबू स्टेडियम में तिरंगा रैली आयोजित हुई, जिसमें प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करते हुए स्वच्छता की शपथ ली। सरोजिनी नगर सेकेंड वार्ड स्थित रेड रोज पब्लिक स्कूल में बच्चों ने स्वच्छता रैली निकाली। प्रतिभागियों ने हाथों में बैनर और स्लोगन लेकर लोगों को स्वच्छ और हरित वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया। इसी वार्ड के जे.बी.आर पब्लिक स्कूल में फ्लैग मेकिंग एक्टिविटी के दौरान बच्चों ने तिरंगे के रंगों से सजाए झंडे बनाते हुए स्वच्छता के महत्व को समझाया।

## नगर निगम ने अब तक बांटे तीन लाख तिरंगे

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** स्वतंत्रता दिवस और जन्माष्टमी को देखते हुए नगर निगम ने शहरभर में स्वच्छता और सजावट को लेकर विशेष अभियान शुरू कर दिया है। यह अभियान आठों जोनों के 110 वार्डों में व्यापक स्तर पर चलाया जा रहा है, ताकि इन राष्ट्रीय और धार्मिक पर्वों के दौरान शहर स्वच्छ, सुंदर और आकर्षक दिखाई दे। अभियान के तहत सभी जोनल अधिकारियों, जोनल सेनेटरी अधिकारियों और सुपरवाइजरों को वार्डवार जिम्मेदारी सौंपी गई है। सड़कों, गलियों, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों की विशेष सफाई के साथ-साथ नालों की सफाई, कूड़ा निस्तारण और कचरा उठान पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

**हर घर तिरंगा, जागरूकता और तिरंगा वितरण :** स्वच्छता को लेकर जनभागीदारी बढ़ाने के लिए हर घर तिरंगा अभियान भी जोर-शोर से चलाया जा रहा है। नगर निगम की टीमें घर-घर जाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर रही हैं और उन्हें अपने घरों पर तिरंगा लगाने के लिए प्रेरित कर रही हैं। इस अभियान के तहत नगर निगम ने अब तक 3 लाख तिरंगे घर-घर जाकर बांटे हैं, ताकि हर घर पर राष्ट्रीय ध्वज लहराए और स्वतंत्रता दिवस पर शहर तिरंगे की शान में रंगा नजर आए। स्कूली बच्चों के साथ तिरंगा यात्राएं भी निकाली जा रही हैं, जिनमें छात्र-छात्राएं देशभक्ति गीतों और नारों के माध्यम से नागरिकों को स्वच्छता और राष्ट्रभक्ति का संदेश दे रहे हैं।

**शहर के प्रमुख चौराहों और स्मारकों पर रोशनी :** अभियान के तहत शहर के प्रमुख चौराहों और स्मारकों को तिरंगे की थीम पर रोशनी से सजाया गया है। इनमें 5केडी, 1090 चौराहा, हजरतगंज चौराहा, लोहिया पार्क चौराहा और समतामूलक चौराहा प्रमुख हैं। साथ ही सभी प्रमुख पार्कों, ऐतिहासिक स्थलों और स्मारकों पर आकर्षक लाइटिंग की गई है, जिससे रात में पूरा शहर तिरंगे की रंगत में नहाया हुआ नजर आ रहा है।

## बिजली कर्मचारियों ने सीखा ट्रांसफार्मर बनाना

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मध्यॉचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड में वितरण ट्रांसफार्मर की मरम्मत अनुरक्षण पर एक दिवसीय क्षमता विकास कार्यक्रम का आयोजन उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, इंडियन इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चररस एसोसिएशन (आईईईएमए) के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार को परिवर्तक मरम्मत कार्यशाला निकट गोयल चौराहा अलीगंज, लखनऊ में किया गया। क्षमता विकास कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य, डॉ. आशीष कुमार गोयल, (आईएएस), अध्यक्ष उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड, लखनऊ के कुशल निर्देशन में विद्युत व्यवस्था के सुधार के लिए संचालित विभिन्न सुधारात्मक कार्यक्रमों के अंतर्गत, ट्रांसफॉर्मर अनुरक्षण कार्य में संलग्न कार्मिकों एवं अभियंताओं को नवीनतम तकनीकों, उन्नत कार्य प्रणालियों और व्यावहारिक अनुभवों से अवगत कराना था। इसके साथ ही, कार्य के दौरान उत्पन्न तकनीकी समस्याओं का समाधान आपसी संवाद और अनुभव-साझा के माध्यम से करना भी इस कार्यक्रम का उद्देश्य था। कार्यक्रम के विभिन्न तकनीकी सत्रों में भारत में इलेक्ट्रिकल और औद्योगिक इलेक्ट्रॉनिक्स और संबद्ध उपकरणों के निमार्ताओं के शीर्ष संघ (आईईईएमए) के आमंत्रित विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों को ट्रांसफॉर्मरों की मरम्मत से पूर्व परीक्षण, मूल कारण की पहचान एवं क्षति के आकलन, मरम्मत के दौरान ध्यान देने योग्य महत्वपूर्ण बिंदुओं तथा मरम्मत उपरांत गुणवत्ता सुनिश्चितता, परीक्षण, अनुपालन एवं नवीन परीक्षण मानकों के पालन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। आईईईएमए विभिन्न डिस्कॉम्स के सहयोग से ऐसे आयोजित तकनीकी कार्यक्रमों में सहभागिता करके विद्युत क्षेत्र में तकनीकी आधुनिकीकरण एवं विकास को बढ़ावा देने हेतु प्रतिबद्ध है।

## मेट्रो के विस्तार से बढ़ेगी यात्रियों की संख्या, रेड लाइन को मिलेगी संजीवनी

विशेष संवाददाता (vol)

- **डिपो के लिए मछली मंडी के पास जमीन देगा एलडीए**

**लखनऊ।** राजधानी में मेट्रो के विस्तार का प्रोजेक्ट वर्ष 2017 से ही लंबित था। वर्ष 2019 तक लखनऊ में मेट्रो चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से मुंशीपुलिया तक 22.89 किलोमीटर ट्रैक पर दौड़ रही है। हालांकि पूरी तरह से यात्री न मिलने के चलते मेट्रो घाटे में दौड़ रही है। जिस मेट्रो में प्रतिदिन करीब डेढ़ लाख लोगों को सफर करना चाहिए, उसमें बमुश्किल 90 हजार यात्री मिल पा रहे हैं। माना जा रहा है कि पुराने शहर का बड़ा इलाका मेट्रो से जुड़ने पर लोग मेट्रो से जुड़ेंगे। इससे रेड लाइन पर दौड़ रही मेट्रो को संजीवनी मिल सकेगी। वर्ष 2019 से लखनऊ में मेट्रो के विस्तार की नए सिरे से कवायद शुरू हुई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कैबिनेट ने पहले ही मेट्रो के दूसरे चरण के ईस्ट-वेस्ट कारिडोर के डीपीआर को मंजूरी दे दी थी। चारबाग से बसंतकुंज तक कारिडोर शुरू होने पर केजीएमयू, चौक और दुबग्गा तक का बड़ा क्षेत्र मेट्रो सेवा से जुड़ जाएगा। दोनों कारिडोर से प्रतिदिन लगभग 2.50 लाख यात्री मेट्रो का सफर करेंगे। इससे चौक से लेकर चारबाग तक ई रिक्शा, आटो, टैंपो से लगने वाले जाम से लोगों को राहत मिल सकेगी। उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कारपोरेशन लिमिटेड (यूपीएमआरसी) ने अपने नए कारिडोर के लिए शासन स्तर से डीपीआर के मुताबिक जमीन मांगने की प्रकिया शुरू कर दी है। ईस्ट वेस्ट कारिडोर के लिए मेट्रो को करीब 46 एकड़ जमीन चाहिए। चारबाग से पुराने लखनऊ होते हुए बसंत कुंज जाने वाली मेट्रो के संचालन में यही जमीन मददगार बनेगी। यूपीएमआरसी को यह जमीन लखनऊ विकास प्राधिकरण देगा, क्योंकि बसंत कुंज योजना प्राधिकरण की है। इसके लिए पत्राचार की प्रकिया शुरू कर दी गई है। इसके लिए एलडीए की ओर से बसंत कुंज योजना में निष्प्रयोज्य पुरानी आवासीय योजना से खाली पड़ी जमीन को उपलब्ध कराएगा। मेट्रो अफसरों ने बताया कि इस कारिडोर के लिए जमीन शासन से ली जाएगी। ईस्ट वेस्ट कॉरिडोर में मेट्रो का नया डिपो बसंतकुंज में ही बनेगा। यहां नब्बे कोच खड़ा करने की क्षमता होगी। मछली मंडी के पास जमीन को डिपो बनाने के लिए यूपीएलएमआरसी को दी जाएगी। हालांकि कोचों की मरम्मत यहां नहीं होगी बल्कि कोचों की प्राथमिक साफ सफाई का काम इस डिपो में होगा। नार्थ साउथ कॉरिडोर रूट का डिपो ट्रांसपोर्ट नगर में सबसे पहले बनाया गया था। यह डिपो 46.5 एकड़ में बनाया गया है। यहां मेट्रो कोच की मरम्मत के लिये आधुनिक व तकनीकी सुविधओं युक्त मशीनें लगी हैं जबकि आरएसएस, रिसीविंग सब स्टेशन भी बनाया गया है। हालांकि अमौसी-मुंशीपुलिया रूट के लिये अभी 20 ट्रेन्स ही मंगायी गयी हैं लेकिन बाद में ट्रेन बढ़ने पर डिपो का विस्तार होगा। अभी ट्रेनों की सफाई के लिये दो वाशिंग लाइन ही हैं। दिसंबर 2024 तक इस रूट पर मेट्रो का संचालन होना है। यहां भी कोचों की साफसफाई के आधुनिक उपकरण लगायें जायेंगे। हालांकि स्पीड ट्रायल प्रशिक्षण संस्थान, बैकअप कंट्रोल सेंटर जैसी सुविधायें यहां नहीं होंगी।

## 18 मीटर चौड़ी सड़कों पर शॉपिंग मॉल, 9 मीटर पर बन सकेंगे क्लीनिक-प्राइमरी स्कूल

### चौक में बिल्डर व व्यापारियों को उप्र. भवन निर्माण एवं विकास उपविधि-2025 की दी गयी जानकारी

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** शहर में 18 मीटर चौड़ी सड़कों पर शॉपिंग मॉल और 09 मीटर चौड़ी सड़कों पर क्लीनिक व प्राइमरी स्कूल के नक्शे पास किये जाएंगे। साथ ही विकास प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध कालोनियों को छोड़कर आवासीय भू-उपयोग में शासकीय विभागों द्वारा निर्मित 09 मीटर से कम चौड़ी सड़कों पर एकल आवासीय भवन मानचित्र भी स्वीकृत होंगे। इससे नये शहरी क्षेत्र के साथ-साथ बड़ी आबादी वाले पुराने लखनऊ में भी नियोजित विकास को बल मिलेगा।

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर नये बिल्डिंग बायलॉज को लेकर चलाये जा रहे जागरूकता अभियान के क्रम में बुधवार को एलडीए की टीम ने चौक के एक निजी होटल में बिल्डर व व्यापारियों के साथ बैठक की।

इस दौरान एलडीए के संयुक्त सचिव सुशील प्रताप सिंह, जोनल अधिकारी रवि नंदन सिंह व मानचित्र सेल के सहायक अभियंता सतीश यादव ने लोगों को नये नियमों के फायदे बताये। उन्होंने बताया कि नये नियमों का उद्देश्य भवन निर्माण प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और नागरिकों के अनुकूल बनाना है। नये नियमों के तहत बिल्डर छोटे भूखंडो पर नक्शा अनुमोदन कर सकेंगे और ऑनलाइन पंजीकरण से समय और लागत की बचत होगी। आवासीय भवनों में व्यावसायिक गतिविधियों की अनुमति से लोगों को अधिक आय के अवसर मिलेंगे। अधिक निर्माण क्षेत्र और ऊंचाई की छूट से कम जमीन पर बड़े प्रोजेक्ट्स संभव होंगे। इसके अलावा औद्योगिक इकाइयों और पर्यटन क्षेत्र जैसे होटल, होम स्टे के लिए मानकों में छूट से निवेशक आकर्षित होंगे और प्रदेश के आर्थिक विकास को गति मिलेगी।

**100 वर्ग मीटर तक के आवासीय व 30 वर्ग मीटर के व्यावसायिक भूखंडों पर नहीं पास कराना होगा नक्शा :** नये बिल्डिंग बायलॉज के प्रावधान के अनुसार सर्वप्रथम नक्शा अनुमोदन में छूट मिलेगी, जिससे 100 वर्ग मीटर तक के आवासीय भूखंड और 30 वर्ग मीटर तक के व्यावसायिक भूखंडों पर निर्माण के लिए नक्शा पास कराने की आवश्यकता नहीं होगी।

केवल ऑनलाइन पंजीकरण और 01 रुपये का टोकन शुल्क देना होगा। 500 वर्ग मीटर तक के आवासीय और 200 वर्ग मीटर तक के व्यावसायिक भवनों के लिए विश्वास-आधारित ऑनलाइन अनुमोदन स्वतः करना होगा।

**भवन की ऊंचाई पर प्रतिबंध हटा दिया गया :** 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले शहरों में 24 मीटर और उससे कम जनसंख्या वाले शहरों में 18 मीटर चौड़ी सड़कों पर आवासीय भवनों में दुकानें, कार्यालय, नर्सरी, क्रेच या होम स्टे जैसे व्यावसायिक उपयोग की अनुमति होगी। घर के 25 प्रतिशत हिस्से का उपयोग बिना अलग नक्शा अनुमोदन के पेशेवर कार्यों (जैसे डॉक्टर, वकील) के लिए किया जा सकेगा, बशर्ते पार्किंग की व्यवस्था हो। चौड़ी सड़कों पर एफ0ए0आर0 को बढ़ाया गया है और 45 मीटर से अधिक चौड़ी सड़कों पर एफ0ए0आर0 की सीमा को समाप्त कर दिया गया है। भवन की ऊंचाई पर प्रतिबंध हटा दिया गया है, जिससे ऊर्ध्वाधर निर्माण को बढ़ावा मिलेगा। हालांकि, एयरपोर्ट और ए0एस0आई0 स्मारकों जैसे क्षेत्रों में प्रतिबंध लागू रहेंगे। ग्रीन-रेटेड भवनों के लिए अतिरिक्त मुफ्त एफएआर की सुविधा प्रदान की जाएगी। ग्राउंड कवरेज प्रतिबंध समाप्त कर दिया गया है। 15 मीटर से अधिक ऊंचे भवनों के लिए सेटबैक 15 मीटर और 12 मीटर कर सेटबैक नियमों में कमी की गई है। साथ ही पार्किंग व्यवस्था को अनिवार्य किया गया है।

**10 साल में भवन का स्ट्रक्चरल ऑडिट कराना होगा :** होटल, चिकित्सालय और पेइंग गेस्ट सुविधाओं के लिए एनओसी की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया गया है। ग्रुप हाउसिंग के लिए भूखंड क्षेत्रफल 2000 वर्ग मीटर से घटाकर 1000 वर्गमीटर बिल्टअप और 1500 वर्गमीटर नॉन-बिल्टअप किया गया है। 18 मीटर सड़कों पर शॉपिंग मॉल और 9 मीटर सड़कों पर क्लीनिक-प्राइमरी स्कूल की अनुमति दी गयी है। 10 साल में भवन का स्ट्रक्चरल ऑडिट कराने का प्रावधान किया गया है।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108



# स्वतंत्रता दिवस व जन्माष्टमी पर सुरक्षा व्यवस्था हो पुख्ता

## संवेदनशील धार्मिक स्थल व प्रतिष्ठानों की सुरक्षा की जाये निर्धारित : डीजीपी

- मॉल, धार्मिक स्थल, स्टेशनों व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर हो चेकिंग

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** प्रदेश एवं जिलों के सभी प्रवेश द्वारों पर निरंतर प्रभावी चेकिंग की जाये। सभी चेक पोस्ट एवं बैरियर ड्यूटी को सतर्क व समुचित ब्रीफ किया जाए। सभी सीसीटीवी कैमरों को क्रियाशील रखा जाए। यह निर्देश प्रदेश के डीजीपी राजीव कृष्णा ने आगामी स्वतंत्रता दिवस व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर दिया है।

डीजीपी राजीव कृष्णा ने निर्देश दिया कि संवेदनशील धार्मिक स्थलों एवं अन्य महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा निर्धारित एसओपी के अनुरूप की जाए। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सभी महत्वपूर्ण आयोजनों, कार्यक्रमों यथा तिरंगा यात्रा, प्रभात फेरी, झांकी आदि को सूचीबद्ध कर सुरक्षा, यातायात व्यवस्था के लिए प्रभावी व्यवस्थापन किया जाये। कार्यक्रम से पूर्व एंटी-सैबोटॉज चेकिंग अवश्य करा ली जाए। सभी कार्यक्रम स्थलों पर प्रवेश एवं निकास द्वारों पर विशेष सुरक्षा प्रबंध किये जाये, रूफ-टाप ड्यूटी लगायी जाये तथा सुनियोजित ट्रैफिक प्रबंध किया जाए। उन्होंने रेलवे, मेट्रो, बस स्टेशन, एयरपोर्ट, सिनेमाहाल, शांपिंग मॉल, होटल, धर्मशाला व भीड़-भाड़ वालों स्थानों पर विशेष सुरक्षा के इंतजाम किये जाये। इसके अलावा माइक्रोलाइट एयर क्राफ्ट, पैराग्लाइडर, हैंगग्लाइडर, ड्रोन्स एवं अन्य मानव रहित विमानों की उड़ानों पर सतर्क दृष्टि रखी जाए। प्रतिबंधित संगठनों तथा आतंकवादी संगठनों से संबंधित प्रत्येक गतिविधि पर गहन निगरानी एवं प्रभावी कार्यवाही की जाये। इसके अलावा अवैध शस्त्रों, कारतूसों, शराब एवं विस्फोटक पदार्थों की तस्करी रोकने एवं संदिग्ध व्यक्तियों के आवागमन पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए स्थायी चेक पोस्ट के अलावा अस्थायी चेक पोस्ट लगाकर संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की आकस्मिक चेकिंग करायी जाए।

### किरायेदारों का किया जाये सत्यापन

डीजीपी ने सुरक्षा को लेकर दिये गए निर्देश में कहा कि विभिन्न आवासीय कालोनियों में किरायेदारों का सत्यापन करा लिया जाये। इसके अलावा सभी जिलों व कमिश्नरेट में नियमित रूप से प्रातःकालीन पोस्टर पार्टी का गठन कर चेकिंग की जाये। सभी राजपत्रित अधिकारियों एवं पुलिस बल को समुचित ब्रीफ करते हुए उच्च सतर्कता रखी जाए। इस संबंध में नियमित चेकिंग, प्रभावी फुट पेट्रोलिंग एवं अधिक से अधिक बल के साथ फ्लैग मार्च किया जाये।

### जन्माष्टमी पर नयी परम्परा की अनुमति न दी जाये

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व के अवसर पर सुरक्षा को लेकर डीजीपी ने कहा कि सभी जिलों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी से संबंधित सभी आयोजन, पंडाल, मंदिर एवं जुलूसों को सूचीबद्ध कर योजनाबद्ध पुलिस व्यवस्थापन किया जाये। प्रत्येक थाने पर उपलब्ध त्यौहार रजिस्टर तथा रजिस्टर नं०-08 में उपलब्ध प्रविष्टियों का अध्ययन कर लिया जाय तथा किसी नई परम्परा की अनुमति कदापि न दी जाय। इसके अलावा शोभायात्रा व जुलूस के दौरान वीडियोग्राफी करायी जाये।

### सोशल मीडिया पर रखी जाये नजर

सोशल मीडिया की राउंड द क्लॉक मॉनिटरिंग की जाये। सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों जैसे- फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर एवं बाट्सएप आदि पर सतर्क दृष्टि रखते हुए भ्रामक व आपत्तिजनक पोस्ट प्रसारित होने पर संज्ञान में आते ही उसे ब्लॉक करते हुए संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाये।

## जिला जेल के विचाराधीन कैदी की मौत

लखनऊ। जिला कारागार में पॉस्को एक्ट के तहत पिछले तीन साल से सजा काट रहे एक विचाराधीन बंदी की इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

पुलिस के मुताबिक लखनऊ के आशियाना थाना क्षेत्र के किला मोहम्मदी निवासी उमाशंकर (57) पॉस्को एक्ट के तहत जिला कारागार में बंद थे। गत चार अगस्त को उनकी तबियत बिगड़ने से उन्हें जेल के अस्पताल से मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर किया गया था। जिनकी बुधवार की दोपहर इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दे दी गई है। पोस्टमार्टम के बाद शव मृतक की भाभी शिवपति को सौपा जायेगा।

## गाय ने बाउंड्री में घुसकर पौधे खाये, दो पक्षों में मारपीट

लखनऊ। कृष्णा नगर इलाके में मंगलवार को गाय द्वारा पेड़-पौधे खाने का विरोध करने पर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। वहीं पुलिस ने दोनों पक्षों की नामजद शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। कृष्णानगर प्रभारी पीके सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित अलीनगर सुनहरा निवासी रविप्रताप सिंह पुत्र स्व रामनरेश सिंह के अनुसार मंगलवार को पड़ोसी संजय सिंह की गाय ने उनकी बाउंड्री वाल के अंदर आकर पेड़-पौधे खा लिया। जिसका विरोध करने पर संजय सिंह व उनके पुत्र अमित सिंह, सुमित सिंह, पत्नी सुमन सिंह व भतीजा ओम सिंह ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दिया। आरोप है कि पीड़ित की पत्नी द्वारा बीच-बचाव करने पर पड़ोसी संजय सिंह, अमित सिंह, सुमित सिंह व ओम सिंह द्वारा पीड़ित की पत्नी को पकड़ कर उसके कपड़े फाड़ दिया। उसके साथ अभद्रता कर पिटाई करने लगे।

## संदिग्ध परिस्थिति में फैक्ट्री कर्मचारी की मौत

लखनऊ। गुडम्बा थाना क्षेत्र के रजौली मोड़, पैकरामऊ स्थित फैक्टरी में संदिग्ध परिस्थितियों में एक कर्मचारी की मौतहो गयी है। जिसके बाद परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मामला मंगलवार की देर शाम का है। ईश्वरदीन पैकरामऊ, कुर्सी रोड निकट हनुमान मंदिर के पास स्थित रेमिडीज अर्थिंग सिस्टम नाम की फैक्टरी में काम करते थे।

## 20पीपीएस अफसर बने आईपीएस

**लखनऊ।** वर्ष 1996, 1997 और 1998 बैच के पीपीएस अफसरों की डीपीसी के बाद बुधवार को एमएचए ने 20 अफसरों को आईपीएस के पद पर प्रमोशन दे दिया है। प्रमोशन पाने वाले अफसरों में अनिल कुमार, संजय कुमार, ब्रजेश कुमार गौतम, आनन्द कुमार, ममता रानी चौधरी, अशोक कुमार, शैलेन्द्र कुमार सिंह, अनिल कुमार झा, ओमप्रकाश सिंह, अतुल कुमार श्रीवास्तव, अजीजुल हक, नरेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ प्रवीन रंजन सिंह, विनय कुमार सिंह, संजीव कुमार बाजपेई, निहारिका शर्मा, त्रिगन विशेन, सर्वेश कुमार मिश्रा, संजय राय व ओम प्रकाश सिंह शामिल है।

**सूचना**

सूचित हो कि मैने अपने पुत्र सुएब व उसकी पत्नी श्रीमती रूही को उनका चाल चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। **कमर जहां पत्नी शान मियां नि.- 227 गढ़ी संजर खां परगना व तहसील मलिहाबाद जनपद लखनऊ।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे दो ए.टी.एम. कार्ड, पत्नी विनीता शुक्ला का आधार कार्ड व 1-94, निकट गायत्री मंदिर घुरामाऊ बागला स्थित मकान की रजिस्ट्री के मूल प्रपत्र जो कि नगर पालिका में मेरे स्वर्गीय पिता जी के नाम दर्ज है, रासते में कहीं खो गये हैं। **अजय शुक्ला पुत्र स्व. जनार्धन प्रसाद शुक्ला नि. मो 94, घुरामाऊ बागला, थाना कोतवाली नगर, जिला सीतापुर।**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरा यूपी बोर्ड हाई स्कूल परीक्षा 1996 रो. नं 1660061 का प्रमाण पत्र कहीं खो गया है। नौनिहाल सिंह पुत्र चरन सिंह ग्राम फरसहिया फॉर्म ,तहसील पलिया जिला खीरी।

**सूचना**

सूचित करना है मैने अपने पुत्र राजकुमार (19) को उसके गलत चाल-चलन के चलते अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में मेरा व मेरे परिवार का इसके किसी भी कृत्यों से कोई सरोकार नही होगा। **भागीरथ पुत्र रामगुलाम निवासी-ग्राम व कस्बा सफदरगंज, थाना सफदरगंज, बाराबंकी।**

## दिनदहाड़े मकान में चोरी

लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में बेखौफ चोरों ने बंद घर का ताला तोड़कर लाखों रुपए कीमत के जेवरात और नकदी चोरी कर ले गए। घर लौटे मकान मालिक ने जब घर की हालत देखी तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है। पीड़ित जसपाल यादव अपने परिवार के साथ पटेलनगर, शिवमंदिर के पास नीलमथा में रहते हैं। उन्होंने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह बीते आठ अगस्त की सुबह करीब 9 बजे ड्यूटी पर चले गए थे। पत्नी और बच्चे दोपहर बाद अपने पुराने आवास पर हो रही रुद्राभिषेक की पूजा में शामिल होने चले गए थे। घर में ताला बंद कर गए थे।

# अवैध धर्मान्तरण में एटीएस मोहम्मद अहमद से कर सकती है पूछताछ

- कोर्ट ने भी एजेंसी को दिया जांच के आदेश
- मुम्बई में लैंड डील पर नवीन ने भेजे थे 49.80लाख

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** अवैध धर्मान्तरण के मामले में एटीएस अब बलरामपुर के उत्तरौला में रहने वाले मोहम्मद अहमद से पूछताछ की तैयारी में है। यह पूछताछ अवैध धर्मान्तरण के मामले में जेल भेजे गए नवीन घनश्याम रोहरा के खाते से अहमद को भेजी गयी रकम को लेकर है।

बलरामपुर में हुए अवैध धर्मान्तरण के मामले में अब एटीएस की टीम अहमद पर शिंकजा कसेगी। सूत्रों की मानें तो गत दिनों कुछ लोगों ने मोहम्मद अहमद के खिलाफ साक्ष्य के साथ एजेंसी, पुलिस अफसरों व कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर जांच की मांग की थी। बताया जा रहा है कि इस मामले में कोर्ट ने भी संज्ञान लेते हुए एटीएस को मोहम्मद अहमद पर लगाये गए आरोपों के बिन्दुओं पर जांच के निर्देश दिये है। बताया जा रहा है कि मुम्बई में एक लैंड को लेकर उत्तरौला के मोहम्मद अहमद ने अवैध धर्मान्तरण के आरोप में जेल में बंद छांगुर बाबा और नवीन के साथ डील की थी। मोहम्मद अहमद के बैंक खातों में नवीन घनश्याम रोहरा के विभिन्न खातों से करीब 49 लाख रूपए भेजे गए थे जबकि 80 हजार कैश देने की बात कही गयी है। छानबीन में यह पता चला था कि जिस लैंडको लेकर डील हुई थी उसके स्वामी को इसकी जानकारी ही नहीं थी। वहीं अवैध धर्मान्तरण के खुलासे के बाद एटीएस की टीम ने मधपुर गांव निवासी छांगुर बाबा, उसके बेटे महबूब, नवीन घनश्याम रोहरा, उसकी पत्नी नसरीन समेत अन्य को गिरफ्तार किया था। जिसके बाद फंडिंग को लेकर ईडी ने केस दर्ज कर छापेमारी की थी। एटीएस और ईडी की जांच में मोहम्मद अहमद को दिये गए रकम को लेकर कोई कार्रवाई नही हुई जोकि जांच पर सवाल खड़ा करता है। लिहाजा इसको लेकर उत्तरौला के रहने वालों ने हैरानी जताते हुए प्रकरण में एजेंसी, पुलिस अफसरों और कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर संज्ञान लेने की मांग की थी।

# देशभक्ति गीत-संगीत व नृत्य की प्रस्तुति ने समां बांधा



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** एक कलाकार के रूप में आपको अपनी कला (नृत्य) का मंच प्रदर्शन करना सौभाग्य पूर्ण होता और उस कला (नृत्य) को लोगों में बांटना या सिखाना और भी महत्त्वपूर्ण हो जाता है, हम बात कर रहे हैं, नृत्य सोपान फाउंडेशन द्वारा आयोजित सावन माह में कजरी लोक नृत्य और तबले की 15 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 25 जुलाई से 12 अगस्त तक नृत्य सोपान परफार्मिंग आर्ट्स (डांस स्टूडियो) के परिसर में किया गया, जिसकी मंचीय प्रस्तुति अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, गोमती नगर, के परिसर में सावन झूला एवं आजादी के रंग 3.0 नाम से कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में लोक नृत्य एवं तबले की कार्यशाला के प्रतिभागियों को अतिथियों के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिसमें गणेश वंदना की प्रस्तुति झ्र अनन्या मेहरा द्वारा की गई, तथा घनन घनन सॉन्ग पर अथर्व एकेडमी के बच्चों की प्रस्तुति सराहनीय रही। इसके बाद काहे करेलू गुमान गोरी गाने पर चित्रलेखा, अंकिता, सची जी की दमदार प्रस्तुति रही तथा ये देश है वीर जवानों का गीत में अथर्व एकेडमी के बच्चों ने जोरदार नृत्य किया। अगली प्रस्तुति सीमा और अनन्या ने गरज गरज आज मेघ, राग मल्हार पर कथक नृत्य प्रस्तुत किया। इसके पश्चात विद्या ज्ञान एकेडमी, सीतापुर के बच्चों ने तबले की मनमोहक प्रस्तुति दी। सावन का गीत, नहीं नहीं बुंदिया रे, पर अदिता, मेहर, तोषित ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया।

# इंटर की छात्रा ने घर के अंदर लगायी फांसी, मौत

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सरोजनी नगर में मंगलवार शाम इंटरमीडिएट की एक छात्रा ने संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर फांसी लगा ली। जानकारी होने के बाद उसके परिजन आनन-फानन उसे सरोजनी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। लेकिन वहां पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस मामले में मृतका के परिजनों ने मोहल्ले के एक युवक के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक सरोजनी नगर के नई बस्ती निवासी 17 वर्षीया किशोरी बिजनौर रोड स्थित एक निजी कॉलेज में कक्षा 12 की छात्रा थी। मंगलवार शाम उसने कमरे के अंदर दुपट्टे के सहारे पंखे के हुक से लटक कर फांसी लगा ली। कुछ देर बाद परिजनों को जानकारी हुई तो उन्होंने आनन फानन उसे नीचे उतारा और सरोजनी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। लेकिन वहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस मामले में मृतका के पिता ने मृतका के कालेज में ही बीकॉम की पढ़ाई कर रहे मोहल्ले में ही रहने वाले सचिन कनौजिया के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मृतका के पिता का कहना है कि आरोपी युवक उनकी बेटी को स्कूल जाते समय रास्ते में आए दिन छेड़ता था। उन्होंने आरोप लगाया है कि मंगलवार को आरोपी सचिन उनकी बेटी को बहला फुसला कर कहीं लेकर चला गया था। जानकारी होने के बाद उसकी खोजबीन शुरू करते हुए स्कूल पहुंचे तो इसी बीच किशोरी दोपहर बाद करीब 3 बजे अपने आप घर वापस आ गई। बाद में शाम को कमरे के अंदर जाकर उसने फांसी लगा ली। उधर सरोजनी नगर प्रभारी निरीक्षक राजदेव राम प्रजापति का कहना है कि मृतका के पास से एक सुसाइड नोट मिला है। जिसमें उसने अपने पिता को घटना का दोषी ठहराया है। लेकिन मृतका के पिता ने मोहल्ले के एक युवक पर छेड़छाड़ करने के साथ ही आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया है। जिसके आधार पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के साथ शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और सुसाइड नोट की जांच कराई जा रही है। सुसाइड नोट की हैंडराइटिंग की जांच होने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## तीन दिन से लापता युवक का बाग में लटका मिला शव

**लखनऊ।** बीते तीन दिन पहले रविवार को घर से निकला और फिर वापस नहीं लौटा। परिजनों ने 12 अगस्त को गुमशुदगी की रिपोर्ट रहीमाबाद थाने पर दर्ज कराई। तीन दिन बाद 13 अगस्त को बुधवार सुबह सुबह उसका शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर से करीब 1 किलोमीटर दूर रामकिशोर के बाग में दुपट्टे से लटकता मिला। परिवार में किसी बात से लेकर आहत था। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम गौंदा निवासी सज्जन शर्मा (35) 10 अगस्त शाम को घर से निकला और फिर नहीं लौटा परिजनों ने खोजबीन के बाद थाने में 12 अगस्त को लिखाई थी गुमशुदगी। माता कमला देवी ने बताया कि वह बिना बताए तीन दिन पूर्व रविवार शाम को घर से निकला था। और फिर वापस नहीं लौटा। परिजनों ने दो दिन इधर-उधर रिश्तेदारी समेत कई जगह पर खोजबीन की लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका। इसे लेकर परिजनों ने गुमशुदगी की रिपोर्ट भी लिखाई थी। मामला रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम गौंदा गांव का है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत सेउर चमुरखा, वि.ख.- कूरेभार, जनपद-सुलतानपुर**

**पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2025-26 दिनांक-13.08.2025**

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत- सेउर चमुरखा, विकासखंड- कूरेभार, जनपद- सुलतानपुर राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त योजनान्तर्गत वर्ष 2025-2026 के क्रम में इच्छुक फर्म मालिक/दुकानदार/भठ्ठा मालिक दिनांक 14.08.2025 से दिनांक 20.08.2025 तक कार्यालय ग्राम पंचायत सेउर चमुरखा पर ग्राम प्रधान/सचिव को निविदा उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक 20.08.2025 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 3 बजे खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | शिव कुमार चैहान के घर से माइनर तक नाली निर्माण कार्य। | 2.55 लाख रुपये। | ईंट प्रथम श्रेणी, सीमेंट, मोरंग गिट्टी, ह्यूम पाइप व अन्य निर्माण सामग्री। |
| 2. | ईदगाह से बब्लू के घर तक नाली निर्माण कार्य। | 2.05 लाख रुपये। | ईंट प्रथम श्रेणी, सीमेंट, मोरंग गिट्टी, ह्यूम पाइप व अन्य निर्माण सामग्री। |

**नोट-** समस्त नियम व शर्तें गाइड लाइन के अनुसार लागू होगी।

**ग्राम प्रधान/सचिव**
**ग्रा.पं.- सेउर चमुरखा, वि.ख.-कूरेभार**
**जनपद-सुलतानपुर**

**आवश्यकता है**

मोहम्मदी महाविद्यालय मोहम्मदी, लखीमपुर-खीरी में D.El.Ed (बी.टी.सी.) पाठ्यक्रम में 1 पद विभागाध्यक्ष, 7 पद प्रवक्ता (शिक्षा के परिप्रेक्ष्य/शिक्षा का आधार, गणित, विज्ञान, भाषा, सामाजिक विज्ञान/मानविकी, स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा, ललित कला/निष्पादक कला) की आवश्यकता है। विज्ञापन के 21 दिनो के अन्दर आवेदन करें। साक्षात्कार हेतु 05 सितम्बर 2025 को प्रातः महाविद्यालय में उपस्थित हो। योग्यता NCTE/शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, उत्तर प्रदेश के अनुसार।

**अध्यक्ष**
**श्री सचिन मेहरोत्रा**
**9415162128**

**आवश्यकता है**

दूधनाथ स्मारक पीजी कालेज अल्देमऊ नूरपुर कादीपुर सुल्तानपुर में प्राचार्य एक पद, कला संकाय के अंतर्गत बीए में हिन्दी, संस्कृत, गृह विज्ञान, भूगोल, समाजशास्त्र, अर्थ शास्त्र, मध्यकालीन इतिहास में एक- एक प्रवक्ता तथा विज्ञान संकाय के अन्तर्गत बीएससी में गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान में एक-एक प्रवक्ता एवं एमए भूगोल, समाजशास्त्र में दो-दो प्रवक्ता की आवश्यकता है।

**योग्यता-** प्राचार्य के लिए - पीएचडी/नेट के साथ 15 वर्ष का अनुभव

**प्रवक्ता के लिए -** पीएचडी/नेट

वेतनमान यूजीसी या विश्वविद्यालय के नियमानुसार

**नोट-** विज्ञापन प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त प्रपत्रों के साथ महाविद्यालय में उपस्थित हो या पंजीकृत डाक से आवेदन उपरोक्त पते पर कर सकते है।

**प्रबंधक**
**पुष्पेंद्र बहादुर सिंह**
**मो 9455479161**

# ईडी ने शहर में आठ व दिल्ली में दो स्थानों पर की छापेमारी

- एक बिल्डर के प्रोजेक्ट में 248 करोड़ का घोटाला
- निवेशक की रकम हड़प कर नहीं दी गयी सम्पत्ति

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** खरीदारों के साथ धोखाधड़ी और उन्हें उनकी संपत्तियां नहीं दिये जाने के बाद करीब निवेशकों के 248 करोड़ की ठगी को लेकर ईडी ने एक प्रतिष्ठित बिल्डर और उनके करीबियों के आठ और दिल्ली में दो ठिकानों पर छापेमारी की है। जहां से निवेशकों से संबंधित दस्तावेजों को कब्जे में लिया गया है।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने निवेशकों से 248 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में धनशोधन की जांच के तहत यह छापेमारी की है। बताया जा रहा है कि एक बिल्डर के प्रोजेक्ट्स के खिलाफ मामले में शहर आठ और दिल्ली में दो परिसरों पर छापे मारे जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत की जा रही है। धन शोधन का यह मामला 2021 से घराव्यावसायिक स्थान खरीदने वालों द्वारा दर्ज कराई गई 87 प्राथमिकियों से जुड़ा है। इन प्राथमिकियों में आरोप लगाया गया है कि खरीदारों के साथ धोखाधड़ी की गई और उन्हें उनकी संपत्तियां नहीं दी गईं। सूत्रों ने बताया कि यूपी रेरा (उत्तर प्रदेश रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण) द्वारा किए गए फोरेंसिक ऑडिट के अनुसार, इस मामले में अपराध से अर्जित आय 248 करोड़ रुपये है। उन्होंने दावा किया कि सबूत जुटाने और प्रवर्तकों की संपत्ति जब्त करने के उद्देश्य से यह छापेमारी की जा रही है क्योंकि वे पिछले चार वर्षों से फरार हैं। कंपनी के प्रवर्तकों की पहचान पीयूष रस्तोगी, परेश रस्तोगी और दीपक रस्तोगी के रूप में की गई है।

# रेस्टोरेंट में दबंगों ने परिवार संग गये व्यक्ति को पीटकर लहूलुहान किया

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी कोतवाली क्षेत्र स्थित एक रेस्टोरेंट में कुछ लोगों द्वारा किये जा रहे गाली-गलौज कर विरोध करने पर दबंगों ने मारपीट करते हुए सिर पर कांच से हमला कर लहूलुहान कर दिया। विरोध करने पर महिलाओं के साथ अभद्रता की। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है। राम शुक्ला, निवासी 554क/154, अर्जुन नगर, आलमबाग में परिवार संग रहते हैं। राम शुक्ला के मुताबिक वह सुशांत गोल्फ सिटी कोतवाली क्षेत्र स्थित क्योरा क्लब में अपने परिवार और मित्रों के साथ खाना खाने गये थे। जहां पर पहले से मौजूद तीन लड़के अनस, अब्दुल व व्योम और तीन लोग अज्ञात जो कि काफी ज्यादा नशे की हालत में थे। वो लोग उनके टेबल के पीछे वाली टेबल पर बैठकर गाली-गलौज कर रहे थे। राम शुक्ला ने परिवार साथ होने का हवाला देते हुए उनसे आग्रह किया कि वह अपने परिवार के साथ है, और गाली से डिस्टर्बेंस हो रहा है तो उक्त सभी लोग प्रार्थी से क्लब के परिसर में ही गाली-गलौज करने लगे। जब उसने इसका विरोध किया तो उनके द्वारा एक राय होकर मारपीट करते हुए शीशे के गिलास से हमला किया गया। जिसमें उसका हाथ फट गया। तथा अन्य गंभीर चोट भी आयी। पीड़ित का कहना था कि अगर वहां मौजूद लोग बीच-बचाव न करते तो वो लोग जान से मार देने पर आमदा थे। उक्त सभी लोग पुनः एक राय होकर उनसे यह कहते हुए वहां से निकल गए कि शहर हमारा है आज के बाद जहां दिखोगे यही हाल होगा और जिंदा घर वापस नहीं जा पाओगे। जिसके बाद परिजन उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले गये। जहां प्राथमिक उपचार के बाद परिजन घर ले आये। पीड़ित ने बताया कि वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में भी घटना रिकार्ड है, जहां से इसकी पुष्टि भी की जा सकती है। सुशांत गोल्फ सिटी कोतवाली पुलिस ने उच्च अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद मुकद्दमा दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि.,**
**अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, सीतापुर**

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना दिनांक 14.08.2025**

**निविदा संख्या एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**

1- **अल्पकालीन निविदा संख्या 67 / विविमंसी / 2025-26:** विद्युत वितरण खण्ड- सीतापुर के कार्यक्षेत्र में पूर्ण जमा योजना के अन्तर्गत रिटेल आउटलेट, विनीता प्रसाद केयर आफ इण्डियन ऑयल कारपोरेशन लि0, महतेश्वरी फिलिंग सेण्टर, डायमण्ड फिलिंग सेन्टर एवं जायसवाल फिलिंग स्टेशन हरदोई रोड, सीतापुर के विद्युत संयोजन सम्बन्धित कार्य। धरोहर धनराशि रू0 08,000.00 मात्र । निविदा शुल्क रु० 1180.00 मात्र।

2- **अल्पकालीन निविदा संख्या 68 / विविमंसी / 2025-26:** विद्युत वितरण खण्ड-सीतापुर के कार्यक्षेत्र में पूर्ण जमा योजना के अन्तर्गत ए०पी०टी०सी०-02 सुदामापुरी सब स्टेशन के अन्तर्गत नये आवासीय 1400 केवीए का नया संयोजन प्रदान करने का कार्य। धरोहर धनराशि रू. 11,000.00 मात्र। निविदा शुल्क रु.3540.00 मात्र।

3- **अल्पकालीन निविदा संख्या 69/विविमंसी/2025-26:** विद्युत वितरण खण्ड- सीतापुर के कार्यक्षेत्र में पूर्ण जमा योजना के अन्तर्गत छोटे-छोटे पूर्ण जमा योजना के सरकारी ट्यूबेल, अमृत योजना के पानी टंकी के विद्युत कनेक्शन एवं जमा योजना के अन्तर्गत अन्य कार्य। धरोहर धनराशि रू. 05,000.00 मात्र । निविदा शुल्क रु. 1180.00 मात्र।

4- **अल्पकालीन निविदा संख्या 70/विविमंसी/2025-26:** विद्युत वितरण खण्ड - सिधौली, सीतापुर के कार्यक्षेत्र में निवेश मित्र एवं झटपट पोर्टल पर प्राप्त होने वाले आवेदनों के सापेक्ष लाइन निर्माण हेतु आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने का कार्य। धरोहर धनराशि रू. 02,000.00 मात्र। निविदा शुल्क रु. 1180.00 मात्र।

5- **अल्पकालीन निविदा संख्या 71/विविमंसी/2025-26:** विद्युत वितरण खण्ड - सिधौली, सीतापुर के कार्यक्षेत्र में पूर्ण जमा योजना के अन्तर्गत सेमी टर्नकी आधार पर विधान सभा मिश्रिख के अन्तर्गत मिश्रिख से मछरेहटा मार्ग के चौड़ीकरण/सुदृढ़ीकरण हेतु लाइन शिफ्टिंग का कार्य। धरोहर धनराशि रू. 8,500.00 मात्र। निविदा शुल्क रु. 1180.00 मात्र।

6- **अल्पकालीन निविदा संख्या 72/विविमंसी/2025-26:** विद्युत वितरण खण्ड-सिधौली, सीतापुर के कार्यक्षेत्र में विद्युत वितरण उपखण्ड-सिधौली टाउन के उपयोग हेतु एक नगडीजल चलित वाहन मय ड्राइवर उपलब्ध कराने का कार्य। धरोहर धनराशि रू. 3,000.00 मात्र। निविदा शुल्क रु. 1180.00 मात्र।

**निविदा आन लाइन भरने की अंतिम तिथि:- 28.08.2025**
**निविदा खुलने की तिथि: - 29.08.2025**

निविदा से सम्बन्धित समस्त विस्तृत विवरण एवं प्रपत्र UP Government की वेबसाइट www.etender.up.in पर डाउनलोड/देखे जा सकते है। निविदा से सम्बन्धित अन्य सूचना यथा तिथि विस्तारण / संशोधित तिथि/संशोधन/निरस्तीकरण केवल ई-टेण्डर पोर्टल पर ही प्रकाशित की जायेगी।

"राष्ट्रहित में बिजली बचायें, बल्ब की जगह एल.ई.डी. लगायें"
(पत्रांक 2616 / दि. 12.08.2025)

**अधीक्षण अभियन्ता**
**विद्युत वितरण मण्डल सीतापुर**

# जन्माष्टमी पर सजे बाजार, कान्हा की बांसुरी और मूर्ति कर रही आकर्षित







वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** 16 अगस्त शनिवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का पर्व है। कान्हा के जन्म के इस उत्सव को मनाने के लिए हर कोई लालायित है। घरों में इसकी तैयारी जोरों पर चल रही हैं। महिलाओं ने अभी से झांकी एवं अन्य पकवान बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। दुकानों पर भी जन्माष्टमी का रंग छाने लगा है। शहर के प्रमुख दुकानों पर जन्माष्टमी पर्व की तैयारियां जोरों पर चल रही है। वहीं अमीनाबाद, आलमबाग, चौक, भूतनाथ मार्केट में लड्डू गोपाल के साथ विभिन्न लीलाओं की मूर्तियों के लिए खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है। साथ ही ठाकुर जी के झूलों, सिंहासनों, ज्वेलरी व पोशाकों से सज गया है। सराफा बाजार में भी सोने-चांदी के गोपाल, बांसुरी की बिक्री बढ़ गई है। माखन चोर के साथ विभिन्न लीलाओं की इन मूर्तियों के लिए खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है। कान्हा के जन्म का उत्सव घर-घर में मनाया जाता है। कई घरों में भी बच्चों द्वारा जन्माष्टमी सजाई जाती है। इसके लिए बच्चों ने खिलौने निकालने शुरू कर दिए है। वहीं कई बच्चों ने जन्माष्टमी सजाने के लिए अभी से बुरादा एकत्र करना कर उसे रंगना शुरू कर दिया है।

**पंच धातु के लड्डू गोपाल:** पालने में बैठे नन्हें लड्डू गोपाल, बगल में बैठी सुंदर सी राधा रानी के साथ अब अष्टधातु, पंच धातु में भी मिल रहे हैं। गोर वर्ण, पीतांबरी वर्ण के अलावा श्याम सुंदर, सांवली सूरत और नील वर्ण ठाकुर जी भी भक्तों से सेवा करा रहे हैं। इनका पूरा श्रृंगार भी दुकानों पर है।

**ऐसी हैं कन्हैया की मूर्तियां:** भगवान श्रीकृष्ण रंग बिरंगे वस्त्रों में सजे हैं। जहां पीतल के लड्डू गोपाल सुंदर वस्त्रों में सजकर पालने में झूल रहे हैं। वहीं मनमोहक बांसुरी बजाते कन्हैया भक्तों को रिझाते नजर आ रहे हैं। बाजार में उपलब्ध भगवान श्रीकृष्ण की मूर्तियां लखनऊ व वाराणसी सहित मथुरा व मुंबई में तैयार की गई हैं।

**कृष्ण की मूर्तियों में बड़ी वैरायटी:** इस बार बाजार में भगवान कृष्ण की मूर्तियों में बहुत वैरायटी आयी है। बांसुरी बजाते, पालना में बैठे, माखन खाते कान्हा की प्रतिमा, बालरूप में बांसुरी की तान वाली मुद्रा, मोरपंख धारण किए, नींद में सोते मुद्रा वाली मूर्तियों को श्रद्धालु ज्यादा पसंद कर रहे हैं। जिनकी कीमत 100 रुपए से लेकर 1000 रुपये तक है।

**कान्हा की झांकियों से सजा बाजार :** ग्राहकों द्वारा झांकी सजाने के लिए भी सजावटी वस्तुएं खरीदी जा रही हैं, इसमें झूले, बेड के साथ मच्छरदानी, पंखे आदि सजावटी सामान हैं, जिनको ग्राहकों द्वारा खूब पंसद किया जा रहा है। मंदिर को सजाने के साथ-साथ होने वाले कार्यक्रम को लेकर भी मंदिर से जुड़े लोग तैयारियों में जुटे हैं। कान्हा के जन्मोत्सव को लेकर भक्तों में उत्साह का माहौल हैं। इस बार कान्हा के जन्मोत्सव की तैयारियां मंदिरों के अलावा कालोनी और शहर में जगह.जगह की जा रही हैं। कहीं रुई की झांकी की तैयारी हो रही है, तो कहीं नाव की झांकी सजेगी। यहां तक कि इस बार कई जगह मटकी फोड़ प्रतियोगिता भी होगी।

**पीले वस्त्र पहनायें:** जन्माष्टमी पर कान्हा के आगमन पर उनका अभिषेक कर पीले वस्त्र पहनाएं। रंग बिरंगे वस्त्रों से कान्हा प्रसन्न होते हैं। पीले रंग के वस्त्र कृष्ण को बेहद प्रिय है।

**वैजयंती माला उन्हें जरूर पहनायें:** जन्माष्टमी पर लड्डू गोपाल के श्रृंगार में कान के कुंडल बाजूबंध, कमरबंध, हाथ के कड़े, पायल के साथ वैजयंती माला उन्हें जरूर पहनाएं। ये माला वैजयंती के वृक्ष के बीजों से बनती है। कहते हैं वैजयंती माला राधा-कृष्ण के अटूट प्रेम की निशानी है। कान्हा की पूजा में वैजयंती के फूल बहुत शुभ माने जाते हैं।

**सुगंधित चंदन की खुशबू बाल गोपाल को बहुत पसंद:** सुगंधित चंदन की खुशबू बाल गोपाल को बहुत पसंद है। चंदन विभिन्न प्रकार के होते हैं। सफेद चंदन, हरि चंदन, गोमती चंदन आदि कान्हा का गोपी चंदन से श्रृंगार उत्तम माना जाता है।

**छोटी सी बांसुरी कान्हा के हाथ में जरूर रखें:** बांसुरी के बिना कान्हा अधूरे माने जाते हैं। श्रीकृष्ण की बांसुरी की धुन सुनकर राधा रानी, गोपियां, ग्वालें, मंत्रमुग्ध हो जाती थी। मान्यता है कि मुरली में कृष्ण का वास होता है। जन्माष्टमी पर चांदी या कोई भी छोटी सी बांसुरी कान्हा के हाथ में जरूर रखें।

**नजरदोष से बचाने के लिए काजल जरूर लगाएं:** कान्हा की छवि इतनी मनमोहक कि उन्हें नजरदोष से बचाने के लिए काजल जरूर लगाया जाता है। माता यशोदा सदैव कान्हा के श्रृंगार के बाद उन्हें छोटा सा काजल का टीका लगाती थीं।

## कान्हा के लिए चांदी की बांसुरी, मुकुट की काफी ज्यादा डिमांड




**लखनऊ।** जन्माष्टमी के अवसर पर बाजार गुलजार हो गये हैं। एक ओर जहां माला फूल पूजन सामग्री कि दुकानों पर भीड़ उमड़ रही है, वहीं दुकानों पर जन्माष्टमी से जुड़े खिलौने, कपड़े, मुकुट, पेंटिंग आदि की डिमांड है। इसके अलावा पीतल, प्लास्टिक, मिट्टी आदि से बने आकर्षण खिलौने जैसे झूले, पालना व सजावट में काम आने वाले झालर बिजली बत्ती की भी मांग तेज है। बाजार में हरे-हरे अशोक के पत्ती, प्लास्टिक के फूल, कदंब के पेड़, करौंदे का पेड़, झावा बुरादा आदि चीजों से बाजार सज गए हैं। बुधवार की सुबह से ही खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ रही है। जिससे पूरा बाजार कृष्णमय हो गया है। बाजार में काफी रौनक देखने को मिल रही है। शहर के लोग श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की खरीदारी करने को उमड़ पड़े हैं। इन सभी के अलावा भगवान के लिए चांदी के मुकुट, बांसुरी, लड्डू गोपाल कि चांदी कि मूर्ति कि भी डिमांड है। सर्राफ ने बताया की इस बार जन्माष्टमी के अवसर पर कई नए डिजाईन कि चीजें आई हैं। इनमें भगवान का मुकुट, बांसुरी, मूर्ति विशेष कारीगरों द्वारा बनवाया गया है। जन्माष्टमी पर महंगाई का कोई असर नहीं नजर आ रहा है।

**राधा-कृष्ण के प्रेम का प्रतीक है मोरपंख:** जन्माष्टमी के खास मौके पर हर घरों में तैयारियां चल रही है। खूब पकवान बनाए जा रहे हैं और कृष्ण के पालकी से लेकर मंदिर को फूलों से सजाया जा रहा है। लड्डू गोपाल के जन्म के बाद गोपाल को स्नान करा के नन्हें नंद के लाला का श्रृंगार किया जाता हैं। नन्हे बाल गोपाल की सजावट में कोई कमी ना रह जाए। इसके लिए ये बेहद जरूरी है कि कान्हा के जन्मोत्सव पर उनका श्रृंगार उनकी प्रिय और शुभ चीजों से कैसे किया जाए। इसके लिए हम आपको बताएंगे की इस खास मौके पर कैसे शुभ चीजों से बाल गोपाल का करें श्रृंगार। मोरपंख के बिन कृष्ण की कल्पना नहीं की जा सकती। मान्यता है कि मोरपंख राधा.कृष्ण के प्रेम का प्रतीक है इसलिए कान्हा हमेशा इसे अपने सिर पर सजाते हैं। उनके मुकुट में मोरपंख सदैव लगा होता है। श्रीकृष्ण के मुकुट की सजावट मोर पंख के बिना अधूरी है।

## लड्डू गोपाल के खिलौने वाले आइटमों की ज्यादा मांग

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** जन्माष्टमी पर ठाकुरजी की झांकी सजाने के लिए भक्तों में खिलौनों की बहुत मांग है। लड्डू गोपाल के लिए मैक्रम का लटकाने वाला झूला, लकड़ी का झूला, पोशाकें, मुरली, घुंघुराले बाल, शीशा, जूतियां, पालना लाइटिंग गुब्बारे, सिंहासन, चारपाई, सिंहासन, माइकल जैक्सन टॉपी, नग से सजा चश्मा, माखन मटकी, लाइट झालर, कालिया नाग व अन्य खिलौने हैं। वहीं कई लोग लड्डू गोपाल के लिए चांदी के खिलौने भी तैयार करवा रहे हैं।

**तरह-तरह की नई पोशाक:** पिछले काफी समय से मंदी के दौर से गुजर रहा मुकुट पोशाक के कारोबार से जुडे.लोगों को श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व से खासी उम्मीदें हैं। यही कारण है कि बाजार में इन दिनों नई डिजाइन की पोशाकें पहुंच गईं हैं। सुंदर और सजीली पोशाकों को श्रद्धालु खरीद भी रहे हैं। दुकानदार दीपक गोयल ने बताया कि पिछले साल कोरोना के कारण श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर बाजार में मंदी छाई रही, लेकिन इस साल बाजार को उम्मीदें हैं।

**डिजायनर झूलों की धूम:** इस बार बाजार में श्रीकृष्ण भगवान के झूलों व पोशाकों की खूब खरीदारी कर रहे हैं। बाजार में इस बार राधा कृष्ण की तरह-तरह की ड्रेस आयी हैं, जिन्हें लोग बड़ी संख्या में खरीद रहे हैं। दुकानदार विजय ने बताया कि इस बार सबसे ज्यादा डिमांड डिजायनर झूलों की है। इस बार झूलों में बहुत ज्यादा वैरायटी आयी है। ग्राहक राधा कृष्ण की पोशाकों के साथ-साथ अपने बच्चों को भी राधा-कृष्ण के रूप में सजाते हैं जिसके लिए हमने बड़े साइज के भी कपड़े बनवा रखें। लोग उन्हें भी बड़ी संख्या में खरीद रहे हैं।

## भावना सिंह को साहित्य उन्नायक सम्मान




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश साहित्य सभा द्वारा रक्षा संपदा की प्रधान निदेशक श्रीमती भावना सिंह को हिंदी के प्रचार प्रसार एवं महती प्रयोग के लिए साहित्य उन्नायक सम्मान-2025 सभा के प्रधान एवं वरिष्ठ हास्य कवि सर्वेश अस्थाना ने दिया। यह सम्मान श्रीमती भावना सिंह को करियप्पा मार्ग स्थित प्रधान निदेशालय रक्षा संपदा के कार्यालय में दिया गया। इस अवसर पर भावना सिंह ने कहा हिंदी तो राष्ट्र की अस्मिता है हमे उसका सम्मान करना चाहिये। सर्वेश अस्थाना ने बताया उत्तर प्रदेश साहित्य सभा प्रतिवर्ष उन हिंदी प्रेमियों का सम्मान करती है जो स्वयं तो साहित्यकार नही है किंतु भाषा के उन्नयन के प्रति अत्यंत समर्पित रहते हैं।

# हलछठ आज, संतान की लंबी आयु के लिए माताएं रखेंगी व्रत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि को हरछठ व्रत रखा जाता है। इसे हलछठ, ललही छठ या रांधण छठ भी कहा जाता है। इस दिन बलराम जयंती भी मनाई जाती है। इस दिन भगवान श्रीकृष्ण के बड़े भाई भगवान बलराम की पूजा की जाती है। मान्यता है कि इस दिन ही उनका जन्म हुआ था। हरछठ व्रत संतान की लंबी आयु व खुशहाली के लिए रखा जाता है। हिंदू पंचांग के अनुसार, षष्ठी तिथि 14 अगस्त को सुबह 04 बजकर 23 मिनट पर प्रारंभ होगी और 15 अगस्त को सुबह 02 बजकर 07 मिनट पर समाप्त होगी। हिंदू पंचांग के अनुसार, इस साल हरछठ का व्रत 14 अगस्त को है। हरछठ व्रत भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव यानी जन्माष्टमी से पहले रखा जाता है। इस साल जन्माष्टमी दो दिन 15 अगस्त व 16 अगस्त को है। ऐसे में इसकी तारीख में अंतर संभव है।

**हलछठ व्रत के नियम:** इस व्रत को रखने के बहुत नियम हैं। इस व्रत में हल से जुता हुआ कुछ भी नहीं खाया जाता है। इसके अलावा गाय के दूध और दही या घी का इस्तेमाल भी नहीं तिया जाता है। इस दिन तालाब में पैदा हुई चीज जैसे सिंघाड़े आदि खा सकते हैं। सिंघाड़े का आटा इस्तेमाल किया जा सकता है। इस दिन अनाज बिल्कुल नहीं खाया जाता है। कुछ लोग चीनी आदि का भी इस्तेमाल नहीं करते हैं। इस व्रत में षष्ठी माता की पूजा की जाती है। उनका दिवार में चित्र बनाया जाता है और सात प्रकार का अनाज षष्ठी मैय्या को अर्पित किया जाता है। षष्ठी मैय्या से संतान की सुख-समृद्धि और संतान की लंबी उम्र की कामना की जाती है। इसके अलावा माता को धान की लाई, भैंस का दूध-दही व घी आदि रखते हैं। बच्चों के खिलौने जैसे-भौरा, बाटी आदि भी अर्पित किए जाते हैं और फिर पूजा के बाद बच्चों में बांट दिए जाते हैं। यह भी कहा जाता है कि इस दिन हल से जुती हुई भूमि पर नहीं चलना चाहिए और किसी नुकीली चीज का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।

**हलछठ पूजा विधि:** हलछठ वाले दिन प्रातः जल्दी उठकर स्नान करें और व्रत का संकल्प लें। इसके बाद साफ कपड़े पहनकर गोबर ले आएं। फिर साफ जगह पर गोबर से पुताई कर तालाब बनाएं। इस तालाब में झरबेरी, ताश और पलाश की एक.एक शाखा बांधकर बनाई गई हरछठ को गाड़ दें। अंत में विधि.विधान के साथ पूजा.अर्चना करें।

पूजा के लिए सात तरह के अनाज जैसे गेहूं, जौ, अरहर, मक्का, मूंग और धान चढ़ाएंइसके बाद हरी कजरियां, धूल के साथ भुने हुए चने चढ़ाएं। आभूषण और हल्दी से रंगा हुआ कपड़ा भी चढ़ाएं। फिर भैंस के दूध से बने मक्खन से हवन करें। अंत में हरछठ की कथा सुनें। पूजा के बाद के महिलाएं भैंस के दूध से बने दही और महुआ को पलाश के पत्ते पर खाती हैं और व्रत का समापन करती हैं। इस व्रत को करने से व्रती को धन, ऐश्वर्य आदि की प्राप्ति होती है।

**श्री कृष्ण के जेष्ठ भ्राता बलराम जी को समर्पित:** हल षष्ठी का व्रत श्री कृष्ण के जेष्ठ भ्राता बलराम जी को समर्पित है। इस दिन बलराम जयंती भी मनाई जाती है। हर वर्ष ये व्रत भाद्रपद माह में कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि के दिन रखा जाता है। इस साल ये व्रत 24 अगस्त शनिवार के दिन रखा जाएगा। इस व्रत को विवाहित स्त्रियां संतान सुख के लिए करती हैं।

## बाजारों में हुई पूजा सामग्री की खरीदारी

**लखनऊ।** हलछठ व्रत को लेकर बाजारों में रौनक देखने को मिली। व्रती महिलाओं ने बुधवार को बाजार में ढाक का पत्ता, तिन्नी चावल, केर्मुआ साग आदि पूजा सामग्री की खरीदारी की। ऐसी मान्यता है कि व्रती महिलाएं इस दिन हल से जोत कर खेत में होने वाले अनाज और सब्जियां नहीं खाती हैं। व्रत में केवल तालाब में पैदा होने वाली वस्तुओं तिन्नी चावल, केर्मुआ साग आदि को खाया जाता है। गाय का दूध या दुग्ध उत्पाद भी इस्तेमाल नहीं होता। व्रती महिलाएं दीवार पर पारंपरिक रूप से छठ माता का चित्र बनाती हैं। गणेश, माता गौरा की पूजा करती हैं। कुछ परिवारों में महिलाएं जमीन लीपकर घर में ही एक छोटा सा तालाब बनाकर, उसमें झरबेरी, पलाश और कांसी पेड़ भी लगाती हैं। हल षष्ठी की कथा सुनती हैं। भगवान बलराम से पुत्रों की दीघार्यु की कामना करती हैं। मान्यता है कि ऐसा करने से भगवान हलधर उनके पुत्रों को लंबी आयु प्रदान करते हैं।

# स्वतंत्रता दिवस से पहले तिरंगे के रंग में रंगा बाजार







वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** स्वतंत्रता दिवस को देखते हुए बाजार आजादी के रंग में रंग गया है। राजधानी लखनऊ में कई दुकानें तिरंगा, टोपी, बिल्ला, हैंडरिबन, टीशर्ट और गुब्बारे से सज गई हैं। स्कूलों में भी तैयारियां शुरू हो गई हैं। विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर बच्चे रिहर्सल करने लगे हैं। 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। सरकारी, गैर सरकारी, संस्थान, विद्यालय, संगठन विविध कार्यक्रमों की तैयारियों में जुटे हैं। हर घर झंडा अभियान के तहत विभागों को तिरंगा झंड़ा खरीदने और वितरित करने का लक्ष्य सौंप दिया गया है। बाजारों में भी स्वतंत्रता दिवस से जुड़े सामानों की दुकानें सज गई हैं। आयोजन के लिए दुकानों पर खरीदार भी पहुंचने लगे हैं ।शहर की दुकानों पर कई आकर के सूती और पॉलिस्टर के झंडे 50 से 250 रुपये तक बिक रहे हैं। वहीं बिल्ला, टोपी, हैंड रिबन आदि की मांग शुरू हो गई है। स्वतंत्रता दिवस से जुड़े सामानों की दुकान सजाए रिंकू गुप्ता के मुताबिक अभी छिटपुट ग्राहक ही आ रहे हैं। लेकिन उम्मीद है जैसे जैसे राष्ट्रीय पर्व करीब आएगा बिक्री तेज होगी। पिछले साल 15 अगस्त को आजादी के 100 साल पूरे होने पर अमृत महोत्सव मनाया गाय था। जिसे लेकर देश के प्रधानमंत्री ने हर घर तिरंगा अभियान की शुरूआत की थी। जिसमें लोगों से घर-घर पर तिरंगा फहराने का आग्रह किया गया था. इस साल भी ऐसा लग रहा है कि लोगों में देशभक्ति का प्यार उसी जोश के साथ देखने को मिलेगा। अब 15 अगस्त को कुछ ही दिन शेष है और राजधानी लखनऊ का एक बाजार राष्ट्रीय तिरंगे और तमाम चीजों से सज गया है। इस बाजार में तिरंगे, स्टैंड, टी-शर्ट, पगड़ी जैसे सामान मिल रहे हैं जो 15 अगस्त से जुड़े हुए हैं। एक दुकानदार ने बताया कि व्यापार कुछ दिनों से डाउन था, लेकिन अब ग्राहकों की भीड़ तिरंगे और अन्य सामग्री खरीदने के लिए बढ़ रही है। उनका कहना है कि इस बाजार में होलसेल के रेट में तिरंगे, स्टैंड, टी-शर्ट, पगड़ी, बैच जैसे तमाम सामान मिलते है। यहां पर जो सामान 10 रुपए के होलसेल के दाम में मिलता है। वही, चीज बाजार में 20 से 25 रुपए से कम का नहीं बिकता। इस बाजार में वो लोग ज्यादा खरीदारी करने आते है जो व्यापार करते है।

## छोटे-बड़े तिरंगे संग रंगबिरंगी टोपी कर रही आकर्षित

स्वतंत्रता दिवस को देखते हुए बाजार आजादी के रंग में रंग गया है। राजधानी लखनऊ में कई दुकानें तिरंगा, टोपी, बिल्ला, हैंडरिबन, टीशर्ट और गुब्बारे से सज गई हैं। स्कूलों में भी तैयारियां शुरू हो गई हैं। विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर बच्चे रिहर्सल करने लगे हैं। 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। सरकारी, गैर सरकारी, संस्थान, विद्यालय, संगठन विविध कार्यक्रमों की तैयारियों में जुटे हैं। हर घर झंडा अभियान के तहत विभागों को तिरंगा झंड़ा खरीदने और वितरित करने का लक्ष्य सौंप दिया गया है। बाजारों में भी स्वतंत्रता दिवस से जुड़े सामानों की दुकानें सज गई हैं। आयोजन के लिए दुकानों पर खरीदार भी पहुंचने लगे हैं ।शहर की दुकानों पर कई आकर के सूती और पॉलिस्टर के झंडे 50 से 250 रुपये तक बिक रहे हैं। वहीं बिल्ला, टोपी, हैंड रिबन आदि की मांग शुरू हो गई है। स्वतंत्रता दिवस से जुड़े सामानों की दुकान सजाए रिंकू गुप्ता के मुताबिक अभी छिटपुट ग्राहक ही आ रहे हैं। लेकिन उम्मीद है जैसे जैसे राष्ट्रीय पर्व करीब आएगा बिक्री तेज होगी। इस साल भी ऐसा लग रहा है कि लोगों में देशभक्ति का प्यार उसी जोश के साथ देखने को मिलेगा। राजधानी लखनऊ का एक बाजार राष्ट्रीय तिरंगे और तमाम चीजों से सज गया है। इस बाजार में तिरंगे, स्टैंड, टी-शर्ट, पगड़ी जैसे सामान मिल रहे हैं जो 15 अगस्त से जुड़े हुए हैं।

## रवीन्द्रनाथ टैगोर की चित्रांगदा मंच पर हुई जीवंत



**लखनऊ।** भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय बुधवार को देश प्रेम और महिला सशक्तीकरण की भावना से सराबोर नजर आया। राष्ट्रगान के रचयिता रबीन्द्रनाथ टैगोर की कालजयी रचना 'चित्रांगदा' पर श्रुति परफार्मिंग ग्रुप की प्रस्तुति पर विश्वविद्यालय का कला मंडपम प्रेक्षागृह तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। ताल-लय ओर भाव के अद्भुत संगति से सजी इस प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रसिद्ध नृत्यांगना प्रो. श्रुति बंदोपाध्याय के निर्देशन में कलाकरों ने चित्रांगदा को मंच पर जीवंत रूप दिया। इस अवसर पर कुलपति प्रो मांडवी सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय का सौभाग्य है कि विश्वविख्यात कवि, साहित्यकार, दार्शनिक, साहित्य में नोबल पुरस्कार विजेता रबीन्द्रनाथ ठाकुर की रचित नृत्य नाटिका की प्रस्तुति विश्वविद्यालय प्रांगण में हुई। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से शिक्षार्थियों को अपने संस्कृति व साहित्य के पुरोधा रहे महान साहित्यकारों के जीवन और उनकी रचनाओं से परिचित होने का मौका मिलता है। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. रूचि खरे ने बताया की नृत्य नाटिका चित्रांगदा एक ऐसी कथा है जो प्रेम, आत्म-स्वीकृति और नारी सशक्तीकरण का संवेदनशील चित्र प्रस्तुत करती है। उन्होंने बताया कि श्रुति परफार्मिंग ग्रुप बंगाल के पारंपरिक नृत्य रूप में रवींद्र नृत्य को संरक्षित, सुरक्षित और प्रसारित करने की पहल और प्रयास विगत कुछ वर्षों से कर रहा है। कुलसचिव डॉ सृष्टि धवन ने कहा कि इस तरह के सांस्कृतिक और साहित्यिक आयोजन से विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों में देश प्रेम, साहित्य की समझ, एकाग्रता और सामाजिक सहयोग की भावना का विकास होता है।

# नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण दो ट्रेनें रहेंगी निरस्त

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा दक्षिण पूर्व रेलवे के खड़गपुर मंडल के शालिमार स्टेशन के यार्ड रिमॉडलिंग कार्य के परिप्रेक्ष्य में यातायात ब्लॉक दिये जाने हेतु प्री-नॉन इंटरलॉकिंग/नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण गाड़ियों का निरस्तीकरण किया जायेगा। निरस्तीकरण के तहत गोरखपुर से 10 एवं 17 नवम्बर को चलने वाली 15022 गोरखपुर-शालिमार एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। शालिमार से 11 एवं 18 नवम्बर को चलने वाली 15021 शालिमार-गोरखपुर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

## यांत्रिक कारखाने में 747 कोचों का किया गया अनुरक्षण

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा विस्तार हेतु निरन्तर नये सुधार किये जाते हैं। इसी क्रम में, कोचों के बेहतर रख-रखाव हेतु यांत्रिक कारखाना, गोरखपुर में यानों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से ओवरहालिंग किया जाता है। माह जुलाई में सबसे अधिक 204 कोचों का ओवरहालिंग किया गया, जो इस वर्ष में सर्वाधिक है। वित्त वर्ष 2025-26 में माह जुलाई तक कुल 747 कोचों का आवधिक अनुरक्षण कर कारखाने से निकासी की गई।

इस कारखाने में वर्ष 2025-26 में माह जुलाई तक 256 आई.सी.एफ. गैर वातानुकूलित श्रेणी के कोच, 52 आई.सी.एफ. वातानुकूलित श्रेणी के कोच, 165 एल.एच.बी. गैर वातानुकूलित श्रेणी के कोच, 178 एल.एच.बी. वातानुकूलित श्रेणी के कोच तथा 48 मेमू के कोचों का अनुरक्षण किया गया तथा 48 कोचों का एन.एम.जी.एच.एस. में कन्वर्जन किया गया। इस प्रकार वित्त वर्ष 2025-26 में माह जुलाई तक कुल 747 कोचों का आवधिक अनुरक्षण किया गया।

इसके अतिरिक्त यॉंत्रिक कारखाना, गोरखपुर के एयर ब्रेक शॉप को ह्यसेंटर ऑफ एक्सेलेन्सह्य के रूप में विकसित किया गया है। इसका उद्देश्य आई.सी.एफ. एवं एल.एच.बी. दोनों प्रकार के कोचों में प्रयोग किये जाने वाले कम्पोनेन्ट की ओवरहालिंग और कम्प्यूटरीकृत परीक्षण के लिए धूल मुक्त वातावरण स्थापित करना है। जिससे स्वच्छता और परिशुद्धता के उच्च मानक सुनिश्चित हो सके।

## एनईआर के स्टेशनों पर तिरंगा लाइटों से सजाया गया

**लखनऊ।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पूरे देश में 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। इस वृहद अभियान के माध्यम से लोगों में देशभक्ति की भावना को जागृत करना एवं देश की स्वतन्त्रता के लिये सर्वोच्च बलिदान देने वाले, देश के महान सपूतों को याद कर सच्ची श्रद्धांजलि देना है। जन भागीदारी की भावना से आजादी के इस अभियान के अन्तर्गत देशवासी अपने घरों पर तिरंगा फहराकर स्वतन्त्रता आंदोलन एवं राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान व्यक्त कर सकेंगे। सभी रेलकर्मी अपने घरों पर तिरंगा फहरा कर इस अभियान से जुड़ रहे हैं। पूर्वोत्तर रेलवे के प्रमुख स्टेशनों को आकर्षक ढंग से तिरंगे प्रकाश से प्रकाशमान किया जायेगा।

● **रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने तिरंगे के साथ ली सेल्फी**

■ रेलवे मुख्यालय एवं तीनों मण्डल कार्यालयों को तिरंगे लाइट से सजाया जायेगा, जिनकी रात्रिकालीन छटा अद्भुत होगी। हर घर तिरंगा अभियान में रेल कर्मियों, उनके परिजनों एवं आमजनों की सहभागिता की जा रही है। विभिन्न स्टेशनों पर उद्घोषणा के माध्यम से ह्यहर घर तिरंगाह्य अभियान से लोगों को अवगत कराया जा रहा है। हर घर तिरंगा अभियान के तहत रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा तिरंगे के साथ सेल्फी www.harghartirnga.com पर अपलोड किया जा रहा है।

## चेकिंग अभियान में पकड़े गये 523 बेटिकट यात्री

● **यात्रियों से 3,01,800 रुपये जुर्माने के तौर पर वसूला गया**



**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन अपने रेल यात्रियों को सुविधाजनक एवं आरामदायक यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने के साथ रेल राजस्व की क्षति रोकने के लिए निरन्तर प्रयत्नशील है। इसी परिप्रेक्ष्य में महाप्रबन्धक सौम्या माथुर के निर्देश पर प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक प्रकाश चन्द्र जायसवाल के आदेशानुसार वाणिज्य अधिकारियों के नेतृत्व में 05 से 12 अगस्त तक गोरखपुर से मऊ, गोरखपुर से गोण्डा, गोरखपुर से सिसवा बाजार, गोरखपुर से सीवान एवं गोरखपुर से बेल्थरा रोड रेल खंड में वाणिज्य विभाग द्वारा विशेष टिकट जांच अभियान आयोजित किया गया, जिसमें अनधिकृत यात्रियों/बिना टिकट यात्रियों एवं पैन्ट्रीकार की जॉच की गयी, जिसके फलस्वरूप बिना टिकट/अनियमित/बिना बुक सामान के कुल 523 मामले पकड़े गये, जिनसे कुल रूपया 3,01,800 रुपये के रेल राजस्व की वसूली की गयी।

यात्रियों की सुविधा एवं रेल राजस्व की क्षति रोकने के उद्देश्य से पूर्वोत्तर रेलवे के प्रत्येक मंडल पर प्रत्येक माह स्पॉट चेक, एम्बुश चेक, किलाबंदी चेक आयोजित किये जाते हैं। पूर्वोत्तर रेलवे पर मंडलों, स्टेशनों एवं गाड़ियों में आगे भी बिना टिकट यात्रा, बिना बुक किये गये सामानों की जांच, अनियमित यात्रा आदि विशेष टिकट जांच अभियान निरन्तर जारी रहेगा।

## शिक्षक शोध अध्यादेश वापसी के लिए कूच करेंगे राजभवन

**लखनऊ।** लविवि संबद्ध महाविद्यालय शिक्षक संघ (लुआक्टा) ने शोध अध्यादेश, 2025 जिसके द्वारा स्नातक (यूजी) शिक्षकों को शोध से 2026 से वंचित किया जायेगा को आंदोलन के संबंध में बुधवार को लुआक्टा कार्यकारणी की बैठक आहूत हुई और आंदोलन का निर्णय लिया गया। लुआक्टा के अध्यक्ष डा मनोज पांडेय की अध्यक्षता में बैठक में निर्णय लिया गया कि इसमे कार्य परिषद की बैठक के दिन विश्वविद्यालय में धरना 26 अगस्त को राजभवन मार्च तथा गिरफ्तारी इस तिथि को महाविद्यालयो के सभी साथी सामूहिक अवकाश पर रहेंगे तथा लखनऊ विश्वविद्यालय सरस्वती वाटिका पर उपस्थित होकर राजभवन मार्च करेंगे। लखनऊ विश्वविद्यालय से सह्युक्त सभी जिलों के जन प्रतिनिधियों को ज्ञापन जायेगा, जिनमे प्रमुख रूप से लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्यसभा सदस्य एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री डा दिनेश शर्मा, उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी इसके अतिरिक्त मुख्य मंत्री, उच्च शिक्षा मंत्री को ज्ञापन दिया जायेगा।

## भारत माता के जयकारों के साथ निकाली गयी तिरंगा यात्रा

विशेष संवाददाता (vol)



**नगराम।** आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से बुधवार के दिन अनैया स्थित पंचशील इंटर कालेज के छात्र छात्राओं द्वारा भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा में भारत माता की जय व वंदे मातरम्‌ के जयकारों से इलाका गुंजायमान हो उठा। यात्रा में देशभक्ति का जज्बा देखने को मिला। मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित मोहनलाल गंज से भाजपा विधायक अमरेश रावत विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता नागेश्वर द्विवेदी सदस्य जिला पंचायत अमरेन्द्र भारद्वाज द्वारा झंडी दिखाकर रवाना किया गया। पंचशील शांति शिक्षा निकेतन इंटर कालेज के मैनेजिंग डायरेक्टर हिमांशु मिश्रा के नेतृत्व में निकली तिरंगा यात्रा में भाजपा मंडल मोहनलाल गंज पूर्व अध्यक्ष सुधांशु सिंह निगोहां पूर्व मंडल अध्यक्ष दीपू बाजपेई शांति स्वरूप मिश्रा ज्ञानी जी यशवीर सिंह मनीष शुक्ला द्वारा विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं सहित सैकड़ों छात्र छात्राओं के साथ पंचशील इंटर कालेज से निकली रैली का शुभारंभ किया गया जो अनैया अयोध्या का पुरवा करोरवा हुसेनाबाद नबी नगर भट्ठा चौराहा होते हुए नगराम में समापन किया गया।?

रैली में भाजपा कार्यकर्ता, सामाजिक कार्यकताओं समेत सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए। रैली में छात्र-छात्राओं ने हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाए, जिससे वातावरण देशभक्ति से सराबोर हो गया।

## बृजेश पाठक तिरंगा यात्रा में हुए शामिल

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भाजपा महानगर के तत्वावधान में बुधवार को विभिन्न स्थान पर तिरंगा यात्राओं का आयोजन हुआ। जिसमें कैंट विधानसभा क्षेत्र के कृष्णा नगर में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक और महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। बृजेश पाठक ने कहा कि तिरंगा सिर्फ एक झंडा नहीं, बल्कि त्याग, प्रेम और समर्पण का प्रतीक है। हर घर तिरंगा अभियान का उद्देश्य प्रत्येक भारतीय परिवार को गर्व से भारतीय ध्वज फहराने के लिए प्रोत्साहित करके एकता, देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव की भावना को बढ़ावा देना है। आनंद द्विवेदी ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान हर भारतीय के मन में ध्वज के प्रति सम्मान और देशभक्ति की भावना को सुदृढ़ करता है। तिरंगा यात्रा में लोगों के बीच जबरदस्त जोश और उत्साह दिखाई दिया। सभी के हाथों में दूर तक तिरंगा लहराता नजर आ रहा था।

भारत माता की जय और वंदे मातरम के घोष के साथ सभी कार्यकर्ता देशभक्ति में ओत-प्रोत दिखे। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि कृष्णा नगर से निरंकारी आश्रम श्रृंगार नगर तक आयोजित भव्य तिरंगा यात्रा में पूर्व एमएलसी अरविंद त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष महेंद्र राजपूत, अशोक तिवारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष विनायक पांडे, अभिषेक खरे, अरविंद मिश्रा, राकेश गुप्त, चंद्र प्रकाश अवस्थी, सतीश आडवाणी सहित पार्षदगण, पदाधिकारीगण और क्षेत्रवासी शामिल हुए।

## पीर नगर प्राथमिक विद्यालय में राष्ट्रीय ध्वज वितरित



**लखनऊ।** राजधानी के आई. आई.एम रोड पीर नगर प्राथमिक विद्यालय में आज स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर शीला एड मेकर्स के सहयोग से भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता संजय चौधरी ने छात्र-छात्राओं को निःशुल्क राष्ट्रीय ध्वज वितरित किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता संजय चौधरी ने छात्र-छात्राओं को जहां निःशुल्क राष्ट्रीय ध्वज वितरित किया वहीं 15 अगस्त के महत्व से अवगत कराते हुए स्वतंत्रता संग्राम पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने देश भक्ति से ओतप्रोत गीतों की सरिता प्रवाहित की।

## भाजपा नेता नीरज सिंह ने आवास पर फहराया तिरंगा



**लखनऊ।** भाजपा द्वारा आयोजित हरभजन तिरंगा अभियान के अंतर्गत अपने भाजपा वरिष्ठ नेता नीरज सिंह ने गोमती नगर आवास पर लखनऊ आवास पर तिरंगा फहराया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रारंभ हुआ। यह अभियान अब केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि 140 करोड़ देशवासियों की एकता, राष्ट्रभक्ति और संकल्प का प्रतीक बन चुका है। हर घर तिरंगा न केवल हमारे राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान को जन-जन तक पहुंचा रहा है, बल्कि यह हमें उन असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, तप और बलिदान की याद भी दिलाता है, जिन्होंने आजाद भारत का स्वप्न देखा और उसे साकार करने के लिए अपना सब कुछ समर्पित कर दिया।

## प्रो.पवन अग्रवाल हिंदी सलाहकार समिति में सदस्य नामित

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** राजभाषा विभाग, नई दिल्ली की संयुक्त सचिव डॉ.मनीषा जौली द्वारा जारी विज्ञप्ति के माध्यम से लखनऊ विश्वविद्यालय के हिंदी तथा आधुनिक भारतीय भाषा विभाग के अध्यक्ष प्रो.पवन अग्रवाल को उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय, भारत सरकार की हिंदी सलाहकार समिति के पुनर्गठन की संरचना में राजभाषा विभाग की ओर से गैर सरकारी सदस्य के रूप में नामित किया गया। अन्य दो सदस्य के रूप में हेज़ुवांग, नागालैंड तथा छोटूराम शर्मा, श्रीविजयपुरम, दक्षिण अंडमान एवं निकोबार से नामित किए गए हैं।

इससे पूर्व प्रो. अग्रवाल 2015 से 2019 तक विधायी मंत्रालय भारत सरकार की हिंदी सलाहकार समिति के सदस्य रह चुके हैं। वर्तमान हिंदी उच्च शिक्षा के शिक्षकों की संस्था भारतीय हिन्दी परिषद के सभापति हैं जिसकी स्थापना सन 1942 में प्रो. धीरेन्द्र वर्मा द्वारा की गई थी। प्रो.पवन अग्रवाल ने अपनी स्नातक, परास्नातक एवं पीएचडी की उपाधि हिंदी विषय में लखनऊ विश्वविद्यालय से प्राप्त की तथा विगत 32वर्षों से लखनऊ विश्वविद्यालय में अध्यापनरत है। वर्तमान में हिंदी विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय के हिंदी तथा आधुनिक भारतीय भाषा विभाग में आचार्य एवं अध्यक्ष पद पर नियुक्त है। अपनी सेवाओं के अंतर्गत प्रो.अग्रवाल लखनऊ विश्वविद्यालय की प्रवेश एवं परीक्षाफल समिति के समन्वयक रहे। उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलानुशासक, सांस्कृतिकी निदेशक, आईपीपीआर निदेशक आदि विभिन्न प्रशासनिक पदों पर सेवाएं दी। प्रो. अग्रवाल की 18 पुस्तकें, 50शोधपत्र एवं लेख आदि प्रकाशित हैं। उन्होंने जोहांसबर्ग, फिजी एवं भोपाल में आयोजित विश्व हिंदी सम्मेलनों के अतिरिक्त लगभग 150 राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठियों में सहभागिता की है।

## छात्राओं ने निकाली तिरंगा यात्रा




**लखनऊ।** खुन खुन जी गर्ल्स डिग्री कॉलेज में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान के माध्यम से लोगों को राष्ट्रीय ध्वज के महत्व और उसके प्रति सम्मान के बारे में जागरूक किया जाता है। हर घर तिरंगा अभियान लोगों को राष्ट्रीय एकता और अखंडता के महत्व के बारे में जागरूक करता है और उन्हें इसके लिए प्रेरित करता है। हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत बुधवार को तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। छात्राओं द्वारा महाविद्यालय से लेकर चौक चौराहे तक तिरंगा रैली निकाली गई। रैली में 50 से अधिक छात्रओ ने प्रतिभाग किया। रैली में छात्राओं ने देशभक्ति के नारो का उच्चारण किया। संपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन एनएसएस अधिकारी डॉ. रुचि यादव एवं डॉ. शालिनी शुक्ला द्वारा किया गया। समस्त कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. अंशु केडिया के के निर्देशन में संपन्न हुआ।

## सेंट जोसफ विद्यालय में जन्मे कान्हा

### श्रीकृष्ण की लीलाओं के साथ सेंट जोसेफ में मनायी गयी जन्माष्टमी



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी के प्रतिष्ठित सेंट जोसेफ विद्यालय समूह की राजाजीपुरम्, सीतापुर रोड, रूचिखण्ड शाखाओं में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बच्चों ने बड़ी धूमधाम व उल्लासपूर्वक मनाया।

नर्सरी से यू0केजी0 तक के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने श्रीकृष्ण जन्म के साथ उनकी लीलाओं का मनमोहक रूप से प्रस्तुतीकरण भी किया। बड़ी संख्या में बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण, राधारानी, मैया यशोदा व सुदामा आदि की वेश भूषा को धारण कर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाया। बच्चों ने कृष्ण जन्म, मथुरा से गोकुल गमन, कालिया नाग मर्दन, माखन चोरी आदि लीलाओं का जीवंत प्रदर्शन किया। सेंट जोसेफ विद्यालय समूह की संस्थापक अध्यक्ष श्रीमती पुष्पलता अग्रवाल ने सभी को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की बधाईयाँ देते हुये कहा कि छोटे बच्चों को आरंभ ही से अपनी संस्कृति और संस्कारों के बारे में बताने की आवश्यकता है। प्रबन्ध निदेशक सेंट जोसेफ समूह अनिल अग्रवाल ने कहा कि अपने त्यौहारों व परम्पराओं से बच्चों को परिचित कराना सेंट जोसेफ का उद्देश्य है। इस अवसर पर विद्यालय समूह के संयुक्त निदेशक सृजन अग्रवाल ने नन्हे-मुन्ने बच्चों के प्रयासों के साथ उनकी शिक्षिकाओं की सराहना की।

## शुरू हुआ महानगर रामलीला का पूर्वाभ्यास

**लखनऊ।** श्री राम लीला समिति, महानगर, लखनऊ ने आज रामचरित मानस के सुन्दरकाण्ड पाठ के पश्चात इस वर्ष आयोजित होने वाली 60 वें वर्ष पुरानी रामलीला का पूर्वाभ्यास प्रारंभ हो गया है। सुंदरकांड का पाठ प्रारंभ करने से पूर्व समिति के उपाध्यक्ष एवं अंगद एवं परशुराम की भूमिका निभाने वाले नवीन पांडे ने सपत्नीक विघ्नहर्ता श्री गणेश का पूजन किया। समिति के अध्यक्ष ललित मोहन जोशी ने बताया कि इस वर्ष प्रसिद्ध रंगकर्मी महेंद्र पन्त रामलीला का निर्देशन करेंगे और उनके साथ-साथ सह निर्देशक की भूमिका में हरिश्चंद्र लोहुमी रहेंगे। नवनियुक्त महासचिव गिरीश चन्द्र जोशी ने बताया कि इस वर्ष रामलीला मंचन का आयोजन 26 सितंबर 2025 से प्रारंभ होकर 3 अक्टूबर 2025 तक होगा। इस अवसर पर ललित मोहन जोशी सहित गिरीश चन्द्र जोशी, फाल्गुनी लोहुमी, भारती पांडे, रसना उप्रेती, सुनीता बिष्ट आदि उपस्थित थे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत ककराखोर विकास खंड पिपरौली, गोरखपुर**

**अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत ककराखोर विकास खंड पिपरौली जिला गोरखपुर द्वारा मनरेगा, पंचम राज्य वित्त, पन्द्रहवां वित्त आयोग, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज द्वितीय आंगनबाड़ी, शवदाह गृह, वृक्षारोपण, एस.एल.डब्लू.एम. एवं अन्य योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत आर आर सी सेंटर, कूड़ा गाड़ी घर, वाल पेंटिंग स्वच्छता किट, भष्मक, सामुदायिक सोक पीट, बायोगैस प्लांट, व्यक्तिगत शोक पीट नाडेप, वर्मी, यु टाइप नाली, अंदर ग्राउंड नाली, प्लास्टिक बैंक, कूड़ेदान, प्रथम श्रेणी ईट, ईट गिट्टी, इंटरलॉकिंग ब्रिक, ह्यूम पाइप, लोकल बालू, सफेद बालू, मोरंग बालू, सीमेंट, सरिया, पत्थर गिट्टी, पत्थर, पेंटिंग वर्क, वायरिंग वर्क, साइन बोर्ड, कैरेज मिट्टी, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, टॉयलेट सीट, लकड़ी का खिड़की, लकड़ी का दरवाजा-चौखट, लोहे का खिड़की, लोहे का दरवाजा, रिबोर हेतु पाइप, सफाई किट, बेंच, डस्टबिन, इत्यादि सामग्री की आपूर्ति हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 14-08-2025 से 21-08-2025 के मध्य किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत के टेंडर बॉक्स में अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्रों सहित बंद लिफाफे में डाल सकते, हैं। निविदा दिनांक 21-08-2025 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर टेंडर कमेटी के समकक्ष अपराह्न 12 बजे खोली जाएगी तथा सभी औपचारिकताएं पूर्ण की जाएगी नियम एवं शर्तेः-

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा, उसी का दर ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत किया जाएगा और आपूर्ति हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो।
3. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत की दर पर ही कार्य स्थल तक की जाएगी।
4. जो भी दरें प्रस्तुत की जायें उसमें जी.एस.टी. तथा कॉटेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़ कर प्रस्तुत की जाए।
5. प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी
6. आपूर्तिकर्ता को जी.एस.टी. देना होगा।
7. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, बी.डी.सी. सदस्य जिला पंचायत, तकनीकी सहायक, ग्राम रोजगार सेवक, आदि सभी सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जाएगी।
8. निविदा का बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा
9. निविदा एवं सामग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्त व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत से प्राप्त की जा सकती है।

**राम करन यादव**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत ककराखोर**
**वि.खं. पिपरौली, गोरखपुर**

**राजकुमार वर्मा**
**सचिव**
**ग्राम पंचायत ककराखोर**
**वि.खं. पिपरौली, गोरखपुर**

**कार्यालय ग्राम पंचायत सेवई विकास खंड पिपरौली, गोरखपुर**

**अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत सेवई विकास खंड पिपरौली जिला गोरखपुर द्वारा मनरेगा, पंचम राज्य वित्त, पन्द्रहवां वित्त आयोग, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज द्वितीय आंगनबाड़ी, शवदाह गृह, वृक्षारोपण, एस.एल.डब्लू.एम. एवं अन्य योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत आर आर सी सेंटर, कूड़ा गाड़ी घर, वाल पेंटिंग स्वच्छता किट, भष्मक, सामुदायिक सोक पीट, बायोगैस प्लांट, व्यक्तिगत शोक पीट नाडेप, वर्मी, यु टाइप नाली, अंदर ग्राउंड नाली, प्लास्टिक बैंक, कूड़ेदान, प्रथम श्रेणी ईट, ईट गिट्टी, इंटरलॉकिंग ब्रिक, ह्यूम पाइप, लोकल बालू, सफेद बालू, मोरंग बालू, सीमेंट, सरिया, पत्थर गिट्टी, पत्थर, पेंटिंग वर्क, वायरिंग वर्क, साइन बोर्ड, कैरेज मिट्टी, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, टॉयलेट सीट, लकड़ी का खिड़की, लकड़ी का दरवाजा-चौखट, लोहे का खिड़की, लोहे का दरवाजा, रिबोर हेतु पाइप, सफाई किट, बेंच, डस्टबिन, इत्यादि सामग्री की आपूर्ति हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 14-08-2025 से 21-08-2025 के मध्य किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत के टेंडर बॉक्स में अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्रों सहित बंद लिफाफे में डाल सकते, हैं। निविदा दिनांक 21-08-2025 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर टेंडर कमेटी के समकक्ष अपराह्न 12 बजे खोली जाएगी तथा सभी औपचारिकताएं पूर्ण की जाएगी नियम एवं शर्तेः-

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा, उसी का दर ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत किया जाएगा और आपूर्ति हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो।
3. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत की दर पर ही कार्य स्थल तक की जाएगी।
4. जो भी दरें प्रस्तुत की जायें उसमें जी.एस.टी. तथा कॉटेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़ कर प्रस्तुत की जाए।
5. प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी
6. आपूर्तिकर्ता को जी.एस.टी. देना होगा।
7. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, बी.डी.सी. सदस्य जिला पंचायत, तकनीकी सहायक, ग्राम रोजगार सेवक, आदि सभी सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जाएगी।
8. निविदा का बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा
9. निविदा एवं सामग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्त व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत से प्राप्त की जा सकती है।

**मिथिलेश**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत सेवई**
**वि.खं. पिपरौली, गोरखपुर**

**राजकुमार वर्मा**
**सचिव**
**ग्राम पंचायत सेवई**
**वि.खं. पिपरौली, गोरखपुर**

**कार्यालय ग्राम पंचायत जोतमामापार विकास खंड पिपरौली, गोरखपुर**

**अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत जोतमामापार विकास खंड पिपरौली जिला गोरखपुर द्वारा मनरेगा, पंचम राज्य वित्त, पन्द्रहवां वित्त आयोग, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज द्वितीय आंगनबाड़ी, शवदाह गृह, वृक्षारोपण, एस.एल.डब्लू.एम. एवं अन्य योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत आर आर सी सेंटर, कूड़ा गाड़ी घर, वाल पेंटिंग स्वच्छता किट, भष्मक, सामुदायिक सोक पीट, बायोगैस प्लांट, व्यक्तिगत शोक पीट नाडेप, वर्मी, यु टाइप नाली, अंदर ग्राउंड नाली, प्लास्टिक बैंक, कूड़ेदान, प्रथम श्रेणी ईट, ईट गिट्टी, इंटरलॉकिंग ब्रिक, ह्यूम पाइप, लोकल बालू, सफेद बालू, मोरंग बालू, सीमेंट, सरिया, पत्थर गिट्टी, पत्थर, पेंटिंग वर्क, वायरिंग वर्क, साइन बोर्ड, कैरेज मिट्टी, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, टॉयलेट सीट, लकड़ी का खिड़की, लकड़ी का दरवाजा-चौखट, लोहे का खिड़की, लोहे का दरवाजा, रिबोर हेतु पाइप, सफाई किट, बेंच, डस्टबिन, इत्यादि सामग्री की आपूर्ति हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 14-08-2025 से 21-08-2025 के मध्य किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत के टेंडर बॉक्स में अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्रों सहित बंद लिफाफे में डाल सकते, हैं। निविदा दिनांक 21-08-2025 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर टेंडर कमेटी के समकक्ष अपराह्न 12 बजे खोली जाएगी तथा सभी औपचारिकताएं पूर्ण की जाएगी नियम एवं शर्तेः-

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा, उसी का दर ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत किया जाएगा और आपूर्ति हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो।
3. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत की दर पर ही कार्य स्थल तक की जाएगी।
4. जो भी दरें प्रस्तुत की जायें उसमें जी.एस.टी. तथा कॉटेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़ कर प्रस्तुत की जाए।
5. प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी
6. आपूर्तिकर्ता को जी.एस.टी. देना होगा।
7. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, बी.डी.सी. सदस्य जिला पंचायत, तकनीकी सहायक, ग्राम रोजगार सेवक, आदि सभी सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जाएगी।
8. निविदा का बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा
9. निविदा एवं सामग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्त व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत से प्राप्त की जा सकती है।

**किरन देवी**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत जोतमामापार**
**वि.खं. पिपरौली, गोरखपुर**

**राजकुमार वर्मा**
**सचिव**
**ग्राम पंचायत जोतमामापार**
**वि.खं. पिपरौली, गोरखपुर**

**कार्यालय ग्राम पंचायत ऊंचगांव विकास खंड पिपरौली, गोरखपुर**

**अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत ऊंचगांव विकास खंड पिपरौली जिला गोरखपुर द्वारा मनरेगा, पंचम राज्य वित्त, पन्द्रहवां वित्त आयोग, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज द्वितीय आंगनबाड़ी, शवदाह गृह, वृक्षारोपण, एस.एल.डब्लू.एम. एवं अन्य योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत आर आर सी सेंटर, कूड़ा गाड़ी घर, वाल पेंटिंग स्वच्छता किट, भष्मक, सामुदायिक सोक पीट, बायोगैस प्लांट, व्यक्तिगत शोक पीट नाडेप, वर्मी, यु टाइप नाली, अंदर ग्राउंड नाली, प्लास्टिक बैंक, कूड़ेदान, प्रथम श्रेणी ईट, ईट गिट्टी, इंटरलॉकिंग ब्रिक, ह्यूम पाइप, लोकल बालू, सफेद बालू, मोरंग बालू, सीमेंट, सरिया, पत्थर गिट्टी, पत्थर, पेंटिंग वर्क, वायरिंग वर्क, साइन बोर्ड, कैरेज मिट्टी, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, टॉयलेट सीट, लकड़ी का खिड़की, लकड़ी का दरवाजा-चौखट, लोहे का खिड़की, लोहे का दरवाजा, रिबोर हेतु पाइप, सफाई किट, बेंच, डस्टबिन, इत्यादि सामग्री की आपूर्ति हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 14-08-2025 से 21-08-2025 के मध्य किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत के टेंडर बॉक्स में अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्रों सहित बंद लिफाफे में डाल सकते, हैं। निविदा दिनांक 21-08-2025 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर टेंडर कमेटी के समकक्ष अपराह्न 12 बजे खोली जाएगी तथा सभी औपचारिकताएं पूर्ण की जाएगी नियम एवं शर्तेः-

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा, उसी का दर ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत किया जाएगा और आपूर्ति हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो।
3. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत की दर पर ही कार्य स्थल तक की जाएगी।
4. जो भी दरें प्रस्तुत की जायें उसमें जी.एस.टी. तथा कॉटेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़ कर प्रस्तुत की जाए।
5. प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी
6. आपूर्तिकर्ता को जी.एस.टी. देना होगा।
7. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, बी.डी.सी. सदस्य जिला पंचायत, तकनीकी सहायक, ग्राम रोजगार सेवक, आदि सभी सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जाएगी।
8. निविदा का बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा
9. निविदा एवं सामग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्त व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत से प्राप्त की जा सकती है।

**रिना पाण्डेय**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत ऊंचगांव**
**वि.खं. पिपरौली, गोरखपुर**

**राजकुमार वर्मा**
**सचिव**
**ग्राम पंचायत ऊंचगांव**
**वि.खं. पिपरौली, गोरखपुर**

संक्षेप

## जनपद में 9 अक्टूबर तक निषेधाज्ञा लागू

देवरिया । अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) जैनेन्द्र सिंह ने बताया कि त्योहारों और प्रतियोगी परीक्षाओं को देखते हुए जनपद में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 163 के तहत जारी निषेधाज्ञा की अवधि 9 अक्टूबर 2025 तक बढ़ा दी गई है। पूर्व आदेश 10 जून से 9 अगस्त तक प्रभावी था। निषेधाज्ञा के तहत लाउडस्पीकर केवल निर्धारित डेसिबल मानक पर ही बजेंगे। धार्मिक स्थलों को क्षति पहुँचाने, साम्प्रदायिक विद्वेष फैलाने, उन्माद भड़काने वाले भाषण, पोस्टर, ऑडियो-वीडियो या सोशल मीडिया संदेश प्रसारित करने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। बिना अनुमति अस्त्र-शस्त्र या विस्फोटक पदार्थ रखना वर्जित होगा, हालांकि सिख समुदाय के कृपाण धारण करने और वृद्ध, दिव्यांग या होगा।

घर की छतों पर ईंट-पत्थर जमा करना, परीक्षा केंद्र से 100 मीटर के भीतर भीड़ लगाना, परीक्षा के दब्लूटूथ, को केंद्र से बाहर ले जाना प्रतिबंधित रहेगा।

# बच्चों ने निकाली तिरंगा रैली



देवरिया ।,हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत सदर विकासखंड के कंपोजिट विद्यालय बगहा मठिया पर तिरंगा रैली का आयोजन विद्यालय स्तर पर किया गया ।यह रैली कंपोजिट विद्यालय के प्रांगण से प्रारंभ हुई ।रैली को प्रबंध समिति की अध्यक्ष सदरून निशा एवं प्रधानाध्यापिका इन्द्रावती देवी द्वारा हरी झंडी दिखाकर प्रारंभ किया गया । रैली में बड़ी संख्या में अभिभावको ,ग्रामीणों, शिक्षकों, रसोइयों सहित बच्चों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर अनिल कुमार राय ,राहुल सिंह, स्वाति सिंह, रजनीकांत त्रिपाठी ,विनीता कुमारी, सुमन चौहान ,मीनादेवी,बदामी देवी,प्रतिमा देवी, प्रतिभा देवी, शीला देवी, दिलीप पासवान ,रामेश्वर पासवान सहित ग्रामीण व बच्चे उपस्थित रहे।

## हर घर तिरंगा रैली का आयोजन

भटनी(देवरिया)। रामगुलाम राय पी जी कालेज बनकटाशिव सल्लहपुर के तत्वावधान मे हर घर तिरंगा रैली निकाली गयी ।रैली का शुभारंभ प्राचार्य डॉ राजेश्वर शाही द्वारा हरी झण्डीदिखाकर किया ।

तिरंगा यात्रा बनकटाशिव सल्लहपुर के सभी टोले पर छात्र छात्राओं ने प्रत्येक घर जाकर तिरंगा के महत्व को बताते हुए घ -घर तिरंगा लहराया ।जिसको ग्रामीणों ने बडे ही हर्षोल्लास के साथ अपने -घरो पर तिरंगा लहराया ।इस अवसर पर डॉ अनिल कुमार सिंह डॉ कमलेश मिश्र डॉ राधारमण मिश्र डॉ संदीप कुमार सोनकर डॉ मनमोहन सिंह डॉ राहुल मिश्र डॉ कविता मिश्र डॉ हामिद डॉ चन्द्रशेखर त्रिपाठी अंजली तिवारी निशु मिश्र सहित सभी छात्र छात्राओं सहित शिक्षकों को ने इस कार्यक्रम मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।

## उ.प्र. जल संस्थान कर्मचारी महासंघ की कार्यकारिणी गठित



ललितपुर। उ.प्र. जल संस्थान कर्मचारी महासंघ के प्रान्तीय महामंत्री राजेन्द्र यादव ने अवगत कराया है कि बीती 11 अगस्त को महासंघ की एक बैठक जल संस्थान की शाखा उरई (जालौन) में सम्पन्न हुयी। बैठक में सर्वसम्मति से झांसी, ललितपुर व उरई से

● नदीम जिलाध्यक्ष और सतीश बने महामंत्री

जिला स्तर पर पदाधिकारियों को मनोनीत किया गया।

प्रान्तीय कार्यालय से जारी विज्ञप्ति के अनुसार प्रदेश अध्यक्ष रणवीर सिंह सिसौदिया की संस्तुति पर ललितपुर जिले में अध्यक्ष पद के लिए नदीम खां व महामंत्री पद के लिए सतीश कुमार को मनोनीत किया गया है।

महासंघ के नवमनोनीत जिलाध्यक्ष नदीम खान ने कहा कि जल संस्थान के कर्मचारियों की समस्याओं को जिला से लेकर प्रदेश स्तर तक उठाते हुये उनका निस्तारण कराया जायेगा।

महामंत्री सतीश कुमार ने कहा कि जल संस्थान में कार्यरत कर्मचारियों के कार्यों में आ रहीं समस्याओं के निस्तारण को लेकर वह तैयार रहेंगे।

नदीम खान के अध्यक्ष व सतीश कुमार के महामंत्री पद पर मनोनीत होने पर उनके साथ कार्य करने वाले सभी कर्मचारियों, उनके शुभचिन्तकों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## यातायात नियम पालन और जनजागरूकता पर जोर



देवरिया ।जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यकक्ष में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात व्यवस्था के सुधार और जनजागरूकता से जुड़े विषयों पर चर्चा हुई ।जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए विभागीय समन्वय अत्यंत आवश्यक है। संबंधित अधिकारियों को यातायात नियमों के पालन के प्रति सख्ती बरतने, मुख्य मार्गों पर ब्लैक स्पॉट्स की पहचान कर शीघ्र सुधार कराने और स्कूल-कॉलेजों में सड़क सुरक्षा संबंधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। बैठक में यह भी कहा गया कि यातायात संकेतक, जेब्रा क्रॉसिंग और स्पीड ब्रेकर जैसी सुविधाओं को मानक के अनुरूप सुनिश्चित किया जाए तथा भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पुलिस गश्त बढ़ाई जाए। वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन, गति सीमा का पालन, दोपहिया चालकों के लिए हेलमेट और चारपहिया चालकों के लिए सीट बेल्ट के उपयोग की जागरूकता बढ़ाए जाने पर विशेष जोर दिया गया ।इस दौरान संबंधित विभाग के अधिकारी गण आदि मौजूद रहे।

## पार्टी को मजबूत बनाने के लिए अपना दल एस की बैठक सम्पन्न

तमकुहीराज, कुशीनगर। स्थानीय कस्बे में स्थित लोकनिर्माण विभाग के डाक बंगले पर अपना दल एस की बैठक क्षेत्रीय अध्यक्ष विनोद सिंह पटेल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में पार्टी की मजबूती के लिए विचार विमर्श करने के उपरांत अपना दल एस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। बुधवार को तमकुहीराज कस्बे में स्थित लोक निर्माण विभाग के डाक बंगले में अपना दल एस के कार्यकताओं की बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष विनोद सिंह पटेल ने कहा कि पार्टी का मजबूत आधार कार्यकर्ता है। कार्यकताओं के बल बूते ही यह पार्टी केंद्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकार का सहयोग कर रही है। उन्होंने सभी कार्यकताओं से पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने एवं पार्टी का व्यापक प्रचार प्रसार करने की अपील की। बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल के जन्मदिन के उपलक्ष्य में केक काटकर एवं एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया गया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष मनोज पटेल, विनोद गुप्ता, नत्थू सिंह, अमित सिंह, अशोक श्रीवास्तव, सूर्यनाथ सिंह, संजय गुप्ता, राधेश्याम सिंह, नंदन कुशवाहा, अवनीश मिश्र, मोहम्मद हसमुद्दीन, ओंकार सिंह, रामविलास पटेल आदि मौजूद रहे।

## कुशीनगर के थानों में 31 साल बाद पहली बार मनायी जायेगी जन्माष्टमी

कुशीनगर। जिले में 31 वर्षों के अंतराल के बाद इस वर्ष जन्माष्टमी का पर्व थानों में मनाया जाएगा। साल 1994 में एक मुठभेड़ में छह पुलिसकर्मियों की जान जाने की वजह से यह आयोजन स्थगित कर दिया गया था।भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव के रूप में मनाई जाने वाली जन्माष्टमी उत्तर प्रदेश के विभिन्न थानों में परंपरागत रूप से श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई जाती है। हालांकि, कुशीनगर में यह परंपरा 30 अगस्त 1994 को कुबेरस्थान थाना क्षेत्र के पचरुखिया जंगल में डकैतों के साथ हुई मुठभेड़ के बाद बंद कर दी गई थी। यह घटना उस समय हुई थी जब नवगठित पडरौना जिला (अब कुशीनगर) अपने पहले जन्माष्टमी उत्सव की तैयारी कर रहा था। इस घटना में छह पुलिसकर्मियों की जान चली गई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, इस त्रासदी के बाद पुलिस विभाग ने इस त्योहार को नहीं मनाने का निर्णय लिया था और यह दिन जान गंवाने वाले पुलिस कर्मियों की याद में समर्पित कर दिया गया था। इसके चलते पिछले तीन दशकों से अधिक समय से जिले के किसी भी थाने में जन्माष्टमी का आयोजन नहीं किया गया। हालांकि, इस वर्ष पुलिस अधीक्षक (एसपी) संतोष कुमार मिश्रा ने जिले के सभी थानों को जन्माष्टमी पर्व मनाने का निर्देश दिया है। अधिकारियों ने बताया कि यह निर्णय जान गंवाने वाले पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ-साथ पुलिस बल के भीतर परंपरा और मनोबल को बहाल करने के उद्देश्य से लिया गया है।

## पैसे न देने पर पिता की चाकू से हत्या

देवरिया ।जिले के लार कस्बे में एक व्यक्ति ने कथित रूप से धन नहीं देने पर अपने पिता की चाकू से हमला करके हत्या कर दी। अपर पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार सिंह ने बुधवार को यहां बताया कि लार कस्बा निवासी चंदन चौहान (45) से उसके बेटे रवि (25) ने मंगलवार की शाम किसी काम के लिए कुछ रुपए मांगे थे लेकिन पिता के धन देने से इनकार करने पर दोनों के बीच झगड़ा हो गया और इसी दौरान रवि ने चौहान के पेट में चाकू घोंप दिया। चौहान ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही दम तोड़ दिया। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

## चार पहिया वाहनों पर पूरी तरह रोक



बिजनौर। गंगा बैराज के पुल को सुरक्षा के मद्देनजर अगले एक महीने यातायात के लिए बंद कर दिया है। एनएचएआई टीम की प्राथमिक जांच में पुल के तीन बेयरिंग जंग और कीचड़ से जाम मिले। बेयरिंग के कंक्रीट से बने आधार (पेडस्टल) डायाफ्राम में भी दरार है जिस कारण पुल हिल रहा है। जांच टीम द्वारा मौजूदा स्थिति से अवगत कराने के लिए आईआईटी रुड़की के ब्रिज एक्सपर्ट को फोटो और वीडियो भेज दी गई है। उनके सुझाव के बाद ही बेयरिंग और मरम्मत का कार्य शुरू किया जायेगा। एनएचएआई के अधिकारियों की टीम ने मंगलवार को क्रेन के जरिए गेट नंबर 20-21 के बीच पुल से नीचे उतरकर स्लैब के नीचे पिलर कैप पर खड़े होकर बेयरिंग आदि की स्थिति जानी और फोटो लिए। बेयरिंग किस तरीके से बदले जाएंगे, यह आईआईटी के ब्रिज एक्सपर्ट सुझाव देंगे। टीम ने प्राथमिक जांच के फोटो और वीडियो भेज दिए गए हैं। फिलहाल महीनेभर तक वाहनों के लिए पुल पूरी तरह से बंद रहेगा। हालांकि बाइक और पैदल चलने वालों के लिए कोई मनाही नहीं है ।चौपहिया वाहनों पर पूरी तरह रोक रहेगी। डीएम जसजीत कौर ने कहा एनएचएआई के चेयरमैन से बात की है जब तक पुल में आई कमी ठीक नहीं हो जाती, पुल से भारी वाहनों का आवागमन बंद रहेगा।

## तिरंगा राष्ट्र के प्रति सम्मान व एकता की अभिव्यक्ति: प्राचार्य

ललितपुर। नेहरू महाविद्यालय के तत्वाधान में आजादी के 79वीं वर्षगांठ को अमृत महोत्सव के रूप में मनाने के लिए भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा महाविद्यालय से प्रारम्भ होकर नगर के प्रमुख चैराहों से तिरंगा हमारी आन बान और शान है के नारों के साथ शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्रायें कतारबद्ध तरीके से हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लहराकर चल रहे थे।

सारा वातावरण देश प्रेम की भावना से सराबोर हो गया। छात्र-छात्राओं एवं प्राध्यापको, कर्मचारियों का अपने देश के प्रति एक अलग ही जोश दिखाई दे रहा था। तिरंगा रैली में प्राचार्य प्रो.ओमप्रकाश शास्त्री ने कहा कि तिरंगा हमारी आजादी के गौरव का प्रतीक है। तिरंगा यात्रा केवल प्रतीक के रूप में ही नहीं बल्कि राष्ट्र के प्रति सम्मान, एकता और गौरव की जीवंत अभिव्यक्ति है। आजादी देश केजिन्होंने देश को गुलामी की दासतां से मुक्त कराने में अपना सर्वत्र न्यौछावर कर दिया।

# बौद्ध भिक्षुओं ने थाई राजमाता के जन्मदिन पर दीर्घायु की कामना की

जिला संवाददाता

कुशीनगर। अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन एवं बौद्ध तीर्थ स्थित रॉयल थाई मंदिर में थाईलैंड की राजमाता सिरकित कितीयाकारा का 93वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया।

बुधवार को रॉयल थाई मन्दिर मेंमुख्य भन्ते डॉ पी सोम पोंग के निर्देशन और पी सों क्रान के नेतृत्व में थाईलैंड के नौवें राजा भूमि बोल अदुल्यदेज रामा नाइन की पत्नी और वर्तमान महाराजा वाजीरालांग कर्न रामा टेन की माता सिरकित के जन्मदिन पर भन्ते पी पविन, भन्ते पी नरोंग, भन्ते समिट, भन्ते पी बुनमा, डॉ कितिफान आदि भिक्षुओं ने

बुद्ध की महापरिनिर्वाण मन्दिर में बुद्ध की लेटी प्रतिमा के समक्ष पूजन अर्चन किया और चीवर चढ़ाकर राज माता के दीघार्यु जीवन की कामना की। इसके पश्चात थाई मोनेस्ट्री के मुख्य मंदिर में धम्म पाठ के साथ पूजन अर्चन



किया। भिक्षुओं को संघ दान किया तथा लोगों को भोजन सामग्री दान की। थाई क्लिनिक में निःशुल्क चिकित्सा शिविर में डॉ बीएन सिंह, डॉ रंजीत और चिकित्सकों ने 193 मरीजों की जांच कर दवा वितरित की गई।

वर्ष 2000 में राजमाता के जन्मदिन पर थाई राजदूत और सरदार गुरुमुख सिंह के परिवार एवं हरनाम सिंह कौर हरिवंश चेरिटेबल द्वारा थाई राज परिवार के निर्देशन में कुशीनगर में निःशुल्क थाई क्लिनिक की शुरूआत की गई। आज ही के दिन वर्ष 1932 में राजमाता का जन्म हुआ था और वर्ष 1950 में राजा भूमि बोल से विवाह हुआ था। सिरकित वर्ष 1965 में महारानी बनीं।

इस दौरान अम्बिकेश त्रिपाठी, ओमप्रकाश कुशवाहा, विवेक कुमार गोंड़, सूरज यादव, गौतम शर्मा, अभिषेक कुमार गोंड़, मोहन सिंह, विजय शर्मा, पिंटू, महंथ कुशवाहा, रघुनाथ सिंह, छोटू सिंह, सर्वेश यादव, रवि प्रताप सिंह, गोलू यादव व फार्मासिस्ट भारतेंदु भूषण, सीमा सिंह क्लिनिक स्टाफ मौजूद रहे।

## शहीद स्थलों को स्वच्छ रखना हम सभी का कर्तव्य : भूपेंद्र सिंह



देवरिया । भाजपा द्वारा चलाए जा रहे शहीद स्थलों व स्मारकों के स्वच्छता अभियान के अंतर्गत बुधवार को जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में कार्यकताओं ने शहर के सुभाष चौक पर स्थित नेता जी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा और परिसर की साफ सफाई की तथा पुष्प चढ़ाकर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने कहा कि शहीद स्थल और स्मारक हमारी राष्ट्रीय धरोहर हैं, इन्हें हमे सम्भाल कर रखना चाहिए । उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत जनपद के सभी शहीद स्थलों व स्मारकों पर पार्टी कार्यकर्ता स्वच्छता अभियान चला रहे हैं जिसमें हमारे महापुरुषों की मूर्तियां तथा शहीदों की प्रतिमाओं की साफ सफाई की जा रही है और आगे भी हम लोग यह कार्यक्रम करते रहेंगे। इस दौरान जिला महामंत्री श्रीनिवास मणि त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा, मुकुल मणि त्रिपाठी, गोविंद चौरसिया, विजय बेलदार, नीरज श्रीवास्तव, अक्षय प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे।

# फाइलेरिया बीमारी की गंभीरता, जटिलता बताकर और दवा के महत्व बताकर दवा का सेवन कराया

जिला संवाददाता

देवरिया । फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम (एमडीए) अभियान के दौरान पेशेंट स्टेक होल्डर प्लेटफार्म (पीएसपी) के सदस्य फाइलेरिया की गंभीरता के प्रति लोगों को जागरूक कर रहे हैं। अभियान में दवा खाने से इनकार वाले लोगों को पीएसपी सदस्य बीमारी की गंभीरता के बारे में लोगों देने के साथ उन्हें दवा खाने के लिए राजी कर दवा का सेवन करा रही टीम का सहयोग कर रहा है।

भलुअनी ब्लॉक के आयुष्मान आरोग्य मंदिर बढ़या फुलवरिया, आयुष्मान आरोग्य मंदिर खुखुन्दु व आयुष्मान आरोग्य मंदिर बरौली में सीएचओ के नेतृत्व में ग्राम प्राधन, एएनएम, आशा, आंगनबाड़ी, फाइलेरिया मरीजों के सहयोग से पीएसपी का गठन किया गया है। पीएसपी के माध्यम से फाइलेरिया बीमारी से बचाव के प्रति जागरूक किया जा रहा है। बढ़या फुलवरिया गांव के आशा कार्यकर्ता सुनैना गांव में फाइलेरिया बीमारी से बचाव के लिए दवा का सेवन कराने गई तो 7 घरों के लोगों ने उनके परिवार ने दवा खाने से साफ इनकार कर दिया। बोले हमारे परिवार में किसी को फाइलेरिया नहीं है तो हम दवा क्यों खाएं। आशा कार्यकर्ता ने इसकी सूचना पीएसपी सदस्य सीएचओ ब्यूटी विश्वास को दिया को दिया। पीएसपी सदस्य सीएचओ, एएनएम, फाइलेरिया मरीज के साथ एक -एक घर पहुंची और परिवार के सदस्यों को बीमारी से होने वाली जटिलता और गंभीरता की जानकारी दी। इसके बाद दवा खाने को तैयार हुए। इनकार करने वाले 7 घरों के परिवार के 30 सदस्यों को आशा कार्यकर्ता के सामने दवा खिलवाया।

आयुष्मान आरोग्य मंदिर खुखुन्दु गांव के राजेश रावत के घर आशा कार्यकर्ता मंजू पहुंचीं तो परिवार के लोगों ने दवा का सेवन करने से इनकार कर दिया। पीएसपी सदस्य सीएचओ, सहायिका, फाइलेरिया मरीज राजेश रावत के घर पहुंची। दवा के महत्व के बारे में बताया और फाइलेरिया मरीज के हाथी पांव को दिखाया। इसे बाद परिवार के दस सदस्यों ने दवा का सेवन किया।

## तिरंगा यात्रा व घरों पर लगाया गया तिरंगा

बहराइच ।प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत करते हुए स्वतन्त्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव उजागर करने के उद्देश्य से जनपद में 15 अगस्त तक मनाये जा रहे हर घर तिरंगा अभियान अन्तर्गत विकास खण्ड पयागपुर में जिला विकास अधिकारी राज कुमार, खण्ड विकास अधिकारीनेतृत्व में विकास खण्ड मुख्यालय के शहीद स्मारक से भव्य तिरंगा रैली निकाली गयी।

## उद्यमियों को सुरक्षा कवच प्रदान करेगी दुर्घटना बीमा योजना

बहराइच । असंगठित क्षेत्र में स्थापित एवं कार्यरत सूक्ष्म उद्यमियों, हस्तशिल्पियों को संगठित क्षेत्र में सम्मिलित करने, एम.एस.एम.ई. क्षेत्र में सूक्ष्म इकाईयों के पंजीकरण को प्रोत्साहित किए जाने तथा सूक्ष्म उद्यमियों की आकस्मिक दुर्घटना की स्थिति में इनके परिवारों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से प्रदेश ह्लह्लमुख्यमंत्री सूक्ष्म उद्यमी दुर्घटना बीमा योजनाह्लह्ल लागू की गयी है। योजना का कियान्वयन सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा निर्यात प्रोत्साहन विभाग द्वारा किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त उद्योग केशवराम वर्मा ने बताया कि योजना के अन्तर्गत 18 वर्ष से 60 वर्ष आयु के सूक्ष्म उद्यमियों को दुर्घटना की स्थिति में मृत्यु होने के में उल्लिखित विकालांगता प्रतिशत के अनुसार वित्तीय सहायता प्रदान किये जाने का प्राविधान किया गया है।

## घायल पूर्व प्रधान का इलाज के दौरान निधन

तमकुहीराज, कुशीनगर। बीते पांच दिन पूर्व मार्ग दुर्घटना में घायल पूर्व प्रधान का लखनऊ में इलाज के दौरान मृत्यु हो गया। मौत के सूचना पर क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। फाजिलनगर विकास खण्ड के लक्ष्मीपुर मिश्र निवासी पूर्व प्रधान रहे नरेन्द्र मिश्रा उर्फ मधु मिश्रा उम्र 60 वर्ष बीते रक्षा बन्धन को अपने बहन के यहां बिहार के कटेया बाजार जा रहे थे कि सामने से आ रहे बाइक से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना के बाद परिजन उनको लेकर गोरखपुर एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराए वहां से तबियत खराब होने के बाद परिजन उसे लखनऊ एक निजी अस्पताल में भर्ती कराए जहां इलाज के दौरान बुधवार को उनका मौत हो गया। मौत की सूचना मिलते ही उनके परिवार सहित गांव में शोक की लहर फैल गई। उन्होंने अपने पीछे भरपुरा परिवार छोड़ गए है। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार को किया जायेगा ।उनके मृत्यु पर विधायक सुरेन्द्र कुमार कुशवाहा, पूर्व विधायक गंगासिंह कुशवाहा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष दिवाकर मणि त्रिपाठी, भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष सत्यम शुक्ला, प्रधान संघ अध्यक्ष सुरेन्द्र कुशवाहा, कवि मनंजय तिवारी, पीपी मिश्रा, गुरुदत्त उपाध्याय, विजय शंकर तिवारी, राजेश पाण्डेय, गोविन्द मिश्र, धर्मेंद्र कंनौजिया आदि लोगों ने शोक संवेदना प्रकट किया है।

# मिट्टी और जलवायु गन्ना की खेती के लिए वरदान: करन सिंह

जिला संवाददाता

कुशीनगर। ढाढा चीनी मिल परिक्षेत्र में 12 गन्ना समितियों के लगभग 60 हजार किसान है जो ढाढा चीनी मिल को गन्ना आपूर्ति करते हैं इन किसानों एवं उनके विकास का आधार है ।यह जानकारी अधिशासी अध्यक्ष

● शरद कालीन गन्ना बोने से 25% उपज बढ़ जायेगा: ओमप्रकाश गुप्ता

करन सिंह ने उत्तर प्रदेश गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केंद्र पिपराइच गोरखपुर के पूर्व सहायक निदेशक गन्ना विशेषज्ञ ओमप्रकाश गुप्ता के साथ बैठक में अपने कार्यालय में दी। अधिशासी अध्यक्ष ने बताया कि गन्ना फसल कुशीनगर- देवरिया जिले के 800 गांव से अधिक के किसान अपना गन्ना न्यू इंडिया शुगर मिल को गन्ना आपूर्ति करते हैं।

कुशीनगर जिले की मिट्टी और जलवायु गन्ना की खेती के लिए वरदान है पानी की उपलब्धता गन्ना का क्षेत्रफल और उपज दोनों बढ़ाने की अपार संभावनाएं हैं। आवश्यकता है ट्रेंच विधि से अधिक उपज देने वाली प्रजातियों को. 0118, 15023, कोलख.14201 आदि की बुवाई अक्टूबर- नवंबर शरद काल में बुवाई करने से 25% उपज बढ़ जाएगा ।पूर्व सहायक निदेशक श्री गुप्ता ने पूछा गन्ने की खेती में लागत बढ़ रहे हैं ? मजदूर नहीं मिल रहे है? किसानों के इस समस्या के लिए क्या कर रहे है? सवाल के जवाब में अधिशासी अध्यक्ष ने बताया कि सबसे पहले समस्त गन्ना मूल्य भुगतान किया। गन्ने की खेती में प्रयोग आने वाले आधुनिक तकनीक से बना गन्ना कृषि यंत्र ऑटोमेटिक केन प्लांटर, पेडी प्रबंधन मशीन, गन्ना गुड़ाई का यंत्र, मिट्टी चढ़ाई का यंत्र, गन्ना छिलाई गन्ना कटाई का यंत्र, गहरी जुताई का यंत्र, छोटा ट्रैक्टर, छिड़काव की मशीन, किसानों को अनुदान पर दे रहे हैं। कृषि तकनीकी सेवा प्रदाता के माध्यम से सभी गन्ना किसानो को जोड़कर मजदूरों की समस्या दूर करने लागत को कम करने का कार्य कर रही है। ढाढा चीनी में 15 हजार एकड़ में शरद कालीन गन्ना बुवाई का लक्ष्य रखा है। उन्नत प्रजाति, कीटनाशक दे रहे हैं गांव-गांव में विशेष प्रशिक्षण अभियान चलाया जा रहा है। अधिशासी अध्यक्ष ने गन्ना बुवाई रोपाई का यंत्र ओम प्रकाश गुप्ता को दिखाया? । प्रश्न है कि शरद कालीन गन्ना बुवाई के लिए लक्ष्य कैसे पूरा करेंगे। इस प्रश्न के उत्तर में करन सिंह ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया। जिन किसानों के पास गन्ना नहीं है वह बोना चाहते हैं उनको गन्ना बीज ऋण पर देंगे। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए चीनी मिल के 70 से अधिक गन्ना विकास कर्मचारी, अधिकारी प्रतिदिन किसानों से मिल रहे हैं। उनकी मांग को नोट कर रहे है हम प्रतिदिन समीक्षा कर रहे हैं। जो कर्मचारी, अधिकारी लक्ष्य को पूरा नहीं करेगा उसके विरुद्ध कार्रवाई करेंगे किसी प्रकार के लापरवाही क्षम्य नहीं होगा।

हमारे लिए सबसे बड़ा गन्ना किसान है गन्ना क्षेत्रफल बढे, किसान खुशहाल हो, यही मेरा मिशन है।

## चोरी करने वाले 3 गिरफ्तार, 70 हजार बरामद

बांदा। अनेक स्थानों पर चोरी को अंजाम देने वाले गिरोह के तीन आरोपियों को थाना बिसंडा पुलिस ने गिरफ्तार किया है और इनके पास से चोरी के 70 हजार रुपये बरामद किए हैं। एसपी के आदेश पर अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे गिरफ्तारी अभियान के चलते कार्रवाई की गयी है। पुलिस को गश्त एवं चेकिंग के दौरान बुधवार को सूचना मिली कि कुछ संदिग्ध लोग बाघा मंडी गांव के पास खड़े हैं और किसी घटना की फिराक में हैं। इस पर तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान इनके पास से 70 हजार रुपये बरामद हुए। कड़ाई से पूंछताछ करने पर इन्होने अनेक स्थानों से चोरी करने की बात स्वीकार करते हुए बताया कि बीते माह कस्बा ओरन में तथा 5 माह पूर्व थाना बबेरू के कायल गांव व बबेरू में चोरी की थी। पुलिस लगातार इसकी जांच कर रही है कि आरोपियों ने और कहां चोरी की है। गिरफ्तार आरोपियों में मुकेश बंजारा पुत्र चंद्रपाल निवासी जिला ऐटा, सोनू पुत्र अमर सिंह निवासी अर्जुन नगर थाना सिकरी बाजार भटिंडा पंजाब व मुकेश बंजारा पुत्र राजवीर सिंह निवासी शिवपुरी कालोनी थाना टुन्डला जनपद फिरोजाबाद हैं।

## लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव अर्जुन सिंह का हुआ स्वागत



बरहज,देवरिया। लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव अर्जुन सिंह के प्रथम आगमन पर देवरिया रेलवे स्टेशन से लेकर पार्टी कार्यालय, बरहज तहसील गेट, कपरवार तिराहा तक कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया। सोनूघाट, गडेर, भलुअनी, करुअना लवरछी बाईपास पर स्वागत कार्यक्रम आयोजित किए गए ।तहसील बरहज गेट पर समाजवादी विधि प्रकोष्ठ के तहसील अध्यक्ष चंद्रभूषण यादव एडवोकेट ,मंत्री वीरेन्द्र यादव एडवोकेट के नेतृत्व में माल्यार्पण कर सम्मान किया गया ।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ब्यास यादव, मुरली मनोहर जायसवाल, अनिल गोस्वामी, अवधेश चौधरी, पूर्व विधायकस्वागत करने वालों में विकास विश्वकर्मा एडवोकेट पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष, बीआरडी पीजी कॉलेज बरहज, संजय यादव एडवोकेट, सारथी शुक्ला एडवोकेट, उदयराज चौरसिया एडवोकेट, पूर्व अध्यक्ष खुरशेद आलम, अरविंद प्रजापति एडवोकेट, गिरीश चंद्र वर्मा एडवोकेट, मनीष जायसवाल एडवोकेट, राम नक्षत्र यादव, रामाज्ञा यादव, मुन्ना सिंह, अमरेश यादव, अभिषेक यादव, जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र यादव मौजूद रहे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने शहीद स्मारकों की साफ - सफाई




बरहज,देवरिया ।भाजपा संगठन के निर्देश पर स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर पूरे देश में शहीद स्मारकों के साफ-सफाई करते हुए पुष्पांजलि का कार्यक्रम होना है। भाजपा नगर मंडल बरहज के अध्यक्ष विवेक गुप्त, पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय सिंह रिंकू, मंडल महामंत्री अशोक सोनकर, मंडल उपाध्यक्ष आशुतोष तिवारी, मंडल उपाध्यक्ष विजय विश्वकर्मा, मंडल सोशल मीडिया संयोजक आर्यन जी, अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष मुहम्मद खालिद के नेतृत्व में शहीद स्मारक की साफ, सफाई एवं धुलाई कर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण किया गया। कार्यकताओं ने बलिदानियों को याद किया।

## भाकियू टिकैत के पदाधिकारियों ने निकाली ट्रैक्टर रैली

अयोध्या। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारियों अपनी कई मांगों को लेकर ट्रैक्टर रैली निकाली। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश सचिव श्रीराम वर्मा, महिला जिलाध्यक्ष सुमन और जिला अध्यक्ष रामजन्म वर्मा के नेतृत्व में शहर के तिकोनिया पार्क से कलेक्ट्रेट गेट तक ट्रैक्टर रैली निकालकर प्रदर्शन किया। राष्ट्रपति को संबोधित 14 सूत्रीय मांग पत्र सिटी आंदोलन में सरकार द्वारा की गई वादा खिलाफी के खिलाफ हमेशा 15 अगस्त और 26 जनवरी को भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी ट्रैक्टर रैली निकाल कर तिरंगा झंडा लहराते है।

संक्षेप

## क्रॉस कन्ट्री रेस कल

उन्नाव। क्रीडा अधिकारी मुकेश कुमार सम्बरवाल ने बताया है कि गतवर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर पुरूष वर्ग में 05 किमी० व महिला वर्ग में 03 किमी० क्रास कन्ट्री रेस का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त पर क्रास कन्ट्री रेस का आयोजन प्रातः 06-45 बजे से पुलिस लाइन्स से प्रारम्भ होकर जिलाधिकारी आवास के सामने से होते हुये ओवरब्रिज तिराहे से होकर राजकीय बालिका इण्टर कालेज के सामने से होती हुए, लखनऊ बाईपास ओवर ब्रिज के नीचे से होती हुयी स्टेडियम के मेन गेट नं0-01 पर आकर समाप्त होगी। यह प्रतियोगिता पुरुष-महिला ओपेन वर्ग में आयोजित कराई जायेगी। इस प्रतियोगिता में आयु पर कोई प्रतिबन्ध नहीं है। उक्त प्रतियोगिता सम्बन्धी किसी प्रकार की जानकारी किसी भी कार्यदिवस में जिला खेल कार्यालय एंव अधोहस्ताक्षरी से प्राप्त कर सकते है।

## 20 लाख कीमत के 101 मोबाइल फोन बरामद

उन्नाव। एसपी दीपक भूकर के नेतृत्व में उन्नाव पुलिस ने लोगों के चेहरे पर मुस्कान लौटाई। ऑपरेशन मुस्कान के तहत लगभग 20 लाख कीमत के 101 मोबाइल बरामद कर मालिको को सौंपे गए। सितंबर 2024 से अब तक कुल 606 मोबाइल बरामद किए गए। बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत लगभग 1 करोड़ रुपये आंकी गई। कार्यक्रम में मोबाइल पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे। एसपी ने टीम की सराहना करते हुए सतर्कता और त्वरित कार्रवाई का संदेश दिया। लोगों ने उन्नाव पुलिस का आभार जताया। ऑपरेशन मुस्कान से पुलिस पर जनता का विश्वास बढा है।

## 51 साल पुराने मामले में बुजुर्ग को मिला न्याय

सीतापुर। मोहल्ला तानसेन गंज के 81 वर्षीय अब्दुल कलीम के चेहरे पर आखिरकार 51 वर्षों बाद मुस्कान लौट आई। वर्ष 1974 में पारिवारिक बंटवारे के बाद दुकान के स्वामित्व को लेकर शुरू हुआ कानूनी विवाद 2025 में जाकर समाप्त हुआ। सिविल जज (जूनियर डिवीजन) एफटीसी के आदेश पर मंगलवार को न्यायालय अमीन, पुलिस बल और अधिवक्ताओं की मौजूदगी में विवादित दुकान का ताला तोड़ा गया। दुकान को खाली कराकर अब्दुल कलीम को कब्जा सौंपा गया। जैसे ही कब्जा मिला, मौके पर मौजूद लोगों ने ताली बजाकर खुशी जताई। इस दौरान मोहल्ले के लोग भी बड़ी संख्या में इकट्ठा हुए और इतने लंबे समय से चल रहे मामले के समाधान पर संतोष जताया। क्षेत्र में इस घटना को न्याय की धीमी रफ्तार और पुराने विवादों के लंबे खिंचाव की मिसाल के रूप में देखा जा रहा है। वहीं, अब्दुल कलीम को मिला यह फैसला न्याय व्यवस्था में उम्मीद की किरण भी लेकर आया है। अब्दुल कलीम ने बताया कि 51 साल तक मैंने सिर्फ संघर्ष किया और न्यायालय पर भरोसा रखा, आज मुझे मेरा हक मिल गया।

# मिश्रिख में भाजपा, महमूदाबाद में सपा की सत्ता बरकरार





सीतापुर। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पद के उपचुनाव के नतीजों में मिश्रिख से भारतीय जनता पार्टी ने बड़ी जीत हासिल की, वहीं महमूदाबाद में समाजवादी पार्टी ने सत्ता बरकरार रखी। मिश्रिख नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पद के लिए हुए मुकाबले में भाजपा प्रत्याशी और क्षेत्रीय विधायक की बहू सीमा भार्गव ने दमदार प्रदर्शन करते हुए 6,512 वोट प्राप्त किए। उनकी मुख्य प्रतिद्वंद्वी सपा प्रत्याशी राम देवी को 3,365 वोट मिले। इस तरह सीमा भार्गव ने 3,147 वोटों के अंतर से जीत अपने नाम की।

चुनाव मैदान में उतरी निर्दलीय प्रत्याशी आकांक्षा को भी हार का सामना करना पड़ा। भाजपा की यह जीत मिश्रिख में संगठन और कार्यकर्ताओं की सक्रियता का नतीजा मानी जा रही है। वहीं महमूदाबाद नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पद पर सपा ने अपनी सीट बचाए रखी। सपा प्रत्याशी आमिर अराफात ने 8,906 वोट हासिल किए और 575 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की। इस सीट पर निर्दलीय प्रत्याशी अतुल वर्मा को 8,331 वोट मिले, जबकि भाजपा प्रत्याशी संजय वर्मा को सबसे कम 1,352 वोट मिले। दिलचस्प बात यह रही कि शुरूआती रुझानों में अतुल वर्मा आगे चल रहे थे और उन्होंने जीत का दावा भी किया, लेकिन रीकाउंटिंग के दौरान तस्वीर पूरी तरह बदल गई। अंतिम नतीजों में आमिर अराफात ने बढ़त बनाकर जीत पक्की कर ली। दोनों नगर पालिका उपचुनावों के ये परिणाम आने के साथ ही राजनीतिक हलकों में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। भाजपा ने जहां मिश्रिख की जीत को जनता के विश्वास और विकास के एजेंडे की जीत बताया, वहीं सपा ने महमूदाबाद में अपनी जीत को संगठन की मजबूती और जनसमर्थन का नतीजा करार दिया।

### पारिवारिक विरासत में मिली जिम्मेदारी

विजयी प्रत्याशी आमिर अराफात पूर्व नगर पालिका परिषद महमूदाबाद के अध्यक्ष मोहम्मद अहमद के बेटे हैं। मोहम्मद अहमद 60 वर्ष की उम्र में बीमारी के कारण निधन से पहले चौथी बार नगर पालिका अध्यक्ष चुने गए थे। उनके निधन के बाद सपा ने बेटे आमिर अराफात को टिकट देकर चुनावी मैदान में उतारा, जहां उन्होंने जीत दर्ज की।

### विधायक परिवार की जीत

भाजपा प्रत्याशी सीमा भार्गव मिश्रिख के भाजपा विधायक रामकृष्ण भार्गव के बेटे और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय भार्गव की पत्नी हैं। सपा प्रत्याशी राम देवी का कोई राजनीतिक करियर नहीं रहा है। वर्ष 2023 में इस सीट से निर्दलीय प्रत्याशी मुन्नी देवी चुनाव जीती थीं, जिन्होंने बाद में भाजपा ज्वाइन कर ली थी। लंबी बीमारी के चलते 12 मई को उनका निधन हो गया, जिसके बाद यह सीट खाली हुई थी।

## सड़क हादसे में ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक की मौत

सीतापुर। तालगांव कोतवाली इलाके में मंगलवार देर रात लहरपुर-बिसवां मार्ग पर कल्याणपुर गांव के पास हुए दर्दनाक सड़क हादसे में ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। जानकारी के अनुसार, धौरहरा के पठान टोला निवासी सहमीर (55) ईंटों से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़क किनारे खड़ी करके उसका डाला ठीक कर रहे थे। इसी दौरान लहरपुर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार डीसीएम ने ट्रैक्टर-ट्रॉली में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर की चपेट में आकर सहमीर ट्रॉली के टायर के नीचे दब गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में ट्रैक्टर-ट्रॉली पर सवार शोएब, आजम और आमीन बाल-बाल बच गए। डीसीएम चालक गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना पर बिसवां के विधायक निर्मल वर्मा भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। तालगांव कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया ळेंइस दर्दनाक हादसे से पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है।

## अध्यक्ष प्रतिनिधि की अगुवाई में निकाली तिरंगा यात्रा



सफीपुर, उन्नाव। चेयरमैन प्रतिनिधि के नेतृत्व में नगर में हर घर तिरंगा अभियान के तहत भव्य और विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा के दौरान नगर का भ्रमण किया गया। जिसकी अगुवाई नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सौरभ वाजपेयी (राजा बेटा) ने की। हर घर तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में नगरवासी, जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। यात्रा के दौरान नगर की प्रमुख सड़कों पर तिरंगा लहराते हुए देशभक्ति के गीतों और नारों से माहौल देशभक्ति के रंग में रंग गया। सौरभ वाजपेयी ने लोगों को तिरंगा झंडा वितरण किया और 15 अगस्त के अवसर पर अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह अभियान हर नागरिक में राष्ट्र के प्रति प्रेम और सम्मान की भावना को जागृत करता है। यात्रा में शामिल लोगों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और भारत माता की जय के नारे लगाए। इस मौके पर भारी संख्या में नगर के लोग मौजूद रहे।

## बाढ़ से प्रभावित स्कूल के बच्चों को दूसरे स्कूल शिफ्ट करने के निर्देश

पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर सभागार में बाढ़ संबंधी एक बैठक की गई जिसमें समस्त विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे बैठक की अध्यक्षता कर रहे हैं उप जिलाधिकारी बीघापुर रणवीर सिंह व तहसीलदार गणेश सिंह व



नायब तहसीलदार विजय रंजन श्रीवास्तव के द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी को बाढ़ से प्रभावित सभी विद्यालयों के बच्चों को अन्य सुरक्षित विद्यालय में शिफ्ट किए जाने के निर्देश दिए गए एवं आंगनवाड़ी को बाढ़ क्षेत्र में गर्भवती महिलाओं चिन्हित करने के निर्देश दिए। पशु चिकित्सा अधिकारी व चिकित्सा अधिकारी को अपने-अपने कार्यों के करने के निर्देश दिए। पी डब्लू डी विभाग को संपर्क मार्ग का निरीक्षण करने का निर्देश दिया। वही लेखपालों को बाढ़ चैकी साफ सफाई कराने के निर्देश दिए गए। सभी 6 चौकी को सक्रिय कर दिया गया है। बाढ़ क्षेत्र के लेखपाल संजीव पाण्डेय एवं आनंद सिंह भी मौजूद रहे।

# कई मार्गों से होकर निकली 151 मीटर लंबी तिरंगा यात्रा



जिला संवाददाता(vol)

उन्नाव। आजादी के अमृत महोत्सव पर देशभर में हर घर तिरंगा अभियान जोश और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। उन्नाव नगर मण्डल की तिरंगा यात्रा पूरी भव्यता और जोश से नगर अध्यक्ष अवनीश गुप्त के नेतृत्व में निकाली गई। यात्रा आईटीआई कैंपस से बड़ा चैराहा गांधी नगर तिराहा से डीएसएन कॉलेज तक निकाली गई।

जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, विधायक पंकज गुप्ता ने झंडी दिखाकर प्रारंभ की और यात्रा में सम्मिलित भी हुए। यात्रा में 151 मीटर लंबा तिरंगा मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। यात्रा में युवा, महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। सभी प्रतिभागियों ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारे लगाए। तिरंगा यात्रा में छात्र-छात्राओं, एनसीसी कैडेट ने तिरंगा लहरा कर और ढोल बजाते अन्य लोगों में देश प्रेम की भावना जागृत किया। यात्रा में विशंभर दयाल त्रिपाठी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस आदि की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू हुआ यह अभियान आज एक जन-आंदोलन बन चुका है, जो राष्ट्र को एकता के सूत्र में पिरोता है और देशभक्ति की भावना को मजबूत करता है। यात्रा में नर सेवा नारायण सेवा के संस्थापक व सहित नर सेवा नारायण सेवा के सभी कार्यकर्ता जोश के साथ सम्मिलित रहे। यात्रा में सदर विधायक पंकज गुप्त, वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज मिश्र, बउवा अवस्थी, हिंदू जागरण मंच के प्रांतीय मंत्री विमल द्विवेदी, जिलाध्यक्ष अजय त्रिवेदी सहित मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष आनन्द अवस्थी, जिला महामंत्री आशीष बाजपेयी अटल एवं प्रवीण सिंह नूतन, जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार वर्मा, अनिल कुशवाहा, जिला कोषाध्यक्ष मनीष जायसवाल, निवर्तमान नगर अध्यक्ष सुशील तिवारी, नगर अध्यक्ष अवनीश गुप्ता, विमल द्विवेदी, किरण सिंह, श्रमिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक नवीन सिंह महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष साधना दीक्षित, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष विवेक तिवारी, युवा मोर्चा जिला महामंत्री उदय प्रताप सिंह, कमल कुमार बाजपेयी, नगर महामंत्री नीरज शुक्ला अश्वनी त्रिपाठी मनीष पाण्डेय, युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष क्षितिज शुक्ला, नगर महामंत्री अमन गुप्ता ऋषि सिंह परिहार सहित पार्टी के हजारों कार्यकताओं एवं सैकड़ो की संख्या मे एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे।

# नन्हे कान्हा और राधाओं ने कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव में बांधा समां



सीतापुर। विजय लक्ष्मी नगर स्थित सहगल सिटी मॉन्टेसरी जूनियर हाई स्कूल में बुधवार को कृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव उल्लास और भक्ति भाव से मनाया गया। प्री-नर्सरी से के.जी. कक्षा तक के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थी भगवान कृष्ण और राधा के रूप में सजे-धजे नजर आए, जिससे पूरा स्कूल परिसर उत्सव के रंग में रंग गया। माखन की मटकी, हाथों में बांसुरी और सिर पर मोर मुकुट लगाए छोटे-छोटे ह्यकान्हाह्न अलग-अलग अदाओं में मस्ती करते दिखे, तो रंग-बिरंगे परिधानों में सजी ह्यराधाओंह्न ने अपनी सुंदर प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए। बच्चों ने भक्ति गीत गाए, भगवान कृष्ण के जीवन से जुड़ी कथाएँ सुनाईं और मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए, जिसने जन्माष्टमी के उत्साह को जीवंत कर दिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या श्रीमती श्वेता शर्मा और श्रीमती कहकशा काजमी ने बच्चों को भगवान श्रीकृष्ण के जीवन, उनके आदर्शों और कार्यों के बारे में प्रेरणादायक जानकारी दी। विद्यालय के प्रबंधक कुश नारायण सहगल और निदेशक कुशाग्र नारायण सहगल ने विद्यार्थियों में सांस्कृतिक मूल्यों के संवर्धन के लिए शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की और उनके निरंतर मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन राधा-कृष्ण बने बच्चों को टॉफी और चॉकलेट वितरण के साथ हुआ, जिससे पूरा दिन भक्ति, रंगों और खुशियों से सराबोर हो उठा।

## पत्रकार की हत्या को लेकर साजिश रच रहे बदमाश सीसीटीवी में कैद, मामला दर्ज

उन्नाव। एक निजी चैनल के पत्रकार नवीन सिंह द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पत्रकार नवीन सिंह ने पुलिस को दिए गए शिकायतीपत्र में आरोप लगाया कि पांच बदमाश उनके घर की रेकी करते है। इतना ही नही उनकी हत्या की साजिश रच रहे है। रंगदारी मांगने सहित सीसीटीवी कैमरा तोड़कर चोरी करने का भी हवाला दिया गया है। हालांकि स्थानीय पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज व शिकायतीपत्र के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली है। बता दें कि नवीन सिंह उन्नाव में एक निजी टीवी चैनल के रिपोर्टर है। उन्होंने बीते दिनों अपने घर के रास्ते की गली में लगाए गए कैमरे को तोड़ने व जान से मारने की धमकी देने रंगदारी मांगने की शिकायत पुलिस से की थी। शिकायत पर उन्नाव पुलिस मामले की जाँच में जुट गयी। पत्रकार ने बताया कि कई दिनों से उनके घर के आस पास संदिग्ध अपराधी उनकी रेकी करते दिख रहे हैं। जिसका शक होने पर उन्होंने अपने घर और गली के रास्ते में कैमरा लगवाया था। जिसे उसी दिन देर शाम फुरकान शाह, गोविन्द तिवारी, विजय कुमार, दीपक निषाद, माधव निषाद ने तोड़ कर चुरा ले गए वही सभी देर रात 11:55 मिनट पर बड़ी वारदात को अंजाम इरादे से उनके घर आ गए। पिस्टल के बल पर उन्हें धमकाने व रंगदारी मांगने का भी आरोप लगाया है। घर के सीसीटीवी कैमरे में बदमाश कैद हो गए। पुलिस ने सभी 5 आरोपियो पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस सभी आरोपियों की जल्द गिरफ़्तारी की बात कह रही है। साथ ही तोड़े गए सीसीटीवी कैमरे को बरामद करने की बात कह रही है, । पत्रकार ने पुलिस से परिवार से सुरक्षा की मांग की है।



# बेटे ने शराब के नशे में पिता की हत्या की

सीतापुर। तालगांव कोतवाली क्षेत्र के भौंनहापुर मजरा राही गांव में मंगलवार देर रात हुए एक दर्दनाक हादसे ने पूरे गांव को दहला दिया। शराब के नशे में धुत बेटे ने विवाद के बाद अपने ही पिता की लोहे की फूकनी से पीट-पीटकर हत्या कर दी।

मृतक की पहचान 65 वर्षीय शत्रोहन पुत्र शिवलाल के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, शत्रोहन का बेटा रामलखन रात को शराब पीकर घर लौटा और पिता से किसी बात को लेकर विवाद करने लगा। देखते ही देखते गुस्से में उसने लोहे की फूकनी से कई वार कर दिए। गंभीर चोटों के कारण शत्रोहन ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली प्रभारी दीपक राय पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। मृतक के छोटे बेटे अनिल कुमार की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी रामलखन के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। वारदात के बाद से आरोपी फरार है और पुलिस उसकी तलाश में लगातार दबिश दे रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रारंभिक जांच में यह मामला पारिवारिक विवाद और शराब के नशे में हुई वारदात का प्रतीत होता है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के बाद पूरे गांव में शोक और आक्रोश का माहौल है।

# प्लाईवुड फैक्ट्रियों पर छापा, मचा हड़कंप



तंबौर/ सीतापुर। बुधवार को कस्बे सहित क्षेत्र मे उस समय हाहाकार मचगया जब लहरपुर उपजिलाधिकारी अंकांक्षा गौतम ने दलबल के साथ अचानक कस्बे के प्लाईयवुड फैक्ट्रीयों पर मिली शिकायत के आधार यूरिया ढूंढने पहुँच गई जिसमे उपजिलाधिकारी आकांक्षा गौतम के नेतृत्व में कस्बा सहित आस पड़ोस स्थित प्लाईवुड फैक्ट्रियों पर छापामार कार्यवाही कर यूरिया की तलाश की। जिसमें हिंदुस्तान प्लाईवुड से यूरिया का सैम्पल लेकर कृषि विभाग को पतिक्षण के लिए भेजा गया है। कुछ प्लाईवुड फैक्टरियां गुलु बनाती है जिस पर यूरिया के इस्तेमाल की शिकायत मिल रही थी। जिसके लिए सभी फैक्ट्रीयों केसीसी कैमरे की फूटेज भी ली गई अचानक प्लाईवुड फैक्ट्रियों पर छापामार कार्यवाही से फैक्टरी संचालकों में दिनभर हलचल मची रही। सवाल तो बनता की जब किसान यूरिया के लिए तरस्त है जगह जगह किसान यूरिया के लिए सड़कें जाम कर रहे और उनको यूरिया नहीं मिल पती किसानो को जिस सेंटर पर यूरिया दी जाती है वहां पर दिन भर किसान भूखा प्यासा खड़ा रहता है और सेंटर संचालक शाम को यूरिया बाटते जिससे किसान परेशान हो कर घर चला जाये और किसानो की यूरिया ब्लेक कर दिया जाएस इस सबंध मे जब उपजिलाधिकरी आकांक्षा गौतम से बात करनी चाही तो उनका फोन नहीं उठाया।

## स्वदेशी संकल्प यात्रा निकाली

सीतापुर। ग्रीक गंज चैराहे से लेकर लालबाग पार्क तक बुधवार को विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार के लिए स्वदेशी संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक मुकेश अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वदेशी आह्वान का सीतापुरवासी स्वागत करते हैं। स्वदेशी उत्पादों की खरीद-बिक्री सच्ची राष्ट्रीय सेवा है। आज जब अमेरिका व अन्य देश संरक्षणवाद अपनाकर हमारे निर्यात को बाधित कर रहे हैं और विनिर्माण क्षेत्र को कमजोर करने का प्रयास हो रहा है, ऐसे में स्वदेशी अपनाना राष्ट्रीय हितों की रक्षा का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि



भारतीय द्वारा खर्च किया गया हर रुपया देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करना चाहिए, न कि विदेशी कंपनियों के हितों को। भारत की असली शक्ति उसकी प्रतिभा, संसाधनों और उद्यमशीलता में है। उपभोक्ताओं को जागरूक नागरिक बनना होगा, न कि केवल निष्क्रिय खरीदार। स्वदेशी जागरण मंच इस दिशा में जन-अभियान और जन-आंदोलन चला रहा है। संकल्प यात्रा में जिला संयोजक मुकेश अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, शिवकुमार अग्रवाल, भगवती गुप्ता, मोनिका आनंद, मोहित शुक्ल, अमित श्रीवास्तव, रामकुमार शुक्ल, सरवन बंसल, सुरेश भारती, गोल्डी शुक्ला, हेमांग दोडेजा, प्रतीक अग्रवाल, मुकेश गुप्ता, विभव सिंह, पुनीत वर्मा, गिरीश लाठ सहित कई लोग शामिल हुए।

# बीईओ और शिक्षक ने पर्यावरण सुरक्षा की शपथ दिलायी

जिला संवाददाता(vol)



उन्नाव। देशभक्ति के साथ ही, पूरे जनपद में पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जिम्मेदार बनाने के उद्देश्य से औरास के रामपुर गढ़ौवा में अनोखी रैली निकाली गई। प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर गढ़ौवा के सभी शिक्षकों और लगभग 250 बच्चों ने रैली में प्रतिभाग किया।

बीईओ औरास संजय शुक्ल के नेतृत्व वाली रैली में शिक्षक प्रदीप वर्मा ने पूरे गांव के प्रत्येक घर में तिरंगा और पौधे बांटने की योजना बनाई। गांव के लगभग 101 घरों में रह रही मातृशक्तियों को एक पौधा और एक तिरंगा सौंपा गया। अभियान की शुरूआत ग्राम प्रधान ओम प्रकाश और कोटेदार के घर से की गई। संजय शुक्ल ने पूरे गांव का भ्रमण कर, हर दरवाजे पर्यावरण के महत्व पर प्रकाश डाला। बीईओ और शिक्षकों ने घर घर लोगों को प्रकृति के साथ हो रहे खिलवाड़ के कारण आ रही आपदाओं से भी परिचित करवाया। रैली का आयोजन, देशभक्ति के जूनून के साथ ही पेड़ो की रक्षा का संकल्प और लोगों को प्रकृति के नजदीक लाने उद्देश्य से किया गया। गांव में बाजार चौराहे से लेकर अंतिम छोर तक सैकड़ो की संख्या में ग्रामीणों ने रैली में प्रतिभाग किया। दोनों ही विद्यालय के शिक्षकों में शशि देवी, रमनजीत कौर, शाहे खुबा, इंद्रपाल, डॉ प्रदीप कुमार वर्मा, आरती कटियार, अभिषेक दीक्षित, प्रीति चक उपस्थित रहे। ग्रामीणों में राजेश, संजय, कमलेश, संदीप, विमलेश, राजू सहित एक सैकड़ा अभिभावक भी उपस्थित रहे। बड़ादेव, बसन्ताखेड़ा, बछौलीं में भी तिरंगा रैली का आयोजन हुआ। पिछले वर्ष से सम्मान प्राप्त शिक्षक प्रदीप वर्मा और सीनियर सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्र के नेतृत्व में शुरू ग्रीन एंड क्लीन उत्तर प्रदेश अभियान में परिषदीय बच्चों के साथ मिलकर 17000 से अधिक पौधे रोपित करने का कार्य किया। इस स्वतंत्रता दिवस को प्रकृति प्रेम से जोड़ने के उद्देश्य से पूरे गांव में पौधे और तिरंगे बांटकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई जा रही है। अभिभावकों और महिलाओं ने बांटे गए पौधों की सुरक्षा का संकल्प लिया गया। बच्चे भी ग्रामीणों और अभिभावकों को पेड़ो के महत्व और उनकी उपयोगिता को बतला रहे हैं। पूरे जनपद में इस मुहिम से कुछ बदलाव लाने के प्रयास में शिक्षकों का सबसे बड़ा योगदान है।

## डीएम को सौंपा ज्ञापन, शिक्षा बचाओ अभियान के तहत किया प्रदर्शन



सीतापुर। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा हजारों सरकारी स्कूलों को बंद करने के निर्णय के विरोध में शक्ति अभियान सीतापुर टीम ने जिले में कार्यरत विभिन्न संस्थाओं और आंदोलनों के प्रतिनिधियों के साथ बुधवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। कार्यकताओं ने कहा कि स्कूल मर्जिंग से सबसे अधिक असर बच्चियों की पढ़ाई पर पड़ेगा और यह निर्णय शिक्षा का अधिकार कानून का सीधा उल्लंघन है, जिसमें बच्चों के लिए 1 से 1.5 किलोमीटर के दायरे में स्कूल उपलब्ध कराने का प्रावधान है। उन्होंने चेतावनी दी कि स्कूल बंद होने से गरीब बच्चों का भविष्य अंधकारमय होगा, शिक्षा मित्रों और मिड-डे-मील रसोइयों का रोजगार छिन जाएगा। अनुमान के अनुसार 1.35 लाख सहायक शिक्षक और 27 हजार प्रधानाध्यापकों के पद समाप्त हो जाएंगे, जिससे बेरोजगारी और बढ़ेगी। इस मौके पर शक्ति अभियान टीम के साथ विभा सिंह, शिशिर बाजपेई, रिजवान खान, शोभित अवस्थी, अनुपम बाजपेई, संगतिन किसान मजदूर यूनियन से कुलदीप, मजदूर किसान मंच, घाघरा कॉटन मुक्ति मोर्चा से श्रीराम यादव, हमसफर संस्था से बीना पांडे, नागरिक अधिकार संगठन से रामलली, वादा फाउंडेशन से ज्योति भारती व शर्मावती, तथा वंचितों की आवाज सुनो के सदस्य मौजूद रहे।

## युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

सीतापुर। सिधौली कोतवाली क्षेत्र के जाफरी पुरवा में बुधवार को दुकानों की रखवाली कर रहे युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। परिजनों ने हलका इंचार्ज मणिकांत श्रीवास्तव पर पिटाई का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया और सिधौली/महमूदाबाद मार्ग पर करीब आधा घंटा जाम लगा दिया। सूचना पाकर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और समझा-बुझाकर जाम समाप्त कराया। जानकारी के अनुसार, कोतवाली क्षेत्र के जसवंतपुर निवासी सतपाल यादव पुत्र शोभारन मंगलवार रात जाफरी पुरवा चैराहे पर सड़क किनारे स्थित दुकानों की रखवाली कर रहे थे। परिजनों का आरोप है कि इसी दौरान वहां से गुजर रहे हलका इंचार्ज मणिकांत श्रीवास्तव व साथ में मौजूद आरक्षियों ने उनसे चौराहे पर लेटे होने का कारण पूछा। सतपाल ने दुकानों की रखवाली करने की बात बताई, जिस पर नाराज होकर पुलिसकर्मियों ने उनकी पिटाई कर दी ।पिटाई से घायल सतपाल को भाई विशाल ने 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली पहुंचाया, जहां हालत गंभीर देख उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। इलाज के दौरान सतपाल की मौत हो गई।

# नगर पंचायत अध्यक्ष के पुत्र की मृत्यु पर शोक सभा का आयोजन

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। क्षेत्र के नगर पंचायत फतेहपुर चौरासी के चेयरमैन मिथिलेश जायसवाल के बड़े पुत्र हर्षित की गंगा नहाने के दौरान मंगलवार को डूबने से हुई मौत से नगर व क्षेत्र में मातम छा गया। नगर पंचायत में बुधवार को शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें नगर के सभासद, कर्मचारी, सभी सफाई कर्मी तथा नगर के लोग रहे। दूसरे दिन भी मिथिलेश जायसवाल के घर गम का माहौल बना रहा। परिजन हर्षित के क्रियाकलापों को सोचकर रोते रहे।

संक्षेप

## निकाली विशाल शंखनाद रैली

**ललितपुर।** स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबी भारत अभियान के अंतर्गत अगस्त क्रांति के उपलक्ष में ललितपुर जिले में स्वदेशी वस्तुओं के प्रति जागरूकता को लेकर स्वदेशी जागरण मंच ललितपुर एवं स्वावलंबी भारत अभियान ललितपुर के तत्वाधान में जनपद स्तर के समस्त सामाजिक व्यापारिक संगठनों ने सामूहिक सहयोग से स्वदेशी के प्रति जागरूकता लाने के लिए प्रधानमंत्री के आह्वान पर एक विशाल शंखनाद रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ विभिन्न संगठनों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर किया। शंखनाद रैली का प्रारंभ तुवन मंदिर प्रांगण से किया गया, यह रैली दुकान से मंदिर से होते हुए घंटाघर, सावरकर चैक, तालाबपुरा साईं मंदिर होते हुए वापस तुवन मंदिर प्रांगण में एकत्र हुई. इस अवसर पर विभिन्न संगठनों के साथियों ने स्वदेशी के प्रति जागरूकता लाने के लिए अपने उदगार व्यक्त किये। स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबन अभियान के अंतर्गत शंखनाद कार्यक्रम विदेशी कंपनियां भारत छोड़ो का संचालन स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक डी एस विवेक, एवं स्वावलंबी भारत अभियान के जिला समन्वयक इंजी हाकिम सिंह के नेतृत्व में अभियान संयोजक रामेश्वर मालवीय, रुचिका सिंह बुंदेला, विनोद शर्मा के संयोजन में विद्यालय के बच्चों एवं विभिन्न सामाजिक एवं व्यापारिक संगठनों के द्वारा जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। अभियान के संयोजन में प्रमुख रूप से शुभम कौशिक, भरत रिछारिया, प्रबल सक्सेना, आदि उपस्थित रहे।

# अंगदान से बचाया जा सकता है कई लोगों का जीवन

जिला संवाददाता



- देहदानियों का डीएम, एसपी समेत सीएमओ और अन्य ने किया सम्मान
- स्वशाषी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में मनाया गया अन्तराष्ट्रीय अंगदान दिवस
- 40 व्यक्तियों ने अंगदान करने का लिया संकल्प

**ललितपुर।** स्वशाषी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं मुक्ति शांति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से अर्न्तराष्ट्रीय दिवस का भव्य कार्यक्रम आयोजन किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि अमनदीप डुली जिलाधिकारी, मोहम्मद मुश्ताक पुलिस अधीक्षक एवं विशिष्ट अतिथि डॉ0 इम्तियाज अहमद मुख्य चिकित्सा अधिकारी ललितपुर एवं समस्त देहदानी की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य डॉ0 मयंक कुमार शुक्ला ने की। मंचासीन पदाधिकारियों द्वारा द्वीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना करते हुये प्रोगाम की शुरूआत की गयी। कार्यक्रम की शुरूआत विभागाध्यक्ष बायोक्रेमस्ट्री डॉ0 ए0एच0आमिर द्वारा दिये गये स्वागत भाषण से हुआ जिसमें उनके द्वारा प्रोगाम मे समस्त अतिथियो का स्वागत करते हुये अंगदान एवं देहदान के महत्व को बताया गया। समस्त उपस्थित देहदानियों को जिलाधिकारी, पुलिय अधीक्षक, विशिष्ट अतिथियों द्वारा फूलमाला पहनाते हुये स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुये सम्मानित किया गया। इस मौके पर डॉ0 पवन सूद सहायक आचार्य, द्वारा लीवर ट्रांसप्लांट एवं अन्य अंग/देहदान से सम्बन्धित आवश्यक जानकारी दी गयी, एम0बी0बी0एस0 प्रथम वर्ष छात्रा नम्रता वर्मा द्वारा केडिवर ऐज दा फस्ट टीचर, प्रजेन्टेशन दिया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रधानाचार्य प्रो0 डॉ0 मयंक कुमार शुक्ला द्वारा बताया गया कि हर वर्ष की तरह 13 अगस्त को विश्व अंगदान दिवस मनाया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य लोगों मे अंगदान एवं देहदान के प्रति जागरुकता बढाना एवं मृत्यु उपरान्त अंगदान को प्रोत्साहित करना है। अंगदान से न केवल एक व्यक्ति बल्कि कई लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। भारत में लाखों मरीज किडनी, लीवर, हृदय, फेफड़े कॉर्निया, आदि के प्रत्यारोपण की प्रतिक्षा में रहते हैं। जागरूकता की कमी और भ्रान्तियों के कारण पर्याप्त अंग उपलब्ध नहीं हो पाते हैं, एक व्यक्ति की मृत्यु के बाद 08 अंग और टिशू का दान करके कई लोगों को नई जिन्दगी दे सकता है।

कार्यक्रम में उपस्थित मुक्तिधाम सेवा समिति के अध्यक्ष अज्जू बाबा द्वारा अपनी समिति के समस्त सदस्यों को अंगदान/देहदान की शपथ लेने के लिए धन्यवाद देते हुए निवेदन किया कि अपने समाज में, परिवारजनों को देहदान/अंगदान के प्रति जागरूक करें एवं ज्यादा से ज्यादा देहदान/अंगदान के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम का संयोजन उपप्रधानाचार्य एवं विभागाध्यक्ष पैथोलॉजी/एनाटॉमी डॉ0 श्रुतिसिंह के नेतृत्व में आगेर्नाईजिंग कमेटी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 ए0एच0आमिर, डॉ0 दीक्षा अग्रवाल, डॉ0 आकृति यादव, डॉ0 रजनी रतमेले एवं श्री नन्दलाल यादव हॉस्पिटल क्वालिटी मैनेजर द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम के अन्त में मीडिया प्रभारी डॉ0 विशाल जैन द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित समस्त मुख्य अतिथि, विशेष अतिथि एवं अंगदान/देहदानदाताओं एवं समस्त प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापन किया गया। कार्यक्रम में डॉ0 गजेन्द्र सिंह मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, डॉ0 एम0सी0गुप्ता, डॉ0 मधुरेन्द्र सिंह राजपूत, आचार्य माइक्रोबायोलॉजी विभाग, डॉ0 सुरेश पचौरी आचार्य कम्युनिटी मेडीसन, डॉ0 देशनिधि सिंह, सह आचार्य माइक्रोबायोलॉजी विभाग, डॉ0 योगेन्द्र सिंह, सहायक आचार्य, माइक्रोबायोलॉजी विभाग, डॉ0 अंकित शर्मा, डॉ0 घनश्याम, डॉ0 चेतनराज सिंह, निश्चेतना विशेषज्ञ, डॉ0 डी0के0राज वरिष्ठ सर्जन, डॉ0 के0के मिश्रा ऑर्थो सर्जन, डॉ0 मनीष माथुर, एम0बी0बी0एस0 छात्र/छात्रायें एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## संयुक्त किसान मोर्चा ने मनाया मांग दिवस

**अयोध्या।** भारत छोड़ो आन्दोलन की 83वीं वर्षगांठ के अवसर पर बुधवार को संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय आह्वान पर मांग दिवस मनाया तथा बहुराष्ट्रीय कंपनियां भारत छोड़ो, कारपोरेट खेती छोड़ो नारे के तहत जिला मुख्यालय तहसील सदर पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और मांगों से संबंधित ज्ञापन तहसीलदार सदर को सौंपा।

मांगपत्र में अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते जिसमें खाद्य पदार्थों, डेयरी, सब्जियां और फल आयात होने पर देश के किसानों व छोटे कृषि व्यवसायियों को भारी नुकसान पहुंचेगा।

साथ साथ अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा थोपे गए 50 प्रतिशत टैरिफ को भारत की सम्प्रभुता पर हमला मानते हुए इसका कड़ा विरोध किया गया। सरकार की इन नीतियों से व्यापारिक फसलें उगाने के लिए मजबूर किया जाएगा जिससे किसान की स्वतंत्रता और आत्मनिर्भर खेती खत्म होगी। सरकारी खरीद, सार्वजनिक वितरण प्रणाली और देश की खाद्य सुरक्षा कमजोर होगी। मांगपत्र में सभी फसलों का डेढ़ गुना लाभकारी मूल्य (एमएसपी) की गारंटी और सरकारी खरीद सुनिश्चित करने की मांग करते हुए समग्र कर्ज माफी, माइक्रो फाइनेंस कंपनियों द्वारा उत्पीड़न बंद करने, बिजली क्षेत्र के निजीकरण को रोकने, स्मार्ट मीटर योजना वापस लेने, लम्बित बिजली बिलों को माफ करने, 300 यूनिट बिजली मुफ्त देने, वृद्धावस्था, विधवा, विकलांग पेंशन दस हजार रुपए प्रति लाभार्थी देने, पुराने ट्रैक्टरों पर प्रतिबंध लगाने की सरकारी नीति वापस लेने, उत्तर प्रदेश में हिंसा को रपुलिस कर्मियों को कड़ी सजा की मांग की गई।

## पच्चीस लाख कीमत के खोये हुए मोबाइल बरामद कर स्वामियों को सौंपे



**ललितपुर।** देश के कई राज्यों व उत्तर प्रदेश के अलग-अलग जिलों के विभिन्न स्थानों से कुल 135 अदद गिरे/खोये मल्टीमीडिया मोबाइल फोन बरामद किये गये हैं। इन बरामद मोबाइल फोन की कुल अनुमानित कीमत लगभग 25 लाख रुपए बतायी जा रही है। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के नेतृत्व में पुलिस लाइन में बरामद मोबाइलों को उनके स्वामियों को सुपुर्द किया गया। अपना खोया हुआ मोबाइल फोन पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे।

पुलिस अधीक्षक ने बरामदगी करने वाली पुलिस टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की गयी। एसपी मो.मुश्ताक ने जनसुनवाई में प्राप्त खोये/गिरे मोबाइल फोन से सम्बन्धित प्रार्थना पत्रों का संज्ञान लेते हुए सर्विलांस टीम, थानों पर गठित टीम द्वारा गुमशुदा मोबाइल फोन की बरामदगी हेतु अभियान चलाया था। अभियान के अनुपालन में सर्विलांस टीम/थानों पर गठित टीम के अथक प्रयास से अलग-अलग राज्यो एवं उत्तर प्रदेश के अलग-अलग जिलों से विभिन्न कम्पनियों के कुल 135 अदद मल्टीमीडिया मोबाइल फोन, कीमत लगभग 25 लाख रुपए बरामद करने में सफलता प्राप्त हुई है। मोबाइलों को बरामद करने वाली पुलिस टीम में सर्विलांस प्रभारी उ.नि.अरूण कुमार, स्वाट टीम प्रभारी उ.नि.अतुल तिवारी, हे.कां. जितेन्द्र सिंह, हे.कां.प्रशान्त कुमार, कां.रोहित कुमार, कां.मो. आमिर, कां.मोहित सिंह आदि शामिल रहे।

## परिवहन विभाग ने निकाली तिरंगा रैली



**बांदा।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत बुधवार को संभागीय परिवहन कार्यालय के कर्मचारियों और बस, ट्रक यूनियन के लोगों ने संयुक्त रूप से रैली निकाली। तिरंगा रैली पल्हरी बाईपास चैराहे से होते हुए सम्भागीय परिवहन कार्यालय में समाप्त हुई। तिरंगा रैली में सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन उदयवीर सिंह, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी श्याम लाल, यात्री, मालकर अधिकारी राम सुमेर यादव, वीरेन्द्रनाथ राजभर, संभागीय निरीक्षक प्राविधिक गुलाब चन्द्र एवं कार्यालय स्टॉफ एवं जनपद के बस एसोसिएशन के अध्यक्ष संतोष पटेल, सचिव मयंक गुप्ता, ट्रक यूनियन से जयराम सिंह, अभिनव गुप्ता, मधुराम सिंह, दिनेश सिंह, प्रमोद, दुष्यंत सिंह, आलोक सिंह, अरविन्द, संग्राम सिंह, रूबल सिंह, एवं बड़ी संख्या में लोग तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। बताते चलें कि देशभक्ति से ओत-प्रोत सरकारी एवं गैर सरकारी लोग लगातार तिरंगा यात्रा निकाल रहे हैं। इसका उद्देश्य लोगों में देशभक्ति की भावना जागृत करना है।

## डीएफओ कार्यालय से निकाली गयी तिरंगा यात्रा




**ललितपुर।** सामाजिक वानिकी प्रभाग कार्यालय से वंदे मातरम के नारों और देशभक्ति के गीतों के साथ तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा सामाजिक वानिकी प्रभाग कार्यालय से शुरू होकर, कलेक्ट्रेट मार्ग से होती हुई ललितपुर रेंज कार्यालय पर समाप्त हुई। प्रभागीय निदेशक गौतम सिंह के निर्देशन में उप प्रभागीय वनाधिकारी महरौनी सत्येंद्र तोमर द्वारा यात्रा का पथ संचालन किया गया। डीएफओ ने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य नागरिकों में देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव की भावना पैदा करना है। तिरंगा यात्रा राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देती है और लोगो को देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियां के बारे में जागरूक करती है। इस अवसर पर क्षेत्रीय वनाधिकारी भोला सिंह, परियोजना अधिकारी जिला गंगा समिति केतन दुबे, प्रधान सहायक ब्रजेन्द्र कुमार राठौर, उप क्षेत्रीय वनाधिकारी मनीष गौड़, वरिष्ठ सहायक रमेश पाल, रोहित श्रीवास्तव, सुनील कुमार, छोटेलाल, वन रक्षक उमराव प्रसाद, वन रक्षक संगीता, नेहा पंथ, अखिलेश पाल, आशीष रिछारिया, अजय पाखरे आदि मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री से मिले सदर विधायक रामरतन

जिला संवाददाता

- एलयूसीसी घोटाले को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा
- मुख्यमंत्री से घोटाले की जांच सीबीआई को सौंपे जाने की रखी मांग

**ललितपुर।** सदर विधायक ललितपुर रामरतन कुशवाहा ने विधानमंडल के मानसून सत्र के दौरान माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ जी से उनके कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। मानसून सत्र में धन्यवाद ज्ञापन और विकास दृष्टि एवं एल यू सी सी पर उन्होंने मुख्यमंत्री से गंभीर चर्चा की। विधायक रामरतन कुशवाहा ने भेंट के दौरान जनपद ललितपुर की प्रशासनिक एवं कानून व्यवस्था से संबंधित विषयों पर मुख्यमंत्री को अवगत कराया।

उन्होंने विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश 2047 के आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य में जनपद ललितपुर के सक्रिय योगदान का आश्वासन दिया। उन्होंने मानसून सत्र के अनवरत 24 घंटे संचालन के ऐतिहासिक निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि इस व्यवस्था से सभी माननीय सदस्यों को अपने विचार एवं सुझाव रखने का भरपूर अवसर मिला है, जो लोकतंत्र की मजबूती का उत्कृष्ट उदाहरण है। इसके लिए विधायक ने मुख्यमंत्री का सहृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया। मुख्यमंत्री के समक्ष उठाया एल.यू.सी.सी. घोटाले का विस्तृत मुद्दाविधायक रामरतन ने विशेष रूप से जनपद ललितपुर में उजागर हुए एल.यू.सी.सी. (द लोनी अरबन मल्टी स्टेट क्रेडिट एंड थ्रिफ्ट कॉ ऑपरेटिव सोसायटी) घोटाले का मामला उठाया, जिसमें गरीब और पिछड़े वर्ग के हजारों लोगों द्वारा अपने भविष्य की सुरक्षा, बच्चों की शिक्षा और सामाजिक कल्याण हेतु लगभग 1600 करोड़ का निवेश किया गया था। संस्था द्वारा योजनाबद्ध तरीके से राशि लेने के बाद सभी कार्यालय बंद कर दिए गए और जिम्मेदार पदाधिकारी फरार हो गए। ललितपुर पुलिस ने फरवरी 2025 में धारा



406, 420, 467, 468, 471, 120ठ एवं धारा 3 यूपी गुंडा एक्ट के तहत गंभीर आपराधिक मुकदमे दर्ज किए। घोटाले का नेटवर्क उत्तर प्रदेश के अलावा उत्तराखंड और अन्य राज्यों में भी फैला हुआ है।

### अन्य राज्यों में कार्रवाई और सीबीआई जांच की मांग

उत्तराखंड में भी इस संस्था द्वारा 189 करोड़ के गबन का मामला सामने आने पर वहां के मुख्यमंत्री के आदेश से विवेचना सीबीआई को स्थानांतरित की गई। इसी प्रकार, विधायक ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अनुरोध किया कि उत्तर प्रदेश में भी इस घोटाले की जांच सीबीआई को सौंपी जाए, ताकि सभी राज्यों में एकीकृत, पारदर्शी और निष्पक्ष जांच हो सके तथा पीड़ित निवेशकों को उनका धन वापस दिलाया जा सके।

विधायक रामरतन कुशवाहा ने कहा कि यह केवल आर्थिक अपराध नहीं, बल्कि गरीब परिवारों की आजीविका और भविष्य के सपनों की लूट है, इस पर त्वरित और निष्पक्ष कार्रवाई अत्यंत आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने मामले की गंभीरता को देखते हुए इसे संज्ञान में लेने और आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया।

## पर्स से रुपये चोरी करने वाली महिला गिरफ्तार

**बांदा।** पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देश पर अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के चलते थाना कोतवाली नगर पुलिस ने महिला के पर्स से रुपए चोरी करने वाली आरोपी महिला को गिरफ्तार किया है। 12 अगस्त को जनपद हमीरपुर के रहने वाले सौरभ तिवारी ने कोतवाली नगर में सूचना दी थी कि 11 अगस्त को दोपहर में वह अपनी बहन के साथ बस स्टैण्ड से ई-रिक्शा में जरैली कोठी जा रहा था तभी एक और महिला ई-रिक्शा पर सवार हुई और आगे चलकर पुल के पास उतर गई, जब वह जरैली कोठी पहुंचा और उसकी बहन ने किराया देने के लिए पर्स निकाला तो उसका पर्स खुला था और उसके 4000 रुपए गायब थे। इस सूचना के बाद तत्काल कोतवाली नगर में अभियोग पंजीकृत करते हुए टीमें गठीत कर सीसीटीवी फुटेज की मदद से महिला की पहचान करते हुए 24 घण्टे के भीतर महिला को आईटीआई कॉलेज के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी के दौरान महिला के पास से चोरी के 3400 रुपए बरामद हुए। उसने बताया कि 600 रुपए खर्च हो गये हैं। गिरफ्तार महिला आरोपी पिंकी पत्नी मुकेश कुमार मंशूर नगर थाना सकीट जनपद एटा की निवासिनी है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में अनुराग पाण्डेय चैकी प्रभारी सिविल लाइन, महिला उप निरीक्षक रश्मि सिंह, कांस्टेबल योगेश गुप्ता व महिला कांस्टेबल नीतू यादव रहीं।

## स्कूटी से गिरे दो चचेरे भाइयों की मौत

**ललितपुर।** जिले के थाना जाखलौन अंतर्गत ग्राम गढ़ौली में बीती देर रात हुये एक दर्दनाक हादसे में दो चचेरे भाईयों की मौत हो गयी, जबकि भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल भतीजे को उपचार के लिए झांसी मेडीकल कॉलेज रेफर किया गया है। वहीं मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। बताया जा रहा है कि ग्राम गढ़ौली निवासी 36 वर्षीय सवर सिंह राजपूत अपने चचेरे भाई रोहित राजपूत (25) और भतीजे राजीव (20) के साथ रात करीब 10 बजे जाखलौन से गांव लौट रहे थे। गढ़ौली-देवगढ़ मार्ग पर ग्राम कुचदौं के पास उनकी स्कूटी गड्ढे में गिर गयी, जिस कारण अनियंत्रित होकर तीनों स्कूटी सवार उछल कर दूर जा गिरे।

वहां से गुजर रहे राहगीरों ने किसी प्रकार घायलों के परिजनों को तत्काल सूचना दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने तीनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां सवर सिंह को मृत घोषित कर दिया गया, तो वहीं कुछ समय पश्चात रोहित की हालत अधिक बिगड़ गयी और उसकी भी उपचार के दौरान मौत हो गयी। जबकि घायल भतीजे राजीव को उपचार के लिए झांसी मेडीकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। परिजनों ने बताया कि सवर सिंह तीन बेटियों और एक बेटे के पिता थे। वह खेती-किसानी करते थे। रोहित मजदूरी करता था और उसकी शादी 6 महीने पहले हुई थी। तीनों किसी काम से जाखलौन गए थे। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम को भेजते हुये अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी।

## विद्यालयों में अवशेष कार्य शीघ्र पूरा करायें: डीएम



**बांदा।** जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति की बैठक हुई। डीएम जे0 रीभा ने प्राथमिक विद्यालयों में ऑपरेशन कायाकल्प के तहत कराये जाने वाले कार्यों की समीक्षा की और खण्ड विकास अधिकारियों एवं खण्ड शिक्षाधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्यालयों में टायलीकरण, बाउण्ड्रीवॉल, दिव्यांग शौंचालय का अवशेष कार्य अतिशीघ्र पूरा कराएं। उन्होंने विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में सुधार किये जाने के निर्देश खण्ड शिक्षाधिकारियों को दिये। बालिका शिक्षा के तहत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के डोरमैट्री निर्माण कार्य तथा कम्प्यूटर लैब निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए कार्य गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूरा कराए जाने के निर्देश कार्यदायी संस्था सीएनडीएस को दिये। उन्होंने केजीबीवी विद्यालयों के निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये। डीएम ने निर्देश दिये कि प्रत्येक विद्यालय में मॉडल वाटिका में 15 अगस्त को बेहतर कार्यक्रम कराये जायें। मध्यान भोजन वितरण की समीक्षा करते हुए छात्र उपस्थित के अनुसार भोजन गुणवत्ता एवं मीनू के अनुसार वितरित कराये जाने तथा रोस्टर बनाकर जिन ब्लाकों में बच्चों के आधार बनाये जाने अधिक है, उनमें प्राथमिकता पर आधार बनाये जायें। उन्होंने खण्ड शिक्षाधिकारी एवं सीडीपीओ को समन्वय करते हुए अवशेष बालवाटिका बनाये जाने के निर्देश दिये।

## स्नातक व परास्नातक प्रायोगिक व मौखिक परीक्षा 18 को

**अयोध्या।** का सु साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय अयोध्या को डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष 2025 वार्षिक स्नातक/ पर स्नातक की प्रायोगिक/ मौखिक परीक्षा का केंद्र बनाया है। महाविद्यालय में दिनांक 18 अगस्त 2025 को वाणिज्य वर्ग , कला वर्ग (हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, उर्दू, राजनीति शास्त्र, समाजशास्त्र ,अर्थशास्त्र, चित्रकला, शिक्षा शास्त्र एवं मध्य इतिहास) एवं 19 अगस्त 2025 को विज्ञान वर्ग (रसायन विज्ञान, की प्रायोगिक/ मौखिक परीक्षाएं प्रातः 10 बजे से 5:00 बजे तक संपन्न कराई जाएगी।

## अतर्रा मंडल में निकली भव्य तिरंगा यात्रा



**बांदा।** भव्य तरीके से अतर्रा मंडल में तिरंगा यात्रा निकाली गयी। यात्रा का आयोजन संघ चालक संतोष द्विवेदी के मार्गदर्शन पर हुआ। तिरंगा यात्रा कस्बे के हिन्दू इंटर कालेज से प्रारंभ होकर चैक बाजार होते हुए स्टेशन रोड से बबेरू बस स्टैण्ड, अतर्रा से नरैनी रोड होकर रामलीला मैदान होकर हिन्दू इंटर कालेज में समाप्त हुई। तिरंगा यात्रा में मुख्य अतिथि निवर्तमान जिलाध्यक्ष संजय सिंह, विशिष्ट अतिथि जिला मंत्री डॉ मनीष गुप्ता, मण्डल प्रभारी, पूर्व जिला महामंत्री गिरजेश तिवारी, मंडल प्रवासी जिला मंत्री डॉ देवेन्द्र भदौरिया, नगर पालिका अध्यक्ष संगीता निराला, मंडल संयोजक तिरंगा यात्रा दीन दयाल द्विवेदी के अलावा पूर्व मंडल अध्यक्ष वेद निराला, द्वारिका लखेरा, जिला संयोजक सहकारिता उदित नारायण द्विवेदी, विधायक प्रतिनिधि राजकिशोर बाजपेयी, बार एसोसिएशन अध्यक्ष अमर सिंह राठौर, आत्माराम शुक्ला तथा बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और कस्बे की महिला व पुरूष मौजूद रहे।

## तत्काल ई-केवाईसी करा लें राशनकार्ड धारक, अन्यथा होगी निलंबन और निरस्तीकरण की कार्रवाई

**ललितपुर।** जिला पूर्ति अधिकारी उमेश कुमार मिश्रा ने अवगत कराया है कि जिले में उचित दर विक्रेताओं के माध्यम से राशनकार्ड के मुखिया एवं सदस्यों की ई-के.वाई.सी. का कार्य किया जा रहा है किन्तु अभी तक 138810 मुखिया व सदस्य (0 से 05 आयु वर्ग के बच्चों को छोडते हुए) द्वारा ई-के.वाई.सी. नहीं करायी गयी है। डीएसओ ने शासनादेश का हवाला देते हुये बताया कि ऐसे सभी राशनकार्ड लाभार्थियों, जिनकी ई-केवाईसी कराएं जाने का कार्य अवशेष है, उनके सापेक्ष खाद्यान्न अग्रिम 03 महीनों के लिए निलम्बित करते हुए उनसे ई-केवाईसी सुनिश्वित करायी जाये अन्यथा की दशा में उनकी यूनिट उनके राशनकार्ड से निरस्त कर दी जायेगी, जिन राशनकार्ड लाभार्थियों द्वारा दी गयी समयावधि में ई-केवाईसी करा ली जाएगी, वे सभी अग्रिम माह के लिये खाद्यान्न प्राप्त करने हेतु अर्ह होगे।

डीएसओ ने जिले के सभी राशनकार्ड लाभार्थी जिनके द्वारा ई-केवाईसी नहीं करायी गयी है को निर्देशित किया है कि वह अपने उचित दर विक्रेता के यहां जाकर तत्काल ई-केवाईसी कराना सुनिश्चित करें।

ई-केवाईसी नहीं कराने पर उनका खाद्यान्न अग्रिम 03 माहों के लिये निलम्बित हो जायेगा तथा तीन माह के अंदर ईकेवाईसी नहीं कराने पर उनके यूनिट उनके राशनकार्ड से निरस्त होंगे। समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया जाता है कि अवशेष राशनकार्ड लाभार्थियों की ई-केवाईसी सुनिश्चित करें तथा नये राशनकार्ड से सम्बन्धित सभी सदस्यों (यूनिट) को अथवा प्रचलित राशनकार्ड में जोड़ी गई नई यूनिट को खाद्यान्न प्राप्त करने से पूर्व ई-केवाईसी कराया जाना अनिवार्य होगा।

# सीडीओ की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पत्रकार स्थायी समिति की बैठक आयोजित

जिला संवाददाता

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित उनके कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय पत्रकार स्थाई समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में प्रतिनिधि जिला सूचना कार्यालय मुसर्रत अली, जिला स्तरीय पत्रकार स्थाई समिति के सदस्य जुबेर खान, नरेंद्र कुमार मारवाड़ी सहित अन्य सदस्य गण मौजूद रहे। मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा के निर्देश पर मुसर्रत अली ने जिला स्तरीय पत्रकार स्थाई समिति के गठन एवं उद्देश्य के सम्बंध में आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई। वरिष्ठ पत्रकार सूर्यमणी रघुवंशी तथा समिति के सभी पत्रकार सदस्य गणों द्वारा बिजनौर में प्रेस क्लब की स्थापना की मांग की गई तथा समाचार पत्रों में प्रकाशित विज्ञापन दरों को मुख्यालय से लगभग 150 किमी दूर सूचना निदेशालय से नामित जिला सूचना अधिकारी, सम्भल जो कि वर्तमान में जिला सूचना कार्यालय, बिजनौर के आहरण एवं वितरण अधिकारी हैं, उनके द्वारा माह में केवल दो बार प्रमाणित कराया जाता है के स्थान पर जिला मुख्यालय पर जिलाधिकारी द्वारा डिप्टी कलेक्टर/जिला सूचना अधिकारी बिजनौर से कराने की मांग की गई, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा आश्वस्त किया गया कि उक्त संबंध में जिलाधिकारी से वार्ता कर समस्या का समाधान कराया जाएगा।

वरिष्ठ पत्रकार सूर्यमणी रघुवंशी एवं भानु प्रकाश वर्मा द्वारा मुख्य विकास अधिकारी से अनुरोध किया किया कि पुलिस द्वारा थाने में पत्रकार के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करने से पूर्व शिकायत की निष्पक्ष जांच की जाए और बिना जांच के पत्रकारों के विरुद्ध कोई कार्यवाही न की जाए। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष भानु प्रकाश वर्मा द्वारा मांग की गई कि पत्रकारों एवं समाचार पत्रों का परिवहन करने वाले वाहनों को टोल टेक्स मुक्त किया जाए। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा आश्वस्त किया गया कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एनएचआई अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन कर उक्त समस्या के समाधान के लिए प्रयास किया जाएगा। इसके अलावा उन्होंने बैठक में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन द्वारा पत्रकारों की समस्याओं के निराकरण के सम्बन्ध में पांच बिन्दुओं पर आधारित मांग पत्र प्रस्तुत किया, जिसपर अध्यक्ष द्वारा आश्वासन दिया गया कि उक्त मांगों के संबंध में विचार विमर्श कर उचित कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाएगी। बैठक सौहार्द पूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। अंत में मुख्य विकास अधिकारी ने सभी सम्मानित सदस्यों का बैठक में उपस्थित होने पर धन्यवाद ज्ञापित किया।



**जिला कार्यालय-यू.पी. कोआपरेटिव फेडरेशन लि., जनपद-चित्रकूट**

पत्रांक: पी.सी.एफ./जि.का./प्रा.स./ई-टेण्डर/2025-26/228 दिनॉक:-13.08.2025

**अल्पकालीन ई-टेण्डर-नोटिस**

पी.सी.एफ. में खरीफ विपणन वर्ष **2025-26** एवं रवी विपणन वर्ष 2026-27 में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत जिलाधिकारी महोदय द्वारा अनुमोदित/प्रस्तावित धान/गेहूँ क्रय केन्द्रों पर क्रीत धान के **हैण्डलिंग कार्य हेतु** चित्रकूटधाम, मण्डल बांदा के जनपद चित्रकूट के अनुमोदित/प्रस्तावित क्रय केन्द्रों हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र मूल्य धरोहर धनराशि, निविदा विशिष्टीकरण, निविदा खुलने की तिथि एवं अन्य सम्बन्धित जानकारी https/etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी जिला प्रबन्धक पी.सी.एफ. चित्रकूट के कार्यालय से अथवा दूरभाष नं.-**8765985024** पर की जा सकती है।

**जिला प्रबन्धक**
**पी.सी.एफ.**
**चित्रकूट**

# वायुसेना प्रमुख का खुलासा

ऑपरेशन सिंदूर के समय यह संकेत सेना के अधिकारियों ने दिया था कि भारत ने पाकिस्तान के जंगी जहाज गिराये हैं, लेकिन इसका सटीक नंबर आंकड़ों के विश्लेषण के बाद पता चलेगा। संभवतः वायुसेना सैटेलाइट डाटा और इमेज का गंभीर विश्लेषण करने के बाद अब इस निष्कर्ष पर पहुंची है कि उसने पाकिस्तान के कुल छह जहाज ऑपरेशन सिंदूर के समय तबाह किया गया। पाकिस्तान ऑपरेशन सिंदूर के दूसरे दिन से ही भारत के पांच राफाल गिराने का दावा करता रहा है। लेकिन जिस तरह पाकिस्तान का दावा रहा है उससे ही उसके झूठ की झलक मिल जाती थी। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अपने देश की संसद में कहा था कि 'हमारी सेना ने भारत के पांच जहाज गिराये, वैसे दस गिरा सकते थे लेकिन पांच ही गिराये।' अब यह सोचने वाली बात है कि पाकिस्तान अगर दस राफाल गिरा सकता था, तो पांच ही क्यों गिराया? दुश्मन पाकिस्तान को ऐसी क्या मोहब्बत भारत से हो गयी कि दस के बजाय पांच ही गिराये। जाहिर है कि पाकिस्तान झूठ बोल रहा था और वह अपनी हार छिपाने के लिए राफाल गिराने की ढींगें मार रहा था। लेकिन




अब भारत के वायुसेना प्रमुख अमरप्रीत सिंह ने खुलासा किया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमने पाकिस्तान के 5 लड़ाकू विमान और एक बड़ा विमान मार गिराए थे। उन्हें करीब 300 किमी. की दूरी से निशाना बनाया गया। यह भारत द्वारा सतह से हवा में मार गिराने का सबसे बड़ा रिकॉर्ड है। हमारी सेना ने पाकिस्तान के दो कमांड एवं कंट्रोल सेंटर और 6 रडार को भी नष्ट किया था। ये मुरीदके व चकलाला में स्थित थे। जैकबाबाद एयरबेस पर हमला कर एफ-16 हैंगर और जो विमान अंदर मौजूद थे, उन्हें भी नष्ट किया। रनवे को तोड़ दिया गया। सुक्कूर में यूएवी हैंगर को भी नष्ट किया। भोलारी में एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल सिस्टम को भी तबाह किया। हमारे पास 5 लड़ाकू विमान मार गिराने के पुख्ता सबूत हैं। एयर चीफ मार्शल ने यह भी खुलासा किया कि विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर वायुसेना ने पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र पर हमला करने का फैसला लिया, लिहाजा हवाई अड्डा और मुख्य भवन पर भी हमला किया गया। इन भवनों में ही योजनाएं बनती हैं और उनका इस्तेमाल कभी-कभी सिविल टर्मिनल भवन के रूप में भी किया जाता था। वायुसेना प्रमुख एपी सिंह और थल सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने ऑपरेशन की सफलता का श्रेय सरकार की स्पष्ट राजनीतिक इच्छा शक्ति को दिया। सेना को खुली छूट दी गई कि समय और जगह के मद्देनजर हमला वे ही तय करें। हम तीनों सेना प्रमुखों ने मिल कर रणनीति तय की। यदि कोई सीमाएं थीं, तो वे हमारी खुद की बनाई हुई थीं। वायुसेना प्रमुख के बाद थलसेना प्रमुख जनरल द्विवेदी ने चेतावनी के तौर पर आगाह किया कि अगला युद्ध जल्द ही हो सकता है। हमें तैयार रहना होगा। यह सिर्फ सेना की ही लड़ाई नहीं होगी, बल्कि पूरे देश को मिल कर लड़ना होगा। जनरल ने यह भी बताया कि इस समय दुनिया में 56 संघर्ष चल रहे हैं, जिनमें 92 देश शामिल हैं। युद्ध सामान्य तौर पर नहीं होगा, बल्कि दुश्मन एक से अधिक होंगे। बहरहाल ऑपरेशन सिंदूर पर तीन महीनों के बाद ऐसे बयान चौंकाते हैं। संसद सत्र अभी जारी है। इस मुद्दे पर सदन में लंबी बहस हो चुकी है। इसका आगाज रक्षामंत्री ने किया था। उन्होंने 56 मिनट के भाषण में लगभग यही ब्योरे संसद के सामने रखे थे, जो अब वायुसेना चीफ मार्शल ने सार्वजनिक रूप से रखे हैं। सदन में गृहमंत्री अमित शाह ने भी इस मुद्दे पर लंबा बयान दिया था। हालांकि उनका फोकस आतंकवाद पर था। प्रधानमंत्री मोदी ने 102 मिनट के लंबे भाषण में आतंकियों के अड्डे मिट्टी में मिलाने, 100 से अधिक आतंकियों को ढेर करने, पाकिस्तान के एयरबेस को तबाह करने और पाकिस्तान द्वारा भारत पर करीब 1000 मिसाइल और ड्रोन के हमले करने की कोशिशें और उन्हें हवा में ही चूर-चूर करने की बात कही थी। अब वायुसेना प्रमुख ने छह पाकिस्तान के जहाजों को गिराने की पुष्टि कर पाकिस्तान के झूठे दावों की हवा पूरी तरह से निकाल दी है।

### विचार

मनुष्य सर्वोत्तम भाषण है। अगर बोलना है तो कम से कम बोलो। एक शब्द से काम चले तो दो नहीं।

–महात्मा गांधी.

विपत्ति आने पर अपनी रक्षा के लिए व्यक्ति को अपने पड़ोसी शत्रु से भी मेल कर लेना चाहिए।

–वेदव्यास.

विवेक बुद्धि की पूर्णता है। यौवन के कर्त्तव्यों को पूर्ण करने में वह हमारा पथ–प्रदर्शन करता है।

–गेटे.

जिस दिन कोई संत अतिथि रूप में आता है, उस दिन आतिथेय को उसके दर्शन से उतना पुण्य मिलता है, जितना तीर्थस्थान के दर्शन से प्राप्त होता है।

–सूरदास.

मोक्ष वह जो सिखता है इहलोक और परलोक दोनों का सुख गुलामी है। क्योंकि इस प्रकृति के नियमों पर न कोई इहलोक है और न परलोक।

–स्वामी विवेकानन्द.

# क्या फिर बन रहे हैं युद्ध जैसे हालात


संजय श्रीवास्तव

> सेनाध्यक्ष के बयान को एक सामान्य समाचार के बतौर नहीं बल्कि एक गंभीर सैन्य संकेत के तौर पर लिया जाना चाहिये। उनके अनुसार रणनीतिक मोर्चे पर अभी सुस्ता नहीं सकते हैं, क्योंकि हम युद्ध के करीब हैं। तो क्या वे इस बात की तस्दीक करते हैं कि पड़ोसी के साथ कूटनीति, बातचीत, समझाइश की सारी संभावनाएं समाप्त हो चुकी हैं? इस मसले का अनिवार्य हल सिर्फ जंग ही है?

सेनाध्यक्ष उपेंद्र द्विवेदी का हालिया बयान, 'जल्द हो सकता है एक और खतरनाक युद्ध और दुश्मन जरूर किसी के साथ आयेगा..'। एक ऐसे समय पर आया है जब पाकिस्तानी सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर अमेरिका के दौर पर हैं और पहली बार अमरीका की धरती से किसी सैन्य अधिकारी ने किसी देश को परमाणु हमले की धमकी दी है। हालांकि भारतीय सेना अध्यक्ष का बयान 4 अगस्त 2025 को ही आ गया था, जबकि असीम मुनीर ने भारत को यह धमकी 10 अगस्त 2025 को दी है। लेकिन इन दोनों के बीच जो खतरनाक आशंका की सघनता है, उससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि क्या कुछ हो सकता है। यह तो सभी मानेंगे कि देश के सेनाध्यक्ष का बयान कोई सियासी जुमला नहीं होता है। उन्होंने अनुभव, दूरदर्शिता, सुराग एवं सूचनाओं की कसौटी पर परखकर ही यह बात कही होगी। जाहिर है, यदि देश के सेनाध्यक्ष यह स्वीकारते हैं कि जल्द ही हम एक पूर्ण पर गैर पारंपरिक युद्ध के लिये जा सकते हैं तो इसे अटकल नहीं सच मानना होगा।

सेना, सरकार, उद्यम-उद्योग संक्षेप में कहें तो समूचा देश इस जंग में चाहे अनचाहे शामिल होगा। उन्होंने कहा भी है कि यह नई जेनेरेशन का युद्ध सेना ही नहीं जनता भी लड़ेगी। सेनाध्यक्ष जैसे शीर्ष सैन्य पुरुष द्वारा कही इस बात को एक गंभीर और स्पष्ट संकेत समझना कोई भूल नहीं होगी और मान लेना होगा कि देश जंग के मुहाने पर है। चार अगस्त को दिया सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी का यह बयान 10 अगस्त को जारी किया गया, सियासी तौर पर सरगर्मियां पैदा करेगा। इससे एक दिन पहले वायु सेना प्रमुख के बयान पर भी प्रश्न उठे और सत्ता पक्ष ने माकूल जवाब दिये। सेना प्रमुख का बयान जो वस्तुतः वायुसेना प्रमुख की बात को ही आगे बढ़ाता, बल देता है, उस पर भी सवाल उठने लाजिमी हैं। हफ्ते भर पुराने बयान को तकरीबन ताजे बयान के तुरंत बाद रिलीज करने का मंतव्य, दोनों के द्वारा खुली सरकारी छूट, पहली बार नेतृत्व में राजनीतिक स्पष्टता देखने की टेक और बहुत दिन बीतने पर किए जा रहे दावे इत्यादि को लेकर विपक्षी राजनीति कर सकते हैं पर सेनाध्यक्ष की इस बात को नकारने का कोई ठोस तर्क उनके पास नहीं कि ऑपरेशन सिंदूर ने पूरे देश को एक सूत्र में बांध दिया और



भविष्य में हमें एक निर्णायक युद्ध में जाना पड़ेगा। सेनाध्यक्ष ने ये सारगर्भित बातें आम जनता से ही नहीं सेना और सरकार को लेकर राजनीति करने वालों को भी सचेत, सतर्क करने के लिए भी कही हैं। पाकिस्तान विगत से सबक नहीं सीखता। उसे ऑपरेशन सिंदूर ने पाठ पढ़ाया, सोचना बेमानी है। पाक सेना और सरकार भारतीय सेना द्वारा नष्ट आतंकी ठिकानों को फिर से बना, बसा चुकी है, बहावलपुर, गढ़ मुरीदके, मुजफ्फराबाद वगैरह के अड्डों के पुनर्निर्माण के लिए सेना ने अपने आर्मी वेल्फेयर फंड से करोड़ों रुपये बांटे है। आतंकियों को फिर खड़ा कर राजस्थान, पंजाब के रास्ते घुसपैठ की भी योजना है। साफ है कि सरकार, सेना और आतंकी संगठनों की सांठगांठ ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बावजूद जारी है और वे फिर से भारत विरोधी कार्रवाइयों में जुटे हैं। मुनीर अपने बयानों में कहते हैं, 'भारत सिंधु नदी पर बांध बनाएगा तो पाकिस्तान 10 मिसाइलों से उसे नष्ट कर देगा' और 'पाकिस्तान के अस्तित्व पर खतरा हुआ तो वे पूरी दुनिया को परमाणु युद्ध की चपेट में लेने से गुरेज नहीं करेंगे'।

**सामयिक**

यह गीदड़ भभकी ही सही पर मुनीर की मंशा समझी जा सकती है। मुनीर पाकिस्तान में सियासी तौर पर कमजोर पड़ते ही पूर्ववर्तियों की तरह भारत के साथ सैन्य झड़प का दुस्साहसी फैसला ले सकते हैं। फिर स्थितियां ऑपरेशन सिंदूर के भाग दो जारी होने की बन जाएंगी। कुछ कह सकते हैं कि राष्ट्र या व्यक्ति के जीवन में कभी कभी अस्तित्व, अस्मिता अथवा आत्म सम्मान के लिए युद्ध अनिवार्य हो जाता है, तो इससे बचने की बजाय स्वीकारना चाहिये। पाकिस्तान से एक निर्णायक युद्ध हो और हम अपनी ताकत से उसे इस कदर खौफजदा कर दें कि फिर कोई पाकी हुक्मरान इस बावत सोच भी न सके। परंतु साथ यह भी सत्य है कि सेनाध्यक्ष के बयान के बाद आमजन को युद्ध की आशंका किंचित भयाक्रांत कर सकती है क्योंकि युद्ध कोई भी पक्ष जीते हारती हमेशा जनता ही है। सेनाध्यक्ष का उद्बोधन राष्ट्रवाद को पोषित करने के लिए स्वागत योग्य है, पर समग्रता में देखें तो युद्ध तभी होना चाहिये जब सभी विकल्प समाप्त हो जाएं। सेनाध्यक्ष को अपने राजनीतिकों, कूटनीतिकों पर यकीन रखना होगा। निस्संदेह मुकाबले में भारत हावी, प्रभावी, विजयी होगा लेकिन नुकसान हमारा भी होगा। दुनिया देख रही है कि छोटे देश किस तरह से दूसरों की मदद के जरिये युद्ध को लंबा खींचकर बड़े देशों को किस कदर परेशान कर रहे हैं।

नैतिक-राजनीतिक दृष्टि से निर्णायक युद्ध किसी भी तरह 'उचित' नहीं कहा जा सकता। अरबों रुपये प्रति दिन की लागत वाली लंबी लड़ाई हमारे विकास-लक्ष्यों पर पानी फेर देगी। रक्षा व्यय तेजी से बढ़ेगा, विकास के मद में किए जाने वाले खर्चों में कटौती होगी तो सार्वजनिक निवेश, शिक्षा, स्वास्थ्य पर दबाव और कर्ज बढ़ेगा, जनता दुश्वारियां झेलेगी उसका जीवन युद्धग्रस्त हो जाएगा। हम विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर हैं, बेशक युद्ध प्रधानमंत्री के इस सपने को बरसों पीछे छोड़ देगा। लंबी लड़ाई के दौरान सकल घरेलू उत्पाद गिरेगा, उत्पादन, निवेश और मानव पूंजी पर स्थायी प्रभाव पड़ेगा, बढ़त थमेगी तो इनकी वार्षिक प्रगति धीमी हो सकती है। इस तरह लड़ाई पूर्ण युद्ध के तौर पर न हो और लंबी न चले तो भी छोटे-मध्यम संघर्ष में भी लक्ष्य हासिल करने की समय सीमा कुछ साल बढ़ जाएगी। प्रति-व्यक्ति आय जो अभी बुरी दशा में है और भी दयनीय आंकड़ा दर्शायेगा। मानव-पूंजी और निर्यात-क्षमता के क्षेत्र में जो क्षति होगी, उसका असर बरसों बरस तक बना रहेगा।

जन सामान्य के लिए खाना, ईंधन, परिवहन, रोजमर्रा की कई चीजों की कीमतें और बढ़ जाएंगी साथ में मुद्रास्फीति, मुनाफाखोरी और बेरोजगारी भी। इसके अलावा युद्ध की स्थिति में असुरक्षा के चलते मानसिक स्वास्थ्य संकट, समाज में ध्रुवीकरण और बेघर परिवारों की संख्या बढ़ने की आशंका भी विशेषज्ञ बताते हैं। अगर मौका देख चीन, बांग्लादेश पाक के साथ परोक्षतः भी आते हैं तो उत्तर-पूर्व, कश्मीर, पंजाब, राजस्थान वगैरह एक साथ कई मोर्चे खुल जाएंगे, ऐसे में सेना और उसके संसाधन बंटेंगे, लॉजिस्टिक्स की मांग और आपूर्ति में सेना को कतिपय कठिनाई पेश आयेगी। इसके अलावा ऐसी स्थिति में प्रभावित राज्यों में आवाजाही बंद होने से खेती, किसानी, उद्योग ठप होंगे तो गिरती स्थानीय अर्थव्यवस्था का असर देश पर भी पड़ेगा। नई पीढ़ी के युद्ध में साइबर और इनफॉर्मेशन वार हो अथवा इलेक्ट्रॉनिक और स्पेक्ट्रम युद्ध, हमारी तैयारी बढ़िया होने के बावजूद यह ध्यान में रखना चाहिये कि दुश्मन के पास चीन की सहायता मौजूद है। वह हमें कम समय के लिए ही बड़ी सांसत में डाल सकता है और कभी बड़ा नुकसान भी दे सकता है जो अंततः जनता को भुगतना होगा। चीन सीधे भारत-पाक के युद्ध में कब और किस रूप में खुलकर हस्तक्षेप करेगा, यह तो अंतर्राष्ट्रीय-राजनीतिक समीकरण यह तय करेंगे, पर वह भीतर ही भीतर सामरिक-सहायता जैसे लॉजिस्टिक्स, उन्नत किस्म की मिसाइलें, ड्रोन इत्यादि की अबाध आपूर्ति के अलावा अपने उपग्रहों से प्राप्त सटीक खुफिया जानकारी से पाकिस्तान को मदद करता रहेगा। खुले दुश्मन से ज्यादा खतरनाक और नुकसानदायक छिपा शत्रु होता है। हमें युद्ध की स्थिति में बहु-आयामी सावधानी बरतनी होगी। कहने का कुल सबब यह कि भले ही दुश्मन पाकिस्तान जैसा छोटा मुल्क ही क्यों न हो, हमें खूनी जंग की नौबत आने देने से बचते हुए ऐसे रास्ते निकालने चाहिये कि दुश्मन को बिना लड़े इस कदर पस्त कर दें कि वह जंग की सोचे भी नहीं।

### सोशल मीडिया

उत्तर प्रदेश विधानसभा का मानसूत्र सत्र संक्षिप्त होने के बावजूद केवल औपचारिकता पूर्ति वाला नहीं हो, बल्कि इसको सही से प्रदेश व जन हित में उपयोगी बनाना जरूरी है। मायावती.



जिस प्रकार की बातें इंडी गठबंधन और कांग्रेस पार्टी कर रही हैं, वह चोरी की बात नहीं, एक बल्कि पुरानी कहावत है कि चोर मचाये शोर, वाला काम कर रहे हैं। सुधांशु त्रिवेदी.



यशस्वी प्रधानमंत्री श्री मोदी जी द्वारा प्रारंभ किया गया हर घर तिरंगा अभियान आज पूरे देश में राष्ट्रभक्ति की एक सशक्त और भावनात्मक लहर बन चुका है। केशव प्र. मौर्य.



# मानवीय गुण

### अंतर्दृष्टि

भगवान से मांगने योग्य वस्तुएं श्रद्धा, हिम्मत, श्रमनिष्ठा, सच्चरित्रता, करुणा, ममता, पवित्रता और विवेकशीलता जैसी वे सद्भावना एवं सत्प्रवृत्तियां हैं जो विपन्नता को सम्पन्नता में बदल देती हैं और अभाव रहते हुए जिनके कारण विपुल सम्पन्नता का सुख अनुभव होता रहता है। प्रगति और सफलता का सारा आधार सद्गुणों पर अवलम्बित है। उनके बिना अकस्मात् किसी प्रकार कोई लाभ मिल भी जाये तो उसे संभालना और स्थिर रखना संभव न होगा। सदुपयोग केवल उस वस्तु का किया जा सकता है जो उचित मूल्य देकर उपार्जित की गयी है। अनायास बिना परिश्रम के मिली हुई सम्पत्ति का उपव्यय ही होता है और उससे अनेक व्यसन और उद्वेग पैदा होते हैं जिनके कारण वह उपलब्धि सुखदायक न होकर अनेक विपत्तियां और विकृतियां उत्पन्न करने का कारण बन जाती है। भगवान जिस पर प्रसन्न होते हैं उस सद्गुणों का उपहार देते हैं क्योंकि वे अपने आप में इतने महान हैं कि यदि साधन सम्पन्ता न भी हो, तो भी केवल उन सद्गुणों की सम्पदा के आधर पर मनुष्य सुखी समुन्नत और सम्मानित जीवन जी सकता है। यही दिव्य संपदाएं भगवान से मांगनी चाहिए। यही हैं वे विभूतियां जिन्हें वे अपने भक्तों को दिया करते हैं। भौतिक सफलताएं हमें अपनी भुजाओं और कलाइयों से मांगनी चाहिए। अपनी अकल को तेज करना चाहिए और सूझ बूझ से काम लेना चाहिए। अवरोध उत्पन्न करने वाली त्रुटियों को सुधारना चाहिए। सफलता का द्वारा खुल जायेगा। भगवान स्वयं अपनी विधि व्यवस्था में बंधे हुए हैं। उन्होंने इस संबंध में अपने आपके साथ तक कोई रियायत नहीं की, अपने सगे संबंधियों तक को छूट नहीं दी।

कर्मफल की व्यवस्था को ही सर्वत्र प्रधान रखा। ऐसा न होता तो कोई पुरुषार्थ करने के लिए ही क्यों होता और कुकर्मों से बचने के लिए किसी को आवश्यकता ही क्या पड़ती? प्रार्थना मात्र से सारी सुविधाएं मिल जाती तों फिर कठोर, कर्मठता के लिए कठिबद्ध होने की इच्छा ही क्यों होती? जिन मनुष्यों की वासनाएं शांत हो गयी हैं, उनके मन मंदिर में आठोयम प्रेम ज्योति प्रज्जवलित है। वे इन्द्रियों के दास नहीं, इन्द्रियां स्वयं उनकी दासता में रहती हैं। सांसारिक प्रपंच किसे कहते हैं, इससे उन्हें कोई प्रयोजन नहीं। वे समय पर धर्म की बेदी पर प्राण न्यौछावर करने के लिए तत्पर रहते हैं और धर्म संस्थापन के लिए ही जीवन है। सरलता, नम्रता, सहनशीलता, सम्प्रति ही उनके जीवन के मुख्य साधन हैं। उनमें अहं भव का नाम-मात्र भी नहीं होता। ऐसे मनुष्य सत्य की शीतल छाया में जीवन व्यतीत करते हैं।

# नैतिकता का स्वांग...

### व्यंग्यलोक

देखिए भाई साहब! अब बहुत हो गया ये हमसे नैतिकता दिखाते हुए इस्तीफे की मांग का स्वांग करना। अब शांत हो जाइए प्लीज! वर्ना कहीं आपका गला न पक जाए। अब नैतिकता के आधार पर हमसे इस्तीफे की मांग की आप लक्ष्मण रेखा न लांघिए तो अच्छा रहेगा हम सब के लिए। जनता अब यह शोर सुन बोर होने लगी है। अब अगर वहां उस हादसे के लिए हमने भी आपसे इस्तीफे की इसी तरह मांग की होती तो आपको बहुत बुरा लगता। पर हमने तब नैतिकता की सीमाओं में रहकर आपसे नैतिकता के आधार पर इस्तीफे की मांग की थी। यही हमारा धर्म है। एक दूसरे से इस्तीफा मांगने में शालीनता बनी रहे तो अच्छा लगता है। हम नहीं चाहते कि आपको हमारे सत्ता में होते हुए कुछ बुरा लगे। ऐसे में आपके विपक्ष में होते हुए हमें भी तो कुछ बुरा नहीं लगना चाहिए न! सत्ता में कभी हम, तो कभी आप! जनता तो सत्ता में आने से रही। देखिए, यहां सरकार हम हैं तो वहां आप। ये भी नहीं कि हम आपसे नैतिकता के आधार उस हादसे के लिए आपकी तरह गला फाड़ फाड़ कर इस्तीफा नहीं मांग सकते। आज आपके उसूल हों या न, पर हमारे आज भी कुछ उसूल है। आप हमारे मौसरे भाई हो। हादसे हो जाते हैं। हादसों का काम होना है और हमारा काम नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देने के बदले उन हादसों की निष्पक्ष न्यायिक जांच करवाना। ये बात तो आप भी जानते ही हो कि जब हादसों का कारण अपने ही बंदे हों तो हम उनकी निष्पक्ष जांच करवा अपने पांव पर कुल्हाड़ी कैसे मार सकते हैं? वह तो अधिकतर शरीफों के पांवों को ही लहूलुहान करती रही है न! बंधु! हम तुम उस बिरादरी से हैं जो इस्तीफा देने के बाद के दर्द को बहुत गहरे से समझते रहे हैं। पद से इस्तीफा देने के बाद घरवाले भी नहीं पूछते। नेता तभी तक सुहाता है जब तक वह कुर्सी पर हो। अतः यथार्थ के धरातल पर खड़े होकर हमारी जगह अपने को रख हमारी पीड़ा समझो बंधु! और हमें विश्वास है कि आप भी समझते होंगे। पर कई बार हम सत्ता पाने को लेकर अधिक ही मुंहफट हो जाते हैं। देखो, गिरा वो पुल और इस्तीफा दें हम? अब टकराईं वे रेलें और इस्तीफा दो आप? ये कहां का न्याय है? गिरे कोई, इस्तीफा दे कोई! गिरना जीवन की परिणति है। टकराना जीवन की जरूरत है। अरे जो हम इस्तीफा दे देंगे तो पुल के गिरने की, रेलों के भिड़ने की निष्पक्ष जांच कैसे होगी? अब रही बात पब्लिक कि तो सुनो डियर पब्लिक! हमने इन हादसों के लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान कर ली है। अब दिल पर हाथ रख पब्लिक टीवी देखती रहे कि इस्तीफा न देते हुए हम उनके विरूद्ध कैसे कड़े से कड़ा एक्शन लेते हैं?


अशोक गौतम

# इंग्लैंड में प्रसिद्ध कृष्णा कैसे शिखर तक पहुंचे



खेल जगत

हाल ही में सम्पन्न हुई भारत बनाम इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला के लीड्स टेस्ट की पहली पारी में प्रसिद्ध कृष्णा ने अपने 20 ओवर में 128 रन देकर 3 विकेट लिए थे। उनकी इकोनॉमी दर प्रति ओवर 6.4 रही जो किसी भी भारतीय गेंदबाज के लिए सबसे खराब है, जिसने टेस्ट की एक पारी में 120 गेंद या उससे अधिक डाली हों। उनसे पहले यह शर्मनाक रिकॉर्ड वरुण एरन के नाम था, जिन्होंने दिसम्बर 2014 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5.91 के इकोनॉमी दर से 23-1-136-2 की गेंदबाजी की थी। लीड्स टेस्ट में प्रसिद्ध की मैच इकोनॉमी दर 6.28 (35-0-220-5) किसी भी भारतीय गेंदबाज की तुलना में सबसे खराब रही, जिसने मैच में 200 से अधिक रन दिये हों। लेकिन जैसे जैसे इंग्लैंड के विरुद्ध श्रृंखला आगे बढ़ती रही, प्रसिद्ध की गेंदबाजी में सुधार आता गया और वह बेहतर गेंदबाजी करते रहे। ओवल टेस्ट की पहली पारी में उन्होंने 62 रन देकर चार विकेट लिए और फिर दूसरी पारी में भी 126 रन देकर 4 विकेट लिए, इस तरह उन्होंने 4.37 की इकोनॉमी दर से मैच में 188 रन देकर 8 विकेट लिए, जोकि उनका अब तक का सर्वश्रेष्ठ टेस्ट प्रदर्शन है।

ओवल टेस्ट में ऐसा पहली बार हुआ जब भारत के तेज गेंदबाजों ने दोनों पारियों में 4-4 विकेट लिए-मुहम्मद सिराज ने पहली पारी में 4 व दूसरी पारी में 5 विकेट लिए। इस लिहाज से देखें तो ओवल टेस्ट में भारत की 6 रन से शानदार, ऐतिहासिक व अविश्वसनीय जीत में प्रसिद्ध का योगदान भी किसी से कम नहीं था। दूसरे शब्दों में इंग्लैंड में प्रसिद्ध की गेंदबाजी का सफर शून्य से शिखर तक का रहा। बराबर (2-2) छूटी इस श्रृंखला में प्रसिद्ध ने कुल 14 विकेट लिए, जोकि जसप्रीत बुमराह के 14 विकेट के बराबर ही थे। इसके बावजूद इंग्लैंड की धरती पर श्रृंखला (जो जीत सी प्रतीत होती है) बराबर करने की सुर्खियां प्रसिद्ध को वैसी नहीं मिलीं जैसी शुभम गिल, मुहम्मद सिराज, ऋषभ पंत, केएल राहुल व यशस्वी जायसवाल के हिस्से में आयीं। वैसे इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि प्रसिद्ध का लिटमस टेस्ट तो इस साल के अंत में आयेगा, जब वह घरेलू स्थितियों में गेंदबाजी करेंगे। इसमें कोई दो राय नहीं हैं कि ओवल में प्रसिद्ध का प्रदर्शन उनके करियर को परिभाषित करने वाला रहा जो उन्हें भारत के कुलीन तेज गेंदबाजी क्लब (बुमराह, मुहम्मद शमी व सिराज) में शामिल कर सकता है। कर्नाटक के इस 29-वर्षीय तेज गेंदबाज के लिए इंग्लैंड का दौरा आग में तपकर कुंदन बनने वाला रहा। शुरूआत इतनी खराब रही कि प्रसिद्ध हर जगह गेंद फेंक रहे थे, जिससे श्रृंखला के पहले तीन टेस्ट में उनकी हर आठवीं गेंद सीमा के पार भेजी जा रही थी। भारतीय उपमहाद्वीप के अन्य लम्बे कद के गेंदबाजों की तरह प्रसिद्ध शोर्ट ऑफ द लेंथ गेंद करते हैं और डेक को इस उम्मीद में हार्ड हिट करते हैं कि परेशान करने वाला उछाल मिल जायेगा। इंग्लैंड की सपाट पिचों पर उनकी यह रणनीति बेअसर रही, बैटर्स को मालूम हो गया कि वह क्या गेंद करने वाले हैं। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज संजीव शर्मा ने बताया, 'इंग्लैंड में शुरूआती टेस्ट्स में प्रसिद्ध सही लेंथ हिट करने के लिए संघर्ष करते रहे। वह तेज गेंद तो डाल रहे थे लेकिन काफी छोटी डाल रहे थे, जिससे इंग्लैंड के बैटर्स उनकी गेंदों को आसानी से पुल या फ्लिक कर रहे थे।'

इसके बावजूद टीम प्रबंधन ने उनमें विश्वास दिखाया और उन्हें अंतिम महत्वपूर्ण टेस्ट की प्लेयिंग इलेविन में शामिल किया। प्रसिद्ध ने अपने चयन को न्यायोचित साबित किया और ओवल टेस्ट की जीत में अहम भूमिका अदा की। व्यक्तिगत तौरपर प्रसिद्ध के लिए यह सब आसान न था। उन्हें अपनी आदत के विपरीत जाकर अपनी मसल-मेमोरी को बदलना था। इंग्लैंड में गेंद को ऊपर पिच करना होता है ताकि बैटर को ड्राइव के लिए आमंत्रित किया जा सके। प्रसिद्ध को ओवल में आठ विकेट इसलिए मिले, क्योंकि वह अपनी लेंथ को होशियारी से बदल रहे थे। यह वास्तव में प्रशंसनीय रहा क्योंकि उन्हें शोर्ट बॉल करने की आदत है। इसका अर्थ है कि प्रसिद्ध का इंग्लैंड में एक गेंदबाज के रूप में विकास हुआ है। उनके विश्वास में भी वृद्धि हुई है और अब वह कुलीन क्लब का हिस्सा बनने के लिए तैयार हैं। ओवल के चौथे दिन जैकब बेथल का विकेट और पांचवें दिन जोश टंग का विकेट उन्होंने वास्तव में अच्छी व समझदारी भरी गेंदों के जरिये लिए। प्रसिद्ध अच्छे गेंदबाज बन गये हैं। अब जरूरत यह है कि वह निरंतरता के साथ अच्छी गेंदबाजी करें और अलग अलग स्थितियों के अनुरूप अपने आपको ढालें। **सारिम अन्ना.**

## आपकी बात

### स्वरोजगार को प्रोत्साहन

एक तरफ बेरोजगारी है और दूसरी तरफ कंपनियां यह दावे कर रही हैं कि उनको योग्य कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं। स्किल का यह डेफिसिट अगर कम हो तो रोजगार के मौके बढ़ेंगे। इसालिए सरकार को युवाओं को स्किल करने की कोशिश करनी चाहिए। बेरोजगारों को हुनरमंद कर रोजगार मुहैया कराने के लिए जो कौशल विकास मिशन संचालित है वह एनजीओ की लूटखसोट और सरकारी नियमों में फंस गया है। हर बेरोजगार को कुशल बनाने की जरूरत है लेकिन प्रदेश सरकार के कौशल विकास मिशन में प्रशिक्षण के लिए गरीबी रेखा से नीचे होना, स्वयं सहायता समूह से होना, गांव का होना जैसी तमाम बकवास भरे पड़े हैं। इसी कारण सरकारी योजनाएं सफल नहीं होती हैं। ऐसा लगता है कि जो सरकार में पहुंचता है उसकी बुद्धि कुंद हो जाती है। क्या इन खाये, पिये मोटाये लोगों को इतना भी नहीं पता है कि सबको रोजगार की जरूरत है इसलिए जो भी प्रशिक्षण लेना चाहे सबको मौका मिलना चाहिए। रोजगार को बढ़ावा देने के लिए पूरे देश में कौशल विकास मिशन योजना संचालित हैं जहां युवाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के लिए तैयार किया जाता है। सरकार ने रोजगार स्थापित करने के लिए मुद्रा योजना जैसी स्कीम भी लांच की है। लेकिन प्रायः यह देखने में आ रहा है कि कौशल विकास मिशन के नाम पर बहुत से संस्थान सिर्फ बजट का वारा-न्यारा करते हैं। ऐसे-ऐसे कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण केन्द्र चल रहे हैं जिनके पास ट्रेनिंग देने की बेसिक सुविधाएं तक नहीं हैं। ऐसे केन्द्रों से प्रशिक्षण हासिल करने वाले युवा दरअसल महज प्रमाण पत्र पाते हैं। उनका कौशल नहीं विकसित हो पाता है। इसलिए सरकार को कौशल विकास मिशन को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाना चाहिए। कौशल विकास मिशन में युवाओं की दक्षता बढ़ाने के लिए पीपीपी या एनजीओ मॉडल पर मिशन चलाने के बजाय स्थायी प्रशिक्षण केन्द्र खोलना चाहिए जहां कम से कम छह माह या फिर संबंधित ट्रेड में दक्षता हासिल करने के लिए जरूरी समय तक प्रशिक्षण दिया जाये। जब युवा स्वरोजगार के लिए ही प्रशिक्षण करने जाते हैं तो फिर उनको आधा अधूरा ट्रेनिंग अगर दिया जायेगा तो फिर वे आगे चलकर स्वरोजगार में भी विफल हो जायेंगे।

**वीरेंद्र कुमार सिंह, लखनऊ.**

### महानगरों में वायु प्रदूषण

केन्द्र सरकार ने श में वायु प्रदूषण की स्थिति क्या है यह हर जगह पता चल जाती है। महानगरों में वाहनों की रेलम-पेल, विकसित हो रहे दूसरे श्रेणी के शहरों में सड़क किनारे उड़ती धूल, नवनिर्माण और बेतरतीब जाम से वायु मंडल में प्रदूषित हवा का जो कॉकटेल बनता है, उसकी चपेट में आकर लोगों की सांसें थम रही हैं। अस्पताल सांस रोगियों से भरे हैं। बार-बार सर्दी, जुखाम, छींकते-खांसते लोग बता रहे हैं कि शहरों की आबो-दिन प्रतिदिन खराब हो रही है। एयर क्वालिटी को लेकर पूर्व में जो रिपोर्ट आयी है उसमें वैश्विक रैंकिंग में जहरीली हवा के मामले में देश के अनेक शहर जैसे लुधियाना, कानपुर से लेकर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली तक टॉप कर चुके हैं। इस बार बिहार का बेंगुसराय इस लिस्ट में टॉप पर है। स्विस संगठन आईक्यूएआई आर की वायु गुणवत्ता रिपोर्ट में भारत को दुनिया का तीसरा सबसे अधिक प्रदूषित देश बताया गया है। इस लिस्ट में दूसरे स्थान पर पाकिस्तान और पहले स्थान पर बांग्लादेश है। अर्थात दुनिया के सबसे प्रदूषित देशों की सूची में पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर बांग्लादेश, पाकिस्तान और भारत हैं। ये तीनों देश सात दशक पहले एक ही थे इसलिए यह कहा जा सकता है कि नगर नियोजन यातायात प्रबंधन, सड़कों के रखरखाव, लापरवाही और डस्ट की समस्या पर गंभीरता नहीं है। इसीलिए दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में बेंगूसराय सबसे ऊपर है, लेकिन राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की हालत भी बहुत खराब है। प्रदूषण की समस्या देश में बहुत जटिल है।

**अभिषेक श्रीवास्तव, लखनऊ.**

संक्षेप

## रामायण मेला की तैयारियों पर मंथन

**अयोध्या।** रामायण मेला समिति अयोध्या की बैठक मणिराम छावनी में महन्त नृत्य गोपाल दास जी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में आगामी 24 नवम्बर से 27 नवम्बर 2025 तक अयोध्याधाम के नया घाट स्थित रामकथा पार्क में आयोजित होने वाले रामायण मेला की तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक में पिछले वर्ष के आय और व्यय का विवरण रामायण मेला समिति के संयोजक आशीष मिश्रा ने प्रस्तुत किया। बैठक में रामायण मेला को विस्तृत करने का प्रस्ताव पूर्व सांसद एवं रामायण मेला समिति के संरक्षक डॉ0 निर्मल खत्री ने प्रस्ताव रखते हुए कहा कि रामायण मेला को और अधिक विस्तृत और आकर्षक बनाने के लिए प्रयास किया जाना चाहिए।

उन्होंने यह भी कहा कि प्रवचन सत्र को अधिक विस्तृत और आकर्षक बनाने के लिए प्रयास किया जाना चाहिए।

प्रवचन सत्र के लिए डॉ0 राघवाचार्य, डॉ0 सुनीता शास्त्री, और महंत अवधेश दास को जिम्मेदारी सौंपी गई है। बैठक में सांस्कृतिक कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने के लिए उत्तर प्रदेश के पर्यटन मंत्री और मुख्यमंत्री से निवेदन करने का प्रस्ताव रखा गया।

# तैयार हो रहा अत्याधुनिक पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी संस्थान

- **करीब 40 करोड़ की लागत से राजकीय निर्माण निगम कर रहा विशाल परियोजना का निर्माण, युवाओं को मिलेगा आधुनिक शिक्षा व शोध का केंद्र**
- **प्रशासनिक भवन, अत्याधुनिक एकेडमिक ब्लॉक, अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं और रिसर्च सेंटर से लैस होगा संस्थान**



**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व अयोध्या को न केवल आध्यात्मिक, बल्कि तकनीकी शिक्षा का भी प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रही है। अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के समीप एक अत्याधुनिक केंद्रीय पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी संस्थान (सीपेट) का निर्माण कार्य जोरों पर है। करीब 40 करोड़ रुपये की लागत से राजकीय निर्माण निगम द्वारा विकसित इस विशाल परियोजना से अयोध्या को एक नया तकनीकी हब मिलेगा, जो युवाओं को उच्च तकनीकी शिक्षा और शोध के अवसर प्रदान करेगा। यह संस्थान प्रदेश के युवाओं को वैश्विक स्तर की तकनीकी दक्षता से जोड़कर उत्तर प्रदेश को औद्योगिक और शैक्षिक क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।यह संस्थान अयोध्या के शैक्षिक परिदृश्य को बदलने वाला साबित होगा। इसमें प्रशासनिक भवन, अत्याधुनिक एकेडमिक ब्लॉक, आधुनिक प्रयोगशालाएं, और एक समर्पित रिसर्च सेंटर स्थापित किया जाएगा। ये सुविधाएं विद्यार्थियों को पेट्रोकेमिकल्स और प्लास्टिक इंजीनियरिंग के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों से परिचित कराएंगी। संस्थान में स्किल ट्रेनिंग सेंटर और कॉमन फैसिलिटी सेंटर (सीएफसी) भी होगा, जो उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप प्रशिक्षण प्रदान करेगा। स्थानीय लोगों और विद्यार्थियों में इस परियोजना को लेकर उत्साह है। यह संस्थान अयोध्या को एक वैश्विक शैक्षिक केंद्र के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।परियोजना के पूर्ण होने पर यह न केवल तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देगा, बल्कि क्षेत्र में निवेश और रोजगार सृजन को भी गति देगा। तकनीकी शिक्षा ही भविष्य की नींव है। अयोध्या के विद्यार्थियों को पेट्रोकेमिकल्स और आधुनिक इंजीनियरिंग तकनीकों में दक्ष बनाकर, हम न केवल प्रदेश बल्कि पूरे देश के लिए कुशल मानव संसाधन तैयार कर रहे हैं।

यह संस्थान पूर्वांचल के युवाओं को नई उड़ान देगा और उन्हें प्लास्टिक, पेट्रोकेमिकल और आधुनिक इंजीनियरिंग क्षेत्रों में अपनी पहचान बनाने का अवसर देगा। परियोजना के पूरा होने पर अयोध्या का यह केंद्र तकनीकी शिक्षा और रोजगार के नए द्वार खोलेगा।प्रशासनिक भवन (जी$1) का कार्य लगभग पूरा हो गए है। फिनिशिंग चल रही है। एकेडमिक भवन का 85 फीसदी, रिसर्च प्रोसेसिंग एन्ड टूल लैब का 90 फीसदी कार्य पूरा हो गए है। ब्वायज हॉस्टल 45 फीसदी, गर्ल्स हॉस्टल का 70 फीसदी, डायरेक्टर रेजीडेंस का 75 फीसदी, श्रेणी 2 के चार नग आवास का 60 फीसदी कार्य पूरा हो गए है। आंतरिक मार्ग व बाउंड्रीवाल तैयार हो चुकी है। इसके अलावा कुछ कार्य ऐसे हैं, जिन पर कार्य शुरू होना है।

## लाइब्रेरी ज्ञान का केंद्र बिंदुः प्रो. सिद्धार्थ शुक्ल

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के केन्द्रीय पुस्तकालय मे डॉ. एसआर रंगनाथन के जन्मदिवस के अवसर पर राष्ट्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस मनाया गया। केन्द्रीय पुस्तकालय के पुस्तकालयाध्यक्ष प्रो. सिद्धार्थ शुक्ल ने सभी को शुभकामनाएं देते हुये बताया कि लाइब्रेरी ज्ञान का केंद्र बिंदु है। जहां राष्ट्र के भविष्य का निर्माण होता है। प्रो. शुक्ल ने कहा कि डॉ एसआर रंगनाथन के अनुसार पुस्तकालयाध्यक्ष केवल पुस्तकों का रक्षक नहीं है, अपितु वह ज्ञान का वाहक और विचारों का प्रसारक भी है जिसके अमूल्य योगदान के कारण अनगिनत लोग अपनी राह पाते है और अपने सपनो को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ते है। इस विशेष दिवस पर हम सभी पुस्तकालयाध्यक्षों के अमूल्य योगदान को नमन करते है और कामना करते है, कि वे इसी प्रकार ज्ञान की रोशनी का निरन्तर समाज में प्रचार प्रसार करते रहे। सम्पूर्ण समाज को नई दशा और दिशा मिलेगी। इस अवसर पर कौशल किशोर मिश्र, रामनिवास गौड, डॉ. अनिल सिंह, आशीष जायसवाल, अमित वर्मा, तौसीफ खान, एराफ वेग आदि उपस्थित रहे।

## तिरंगा देश की संप्रभुता, एकता और अखण्डता का प्रतीकः इं. अरुण कुमार



**जैद्पुर, बाराबंकी।** खुशहालपुर स्थित सहयोगी इण्टर कालेज मे हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत विशाल तिरंगा यात्रा का शुभारम्भ प्रबन्धक इं0 अरुण कुमार वर्मा ने किया। यात्रा मे छात्र-छात्राओ द्वारा हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग के संबंध में नारे लगाते हुये ग्रामीणो को जागरुक किया। इस मौके पर प्रबन्धक श्री वर्मा ने छात्र-छात्राओ को सम्बोधित करते हुये कहा कि हर घर तिरंगा अभियान देश के प्रति जिम्मेदारी समझने, सामाजिक सद्भाव बढ़ाने एंव राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने का एक प्रयास है। यह तिरंगा झण्ड़ा हमारे देश की संप्रभुता, एकता एंव अखण्ड़ता का प्रतीक होता है। इस मौके पर अनुज वर्मा, अपूर्व वर्मा, प्रधानाचार्य शमशेर सिंह, धमानंद, राजेश वर्मा, निर्मल वर्मा, विनोद आदि मौजूद रहे।

## पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना का लाभ उठायें कृषक

**बहराइच ।** जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चैधरी ने बताया कि पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना अन्तर्गत जनपद में खरीफ 2025-26 मौसम में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं पुर्नगठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। पुर्नगठित मौसम आधारित फसल बीमा योजनान्तर्गत खरीफ मौसम के लिए विकास खण्ड जरवल, कैसरगंज, फखरपुर, विशेश्वरगंज एवं रिसिया हेतु केला फसल अधिसूचित है। अधिसूचित केला फसल हेतु प्रामियम की दर 05 प्रतिशत, प्रीमियम की धनराशि प्रति हे. रू. 7500.00 है। गैर ऋणी कृषकों हेतु योजना की अन्तिम तिथि 14 अगस्त एवं ऐसे ऋणी कृषकों जिनके के.सी.सी/क्राप लोन जो जुलाई, 2025 तक स्वीकृति/नवीनीकरण हुए हैं, के लिए अन्तिम तिथि 30 अगस्त 2025 निर्धारित है। श्री चैधरी ने बताया कि जनपद के लिए फसल बीमा के लिए इफको टोकियो जनरल इंश्योरेन्स कम्पनी लिमिटेड नामित है। इच्छुक कृषक बीमा कम्पनी के मोबाइल नम्बर 7065511447 पर सम्पर्क आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## ऑनलाइन गतिविधियों में सतर्कता और जागरूकता बहुत जरूरीः राजन यादव



**बाराबंकी।** पटेल महिला डिग्री कालेज प्रागंण में इनरव्हिल क्लब के तत्वाधान मे साइबर अपराध से बचाव एंव जागरुकता विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला मे साइबर एक्सपर्ट आरक्षी राजन यादव ने छात्राओ को जागरुक करते हए कहा कि बैंक द्वारा कभी भी केवाईसी अपडेट कराने के लिए मोबाइल फोन से व्यक्तिगत जानकारी, ओटीपी, सीवीसी, पिन नम्बर नहीं मांगा जाता है। यदि ऐसी कोई कॉल आए तो व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें। किसी अनजान व्यक्ति के कहने से कोई भी ऐप डाउनलोड न करें। किसी भी वेबसाइट पर व्यक्तिगत जानकारी साझा करने से पहले अच्छी तरह से जांचे। ऑनलाइन सेवाएं प्रदान करने वाली कम्पनियों व सरकारी विभाग के कस्टमर केयर का नम्बर आधिकारिक वेबसाइट से ही प्राप्त करें। किसी से पैसा प्राप्त करते समय अपनी यूपीआई आईडी, पासवर्ड न डालें, पैसा प्राप्त करते समय इसकी आवश्यकता नहीं होती है। अपने सोशल मीडिया एकाउण्ट व बैंक खातों का पासवर्ड मजबूत बनाएं जिसमें नम्बर, अक्षर व चिन्ह तीनों हो। साथ ही टू-स्टेप वेरीफिकेशन लगाए रखें।साइबर धोखाधड़ी होने पर तत्काल हेल्पलाइन नम्बर 1930 एव वेबसाइट पर शिकायत दर्ज कराये। कार्यशाला मे निरीक्षक संजीव कुमार यादव, निरीक्षक अच्छे लाल सरोज, आरक्षी सुधाकर भदौरिया मौजूद रहे।

# संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज में अव्यवस्थाओं की हुई शिकायत

- **डिप्टी सीएम और स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक को सौंपा गया 8 सूत्रीय ज्ञापन**
- **सौ शैय्या अस्पताल में अनवरत चल रही है लापरवाही व मनमानी**



**मिल्कीपुर-अयोध्या।** नगर पंचायत कुमारगंज स्थित संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज में अनवरतचल रही अव्यवस्थाओं एवं सीएमएस की मनमानीका मामला अब प्रदेश के डिप्टी सीएम एवं स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक के दरबार जा पहुंचा है। तिरंगा यात्रा में शामिल होने कुमारगंज पहुंचे डिप्टी सीएम बृजेश पाठक को कुमारगंज के व्यापारी नेता दिनेश कौशल ने 100 सैय्या संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर आठ सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा और क्षेत्रवासी लोगों के कल्याणार्थ स्थापित किए गए अस्पताल में बदहाल स्वास्थ्य सेवाएं बहाल कराए जाने की गुहार की। ज्ञापन में प्रमुख रूप से एक्सरे कराने वाले मरीजों को फिल्म न दिए जाने, अस्पताल पर जरूरी दवाएं उपलब्ध न होने एवं अस्पताल के सीएमएस की मनमानी सहित डॉक्टरों के समय से अस्पताल में न उपस्थित रहने की शिकायतें शामिल रहीं।ज्ञापन मिलने के बाद डिप्टी सीएम ने तत्काल प्रभावी कार्रवाई कराए जाने का आश्वासन क्षेत्रवासी शिकायतकर्ता व्यापारियों एवं लोगों को दिया।

# नगर निगम की तिरंगा यात्रा ने जन-जन में पिरोया राष्ट्र प्रेम का जज्बा

- **महापौर ने नगर आयुक्त संग की तिरंगा यात्रा की अगुवाई, लगाए भारत माता के जयकारे**




**अयोध्या।** अगस्त क्रांति के मौके पर नगर निगम कार्यालय से निकली तिरंगा यात्रा ने जन-जन में राष्ट्र प्रेम का जज्बा पिरोया। देश भक्ति से ओतप्रोत गीतों के बीच यात्रा की अगुवाई महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी एवं नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने की। इस मौके पर सैकड़ों लोगों ने भारत माता के जयकारे लगाए। बुधवार को सायंकाल लगभग 5:00 बजे बड़ी तादाद में लोग नगर निगम कार्यालय के सामने इकट्ठा हुए। इस दौरान महापौर ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने भारतवासियों में राष्ट्रभक्ति पिरोने के साथ स्वतंत्रता आंदोलन में अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले महापुरुषों के प्रति श्रद्धा की भावना भरने के लिए तिरंगा यात्रा का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर हम उन्हें नमन करते हैं जिनकी बदौलत हम स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। महापौर ने नगर आयुक्त के साथ तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाई और इसी के साथ उनकी अगुवाई में राष्ट्रभक्तों की टोली मंगल पांडेय चैक की ओर बढ़ चली। हर हाथ में तिरंगा और भारत माता की जय किनारे लगाते हुए यात्रा रिकाबगंज चैराहा होते हुए मंगल पांडे चैक पहुंची। यहां शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस यात्रा में उपसभापति राजेश गौड़, विशाल पाल, हरिश्चंद्र गुप्त, अनिल सिंह, संतोष सिंह, सौरभ सिंह सूर्यवंशी आदि उपस्थित रहे।

# आबकारी निरीक्षक की दस्तक से शराब माफियाओं में मचा हड़कम्प

- **देशी-कंपोजिट दुकान के निरीक्षण मे स्टाक-ब्रिकी रजिस्टर की गहनता से जांच**
- **सीसीटीवी, पीओएस मशीन से ब्रिकी, साफ-सफाई व्यवस्था दुरस्त रखने के दिये निर्देश**
- **30 लीटर कच्ची शराब व 3.6 लीटर देशी विंडीज ब्रांड बरामद**



**बाराबंकी।** कच्ची शराब एंव राजस्व को चूना लगाने वाले माफियाओ के खिलाफ आबकारी आयुक्त के निर्देश पर चलायें जा रहें विशेष प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत आबकारी विभाग ने सख्त कार्यवाही की। जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर के नेतृत्व मे आबकारी निरीक्षक सर्किल रामसनेहीघाट लक्ष्मीचंद पाल की टीम ने थाना टिकैतनगर के ग्राम बेलखरा, आल्हनमऊ, थाना रामसनेहीघाट अन्तर्गत बड़ेल नारायनपुर समेत 14 संदिग्ध ठिकानो मे दंबिश दी। दंबिश के दौरान 30 लीटर कच्ची शराब एंव 3.6 लीटर देशी विंडीज ब्राड़ को बरामद किया गया। मौके पर 450 किलोग्राम तैयार लहन को नष्ट किया गया। 2 अभियोग पंजीकृत करते हुये 1 अभियुक्त को जेल भेजा।

इसके उपरान्त आबकारी निरीक्षक ने देशी शराब खमौली, नियामतगंज, कुशभर, लालपुर गुमान एंव कंपोजिट दुकान बरई, नियामतगंज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आबकारी निरीक्षक ने स्टाक-ब्रिकी रजिस्टर की गहनता से जांच की। तथा लाइसेन्सियो व सेल्समैनो को सीसीटीवी, पीओएस मशीन से ब्रिकी किये जाने, साफ-सफाई व्यवस्था दुरस्त रखने को लेकर सख्त निर्देश दिये। दंबिश देने वाली टीम मे प्रधान सिपाही दीप नारायण वर्मा, सिपाही दीपक मिश्रा, सिपाही विशाल सिंह, महिला सिपाही माधुरी तिवारी मौजूद रहे।

# नीति आयोग के सूचकांकों की डीएम ने की समीक्षा



**बहराइच ।** आकांक्षी जनपदों के लिए नीति आयोग द्वारा निर्धारित सूचकांकों की समीक्षा के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने स्वास्थ्य एवं पोषण इंडीकेटर्स की समीक्षा के दौरान निर्देश दिया कि आशावार प्रगति की समीक्षा की जाये। निष्क्रिय एवं न्यून प्रगति वाली आशाओं को चिन्हित कर उनके विरूद्ध कार्रवाई भी की जाय। डीएम ने निर्देश दिया कि वीएचएसएनडी सत्रों को मानक के अनुसार संचालित करें तथा समस्त लॉजिस्टिक की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। डीएम ने कहा कि सभी पर्यवेक्षणीय अधिकारी वीएचएसएनडी सत्र का भ्रमण करें और यदि सत्र में कोई कमी पायी जाती है उसमें सुधार लाया जाय। सैम मैम बच्चों को चिन्हित कर उन्हें सूचीबद्ध कर उनकी ट्रैकिंग एवं फालोअप कर उन्हें स्वस्थ बच्चों की श्रेणी में लाया जाय।

शिक्षा की समीक्षा करते हुए डीएम ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिया कि ब्लाकवार माध्यमिक विद्यालयों की सूची तैयार कर यू-डायस डाटा को इम्पोर्ट कराया जाय। कक्षा 08 उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं ने किन विद्यालयों में प्रवेश लिया है उनका विवरण रखा जाय तथा छूटे हुए बच्चों को प्रवेश भी दिलाया जाय। आईसीडीएस विभाग को निर्देश दिया गया कि 11 से 14 वर्ष आयु वर्ग की स्कूल न जाने वाली बालिकाओं को चिन्हित कर उन्हें विद्यालयों में प्रवेश दिलाये तथा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से भी बालिकाओं को आच्छादित किया जाय। डीआईओएस को निर्देश दिया गया कि जिला पुस्तकालय को डिजिटल पुस्तकालय के रूप में विकसित किया जाय तथा पुस्कालय के संचालन में नगर पालिका परिषद से भी सहयोग लिया जाय। कृषि सेक्टर की समीक्षा के दौरान डीएम ने केसीसी की संख्या बढ़ाये जाने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

## जिला सैनिक बंधु की बैठक 20 को

**बहराइच ।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी अवकाश प्राप्त कर्नल एम.सी. ध्यानी ने बताया कि जनपद के सभी पूर्व सैनिकों, पूर्व सैनिकों की पत्नियों एवं उनके आश्रितों के भूमि विवाद, पुलिस सुरक्षा, बैंक ऋण, शिक्षा, चिकित्सा, आर्थिक अनुदान व अन्य प्रकार की समस्याओं के निस्तारण हेतु 20 अगस्त 2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला सैनिक बन्धु की बैठक आहूत की गई है। श्री ध्यानी ने सभी सम्बिन्धत से अपेक्षा की है कि यदि कोई समस्या हो तो बैठक से पूर्व लिखित प्रार्थना-पत्र जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय में उपलब्ध करा दें अथवा प्रार्थना-पत्र के साथ बैठक में समय से प्रतिभाग करें।

## ऑपरेशन सिंदूर ने भारत के आत्मनिर्भर होने का परिचय दियाः रामबाबू द्विवेदी



**रामनगर, बाराबंकी।** विधानसभा क्षेत्र रामनगर के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री रामबाबू द्विवेदी के नेतृत्व मे वंदे मातरम, भारत माता की जय के नारों के साथ भाजपा कार्यालय से तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री श्री द्विवेदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने भारत के आत्मनिर्भर होने का परिचय दिया है। इस देश की आन बान और शान तिरंगा है, जिसको बनाए रखने के लिए देश के 150 करोड लोग मर मिटने के लिए तत्पर हैं। यात्रा के दौरान संजय तिवारी, रामशरण पाठक, अलका मिश्रा, शिव गोविंद अवस्थी, अमित सिंह, कमलेश अवस्थी, अशोक शुक्ला, दीपू अवस्थी, महेश तिवारी, रंजीत कौशल, कुलदीप सिंह, श्रवन शुक्ला कमलेश पाण्डे, अमित अवस्थी, प्रदुमन बाजपेई मौजूद रहे।

## 10 टन क्षमता की आयल एक्सटैक्शन यूनिट प्राप्त कर सकती हैं सहकारी समितियां

**बहराइच ।** उप कृषि निदेशक विनय कुमार वर्मा ने बताया कि केन्द्र पुरोनिधानित नेशनल मिशन ऑन एडिबिल योजना अन्तर्गत एग्रीदर्शन डाट यूपी डाट जीओवी डाट इन व यूपीएफपीओशक्ति पोर्टल डाट यूपी डाट जीओवी डाट इन पर पंजीकृत एफ.पी.ओ./सहकारी समितियों हेतु 10 टन क्षमता की आयल एक्सटैक्शन यूनिट की स्थापना कराये जाने पर प्रोजेक्ट की कीमत का 33 प्रतिशत अधिकतम रू. 09 लाख 90 हजार तक का अनुदान अनुमन्य है।

कम्पनी अधिनियम/सहकारिता अधिनियम के अन्तर्गत ऐसे पंजीकृत एफ.पी.ओ. जिनका तीन वर्षो का अनुभव व 200 कृषक सदस्य हों, विगत तीन वर्षो में औसत कारोबार रू. 09 लाख से अधिक हो एवं कृषको की 03 लाख की इक्विटी हो, योजनान्तर्गत पात्र होंगे।

# पारंपरिक भव्यता और दिव्यता के साथ मनाया जाये देवा मेला और प्रदर्शनीः जिलाधिकारी

- **देवा मेला 2025 की तारीख तय, 8 से 17 अक्टूबर तक होगा भव्य आयोजन**



**बाराबंकी।** कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में देवा मेला एवं प्रदर्शनी समिति की बैठक हुई। बैठक मे जिलाधिकारी ने कहा कि देवा मेला-2025 को पारंपरिक भव्यता और दिव्यता के साथ आयोजित किया जाये। और सभी तैयारियां समय पर पूरी हों। ताकि प्रदेशो से आने वाले मेलार्थी मेला का आनंद ले सकें। आयोजन 8 अक्टूबर से शुरू होकर 17 अक्टूबर तक किया जाएगा।

जिसमे प्रतिदिन धार्मिक, सांस्कृतिक और मनोरंजन से भरपूर कार्यक्रम, मुशायरा, कवि सम्मेलन, रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, खेलकूद प्रतियोगिताएं और विशेष सांस्कृतिक संध्या शामिल रहेगे। जिलाधिकारी ने कहा कि मेला क्षेत्र में सुरक्षा, यातायात, सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और मंच सज्जा जैसी सभी सुविधाओं के लिए स्थायी व अस्थायी उप-समितियों का गठन किया जाएगा। जनता की सुविधा के लिए मेला परिसर में जलपान, पेयजल, विश्राम स्थल, शौचालय और चिकित्सा जैसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायेगी। मेला के आय स्त्रोतों में पशु-बाजार के टेंडर, अस्थायी दुकानों व स्टॉलों का किराया व व्यय में मंच सज्जा, टेंटेज, बिजली, सांस्कृतिक कार्यक्रम, कलाकारों का पारिश्रमिक, प्रचार-प्रसार, सुरक्षा और सफाई जैसी व्यवस्थाएं सम्मिलित होंगी। बैठक मे अस्थायी दुकानदारों, कलाकारों और पशु व्यापारियों से लिये जाने वाले शुल्क (शुल्कनाम) में आवश्यक संशोधन का प्रस्ताव भी रखा गया।

बैठक के अंत मे समिति के संयुक्त सचिव रहे स्व. राजा आनंद सिंह के आकस्मिक निधन पर शोकसभा आयोजित कर 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक मे अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/समिति सचिव अरुण कुमार सिंह समेत समिति पदाधिकारी मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में फैमिली आईडी की समीक्षा बैठक

बहराइच । जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी कलेक्ट्रेट सभागार में फैमिली आईडी की समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिया कि ऐसे विभाग जिसमें अधिकारियों, कर्मचारियों की संख्या अधिक हो उन विभागों के साथ साप्ताहिक अलग से बैठक कर प्रेरित किया जाय कि सभी अधिकारी, कर्मचारी अपना फैमिली आईडी बनवाये। बैठक में वर्चुअली प्रतिभाग कर रहे एसडीएम व बीडीओ को भी निर्देश दिये गये कि विशेष प्रयास कर अधिक से अधिक लोगों का फैमिली आईडी बनवाया जाय ताकि जनपद के लिए निर्धारित लक्ष्य को समय से पूर्ण कर लिया जाय। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम से आच्छादित न होने वाले ऐसे परिवार जो राशनकार्ड के पात्र नहीं हैं, उन्हें फैमिली आई.डी. पोर्टल ह्यह्यफैमलीआईडी डाट यूपी डाट जीओवी डाट इन के माध्यम से फैमिली आईडी उपलब्ध कराने हेतु व्यवस्था की गयी है। भविष्य में सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु फैमिली आई.डी. लोगों के लिए सहायक होगी। प्रदेश में अध्यासित ऐसे परिवार जो सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त नहीं कर रहे हैं वे भी स्वेच्छा से फैमिली आईडी प्राप्त कर सकते हैं।उन्होनें बताया कि फैमली आईडी बनवाने की प्रक्रिया बहुत ही सरल और आसान है। इच्छुक व्यक्ति घर बैठे फैमली आईडी बनवा सकते हैं। फैमिली आईडी आवेदन करने के लिए इच्छुक व्यक्ति को फैमिली आई.डी. पोर्टल ह्यह्यफैमलीआईडी डाट यूपी डाट जीओवी डाट इन क्लिक करना होगा। क्लिक करने के पश्चात सामने खुलने वाले पेज पर नाम, आधार से लिंक मोबाइल नंबर, निवास व अन्य व्यक्तिगत जानकारी भरकर सबमिट करने पर मोबाइल पर ओटीपी प्राप्त होगा।

## स्वास्थ्य टीमों ने की मरीजों की जांच, निःशुल्क दवाओं का वितरण



**बाराबंकी।** विकास खंड पूरेडलई के तटवर्ती क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी और एडीएम अरुण कुमार के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीमो ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर लगाया। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी राजीव सिंह व टिकैतनगर सीएचसी चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर विजय पटेल के नेतृत्व मे डाक्टरो की टीमो ने शिविर मे ग्राम गुनौली मे 40, टिकरी मे 70, ढेमा मे 60, और कोयलावर में 30 मरीजों की जांच की। तथा सभी मरीजों को मुफ्त दवाएं व बच्चों का टीकाकरण किया।

संक्षेप

## रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव

**जगदीशपुर, अमेठी।** रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव पड़ा देख घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ सुल्तानपुर रेल ट्रैक पर स्थित बड़ागांव के निकट सुबह एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा। इस संबंध में जगदीशपुर थाना प्रभारी राघवेंद्र ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है फिलहाल शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है अन्य आवश्यक कार्यवाई जारी है।

## दिल्ली में रह रहे युवक ने लगायी फांसी

**महराजगंज, रायबरेली।** क्षेत्र के बैसन का पुरवा मजरे हलोर गांव निवासी एक 22 वर्षीय युवक दिल्ली में अपने पिता के साथ रहता था। मेहनत मजदूरी कर जीवन यापन करता था। मंगलवार को घर पर अकेला ही था, और उसका शव घर के कमरे में रस्सी के फंदे से लटकता पाया गया। क्षेत्र के बैसन का पुरवा मजरे हलोर गांव का 22 वर्षीय आशू दिल्ली में अपने पिता श्याम लाल के साथ रह कर मजदूरी करता था, मंगलवार को पिता के बाहर जाने के बाद कमरे में अकेले आशू का शव रस्सी के फंदे से लटकता मिला सूचना मिलने पर दिल्ली पुलिस ने शव को फंदे से उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव को बुधवार को गांव लाया गया आशू की 2 साल पहले शादी हुई थी व नाग पंचमी के त्योहार के बाद ही दिल्ली लौटा था, छोटे भाई सत्यम के अनुसार आशू पिछले दो साल से पिता के साथ दिल्ली में मजदूरी कर रहा था शव घर पहुंचने पर परिवार में कोहराम मच गया है।

## एसडीएम ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण

**रायबरेली।** एसडीएम (न्यायिक) डलमऊ सराह असरफ द्वारा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत बाढ़ चौकी पुर गौतमन, मजरे कनहा, मिया टोला व अनिमेष बाग का निरीक्षण कर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में भ्रमण कर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके पश्चात कान्हा गौशाला डलमऊ का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को देखा गया। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र ग्राम डंगरी में उपकेंद्र जहांगीराबाद सीएचसी डलमऊ द्वारा स्वास्थ्य कैंप आयोजित किया गया तथा स्वास्थ्य विभाग की टीम ने क्षेत्र का भ्रमण किया। उन्होंने बताया अभी कोई भी क्षेत्र बाढ़ से प्रभावित नहीं है किसी गांव या खेत में बाढ़ का पानी नहीं आया है। इस अवसर पर नायाब तहसीलदार वीरेंद्र सिंह सहित संबंधित ग्राम प्रधान, राजस्व निरीक्षक, क्षेत्रीय लेखपाल व क्षेत्रीय निवासी उपस्थित रहे।

## 8 हजार नकद और जेवरात चोरी

**रायबरेली।** हरचंदपुर थाना क्षेत्र के कटरा जोहवाशर्की गांव में चोरी की घटना सामने आई है। चोरों ने देर रात घर की दीवार काटकर वारदात को अंजाम दिया। अमरनाथ के घर से चोर 8 हजार रुपये नकद और सोने-चांदी के जेवरात लेकर फरार हो गए। घटना के समय अमरनाथ अपने घर में सो रहे थे। चोरों ने घर के पिछले हिस्से की दीवार काटकर कमरे में प्रवेश किया। इस दौरान घर के अन्य सदस्यों को कोई जानकारी नहीं हुई। थाना क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में आक्रोश है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। सब इंस्पेक्टर मालिक राम साहनी ने बताया मामले कीजांच की जा रही है।

# तिरंगा केवल झंडा नहीं, बल्कि हमारी आजादी, बलिदान व एकता का प्रतीक

## स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में भाजपा के तत्वावधान में निकाली गयी तिरंगा यात्रा



**सलोन, रायबरेली।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में बुधवार को क्षेत्रीय विधायक अशोक कुमार के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गयी। तिरंगा यात्रा में सैकड़ों कार्यकर्ता, महिलाएं, बच्चे एवं स्थानीय नागरिक उत्साहपूर्वक शामिल हुए।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक अशोक कुमार ने कहा कि तिरंगा केवल एक झंडा नहीं, बल्कि यह हमारी आजादी, बलिदान और एकता का प्रतीक है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि देश की स्वतंत्रता को बनाए रखने के लिए हमें हमेशा एकजुट रहकर देशहित में कार्य करना चाहिए। उपजिलाधिकारी चंद्रप्रकाश गौतम, तहसीलदार दीपिका सिंह, सहित पुलिस बल ने कार्यक्रम में सुरक्षा एवं व्यवस्था की जिम्मेदारी संभाली। तिरंगा यात्रा कस्बे के विकास खण्ड सलोन मुख्य मार्गों से होते हुए विभिन्न मोहल्लों से गुजरी और डाक बंगले पहुंचकर यात्रा का समापन किया गया। कस्बे के लोगो ने स्थान-स्थान पर पुष्पवर्षा कर तिरंगा यात्रा का स्वागत किया कार्यक्रम में मण्डल अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, कार्यकर्ता वीरू सिंह, रोहित गुप्ता, आकाश सिंह सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। यात्रा के दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम् और तिरंगे के सम्मान में गगनभेदी नारे लगाए गए, जिससे पूरा क्षेत्र देशभक्ति के रंग में रंग गया।

**तहसील डलमऊ व नगर पंचायत सलोन में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन**

**रायबरेली।** हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को तहसील डलमऊ एवं नगर पंचायत सलोन में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा में हजारों की संख्या में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं, शिक्षक, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि एवं आमजन उत्साहपूर्वक शामिल हुए। तिरंगा यात्रा मुख्य मार्गों से होते हुए नगर के विभिन्न चैराहों से गुजरी। इस दौरान प्रतिभागियों ने हाथों में तिरंगा लिए देशभक्ति के नारों के साथ जनमानस में राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया। पूरे मार्ग में तिरंगे की शोभायात्रा देखते ही बन रही थी।

यात्रा में बुद्धजीवियों ने तिरंगे के महत्व और स्वतंत्रता संग्राम में उसके योगदान पर प्रकाश डाला। तिरंगा यात्रा के सफल आयोजन में स्थानीय प्रशासन, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग एवं नगर के नागरिकों का विशेष सहयोग रहा।

## डीआईओएस की अगुवाई में निकाली गयी साइकिल तिरंगा रैली

**रायबरेली।** डीआईओएस संजीव सिंह की अगुवाई में जीआईसी रायबरेली से एनसीसी कैडेट्स के विद्यार्थियों ने साइकिल रैली निकाली गई। यह रैली कोतवाली, घंटाघर, सुपरमार्केट, डिग्री कालेज चैराहा, कैनाल रोड, डीएम बंगला चैराहा, अस्पताल चैराहा होते हुए पुनः जीआईसी तक पहुँची। रैली के माध्यम से विद्यार्थियों ने लोगों को तिरंगे के महत्व और आजादी में उसके योगदान का संदेश दिया। इस अवसर पर जीआईसी प्रधानाचार्य रत्नेश श्रीवास्तव के अतिरिक्त विद्यालय के अध्यापक और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राधा-कृष्ण व श्रीकृष्ण जन्मोत्सव आयोजित

**कादीपुर, सुलतानपुर।** 13 अगस्त 2025 को सरस्वती शिशु मंदिर झारखंड, कादीपुर में राधा-कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता एवं श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का भव्य आयोजन भक्ति, उल्लास और सांस्कृतिक रंगों के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष आनंद जायसवाल मुख्य अतिथि, सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट दिलीप कुमार गुप्त विशिष्ट अतिथि तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कादीपुर के जिला प्रचारक बृजेश मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री केशव प्रसाद मिश्रा ने की। प्रधानाचार्य अशोक उपाध्याय ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डाला और कहा कि संस्कार निर्माण हेतु ऐसे आयोजन अत्यंत आवश्यक हैं। इस अवसर पर 156 नन्हे-मुन्ने छात्र-छात्राओं ने मनमोहक राधा-कृष्ण रूप धारण कर सभी को भावविभोर कर दिया। भक्ति गीत, नृत्य और श्रीकृष्ण जन्म पर प्रस्तुत भावनात्मक मंचन ने पूरे वातावरण को कृष्णमय बना दिया। पुष्पवर्षा व मिष्ठान वितरण के साथ जन्मोत्सव का उल्लास सबने मिलकर साझा किया। मुख्य वक्ता बृजेश जी ने कहा कि ह्रसंस्कारित बालक ही उज्ज्वल भारत की नींव है, और संस्कृति का संरक्षण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।

## पुलिस महानिरीक्षक ने थाना कोतवाली जामों का आकस्मिक निरीक्षण किया



**जामों, अमेठी।** बुधवार को पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार के द्वारा थाना कोतवाली जामों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया नई नवेली महिला पुलिस चौकी में दौरान निरीक्षण महानिरीक्षक ने पूछा कि अभी तक कितने मामले आप लोगों के द्वारा सुलझाए गए हैं इस पर जिम्मेदार लोगों ने 14 पारिवारिक मामलों को सुलह समझौता करवा कर निस्तारित कराने की बात कही ! दर्जनों की संख्या में महिलाएं पहले से ही बैठी थी इसका मतलब कि कहीं ना कहीं से यह भनक लग गई थी कि महा निरीक्षक आकस्मिक निरीक्षण करने आने वाले हैं। मौजूद महिलाओं से भी उन्होंने पूछा कि आप लोगों का कोई सुझाव या कोई शिकायत हो तो आप लोग बताएं, फिलहाल महिलाओं में से किसी ने कुछ भी नहीं कहा क्योंकि यह लोग कोई फरियादी नहीं थी उसके बाद थाने के ऑफिस की तरफ बढ़ गए कुछ संवेदनशील रजिस्टर मंगवा कर के पन्नों को उलट-पुलट कर देखा आने वाले त्योहारों के बारे में भी प्रभारी निरीक्षक विनोद सिंह से जानकारी ली और चलते-चलते तिरंगा यात्रा के बारे में भी जानकारी किया तो प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि साहब हमारे यहां तिरंगा यात्रा अच्छी तरह से संपन्न हो गई है। इस तरह पुलिस महानिरीक्षक के आकस्मिक निरीक्षण में थाना कोतवाली जामों और महिला सहायता चौकी पर सब कुछ आल इज बेल पाया गया

## डॉयल 112 पुलिस की गाड़ी ने महिला को रौंदा

**तिलोई, अमेठी।** मोहनगंज अंतर्गत चेतरा बुजुर्ग गांव की रहने वाली अंजुम बानो 33 वर्ष पत्नी इजरायल बुधवार की सुबह नित्य क्रिया के लिए घर से निकलकर सड़क के किनारे जा रही थी। तभी अनियंत्रित डायल 112 की पुलिस वैन ने अंजुम को रौंदते हुए सड़क के किनारे उतरकर फंस गई। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों एवं 112 की गाड़ी में मौजूद पुलिसकर्मियों ने तत्काल एंबुलेंस की मदद से गंभीर रूप से घायल अंजुम बानो को इलाज के लिए जिला रेफरल अस्पताल ले गए। जहां पर इलाज के दौरान अंजुम बानो ने दम तोड़ दिया है। जिसके बाद अंजुम के घर में कोहराम मच गया है। इस सम्बन्ध में इंस्पेक्टर राकेश कुमार सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही तत्काल मैं स्वयं पुलिस कर्मियों के साथ घटनास्थल पर पहुंच गया। घायल महिला को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया गया। जहां उसकी मौत हो गई। शबनम बानो की मौत के बाद शव का पंचायतनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए गौरीगंज भेजते हुए आगे की कार्यवाही की जा रही है।

## जिला स्वास्थ्य समिति की डीएम ने की समीक्षा

**अमेठी।** डीएम संजय चौहान ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की बैठक की अध्यक्षता करते हुए स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया कि सभी स्वास्थ्य कार्यक्रमों को प्राथमिकता के साथ संचालित किया जाए और विशेष प्रयासों के माध्यम से प्रगति में सुधार लाया जाए। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा संचालित सभी स्वास्थ्य योजनाओं का क्रियान्वयन इस प्रकार किया जाए कि अधिक से अधिक जनसामान्य को इसका लाभ प्राप्त हो। बैठक में डीएम ने अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने, संस्थागत प्रसव को प्रोत्साहित करने, जननी सुरक्षा योजना, नवजात शिशु टीकाकरण, आशा भुगतान एवं रिपोर्टिंग, नियमित टीकाकरण, परिवार नियोजन सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सभी योजनाओं का समयबद्ध एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के साथ-साथ सेवा प्रदायगी में और सुधार करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के लिए सभी संबंधित अधिकारी टीम भावना से कार्य करें। उन्होंने आशा कार्यकताओं के समय पर भुगतान और रिपोर्टिंग व्यवस्था को भी सुदृढ़ बनाने पर बल दिया। वहीं बैठक में डीएम व सीडीओ द्वारा राष्ट्रीय मातृ व शिशु कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत सभी गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली तीन एएनएम क्रमशः सविता सोनकर सब सेंटर नेवादा, अंजू लता सब सेंटर अहुरी तथा पूजा पटेल सब सेंटर सराय महेश को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बैठक में सीडीओ सूरज पटेल, सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह, सीएमएस डॉ. बीपी अग्रवाल, डिप्टी कलेक्टर सात्विक श्रीवास्तव एवं रितेश राज, समस्त अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, संबंधित विभागीय अधिकारी एवं सभी एमओआईसी उपस्थित रहे।

## हरे पेड़ काटने पर ठेकेदारों के खिलाफ हो रही कार्रवाई से वन माफियाओं में हड़कंप

**लालगंज, रायबरेली।** क्षेत्रीय वन अधिकारी नीरज जोशी ने हरे पेड़ काटने वाले ठेकेदारों के खिलाफ अभियान चला रखा है। नीरज जोशी के द्वारा बिना परमिट के पेड़ काटने वालों के खिलाफ की जा रही लगातार कार्यवाही से बिना परमिट के पेड़ काटने वालों में हड़कंप है। क्षेत्रीय वन अधिकारी नीरज जोशी ने बताया कि लालगंज कोतवाली क्षेत्र के दो सड़का से महुआ और शीशम की लदी लकड़ी का ट्रैक्टर जा रहा था। जब ट्रैक्टर मालिक मनोज चैधरी उर्फ पप्पू अड्डी और ठेकेदार रामू पुत्र छोटेलाल से परमिट मांगा गया तो वह किसी भी प्रकार के अभिलेख नहीं दिखा पाए जिसके चलते ट्रैक्टर और लकड़ी जब्त की गई। अवैध लकड़ी कटान पर 20 हजार रुपए का जुमार्ना किया गया है। अभी दो दिन पूर्व ही मनोज चैधरी के खिलाफ अवैध ढंग से लकड़ी बाहर भेजे जाने के बाबत क्षेत्रीय वन अधिकारी नीरज जोशी ने 60 हजार रुपए का जुमार्ना किया था। अब एक बार फिर मनोज चैधरी के खिलाफ हुई कार्रवाई से यह साबित हो गया है कि मनोज चैधरी हरे वृक्षों की कटान में संलिप्त हैं। वास्तव में हरे वृक्षों की कटान को रोकने के लिए केवल वन विभाग ही कार्यवाही कर रहा है जबकि प्रदेश सरकार का शासनादेश है कि अगर कहीं पर हरा पेड़ कटेगा तो संबंधित बीट का दरोगा, पुलिस का सिपाही, लेखपाल और अन्य उच्च अधिकारी भी दंडित किए जाएंगे। लेकिन यह जग जाहिर है कि जब कहीं भी हरा पेड़ कटता है तो सबसे पहले पुलिस का हिस्सा पहुंच जाता है तभी पेड़ कटता है। ऐसी स्थिति में हरे पेड़ों की कटान रुक नहीं पा रही है। अब तो यह भी देखने में आ रहा है कि अगर लोग हरे पेड़ कटने की शिकायत पुलिस से करते हैं तो पुलिस कहती है कि वन विभाग से शिकायत करो, मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं है। वास्तव में जब तक सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन नहीं करेंगे, हरे पेड़ों का कटान रुकना बहुत मुश्किल है। रामू और मनोज चैधरी के खिलाफ हुई कार्रवाई में स्वयं रेंजर नीरज जोशी, फारेस्टर ओम प्रकाश सिंह, महेंद्र मिश्रा, देवानंद और नितीश कुमार शामिल रहे।

# सोनारा गोमती ड्रेन लिंक की सफाई अधूरी, घोटाले की आशंका



**गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)।** जयसिंहपुर क्षेत्र के सोनारा के पास से निकली गोमती ड्रेन लिंक की सफाई अधूरी छोड़ने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार काम अधूरा छोड़कर फरार हो गया यह विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत के बिना यह संभव नहीं था। शारदा सहायक खंड-16 अंतर्गत सोनारा क्षेत्र में ड्रेन की सफाई का काम चल रहा था, जिसे अधूरा छोड़ दिया गया। जिससे यहां जलभराव हो गया है, इस कारण आसपास की फसलों को नुकसान की आशंका है। इस बाबत संपर्क करने पर अभियंता शरद कुमार का फोन नहीं उठा। वहीं एसडीओ शिव पूजन ने कहा कि मामले की जानकारी जेई से ली जाएगी। किसानों ने समस्या को लेकर सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज कराई है। लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

## नहरों में आज से पुनः पानी का संचालन शुरू

**अमेठी।** शारदा सहायक खंड-41 के अधिशासी अभियंता मनीष रंजन ने बताया कि शारदा बैराज के डाउनस्ट्रीम का डिस्चार्ज 1,60,000 क्यूसेक से अधिक हो जाने के कारण नहरों की सुरक्षा दृष्टिगत 06 अगस्त 2025 को शारदा सहायक पोषक नहर शीर्ष से बंद कर दी गई थी। इसके परिणामस्वरूप जनपद अमेठी की नहरों में पानी का संचालन 10 अगस्त 2025 से बंद था। उन्होंने बताया कि अब शारदा बैराज के डाउनस्ट्रीम का डिस्चार्ज 1,60,000 क्यूसेक से कम हो गया है, जिसके चलते शारदा सहायक पोषक नहर में 10 अगस्त 2025 से पुनः पानी का संचालन शुरू हो गया है। इसी क्रम में जनपद अमेठी की नहरों में भी आज 13 अगस्त 2025 से पानी का संचालन पुनः प्रारम्भ कर दिया गया है।

# केएनआई सदैव जीरो टॉलरेंस नीति अपनाता है



**सुलतानपुर।** केएनआईपीएसएस के प्रबंधन विभाग द्वारा 12 से 18 अगस्त 2025 तक आयोजित एंटी रैगिंग सप्ताह के अंतर्गत 13 अगस्त को विशेष जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य छात्रों में रैगिंग के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता फैलाना और सुरक्षित, सहयोगपूर्ण शैक्षिक वातावरण को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम की शुरूआत पोस्टर प्रेजेंटेशन से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने रैगिंग के खिलाफ प्रभावी संदेश को रचनात्मक चित्रों और नारों के माध्यम से प्रस्तुत किया। इसके बाद नाटक प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने रैगिंग के सामाजिक एवं मानसिक प्रभावों को सशक्त अभिनय के जरिए दर्शकों के सामने रखा, जिससे भावनात्मक और जागरूकता दोनों का संचार हुआ। भाषण प्रतियोगिता में छात्रों ने अपने विचार, अनुभव और समाधान साझा करते हुए रैगिंग मुक्त परिसर की आवश्यकता पर बल दिया। संस्थान की निदेशक डॉ. इंदरजीत कौर ने प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा केएनआईपीएसएस सदैव जीरो टॉलरेंस नीति अपनाता रहा है और इस प्रकार के कार्यक्रम न केवल छात्रों को जागरूक करते हैं, बल्कि उनमें नेतृत्व और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना भी विकसित करते हैं। कार्यक्रम का समापन शपथ ग्रहण समारोह के साथ हुआ, जिसमें सभी छात्रों और शिक्षकों ने रैगिंग के विरुद्ध कार्य करने का संकल्प लिया। इस मौके पर प्रबंध संकाय की डॉ. टीनू कौर, विनीश नाथ, आनंद कुमार सिन्हा, डॉ. दीपक कुमार, सुप्रिया सिंह, रेनू यादव, दिलीप कुमार आदि मौजूद रहे।

**केएनआई संस्था ने निकली हर घर तिरंगा यात्रा**

**सुलतानपुर।** कमला नेहरू संस्थान के नेतृत्व में बुधवार को आयोजित हर घर तिरंगा यात्रा में देशभक्ति का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। मेरी जान तिरंगा है, मेरी शान तिरंगा है जैसे नारों से शहर का माहौल देशप्रेम में रंग गया। दोपहर के समय संस्थान परिसर से शुरू हुई यह विशाल यात्रा तिकोनिया पार्क तक निकाली गई, जिसमें 2500 से अधिक छात्र-छात्राएं हाथों में तिरंगा लिए शामिल हुए। यह यात्रा संस्थान के प्राचार्य प्रो. आलोक कुमार सिंह के नेतृत्व में निकाली गई, जिसमें समस्त प्राध्यापकों व कर्मचारियों की उपस्थिति रही। पूरे मार्ग में वंदे मातरम व भारत माता की जय के नारों से शहर गूंज उठा। तिकोनिया पार्क में आयोजित समापन समारोह में न्यू गीतांजली टाइम्स के पत्रकारों ने प्राचार्य आलोक कुमार से इस अभियान की महत्ता पर बातचीत की। उन्होंने बताया कि यह राष्ट्रव्यापी अभियान 2 से 15 अगस्त तक चलाया जा रहा है।

## बारिश के कारण भरभराकर गिरा ईंट-गारे से बना मकान

**महराजगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के पूरे जमादार मजरे बावन बुजुर्ग बल्ला गांव में बारिश के कारण ईंट-गारे से बना एक मकान भरभराकर गिर गया। मलबे के नीचे दबने से एक वृद्ध महिला और एक किशोर घायल हो गए।

ग्रामीणों ने तत्काल मदद करते हुए महिला को मलबे से बाहर निकाला और एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया। महिला की हालत गंभीर होने के कारण सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। बताते चले की घटना बुधवार सुबह 8:30 बजे की है। जब अचानक देखते ही देखते कच्चे ईट व मिट्टी में गारे से बना मकान भरभरा कर गिर गया और उसमें विद्या पत्नी राम बहादुर उम्र 60 वर्ष निवासी पूरे जमादार मजरे बावन बुजुर्ग बल्ला व विद्या का नाती आदर्श उम्र 15 वर्ष भी चोटहिल हो गया। ग्रामीणों द्वारा आनन फानन दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज लाया गया। जहां पर विद्या की हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं आदर्श का प्राथमिक उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज में चल रहा है। मामले में नवागत उपजिला अधिकारी गौतम सिंह ने दूरभाष पर बताया कि घटना की जानकारी मिली है हल्का लेखपाल व राजस्व निरीक्षक को मौके पर भेजा गया है जांच कर रिपोर्ट देने की बात कही गई है, रिपोर्ट मिलते ही शासन द्वारा दी जाने वाली सहायता राशि व मदद की जाएगी।

**प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिलता तो न होती घटना**

**महराजगंज, रायबरेली।** यदि समय रहते विकासखंड के कर्मचारी व अधिकारी गांव में जाकर कच्चे व जर्जर मकान पर सर्वे कर शासन द्वारा दी जाने वाली प्रधानमंत्री आवास जैसी योजना से इस गरीब परिवार को दे देते तो शायद ये घटना न घटती जबकि यह घटना प्रशासन के लिए एक चेतावनी भी है।

## गायत्री उपासना है सर्व श्रेष्ठ तपश्चर्या : धर्मेंद्र कुमार



**अमेठी।** बीते दिनों गुरु पूर्णिमा पर्व से गायत्री शक्तिपीठ अमेठी में शुरू हुए चालीस दिवसीय जप अनुष्ठान में क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोग प्रतिभाग कर जीवन को नए आयामों तक ले जाने के लिए तैयार हो रहे हैं। जप अनुष्ठान के साथ नए लोग गायत्री परिवार की गतिविधियों में भी उत्साह के साथ शामिल हो रहे हैं। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री शक्तिपीठ अमेठी में चल रहे चालीस दिवसीय जप अनुष्ठान में बुधवार सुबह आए साधकों ने शक्तिपीठ पर चलने वाली नियमित यज्ञ में भाग लिया। बीते कुछ दिनों से क्षेत्र के नए लोग भी गायत्री परिवार की गतिविधियों में शामिल हो रहे हैं। गायत्री परिवार के लोगों द्वारा चलाए गए नशा मुक्ति अभियान, पर्यावरण संवर्धन आंदोलनों सहित अनेकों क्रियाकलाप चर्चा का विषय बना है। बुधवार को गायत्री शक्तिपीठ अमेठी में आयोजित अनुष्ठान में गायत्री परिवार अमेठी के जिला मीडिया प्रभारी डॉ धर्मेंद्र कुमार तिवारी ने गायत्री महाविज्ञान पुस्तक के अंश को साझा करते हुए कहा कि आत्म कल्याण और आत्मोत्थान के लिए अनेक प्रकार की साधनाओं का आश्रय लिया जाता है। स्वाध्याय में चित्त लगाने से सन्मार्ग की ओर रुचि होती है। सत्संग से स्वभाव और संस्कार शुद्ध बनते हैं। कीर्तन से एकाग्रता और तन्मयता में वृद्धि होती है। दान पुण्य से त्याग और अपरिग्रह की भावना पुष्ट होती है। पूजा उपासना से आस्तिक भावना और ईश्वर विश्वास की भावना उत्पन्न होती है। पर इनमें सर्वोपरि तप की साधना ही है और गायत्री - उपासना सर्व श्रेष्ठ तपश्चर्या है। मंत्र जप में जपकर्ता डॉ त्रिवेणी सिंह, प्रेम बहादुर सिंह, अंजनी कुमार सिंह, शिव प्रसाद तिवारी, लाल अशोक चंद्र सिंह, मगनलाल कौशल, शिव प्रसाद तिवारी, शकुंतला पाण्डेय, इन्द्र देव शर्मा, संजय कुमार, सुनीता सिंह, विन्दू सिंह, सन्तोष कुमार गुप्ता के साथ बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही।

## शहीद स्मारकों में भाजपाइयों ने साफ-सफाई कर प्रतिमाओं पर किया माल्यार्पण

**लालगंज, रायबरेली।** भाजपा के मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी और भाजपा नेता अनूप पांडे के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने लालगंज नगर के शहीद स्मारक अमर शहीद वीरा पासी, भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई,



स्वतंत्रता के सेनानायक लालचंद सरकार, स्वतंत्रता सेनानी बृजनंदन आचार्य, अमर शहीद राणा बेनी माधव की प्रतिमा स्थल पर कार्यकर्ताओं ने साफ सफाई कर माल्यार्पण और पुष्पार्चन भी किया। इस अवसर पर भाजपा नेता अनूप पांडे ने कहा कि भाजपा ने सदैव ही अपने शहीदों का स्वागत सम्मान किया है। पार्टी का राष्ट्रीय नेतृत्व पूरे देश में शहीद स्मारकों की साफ सफाई और पुष्पार्चन का कार्यक्रम कर रहा है। लालगंज में भी शहीदों की याद में कार्यक्रम किए गए हैं। भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी ने कहा कि 15 अगस्त तक कार्यक्रम चलते रहेंगे। इस अवसर पर जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष विजय प्रताप सिंह पप्पू लोहिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष शिव प्रकाश पांडे, भाजपा सभासद कैलाश बाजपेई, भाजपा महामंत्री सत्येंद्र सिंह, अखिलेश बाजपेई, अवधेश सविता, बाबू तिवारी, जयशंकर वर्मा, षिवबोध सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# सीएमए फाइनल परीक्षा में रमाशंकर ने किया टॉप



**सुलतानपुर।** जिले के रतनपुर निवासी रमाशंकर विश्वकर्मा ने इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएमएआई) द्वारा आयोजित सीएमए फाइनल परीक्षा (जून 2025) में 64 प्रतिशत अंक प्राप्त कर यूपी स्तर पर तथा जिले का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी की लहर है। रमाशंकर ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता एवं गुरूजनों, नियमित कोचिंग एवं सेल्फ स्टडी को दिया है। उन्होंने बताया कि कोचिंग क्लासेस के बाद घर पर दिन में घंटों पढ़ाई करते थे। कठिन विषयों को बार-बार दोहराने और पुराने प्रश्न पत्र हल करने की रणनीति ने उन्हें परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम दिलाया। वे वर्तमान में मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में करियर बनाना चाहतें है और किसी प्रतिष्ठित मल्टीनेशनल कंपनी में नौकरी करना उनका लक्ष्य है। उनका मानना है कि यह क्षेत्र देश की अर्थव्यवस्था में अहम योगदान देता है और सीएमए प्रोफेशनल्स के लिए अपार संभावनाएं हैं। उनकी इस सफलता से न सिर्फ परिवार, बल्कि पूरे गांव में खुशी का माहौल है। उनके पिता राम अवतार विश्वकर्मा एक व्यवसायी हैं और बेटे की सफलता पर गर्व महसूस कर रहे हैं। रमाशंकर आने वाले युवाओं के लिए प्रेरणा बनकर उभरे हैं।

## 40 कर्मचारियों को मिला एसीपी लाभ

**सुलतानपुर।** बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन कार्यरत लिपिकों व अनुचरों को लंबे समय से प्रतीक्षित वित्तीय स्तरोन्नयन (एसीपी) का लाभ आखिरकार मिल गया है। बीएसए उपेंद्र गुप्त ने 3 लिपिकों एवं 37 अनुचरों के एसीपी आदेश जारी कर दिए हैं, जिससे कुल 40 कर्मचारियों के वेतन व भत्तों में बढ़ोतरी होगी।

एसीपी योजना के तहत 10, 16 और 26 वर्षों की सेवा पूर्ण होने पर क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्तरीय लाभ प्रदान किया जाता है। विगत दो वर्षों से यह प्रक्रिया लंबित थी, जिसे लेकर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ एवं अनुचरों ने लगातार प्रयास किए। संगठन के पदाधिकारियों ने बीएसए से कई बार अनुरोध किया और आखिरकार उनके प्रयासों की परिणति सकारात्मक परिणाम के रूप में सामने आई। एसीपी लाभ मिलने पर जिलाध्यक्ष दिनेश उपाध्याय, जिलामंत्री रामाशीष मौर्य, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामानुज यादव, जिला उपाध्यक्ष रमेश तिवारी व राधेश्याम मौर्य, मंत्री फिरोज अहमद, कोषाध्यक्ष डॉ. विनय प्रजापति व संयुक्त मंत्री देशराज सहित अन्य पदाधिकारियों ने बीएसए उपेंद्र गुप्ता व पटल प्रभारी अविनाश यादव का आभार जताया। इस निर्णय से कर्मचारियों में उत्साह और संतोष का वातावरण है।

## सुलह के बाद भी दारोगा पर जबरन वसूली के आरोप

**रायबरेली।** लालगंज क्षेत्र के बंसतपुर कठोईयां गांव के प्रधान अनिल सिंह चैहान ने हल्का दारोगा मोहित नौतना पर गंभीर आरोप लगाते हुए उन्हे हटाये जाने की मांग करते हुए पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौपा है। प्रधान ने एसपी को दिये गये षिकायती पत्र में बताया कि उनके गांव में छोटे मोटे जमीनी विवादो को लेखपाल व कानूनगों आदि की मदद से निपटाया जा रहा है लेकिन उनके हल्का नम्बर 04 में तैनात दारोगा मोहित नौतना किसी भी फैसले को मानने से इंकार कर रहे है। लोगो से वसूली के लिये उन्होने हर गांव में एजेंट बना रखे है। कई मामलो में सुलह के बाद भी आरोपी दारोगा ने हजारो रुपए की वसूली की है। उनका आदेष न मानने पर कई लोगो को जबरन हवालात में बंद कर दिया जाता है। प्रधान ने आरोप लगाया कि दारोगो ने उन्हें भी धमकाया है कि किसी भी विवाद का हल उनके बगैर नही किया जायेगा। लोगो ने पुलिस अधीक्षक डॉ. यषवीर सिंह से ऐसे भ्रष्टाचार के आरोपी दारोग के खिलाफ कार्रवाई किये जाने की मांग की है।

संक्षेप

## गोकुल में कृष्ण जन्मोत्सव से एक दिन पूर्व पूजी जाती है कान्हा की छठी

मथुरा। किसी भी बालक के जन्म के छठवें दिन छठी पूजा की परंपरा है लेकिन गोकुल में कृष्ण जन्मोत्सव से एक दिन पूर्व ही कान्हा की छठी पूजी जाती। गोकुल के मूल निवासी पंडित अमित भारद्वाज ने बताया कि कृष्ण के जन्म के छठवें दिन कंस ने बालकृष्ण की हत्या के लिए पूतना को भेजा। पूतना गोपी भेष में नंदालय आई और कान्हा को गोद में बाहर ले जाकर अपने विष लगे स्तनों से दुग्धपान कराने लगी। कान्हा को उस विष का कोई असर नहीं हुआ बल्कि उन्होंने पूतना का प्राणांत कर दिया। नंदालय में पालने में कान्हा को न देख माता यशोदा, नंद व गोप ग्वाल व्याकुल हो उठे। बाहर दूर आकर देखा कि एक विशालकाय शरीर पर कान्हा खेल रहे हैं। घबराकर कान्हा को वहां से नंदालय ले आएं। नंद व यशोदा के अतिशय प्रेम व वात्सल्य व अनेक घटनाक्रमों के चलते एक वर्ष तक उनकी छठी पूजना भूल गए। जब कृष्ण का प्रथम जन्म उत्सव आया तो निमंत्रित ब्राह्मणों ने नंद यशोदा से कहा कि आपने लाला की छठी नहीं पूजी है उसे पूजो जब हम निमंत्रण स्वीकार करेंगे। यह सुन यशोदा को स्मृति हुई। उन्होंने लाला की छठी का पूजन जन्म उत्सव से एक दिन पूर्व किया। यही परंपरा वर्तमान में गोकुल में निभाई जाती है। नंदकिला स्थित नंदबाबा मंदिर जन्माष्टमी से एक दिन पूर्व सेवायतों द्वारा लाला की छठी का पूजन होता है। गोकुल की महिलाएं व निवासी वहां पूजन दर्शन करते हैं। इसके अलावा गोकुल में घर घर में भी कान्हा की छठी का पूजन जन्माष्टमी से एक दिन पूर्व ही किया जाता है।

## मथुरा बना आगरा मंडल का फुटबॉल चैंपियन

मथुरा। माध्यमिक विद्यालयों की मंडलीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन जनपद आगरा द्वारा एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम सदर बाजार आगरा में किया गया। जनपद जनपदीय क्रीड़ा समिति मथुरा के सचिव डॉ पदम सिंह कौन्तेय के अनुसार इस प्रतियोगिता में आगरा मंडल के विभिन्न चार जिलों से आई टीमों ने प्रतिभाग किया इस प्रतियोगिता में मैनपुरी आगरा मथुरा व फिरोजाबाद की टीमों ने विभिन्न तीन आयु वर्गों 14 ,17 व 19 वर्षीय बालक /बालिकाओं में प्रतिभा किया। इस प्रतियोगिता के परिणाम निम्नोगत रहे 14 वर्षीय बालक वर्ग में फाइनल मैच में मथुरा ने आगरा को 3-0 से पराजित किया। इसी प्रकार 17 वर्षीय बालक वर्ग में आगरा में मथुरा को 3-0 से पराजित कर किया। 19 वर्षीय बालक वर्ग में मथुरा की टीम ने आगरा की टीम को 3-1 से पराजित किया। इसी प्रकार 19 वर्षीय बालिका वर्ग में मथुरा की टीम आगरा को 1-0 से हराकर चैंपियन हुई। प्रतियोगिता में मथुरा की ओर से तनुज ,दीपक खत्री, लक्ष्य प्रताप सिंह आदि का खेल अत्यंत सराहनीय रहा। इस वर्ष श्रीराधा कृष्ण इंटर कॉलेज उसफार के छात्र तनुज ने राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त किया है तथा इसी विद्यालय की छात्रा कुमारी प्रीति ने राष्ट्रीय स्तर पर फुटबॉल प्रतियोगिता में उप्र का प्रतिनिधित्व किया है। टीम के कोच श्रीबलभद्र सिंह जनता इंटर कॉलेज नौहझील एवं सिमरन राजपूत तथा टीम के मैनेजर विनोद पाल जवाहर विद्यालय इंटर कॉलेज रहे इस प्रतियोगिता में प्रदेश स्तर में होने वाली प्रतियोगिता में प्रतिभा करेंगे टीम की शानदार सफलता पर जिला विद्यालय निरीक्षक मथुरा रविंद्र सिंह सह जिला विद्यालय निरीक्षक यशपाल सिंह फुटबॉल संघ के सचिव डॉ. दलवीर सिंह आदि ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

# सनातन धर्म ने दिखायी सबको राह

## संस्कृति विवि के दीक्षांत समारोह में संतों और विद्वानों ने धार्मिक परंपरा के मूल सिद्धांतों पर विस्तार से चर्चा की




मथुरा। संस्कृति विवि के छठे दीक्षांत समारोह में हुए विराट सनातन संवाद में देश के ख्यातिप्राप्त संतों और विद्वानों ने भारतीय प्राचीन दार्शनिक और धार्मिक परंपरा के मूल सिद्धांतों, प्रासंगिकता व समकालीन अनुप्रयोगों पर विस्तार से चर्चा की। इस आयोजन का उद्देश्य सनातन धर्म की शिक्षाओं और आज की दुनिया में उनके महत्व की गहरी समझ को बढ़ावा देना था। विद्यार्थियों और आगंतुक श्रोताओं के लिए एक ही मंच पर इतने सारे आध्यात्मिक गुरुओं का साक्षात्कार और उनकी ज्ञान धारा को सुनने का यह एक यादगार अवसर बन गया।

सनातन संवाद में मौजूद फिल्म अभिनेता, कवि और लेखक डा. आशुतोष राणा ने अपने अभिनेता से आध्यात्मिकता के सफर का उल्लेख करते हुए बताया कि यह गुरु कृपा से ही संभव हुआ है। 16 साल की उम्र में जब पहली बार अपने गुरु से मिले और पढ़ाई पूरी होने के बाद अपने जुनून को ही अपना पेशा बनाने की ठान ली। आध्यात्म हर व्यक्ति के मूल में होता है। सर्वसमर्थ गुरु की कृपा दृष्टि का ही सब महत्त्व है। भारत में सनातन धर्म ने हर क्षेत्र में दिशा दिखाई, क्या आप मानते हैं इसमें समय के साथ बदलाव आया है के सवाल पर उन्होंने कहा कि राजनीति धर्म सम्मत होनी चाहिए, अगर आप धर्म की रक्षा करेंगे तो धर्म आपकी रक्षा करेगा। रावण की नकारात्मकता पे उनसे पूछा गया तो राणा ने बोला की उनकी बुराई पे ध्यान ना देकर हमें उनके ज्ञान पर ध्यान देना चाहिए। राष्ट्रवाद पर युवा विवाद के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि किसी भी विवाद को संवाद से ही हल किया जा सकता है।

बापू चिन्मयानंद महाराज ने अपना संवाद भजन के माध्यम से शुरू किया और सनातन को मिटाने के प्रयास के सवाल पर बोले ऐसा करने वाले खुद को मिटाने का प्रयास कर रहे हैं। परमात्मा एक ही है और वही सर्वविराजमान है। ब्रज से यह सीखना चाहिए कि प्रकृति की रक्षा कैसे करना चाहिए। सुधांशु जी महाराज ने कहा कि एआई सनातन को नष्ट करने की बहुत कोशिश की है। सनातन की जड़ों को नष्ट करके हम संस्कृति को नहीं जान सकते। हमें अपने गुरुओं और अभिभावकों की मदद से सनातन को जानने की कोशिश करनी चाहिए। मिटने वाले मिट जायेंगे पर सनातन जिंदा रहेगा। सनातन था, है और हमेशा रहेगा। कौशिक जी महाराज ने बताया कि गौ माता ही सनातन की जड़ है। हमें गौ सेवा करनी चाहिए। जन्माष्टमी में मटकी में माखन तब होगा जब गाय होंगी। जितना बड़ा मंदिर है उतनी ही बड़ी उनकी गौशाला भी होनी चाहिए। आशुतोष राणा से पूछे गए प्रश्न की उन्होंने प्रशंसा की। ऐसे रास्ते पे चलें जिससे पीछे आने वाले लोग भी हमसे प्रभावित होके हमारे रास्ते पर चलें। सनातन अनादि, और अनंत हैं।

जगद्गुरु सतीश आचार्यजी महाराज ने वैष्णव परंपरा और शंकराचार्य के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि जगद्गुरु तथा शंकराचार्य दोनों परस्पर परंपरा है। शंकराचार्य को शंकर के नाम से जाना जाता है। जगद्गुरु श्रीकृष्ण को मानते हैं। युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि चुनौती जीवन के प्रत्येक पद पर है। जन्माष्टमी पर जन्मभूमि का मसला बनेगा, इस विषय पर उन्होंने कहा कि विवाद जैसा कोई मसला नहीं है, उस पर इस देश की दुर्भाग्यता है कि हमें अच्छी सरकारें तथा कानून नहीं मिले। उन्होंने गुरु मंत्र देते हुए युवाओं को प्रेरित करते हुए बोला कि हारिये ना हिम्मत, दिशा देंगे राम। जगद्गुरु हिमांगी सखी जो कि पहली किन्नर जगद्गुरु है और पांच भाषाओं में सनातन धर्म का प्रचार करती हैं। उन्होंने कहा कि जब हमारी संस्कृति को बचाने की बात आती है तो किसी ना किसी को तो आगे आना ही पड़ता है। आजकल किन्नर समाज के प्रति बहुत जागरूकता देखी गई है। युवा पीढ़ी को सनातन का ज्ञान भी अवश्य होना चाहिए। अनन्तश्री स्वामी अमृतानंद देव तीर्थ जी ने ग्रह नक्षत्रों के बारे में बताते हुए कहा कि 27 नक्षत्र होते हैं और हर मनुष्य के अलग-अलग नक्षत्र होते हैं। प्रकृति का संरक्षण करना है तो वो नक्षत्र वृक्षों तक हो सकता है। इन्होंने कहा कि अग्नि का धर्म है जलाना, वायु का धर्म है स्पर्शन, उसी प्रकार मनुष्य का भी धर्म है तथा मनुष्य का धर्म के साथ वही संबंध है जो एक वृक्ष का धरा के साथ होता है। वृक्ष धरती से उखड़ते ही नष्ट हो जाता है वैसे ही मनुष्य धर्म से विमुख होकर विनाश के रास्ते पे चल पड़ता है। आचार्य मनीष ने आयुर्वेद का महत्व बताते हुए कहा कि, जब एलोपैथी में साइड इफेक्ट्स आते हैं तो ही लोग आयुर्वेद में उपचार कराते हैं। स्वास्थात्स्य स्वास्थ रक्षणम्‌ , स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ की रक्षा करना ही आयुर्वेद वैद्य का धर्म है। उन्होंने ऋतुचर्या और दिनचर्या का हमारे शरीर के लिए क्या लाभ हैं, उन्होंने ये सभी बातों पे प्रकाश डाला। विजन ग्रुप के चेयरमैन मुकेश गुप्ता जी ने मनीष आचार्य का सम्मान किया। विजन फाउंडेशन के चेयरमैन मुकेश गुप्ता ने कहा कि बचपन से हम सब लोग बस लेते आए हैं, मुझे लगा कि हमें समाज को कुछ ना कुछ देना चाहिए। इसीलिए मैंने एक दिव्यांग जनों की सेवा का जिम्मा उठाने का फैसला किया। सरकार को दिव्यांगों की उचित जानकारी नहीं है। इस वजह से सेवाओं में कमी रह रही है। संस्कृति विवि के कुलाधिपति डॉ सचिन गुप्ता जी से विश्वविद्यालय के नाम के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि हमारी पहचान हमारे देश और हमारे संस्कारों से होती है इसीलिए हमारे विवि का नाम संस्कृति विवि है।

# गैंगस्टर की 1 करोड़ 25 लाख की संपत्ति कुर्क



फिरोजाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में आदतन अपराधियों पर लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना सिरसागंज पुलिस ने अभियुक्त अमित कुमार उर्फ सीटू यादव पुत्र स्व0 अतेन्द्र कुमार उर्फ अतेन्द्र सिंह निवासी मौहल्ला गडरियान कस्बा व थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद की अन्तर्गत गिरोहबंद एवं असामाजिक क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 में अचल सम्पत्ती तीन मंजिला मकान मौहल्ला गडरियान कस्बा व थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद, मकान करहल रोड़ दीनानाथपुरम के पास मौहल्ला श्यामनगर गली नम्बर-03 कस्बा व थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद, पाँच बीघा कृषि भूमि गाटा संख्या 1016 ग्राम रुधैनी, एक प्लॉट 111.52 वर्ग मीटर गाटा संख्या 1417 करहल रोड़ स्थित दीनानाथपुरम मौहल्ला श्यामनगर कस्बा व थाना सिरसागंज जनपद फिरोजबाद, एक प्लॉट 92.93 वर्ग मीटर गाटा संख्या 1330 अर्जुनपुरा सोथरा रोड़ के पास ग्राम सिरसाखास थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद जिनकी कुल अनुमानित कीमत 57,14,484.80 रुपए जिसकी बाजारू कीमत करीब 01 करोड़ 25 लाख रुपए को कुर्क कर जब्तीकरण की कार्यवाही की गयी है। गैंगस्टर अभियुक्त अमित कुमार उर्फ सीटू यादव द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर लगातार गम्भीर अपराध कारित कर अवैध चल अचल सम्पत्ती अर्जित की गयी है। जिस पर गम्भीर अपराधों से सम्बन्धित आधा दर्जन से अधिक अभियोग पंजीकृत हैं।

## सांसद ने संसद में नियम 377 के तहत चंबल सेंचुरी की सीमा निर्धारण की मांग उठायी

आगरा। फतेहपुर सीकरी के सांसद एवं भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर ने लोकसभा सदन में नियम 377 के अंतर्गत बाह विधानसभा क्षेत्र में चंबल सेंचुरी की सीमा निर्धारित करने का मुद्दा उठाया। सांसद ने कहा कि बाह क्षेत्र में चंबल सेंचुरी की सीमा कहीं 4 किलोमीटर, कहीं 8 किलोमीटर और कहीं 12 किलोमीटर तक फैली हुई है, जबकि मध्य प्रदेश एवं राजस्थान में यही सीमा मात्र 500 मीटर तय है। इस असमानता के कारण क्षेत्र का समुचित विकास वर्षों से बाधित है और कई बड़े गाँव आज भी सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। सांसद चाहर ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि उत्तर प्रदेश में भी चंबल सेंचुरी की सीमा को चंबल नदी के मध्य से दोनों ओर अधिकतम 500 मीटर तक सीमित किया जाए, जिससे किसान अपनी भूमि पर खेती कर सकें और सड़क, विद्यालय, चिकित्सालय, उद्योग सहित अन्य आधारभूत विकास कार्यों को गति मिल सके। सांसद चाहर ने बताया कि इस संबंध में उनकी केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव से भी वार्ता हुई है। मंत्री ने शीघ्र समाधान का आश्वासन देते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए हैं।

## किसानों से धोखाधड़ी कर चोरी किये 12 ट्रैक्टर बरामद, 4 अभियुक्त गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा किसानों के साथ धोखाधड़ी व चोरी किये गये 12 ट्रैक्टर जिनकी कीमत लगभग एक करोड़ रुपए है, बरामदगी सहित चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। थाना शिकोहाबाद प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार ने पुलिस टीम के साथ फिरोजाबाद जनपद के किसानो के साथ धोखाधड़ी कर चोरी किए गये ट्रैक्टरो की बरामदगी हेतु ठोस सुरागरसी व पतारसी के आधार पर चार अभियुक्तों भूदेव शर्मा पुत्र जगदीश शर्मा निवासी गाँव खानपुर थाना छाता जनपद मथुरा रामू यादव पुत्र केदार सिंह निवासी नगला अतिया थाना सिरसागंज फिरोजाबाद, विजेन्द्र पुत्र



मुंशी निवासी बरसाना रोड छाता मथुरा, देवकी नन्दन सैनी पुत्र तिरमोली निवासी भदावल थाना छाता को गिरफ्तार कर उनसे किसानों के चोरी किए 12 ट्रैक्टर जिनकी कीमत लगभग 01 करोड़ रुपए है, को बरामद किया है। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने बताया कि विवेचना के क्रम में तथ्य प्रकाश में आये कि टीटू यादव डब्बू उर्फ समीर ने शिकोहाबाद में कुछ अन्य साथियों के साथ एक ऑफिस खोलकर क्षेत्र के किसानों से उनके ट्रेक्टरों को प्रतिमाह 25000 रुपए मे किराये पर लेने के बहाने ट्रैक्टरों को छल से चोरी करके फर्जी एवं कूटरचित दस्तावेज तैयार कर मथुरा छाता क्षेत्र के रहने वाले मुकेश पण्डित भूदेव शर्मा आदि लोगों के साथ एक संगठित गिरोह बनाकर ट्रैक्टरों को उत्तरप्रदेश के अलग अलग जनपदों बाराबंकी बुलन्दशहर हाथरस, अलीगढ़ मुरादाबाद अमरोहा सम्भल, गोरखपुर आदि स्थानों पर बेचकर अवैध धन अर्जित किया जा रहा था। अभी तक की कार्यवाही में इस गिरोह के लगभग ढेड़ दर्जन सदस्य प्रकाश में आये हैं, जिनको पुलिस टीमें लगातार गिरफ्तारी एवं बरामदगी की दिशा में प्रयासरत है।

# अमेरिकी टैरिफ पर भारत के उद्यमियों में आक्रोश

आगरा। चैम्बर सभागार में अमेरिकी टैरिफ पर उद्यमियों द्वारा चर्चा की गयी जिसमें अमेरिकी टैरिफ पर भारत के उद्यमियों ने कड़ा विरोध किया गया तथा पीएम नरेन्द्र दामोदर दास मोदी के रुख को उद्यमियों एवं व्यापारियों द्वारा समर्थन दिया गया। चर्चा की गयी कि हाल ही में अमेरिकी टैरिफ द्वारा भारतीय उत्पादों पर टैरिफ बढ़ाए जाने के फैसले ने भारत के उद्योग जगत में तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। देशभर के उद्यमियों ने इस कदम को अनुचित, भेदभावपूर्ण और वैश्विक व्यापार नियमों के विपरीत बताते हुए कड़ा विरोध दर्ज किया गया। ऊँचे टैरिफ से अमेरिकी बाजार में भारतीय सामान की कीमत बढ़ जाएगी, जिससे न केवल प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता प्रभावित होगी, बल्कि करोड़ों डॉलर के निर्यात ऑर्डर रद्द होने का खतरा भी है। उद्यमियों का आरोप है कि यह नीति भारतीय उत्पादों को वैश्विक बाजार से बाहर करने की एक सुनियोजित रणनीति है। एक तरफ अमेरिका स्वयं रसिया माल खरीद रहा है है और भारत को रसिया से सीधे तौर पर माल खरीदने से रोक जा रहा है। अमेरिका की यह दोहरी नीति भारतीय उद्यमियों की समझ से परे है। इन परिस्थितियों में भारत के उद्यमियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र दामोदर मोदी के सख्त और स्पष्ट रुख का पूरा समर्थन किया है। उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री का दृढ़ नेतृत्व ही अमेरिकी को निष्पक्ष और समानता आधारित व्यापार संबंधों के लिए तैयार कर सकता है। उद्यमियों ने सरकार से आग्रह किया है कि अमेरिका के साथ उच्चस्तरीय कूटनीतिक वार्ता की जाए। चर्चा में कहा गया कि उद्यमी एवं व्यापारी अमेरिका के किसी भी दबाव में नहीं आयेगा तथा उद्यमी एवं व्यापारी सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं और भारत के व्यापारिक एवं औद्योगिक हितों की रक्षा के लिए हर संभव सहयोग देने के लिये तत्पर है। चैम्बर ने आषा व्यक्त की है कि भारत सरकार के सराहनीय प्रयासों से शीघ्र ही अच्छे नतीजे भारत के सामने आएंगे। चर्चा में चैम्बर अध्यक्ष संजय गोयल, उपाध्यक्ष विवेक जैन, कोषाध्यक्ष संजय अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष सीतराम अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, अतुल कुमार गुप्ता, राजीव तिवारी, अम्बा प्रसाद गर्ग, मनोज कुमार गुप्ता उपस्थित थे।

# इंडियन ऑयल कार्पोरेशन के चेयरमैन ने किये जन्मभूमि के दर्शन



मथुरा। इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लि0 के चेयरमैन अरविंदर सिंह साहनी ने बुधवार को श्रीकृष्ण जन्मभूमि के दर्शन किये। श्रीकृष्ण-जन्मस्थान सेवा-संस्थान के सचिव कपिल शर्मा ने श्री साहनी को जन्मस्थान के आध्यात्मिक, पौराणिक एवं ऐतिहासिक महत्व के विषय में जानकारी दी। श्रीकृष्ण-जन्मस्थान पर श्रीठाकुरजी के दर्शन करके श्री साहनी जी अभिभूत हो उठे। उन्होनें जन्मस्थान पर चल रहे अनेक सेवा-प्रकल्पों एवं व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुऐ इनकी सराहना की। संस्थान के सचिव कपिल शर्मा ने इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लि० के चेयरमैन श्रीसाहनी को भगवान की छवि एवं प्रसादी वस्त्र भेंट किये।

## गर्भगृह में अभिषेक के दर्शन होंगे सुलभ एलईडी स्क्रीन से भक्त करेंगे दर्शन



मथुरा। भगवान श्रीकृष्ण के 5252 वें जन्मोत्सव पर पहली बार श्रीकृष्ण-जन्मस्थान सेवा-संस्थान आने वाले भक्तों को गर्भगृह में होने वाले अभिषेक एवं अन्य पूजा अर्चना के दर्शन एलईडी स्क्रीन के माध्यम से कराने की व्यवस्था कर रहा है। गर्भगृह में भीड़ का दबाव अधिक न हो इसके लिए चार जगह एलईडी स्क्रीन लगाई जाएगी। श्रीकृष्ण-जन्मस्थान सेवा-संस्थान के सचिव श्री कपिल शर्मा ने बताया कि भगवान का जन्म गर्भगृह और युगल स्वरूप के अभिषेक और अन्य पूजा अर्चना का लाइव प्रसारण के माध्यम से दर्शन कराया जाएगा। गर्भ गृह में भीड़ अधिक न हो और श्रद्धालु सुगमता से दर्शन कर सके इसके लिए यह प्रयास किया जा रहा है।

# भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव के लिए मथुरा तैयार

मथुरा। मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मस्थान और सभी प्रमुख मंदिरों में 16 अगस्त मध्यरात्रि को जन्माष्टमी के अवसर पर श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के लिए बड़े स्तर पर तैयारियां और मंदिरों की आकर्षक ढंग से साज सज्जा की जा रही है। इस दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के उमड़ने की संभावना है। कटरा केशवदेव स्थित श्री कृष्ण जन्मस्थान परिसर में भव्य समारोह आयोजित किया जाएगा, जहां भागवत भवन में भगवान की दिव्य प्राकट्य लीला सम्पन्न होगी। श्री कृष्ण जन्मभूमि न्यास के सचिव कपिल शर्मा ने बताया कि भगवान कृष्ण को चांदी से सुसज्जित गर्भगृह में विराजमान किया जाएगा, जिसे सिंदूर पुष्प महल की तरह सजाया गया है। उन्होंने बताया कि ठाकुरजी की चलविग्रह को रजत-सूप में विराजमान कर अभिषेक स्थल तक ले जाया जाएगा। परंपरा के अनुसार, भगवान का प्राकट्य भी रजत-कमल पुष्प में होगा और पहला स्नान सोने की परत चढ़ी चांदी की कामधेनु गाय की मूर्ति के जरिए किया जाएगा।

इस अवसर पर भक्तजन ठाकुरजी के जन्माभिषेक दर्शन के लिए मंदिर परिसर में सुबह साढ़े पांच बजे से रात्रि डेढ़ बजे तक प्रवेश पा सकेंगे। जन्मोत्सव से एक दिन पूर्व शुक्रवार शाम छह बजे भगवान कृष्ण की भव्य पोशाक का एक विशेष अर्पण और दर्शन समारोह आयोजित किया जाएगा। जन्माष्टमी के अवसर पर जन्मस्थान परिसर में श्री केशवदेव, श्रीयोगमाया, गर्भगृह, श्री राधाकृष्ण युगल सरकार मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। शर्मा ने बताया कि इस वर्ष का सिंदूर बंगला विषय भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर से प्रेरित है, जिसे उन्होंने आध्यात्मिक संकल्प, राष्ट्रहित, सैन्य वीरता और रणनीतिक कौशल का एक पवित्र संगम बताया। विजय और सुरक्षा के प्रतीक भगवान कृष्ण के इस अनूठे रूप को देखकर भक्तों को गर्व और आध्यात्मिक आनंद की गहरी अनुभूति होगी। शर्मा ने बताया कि जन्माभिषेक का मुख्य कार्यक्रम शनिवार रात्रि 11 बजे श्री गणेश, नवग्रह आदि पूजन से प्रारम्भ होगा जो रात 11 बजकर 55 मिनट तक सहस्त्रार्चन (फूलों और तुलसी के पत्तों का।,000 बार अर्पण) के साथ जारी रहेगा। इसके उपरांत 11 बजकर 59 मिनट पर प्राकट्य दर्शन हेतु पट बंद कर दिए जाएंगे और मध्य रात्रि 12 बजे से 12 बजकर 10 मिनट तक प्राकट्य दर्शन के मध्य आरती सम्पन्न होगी। इसके बाद 12 बजकर 10 मिनट से 12 बजकर 25 मिनट तक पयोधर महाभिषेक व 12 बजकर 25 मिनट से 12 बजकर 40 मिनट तक रजत कमल पुष्प में विराजमान ठाकुर जी का जन्माभिषेक सम्पन्न होगा। उन्होंने बताया कि 12 बजकर 45 मिनट से 12 बजकर 50 मिनट शृंगार आरती व अंत में एक बजकर 55 मिनट से दो बजे तक शयन आरती सम्पन्न होगी। श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के सदस्य गोपेश्वर नाथ चतुर्वेदी ने बताया कि मंदिर परिसर को सुंदर सजावट और रोशनी से सजाया जा रहा है। कंस के कारागार के रूप में प्रसिद्ध गर्भगृह को 221 किग्रा चांदी का उपयोग करते हुए विशिष्ट स्वरूप में निखारा गया है।

# महिला शक्ति सेल को मास्टर ट्रेनर्स ने प्रशिक्षण कराया

फिरोजाबाद। पुलिस महानिदेशक उप्र के निर्देश अनुसार पुलिस उप महानिरीक्षक आगरा परिक्षेत्र आगरा स्थित आगरा जोन के समस्त जनपदों फिरोजाबाद आगरा मथुरा में महिलाओं के सशक्तिकरण सुरक्षा एवं संरक्षण हेतु महिला सेल शक्ति सेल का गठन कर महिलाओं के सशक्तिकरण सुरक्षा व संरक्षण हेतु 1 से प्रारंभ कर 12 अगस्त तक निरंतर रोस्टर अनुसार विभिन्न थाने के पुलिस कर्मचारी को प्रशिक्षित होने हेतु पुलिस लाइन सभागार जनपद फिरोजाबाद में मास्टर ट्रेनर्स ने 10 दिवसीय जनपद स्तरीय प्रशिक्षण कराया, जिसके तहत रवि शंकर प्रसाद एसपी सिटी फिरोजाबाद के निर्देशन व उपस्थिति में इस प्रशिक्षण का समापन कार्यक्रम को पूर्ण किया गया, जिसमें विभिन्न थाने प्रभारी व पुलिस कर्मचारी पुलिस महिला आरक्षी एवं महिला संगठन से जुड़े विभिन्न कर्मयोगी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से मुख्य मास्टर ट्रेनर बतौर महिला कल्याण विभाग हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन की अधिकारी अनम अकाशा ने किया। प्रशिक्षण में मिशन शक्ति अंब्रेला स्कीम के बारे में चर्चा करते हुए संभल एवं समर्थ के अंतर्गत आने वाली विभिन्न योजनाओं पर रोशनी डाली जैसे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ महिला हेल्पलाइन वन स्टॉप सेंटर पालना गृह नारी अदालत पीएम मातृ वंदना योजना हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन आदि। उन्होंने प्रशिक्षण में घरेलू हिंसा अधिनियम 2005, कार्यस्थल में कामकाजी महिलाओं का यौन उत्पीड़न 2013, पोक्सो एक्ट, घरेलू हिंसा अधिनियम 2005, बाल विवाह, कन्या भ्रूण हत्या, साइबर अपराध, आदि महिला एवं बालिका संबंधी अधिनियमों पर रोशनी डालते हुए समस्त ट्रेंनीज का संवेदीकरण इन संगीत विषयों से संबंधित डॉक्यूमेंट्री एनीमेटेड फिल्म के माध्यम से जानकारी व जागरूकता व संवेदीकरण करते हुए प्रत्येक थाने में मौजूद हेल्प डेस्क के प्रभावी एवं गुणवत्ता पूर्वक संचालन पर विस्तृत रूप से चर्चा की।

# 24 घंटे में लूट का खुलासा

आगरा। एत्मादुद्दौला थाना पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर मोबाइल और नकदी लूट की सनसनीखेज वारदात का खुलासा करते हुए तीन शातिर लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में एक लुटेरे के पैर में गोली लगी, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने लूट का मोबाइल और नकदी बरामद कर मामले का पदार्फाश कर दिया। विगत 12 अगस्त की रात लुटेरों ने नीरज नामक व्यक्ति से 4,000 रुपये और मोबाइल छीन लिया था। सादाबाद निवासी नीरज आगरा में भगवान टॉकीज चौराहा से रामबाग ऑटो में सवार होकर जा रहे थे। रामबाग पर ऑटो से उतरते समय ऑटो चालक और उसमें बैठे तीन अन्य लोग नीरज के हाथ में लगे बैग को लूटकर भाग गये थे। घटना के बाद पीड़ित ने थाना एत्मादुद्दौला में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामला गंभीरता से लेते हुए बदमाशों की तलाश शुरू कर दी थी। आज सुबह पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि लूट में शामिल आरोपी प्रकाश नगर पुरानी पुलिया के पास मौजूद हैं और फरार होने की फिराक में हैं। एसीपी छत्ता पीयूषकांत राय के निर्देशन में पुलिस टीम ने घेराबंदी की, लेकिन पुलिस को देखते ही बदमाश एक टेम्पो में बैठकर भागने लगे। पीछा करने पर बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग की, जिस पर पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की। पुलिस की गोली कुख्यात बदमाश इमरान पुत्र जमील निवासी थाना ट्रांसयमुना के पैर में लगी, जिससे वह घायल होकर गिर पड़ा। घायल इमरान के साथ पुलिस ने उसके दो साथियों- सानू उर्फ.रसीद पुत्र सायरा बानो निवासी कांशीराम कॉलोनी और अल्ताफ पुत्र अब्बास अली निवासी पीला खार को भी दबोच लिया। पुलिस ने इनके कब्जे से एक .315 बोर का तमंचा, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस, लूटा गया मोबाइल और 3,000 रुपये नकद बरामद किए। पुलिस जांच में पता चला कि ये तीनों बदमाश पहले भी कई वारदातों में जेल जा चुके हैं, जिनमें गोकशी के मामले में सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ने के आरोप भी शामिल हैं। एसीपी पीयूषकांत राय ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ विस्तृत आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है और कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**● पुलिस मुठभेड़ में तीन अपराधी गिरफ्तार, एक को गोली लगी**

# स्लीपर बस दुर्घटनाग्रस्त, 12 यात्री घायल

आगरा। स्लीपर बस लखनऊ से आगरा की ओर जा रही थी। आगरा में थाना डौकी क्षेत्र में हादसे का शिकार हो गई। बस में करीब 50 यात्री सवार थे। आगरा में थाना डौकी क्षेत्र के आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर स्लीपर बस दुर्घटना का शिकार हो गई। बस में करीब 50 यात्री सवार थे। हादसे के बाद चीखपुकार मच गई। 12 यात्री घायल हो गए। सूचना पर पुलिस पहुंच गई। घायलों को अस्पताल भेजा। पुलिस के मुताबिक बुधवार सुबह 4:30 बजे के करीब गोंडा से 50 सवारियां लेकर दिल्ली जा रही स्लीपर कोच बस चालक को थाना डौकी क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के किलोमीटर 6.400 पर नींद की झपकी लग गई। इससे बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरी साइड में जाकर पलट गई। सवारियों में चीख पुकार मच गई। जानकारी पर यूपीडा की टीम और पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को उपचार के लिए एसएन मेडिकल कॉलेज भेजा। हादसे में कुसमा देवी पत्नी रामपाल पथार थाना तरबगंज गोंडा, सुधीर रावत पुत्र कमलेश चंद्रपुर कितौली थाना परसपुर गोंडा, उषा पत्नी देवनारायण गोंडा, अभिषेक पुत्र देवनारायण, उपेंद्र पुत्र घनश्याम मिश्र निवासी खेड़ा परसपुर गोंडा, वफा पुत्री अजीज जाफरी निवासी मेवतयान गोंडा, जयप्रकाश तिवारी पुत्र राजेंद्र प्रसाद निवासी मंगोलपुरी नई दिल्ली, रवि प्रकाश पुत्र दरसू निवासी बाराबंकी, मनीष पुत्र दीनानाथ रावत निवासी गोंडा, रामजी पुत्र रघुराज निवासी छतकपुरवा मौजा, अजय पाठक पुत्र द्वारकानाथ पाठक निवासी मंगोलपुरी न्यू दिल्ली, नमिता पत्नी सत्येंद्र निवासी करनैलगंज, स्वरा पुत्री सत्येंद्र, आयुष पुत्र बृजेश निवासी आजमगढ़ टिकमा, रामजीत सिंह पुत्र रघुराज निवासी छतुकपुरवा, मौजा महादेवा, थाना तरफगंज गोंडा घायल हो गए।

# अनूठे संस्कृति दीक्षांत समारोह और सनातन संवाद के शिल्पी

मथुरा। सनातन संवाद के साथ संपन्न हुआ संस्कृति विश्वविद्यालय का छठवां दीक्षांत समारोह एक अनूठे आयोजन के रूप में हमेशा याद रहेगा। समारोह में भाग लेने आए संतों और अतिथियों की यह प्रतिक्रिया इस आयोजन के शिल्पकारों के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि रही। इस आयोजन की कल्पना और उसको मूर्तरूप देने वालों में संस्कृति विवि के कुलाधिपति डा.सचिन गुप्ता, बरासिया एडवरटाइसिंग कंपनी के स्वामी आदित्य बरासिया, विजन ग्रुप के चेयरमैन मुकेश गुप्ता, संस्कृति विवि के प्रति कुलाधिपति राजेश गुप्ता, कुलपति प्रो. एमबी चेट्टी, विश्वविद्याल की सीईओ डा. श्रीमती मीनाक्षी शर्मा मुख्य भूमिका में रहे। इस सपने को साकार करने में सहयोगी के रूप में संस्कृति विश्वविद्यालय की टीम जिसमें रिज्स्ट्रार मनीष मिश्रा, असिस्टेंट रजिस्ट्रार रवी त्रिवेदी, इंक्युबेशन सेंटर के सीईओ डा.गजेंद्र सिंह, कैप्स के निदेशक डा. रजनीश त्यागी, डा.दुर्गेश वाधवा, दिलीप सिंह, प्रशासनिक प्रमुख विवेक श्रीवास्तव, गौरव सांगवान, सुधांशु शाह, जसवंत सिंह, पंकज सारस्वत, ज्योति यादव, विशाल, डा.डीएस तोमर, रतीश शर्मा, पियूष झा, अमरिंदर, डा. रीना रानी, हास्पिटैलिटी के इंचार्ज विजय सक्सैना,



डा. गरिमा गोस्वामी, डा. गौरव, मौ.फहीम, परिवहन व्यवस्था के प्रमुख अजय श्रीवास्तव, कन्हैया लाल, नौशाद, यशपाल, राजकुमार आदि भूमिका प्रमुख रही। इनके अतिरिक्त संस्कृति एफएम 91.2 के इंचार्ज जय वर्मा, छात्र यश श्रीवास्तव, रसिक दुबे निखिल दहिया , दीपिका चैधरी, भारत रावत, रिया अरोड़ा, श्रुति बनसोड़, तुलसी सिंह आदि ने भी आयोजन की सफलता में आगे बढ़-चढ़कर भाग लिया।

## निकाली गयी ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा

मथुरा। बलदेव-संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय आह्वान पर भाकियू टिकैत के पदाधिकारियो ने तहसील अध्यक्ष महावन नीरेश कोयड व ब्लॉक अध्यक्ष बलदेव रणछोड़ के कुशल नेतृत्व में ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा का आयोजन प्रदेश प्रवक्ता कैम्प कार्यालय बरौली से किया गया। शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्या अर्पण करते हुए तिरंगा यात्रा जादौपुर तक पहुंची ही थी कि मौके पर नायव तहसील दार महावन प्रद्युम्न त्रिपाठी, चैकी प्रभारी बरौली वीरेंद्र सिंह धामा मय पुलिस बल के साथ पहुंचे। प्रशासन व किसानों के वीच तहसील जाने को लेकर काफी संवाद हुआ। काफी अनुरोध के बाद किसानों को समझाते हुए नायब तहसीलदार ने किसानों से 5 सूत्री मांग पत्र जिसमे नगला हगा आकोस में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में पुल निर्माण, बलदेव कैलास संपर्क मार्ग पर पुल निर्माण, किसानों को पर्याप्त डीएपी खाद की उपलब्धता, खाद की काला बाजारी पर रोख, फसल बुबाई के बाद फसल सिचाई हेतु निबार्धा विद्युत आपूर्ति आदि समस्याओं को लेकरडीएम मथुरा के नाम नायव तहसीलदार महावन को मांग पत्र दिया गया।

संक्षेप

## ब्रिक्स सीसीआई यूथ लीडर शिप डायलॉग 2.0 में युवाओं के पेश समाधान केंद्र में रहे

नई दिल्ली। ब्रिक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा 4 से 12 अगस्त द्वारा आयोजित ब्रिक्स सीसीआई यूथ लीडरशिप डायलॉग 2.0 में युवाओं द्वारा पेश समाधान केंद्र में रहे। इस शिखर सम्मेलन के दौरान राजनीति, कूटनीति, राजकाज, उद्यमशीलता और कारोबार जगत से नेताओं के अनुभवों का लाभ उठाते हुए प्रतिभागियों ने अपनी भावी वैश्विक नेतृत्व भूमिकाओं के लिए अंतर्दृष्टि प्राप्त की। अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस समारोहों के अनुरूप, ब्रिक्स सीसीआई यंग लीडरशिप डायलॉग 2.0ने अपने उद्घाटन संस्करण की सफलता के बल पर राष्ट्रीय वृद्धि एवं वैश्विक नेतृत्व को गति देने के लिए युवा भारतीयों को सशक्त करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। भारत के अगले दो दशकों में विश्व की सबसे बड़ी कामकाजी आबादी वाला देश बनने की तैयारी के साथ इस डायलॉग ने नीति निर्धारण, राजकाज और सामाजिक परिवर्तन में युवा नेताओं को सक्रिय रूप से शामिल करने की जरूरत पर बल दिया। इस सम्मेलन में देशभर से युवा प्रतिभागियों के चुनिंदा समूह को साथ लाकर उन्हें कौशल, अंतर्दृष्टि और नेटवर्क उपलब्ध कराया गया जिससे वे प्रभाव के साथ नेतृत्व कर सकें।

## टाटा प्ले बिंज देशभक्ति से भरपूर लाइनअप ला रहा है

नई दिल्ली। इस स्वतंत्रता दिवस, सिर्फ झंडा लहराने से काम नहीं चलेगा। आइए उन कहानियों में डूब जाएं जो हमारे देश की हिम्मत, बलिदान और अटूट जज्बे को दिखाती हैं। साहसिक मिशन से लेकर सच्ची वीर कहानियों तक, टाटा प्ले बिंज देशभक्ति से भरपूर और ड्रामा से लबालब एक खास लाइनअप ला रहा है। चाहे आपका मन तेज-तर्रार एक्शन थ्रिलर देखने का हो या प्रेरणादायक बायोपिक का, ये फिल्में और शो आपका सीना गर्व से चौड़ा कर देंगे। तेहरानभू-राजनीतिक तनाव की पृष्ठभूमि पर बनी तेहरान फिल्म एक भारतीय एजेंट (जॉन अब्राहम) की कहानी है, जो मिडिल ईस्ट में एक खतरनाक मिशन पर जाता है। मानुषी छिल्लर और नीरू बाजवा के अहम किरदारों के साथ, अरुण गोपालन का यह थ्रिलर हर मोड़ पर सस्पेंस, एक्शन और ट्विस्ट से भरा है। उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक, हाउज द जोश हमेशा की तरह ऊँचा! आदित्य धर की ब्लॉकबस्टर फिल्म भारत के वर्ष 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक की सच्ची कहानी को रोमांचक अंदाज में पेश करती है। एयरलिफ्टअक्षय कुमार की मुख्य भूमिका वाली यह रोमांचक और भावुक फिल्म, इतिहास के सबसे बड़े नागरिक बचाव अभियान की सच्ची कहानी पर आधारित है।

## बादाम हैं मानसून के लिए उपयुक्त आहार

नयी दिल्ली। आयुर्वेद के अनुसार, विशेष रूप से मानसून में वात और पित्त दोषों में वृद्धि होती है, जिससे सूजन और त्वचा रोग जैसे मुँहासे और दाने उत्पन्न हो सकते हैं। इस अवधि में गर्म पेय और तली-भुनी वस्तुओं की लालसा के साथ, उचित आहार द्वारा आंतरिक संतुलन बनाना त्वचा स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। डॉ. मधुमिता कृष्णन सुझाव देती हैं कि मानसून में वात और पित्त दोष को संतुलित करने के लिए ऐसे भोजन शामिल करें जिनकी प्रकृति मीठी और थोड़ा तैलीय हो। इससे शरीर को ठंडक मिलेगी और त्वचा की समस्याओं में सुधार होगा। बादाम मानसून के आहार के लिए बिल्कुल उपयुक्त हैं क्योंकि इनका स्वाद मुख्यतः मीठा होता है। वे वात और पित्त दोष को संतुलित करने में मदद करते हैं। थोड़े तैलीय होने के कारण ये त्वचा को अंदर से पोषण देने के लिए आदर्श हैं। इस प्रकार, वे बरसात के मौसम में संतुलन बनाए रखने के लिए उपयुक्त होते हैं।

## फ्लिपकार्ट ने लॉन्च किये माइक्रो फुलफिलमेंट सेंटर

लखनऊ। फ्लिपकार्ट ने अपनी क्विक कॉमर्स सर्विस फ्लिपकार्ट मिनट्स के तहत लखनऊ में माइक्रो फुलफिलमेंट सेंटर्स खोलने की घोषणा की है। इस घोषणा के साथ कंपनी ने रोजाना की जरूरत वाले उत्पादों की डिलीवरी करने और ग्राहकों के लिए कन्वीनियंस, स्पीड एवं वैल्यू सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूती दी है। इनमें ग्रॉसरी, मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं अन्य कैटेगरी के लिए ज्यादा की क्षमता है। उपभोक्ताओं की विविध जरूरतों को पूरा करने के लिए विभिन्न स्थानीय ब्रांड्स की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।

# सेंसेक्स में 304 अंकों की उछाल



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 304 अंक के लाभ में रहा। अमेरिका में महंगाई दर स्थिर रहने के बीच वैश्विक बाजारों में तेजी के साथ धातु, वाहन और औषधि कंपनियों के शेयरों में लिवाली से घरेलू बाजार बढ़त में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 304.32 अंक यानी 0.38 प्रतिशत की मजबूती के साथ 80,539.91 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 448.15 अंक तक चढ़ गया था।

वहीं 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 131.95 अंक यानी 0.54 प्रतिशत बढ़कर 24,619.35 पर पहुंच गया। विश्लेषकों ने कहा कि जुलाई में खुदरा मुद्रास्फीति के आठ साल के निचले स्तर 1.55 प्रतिशत पर आने से घरेलू शेयर बाजार पर सकारात्मक असर हुआ। भारतीय शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख देखने को मिला। इसका कारण उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के आठ साल के निचले स्तर पर पहुंचना है। इससे वाहन और धातु शेयरों की अगुवाई में सोच-विचार कर खर्च से जुड़े क्षेत्रों में सुधार की उम्मीद बढ़ी है। वैश्विक स्तर पर, चीन पर शुल्क लगाये जाने की समय सीमा बढ़ाए जाने और तेल की कीमतों में नरमी से धारणा में सुधार हुआ। डोनाल्ड ट्रंप के व्यापार रुख और वैश्विक जोखिमों को लेकर अनिश्चितताओं के बावजूद, भारत की वृद्धि-मुद्रास्फीति की स्थिति वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अनुकूल बनी हुई है। शुल्क पर स्थिति अद्यतन होने के आधार पर मामूली गिरावट का जोखिम बना हुआ है। भारत 15 अगस्त को होने वाली ट्रंप-पुतिन बैठक का इंतजार कर रहा है। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, इटर्नल, महिंद्रा एंड महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक, टाटा मोटर्स और पावर ग्रिड लाभ में रहे। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में अदाणी पोर्ट्स, आईटीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट और टाइटन शामिल हैं। मंगलवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, खुदरा मुद्रास्फीति जुलाई में घटकर आठ साल के निचले स्तर 1.55 प्रतिशत पर आ गयी। यह जनवरी, 2019 के बाद पहली बार रिजर्व बैंक के संतोषजनक स्तर से नीचे है। खाने का सामान सस्ता होने से महंगाई दर कम हुई है। एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजार दोपहर के कारोबार में बढ़त में थे। अमेरिकी बाजार मंगलवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.36 प्रतिशत टूटकर 65.88 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

# रुपया 20 पैसे चढ़कर 87.43 प्रति डॉलर पर



मुंबई। कमजोर डॉलर और घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख से निवेशकों में उत्साह का माहौल बनने से रुपया बुधवार को 20 पैसे मजबूत होकर 87.43 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और घरेलू मुद्रास्फीति में कमी ने रुपये को सहारा दिया, लेकिन व्यापार शुल्क एवं विदेशी पूंजी की निकासी को लेकर अनिश्चितताओं ने घरेलू मुद्रा की तेजी को सीमित कर दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 87.63 प्रति डॉलर पर खुला। दिन में यह अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 87.72 के निचले स्तर और 87.28 के उच्च स्तर के बीच घटता-बढ़ता रहा। अंत में यह 87.43 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 20 पैसे की बढ़त है। रुपया मंगलवार को 12 पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 87.63 पर बंद हुआ था। मुद्रास्फीति में नरमी और घरेलू बाजारों में मजबूती से रुपये में तेजी आई। हमें उम्मीद है कि वैश्विक बाजार में जोखिम की धारणा और अमेरिकी डॉलर के कमजोर होने से रुपया सकारात्मक रुख के साथ कारोबार करेगा। मुद्रास्फीति में नरमी और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से घरेलू मुद्रा को और समर्थन मिल सकता है। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.44 प्रतिशत की गिरावट के साथ 97.66 पर आ गया। घरेलू शेयर बाजारों में सेंसेक्स 304.32 अंक चढ़कर 80,539.91 अंक पर जबकि निफ्टी 131.95 अंक की बढ़त के साथ 24,619.35 अंक पर बंद हुआ।

# कमजोर हाजिर मांग से कच्चे तेल के वायदा भाव में गिरावट



नयी दिल्ली। हाजिर मांग घटने से कारोबारियों ने अपने सौदे के आकार को कम किया जिससे वायदा कारोबार में कच्चे तेल की कीमत बुधवार को 23 रुपये घटकर 5,483 रुपये प्रति बैरल रह गई।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में कच्चे तेल के सितंबर में आपूर्ति वाले अनुबंध का भाव एक रुपये या 0.42 प्रतिशत घटकर 5,483 रुपये प्रति बैरल रह गया। इसमें 7,846 लॉट का कारोबार हुआ। विश्लेषकों ने बताया कि प्रतिभागियों के दांव घटाने से वायदा कारोबार में कच्चे तेल की कीमतों में नरमी रही। वैश्विक स्तर पर, सितंबर में आपूर्ति वाला वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट क्रूड 62.93 डॉलर प्रति बैरल पर स्थिर रहा जबकि न्यूयॉर्क में ब्रेंट क्रूड 0.30 प्रतिशत फिसलकर 65.92 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा।

# सोना टूटकर 101,020 रुपये प्रति 10 ग्राम पर



नयी दिल्ली। स्टॉकिस्टों की लगातार बिकवाली के कारण बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 500 रुपये टूटकर 1,01,020 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी।

पिछले कारोबारी सत्र मंगलवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,01,520 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। राष्ट्रीय राजधानी में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बुधवार को 500 रुपये गिरकर 1,00,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रहा। हालांकि, चांदी की कीमत बुधवार को 1,12,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर स्थिर रही। विदेशी बाजारों में हाजिर सोना न्यूयॉर्क में 10.79 डॉलर यानी 0.32 प्रतिशत बढ़कर 3,358.99 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। हाजिर सोना 3,350 डॉलर प्रति औंस के आसपास स्थिर रहा। मौद्रिक नीति के भविष्य के बारे में और जानकारी के लिए कारोबारी अमेरिकी उत्पादक मूल्य सूचकांक और खुदरा बिक्री के आंकड़ों के साथ-साथ फेडरल रिजर्व अधिकारियों के भाषणों का इंतजार कर रहे हैं। चांदी हाजिर 1.58 प्रतिशत बढ़कर 38.51 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल पर ब्याज दरें कम करने के लिए जारी राजनीतिक दबाव ने बाजार की चिंता बढ़ा दी है। इससे सोने की सुरक्षित निवेश संपत्ति के रूप में स्थिति और मजबूत हुई है। कारोबारियों की अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच शुक्रवार को होने वाली वार्ता पर नजर है।

# चालू वित्त वर्ष में सकल मुद्रास्फीति औसतन 3.5 प्रतिशत रहेगीः क्रिसिल

कोलकाता। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 में कुल मुद्रास्फीति औसतन 3.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है, जो गत वित्त वर्ष (2024-25) में 4.6 प्रतिशत रही थी। रेटिंग एजेंसी ने अगस्त की अपनी शोध रिपोर्ट में कहा कि अच्छे कृषि उत्पादन से खाद्य मुद्रास्फीति के नियंत्रण में रहने की संभावना है।

खरीफ की बुवाई में आठ अगस्त तक सालाना आधार पर चार प्रतिशत की अच्छी वृद्धि दर्ज की गई। क्रिसिल ने अपनी शोध रिपोर्ट में कहा कि हमारा अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष में कुल (हेडलाइन) मुद्रास्फीति औसतन 3.5 प्रतिशत रहेगी, जो पिछले वित्त वर्ष में 4.6 प्रतिशत थी। रिपोर्ट में कहा गया कि भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के नियंत्रण में रहने की उम्मीद करते हुए ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतें चालू वित्त वर्ष में 60 से 65 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल तक सीमित रहने का अनुमान है जिससे गैर-खाद्य मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। रेटिंग एजेंसी को इस वित्त वर्ष में रेपो दर में एक और कटौती की उम्मीद है। अबतक कुल एक प्रतिशत की कटौती और पर्याप्त नकदी ने इसका लाभ आगे भी तेजी से पहुंचाने में मदद की है। भारत की खुदरा मुद्रास्फीति दर पिछले एक साल में आधी से भी अधिक घट गई है और भारतीय रिजर्व बैंक के संतोषजनक दायरे के निचले स्तर से भी नीचे आ गई है।

# व्यापार वार्ता पर भारत का रुख थोड़ा अड़ियलः बेसेंट

न्यूयॉर्क। अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा कि भारत, अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता में थोड़ा अड़ियल रहा है।

बेसेंट ने मंगलवार को फॉक्स बिजनेस के साथ बातचीत में अक्टूबर के अंत तक सभी शुल्क और व्यापार समझौतों को पूरा करने के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा कि हम ऐसा चाहते हैं। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हम अच्छी स्थिति में हैं। बड़े व्यापार समझौते जो नहीं हुए हैं या जिन पर सहमति नहीं बनी है...स्विट्ज़रलैंड से बातचीत जारी है, भारत थोड़ा अड़ियल रुख अपना रहा है। बेसेंट ने कहा कि अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर और वकीलों के दल इस पर काम कर रहे हैं। इसलिए मुझे लगता है कि हम सभी महत्वपूर्ण देशों के साथ ठोस शर्तों पर सहमत हो गए हैं। जैसा कि मैं लंबे समय से कह रहा हूं, राष्ट्रपति (डोनाल्ड ट्रंप) शांति समझौते, व्यापार समझौते व कर समझौते कर रहे हैं। भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता जारी है। ट्रंप ने भारत पर कुल 50 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की है जिसमें से 25 प्रतिशत शुल्क रूस से तेल की खरीद पर लागू होगा और यह 27 अगस्त से प्रभाव में आएगा। शुल्क पर भारत के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि भारत को निशाना बनाना अनुचित है। किसी भी बड़ी अर्थव्यवस्था की तरह भारत अपने राष्ट्रीय हितों और आर्थिक सुरक्षा की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगा।

## इनमोबी ने लखनऊ में किया प्रवेश, खोला नया कार्यालय



लखनऊ। एआई पावर्ड टेक्नोलॉजी में ग्लोबल लीडर इनमोबी ने आज लखनऊ में नए टेक्नोलॉजी सेंटर का लॉन्च किया। इस लॉन्च के साथ यह शहर कंपनी के ग्लोबल इनोवेशन नेटवर्क में शामिल हो गया है। मोहित सक्सेना, सह-संस्थापक एवं ग्रुप सीटीओ इनमोबी और ग्लांस ने कहा कि इनमोबी जो भारत की पहली यूनिकॉर्न कंपनी के रूप में मशहूर है, लखनऊ में प्रवेश करने वाली कुछ पहली ग्लोबल डीप-टेक कंपनियों में से एक है। यह इनमोबी के मिशन के अनुसार भारत के महानगरों के दायरे से बढ़कर छोटे शहरों में इनोवेशन को विकेंद्रीकृत करने, प्रतिभा को बढ़ावा देने तथा एआई एवं डीप-टेक में भारत के ग्लोबल लीडरशिप को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। लखनऊ का यह टेक सेंटर आधुनिक टेक्नोलॉजी जैसे जनरेटिव एआई, मशीन लर्निंग ऑपरेशन्स, ऑटोमेशन और बड़े पैमाने पर एआई इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास सहित आधुनिक तकनीकों में इनोवेशन्स को बढ़ावा देने में मुख्य भूमिका निभाएगा।

## शेयर.मार्केट ने अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर जारी किये आंकड़े

नयी दिल्ली। अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर फोनपे के वेल्थ मैनेजमेंट प्लेटफॉर्म शेयरडाटमार्केट ने भारत के युवा निवेशकों की म्यूचुअल फंड्स में बढ़ती भागीदारी पर दिलचस्प आंकड़े जारी किए हैं। हाल ही में 1 अगस्त 2024 से 31 जुलाई 2025 के बीच किए गए एनालिसिस के मुताबिक, कुल निवेशक में से 6 लाख निवेशक 18 से 30 वर्ष से उम्र के है, जो शेयरडाटमार्केट के निवेशको का 48% हिस्सा हैं डेटा से पता चलता है कि करीब 95% जेन जी निवेशक म्यूचुअल फंड में अपने निवेश की शुरूआत इक्विटी फंड्स से करते हैं। इसका मतलब है कि युवा अब शॉर्ट टर्म सेविंग्स की जगह, ऐसे निवेश को ज्यादा पसंद कर रहे हैं जिसमें जोखिम तो ज्यादा है, लेकिन फायदा भी ज्यादा होने की उम्मीद है।

# न्यायाधिकरण ने जीएसटी कटौती का लाभ ग्राहकों को नहीं देने के लिए अर्बन एसेंस को दोषी ठहराया

नयी दिल्ली। नवगठित जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण (जीएसटीएटी) ने मुनाफाखोरी के मामले में अपने पहले आदेश में सबवे लि. की फ्रेंचाइजी अर्बन एसेंस को जीएसटी दर कटौती का 5.47 लाख रुपये का लाभ ग्राहकों को नहीं देने का दोषी ठहराया है।

माल एवं सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण के पांच अगस्त के आदेश ने मुनाफाखोरी-रोधी महानिदेशालय (डीजीएपी) की रिपोर्ट को बरकरार रखा है। इसमें कहा गया था कि अर्बन एसेंस ने खाद्य उत्पादों की कीमतों में कटौती का लाभ ग्राहकों को नहीं देकर 5.47 लाख रुपये का मुनाफा कमाया है। इस संबंध में आदेश जीएसटीएटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) संजय कुमार मिश्रा ने पारित किया। अपीलीय न्यायाधिकरण ने पुणे स्थित इकाई को 15 नवंबर, 2017 से 18 प्रतिशत ब्याज सहित 5,45,005 रुपये जमा करने और उसे तीन महीने के भीतर महाराष्ट्र के उपभोक्ता कल्याण कोष में जमा करने का निर्देश दिया।

यह मामला अर्बन एसेंस के खिलाफ एक ग्राहक की शिकायत से जुड़ा है। शिकायत में 15 नवंबर, 2017 से रेस्तरां सेवाओं पर जीएसटी दर में 18 प्रतिशत से पांच प्रतिशत की कटौती का लाभ उपभोक्ताओं को नहीं देने का आरोप लगाया गया था।

## ऑप्टिमस का प्रीमियम टेंपर्ड ग्लास स्क्रीन प्रोटेक्टर लॉन्च

नई दिल्ली। भारतीय उपभोक्ताओं के लिए मोबाइल टेंपर्ड ग्लास स्क्रीन प्रोटेक्टर का अनुभव नए सिरे से परिभाषित करने के लिए एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए देश के इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षेत्र में अग्रणी ऑप्टिमस इंफ्राकॉम लिमिटेड ने आज राइनोटेक ब्रांड नाम से भारत का पहला प्रीमियम टेंपर्ड ग्लास स्क्रीन प्रोटेक्टर लांच किया। यह भारत में बना उत्पाद है जिसमें Engineered by Corning™ ग्लास का उपयोग किया गया है। राइनोटेक उत्पादों की लांचिंग के साथ ऑप्टिमस वित्त वर्ष 2027 (मार्च, 2027) के अंत तक राइनोटेकसे 1,800-2,000 करोड़ रुपये की आय की संभावना तलाश रही है।

# पेज एक का शेष

## तीन जजों की

याचिका कॉन्फ्रेंस फॉर ह्यूमन राइट्स (इंडिया) नाम के एक संगठन की ओर से 2024 में दायर की गई थी। इसमें दिल्ली हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें पशु जन्म नियंत्रण (कुत्ते) नियमों के अनुसार दिल्ली में आवारा कुत्तों के नसबंदी और टीकाकरण के निर्देश देने की मांग वाली उनकी जनहित याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया गया था। इसके बाद वकील ने न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी की अध्यक्षता वाली पीठ की ओर से मई 2024 में पारित एक आदेश का हवाला दिया, जिसके तहत आवारा कुत्तों के मुद्दे से संबंधित याचिकाओं को संबंधित उच्च न्यायालयों में स्थानांतरित कर दिया गया था। वकील ने न्यायमूर्ति माहेश्वरी की पीठ की ओर से पारित आदेश का का जिक्र किया, जिसमें कोर्ट ने कहा था कि हम बस इतना ही कहना चाहते हैं कि किसी भी परिस्थिति में कुत्तों की अंधाधुंध हत्या नहीं की जा सकती। अधिकारियों को मौजूदा कानूनों और भावना के अनुसार कार्रवाई करनी होगी। इस बात में कोई दो राय नहीं है कि सभी जीवों के प्रति करुणा प्रदर्शित करना संवैधानिक मूल्य और जनभावना है। इसे बनाए रखना अधिकारियों का दायित्व है। बता दें कि जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने 11 अगस्त को दिल्ली-एनसीआर की सड़कों से सभी लावारिस कुत्तों को हटाने का आदेश पारित किया था। जिसके बाद पूरे देश में कुत्ता प्रेमियों के बीच तीखी प्रतिक्रिया हुई। इस फैसले का राहुल गांधी, मेनका गांधी, जॉन अब्राहम और वरुण धवन जैसी हस्तियों ने विरोध किया है। सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों की समस्या पर कड़ा रुख अपनाया और दिल्ली-एनसीआर को आठ हफ्तों के भीतर सभी इलाकों से आवारा कुत्तों को हटाने और उन्हें नगर निगम अथॉरिटी द्वारा स्थापित शेल्टर में रखने का आदेश दिया था। न्यायालय ने कहा था कि सभी इलाकों को आवारा कुत्तों से मुक्त किया जाना चाहिए और किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाना चाहिए।

## हाथ में

रहे। मुख्यमंत्री ने मंत्रिमंडल के सहयोगियों व जनप्रतिनिधियों संग हाथ में तिरंगा लेकर 'भारत मां की जयकार, वंदे मातरम' की गूंज के साथ यात्रा का नेतृत्व किया। सीएम ने अपने आवास से तिरंगा यात्रा को रवाना भी किया। इसके पूर्व मुख्यमंत्री ने स्कूली बच्चों, एनसीसी कैडेट्स, स्काउट गाइड्स, युवाओं आदि के साथ सेल्फी भी ली। तिरंगा यात्रा को देख लग रहा था कि लखनऊ की सड़कों पर समूचा भारत उमड़ पड़ा है।

## बांके बिहारी

परंपराओं, संप्रदायों, पीठों से 3 सदस्य (उसी श्रेणी के प्रतिष्ठित व्यक्तित्व), सनातन धर्म की किसी भी शाखा, संप्रदाय से 3 सदस्य, गोस्वामी परंपरा से 2 सदस्य स्वामी हरिदास के वंशज, एक राज-भोग सेवादारों और दूसरा शयन-भोग सेवादारों का प्रतिनिधि होगा। सभी मनोनीत सदस्य सनातनी हिंदू होंगे जिनका कार्यकाल 3 वर्ष का होगा। पदेन सदस्य में मथुरा के जिला मजिस्ट्रेट, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, नगर निगम आयुक्त, उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद के सीईओ, बांके बिहारी मंदिर ट्रस्ट के सीईओ और राज्य सरकार का नामित प्रतिनिधि शामिल होंगे। यदि कोई पदेन सदस्य सनातन धर्म को नहीं मानने वाला/गैर-हिंदू हुआ, तो उसकी जगह उससे कनिष्ठ अधिकारी को नामित किया जाएगा। न्यास की बैठक हर तीन महीने में अनिवार्य होगी। आयोजन से 15 दिन पहले नोटिस देना होगा। बोर्ड/सदस्य सद्भावना-पूर्वक किए गए कार्यों के लिए उत्तरदायी नहीं ठहराए जाएंगे। न्यास को 20 लाख रुपये तक की चल/अचल संपत्ति स्वयं खरीदने का अधिकार होग। इससे अधिक के लिए सरकार की स्वीकृति आवश्यक होगी। मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एडीएम स्तर के अधिकारी होंगे। यह अध्यादेश मंदिर की धार्मिक परंपरा की रक्षा करते हुए प्रशासन को संस्थागत बनाता है और श्रद्धालुओं को उन्नत अनुभव देने का रोडमैप प्रस्तुत करता है।

## सरकार ने

और बूढ़े हो जाएंगे, मैं पूछना चाहता हूं कि इस विजन से उनको क्या लाभ मिलेगा। शिवपाल सिंह यादव ने कहा, विजन ज्यादा से ज्यादा पांच साल का होना चाहिए और आज आप लोग 2047 का, 22 साल बाद का, विजन बता रहे हैं। हम कहना चाहते हैं कि यह कोई विजन नहीं, यह लॉलीपॉप है। पहले 2022 के घोषणा पत्र का हिसाब होना चाहिए, भविष्य की बातें बाद में होंगी, पहले अतीत का हिसाब होना चाहिए। उन्होंने विषयवार समस्याओं को गिनाते हुए कहा कि 2022 के चुनाव में भाजपा ने क्या-क्या वादे किए और क्या 2025 में सभी वादे पूरे हो गये? पूर्व मंत्री ने कहा कि वे वादे पूरे नहीं हुए हैं, तो कैसे (2047 के विजन) उम्मीद करें। यादव ने कहा, भाजपा का मतलब भविष्य का झुनझुना और वर्तमान का उजड़ा चमन है।

इसके बाद उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने विपक्षी दलों खासतौर से पूर्ववर्ती सपा की सरकार पर निशाना साधते हुए दावा किया कि 2017 से पहले प्रदेश में अवसंरचना और कानून-व्यवस्था की स्थिति दयनीय थी तथा हत्या, डकैती, और बलात्कार जैसे अपराध करने वाले अपराधियों को सरकारी संरक्षण प्राप्त था, लेकिन अब उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक एक्सप्रेस-वे हैं और 75 जिलों को फोर-लेन सड़कों से जोड़ा गया है। पाठक जब बोल रहे थे तब सपा के सदस्यों ने विरोध किया और उन्होंने शोर शराबे के बीच अपनी बात रखी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश गेहूं, दुग्ध, और चीनी उत्पादन में देश में नंबर एक है। उपमुख्यमंत्री के मुताबिक, स्वास्थ्य सेवाओं में उल्लेखनीय प्रगति हुई है, जिसमें 80 मेडिकल कॉलेज, रायबरेली और गोरखपुर में एम्स, और एमबीबीएस की 5,250 सीटें शामिल हैं। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत साढ़े पांच करोड़ कार्ड बनाए गए हैं तथा मच्छर जनित रोगों पर नियंत्रण पा लिया गया है और टीबी, मलेरिया व जल जनित रोगों का पूर्ण उन्मूलन करने का लक्ष्य है।

## ईडी ने

ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप के खिलाफ इसी तरह की जांच के सिलसिले में कई राज्यों में तलाशी भी ली थी। एजेंसी विभिन्न अवैध सट्टेबाजी ऐप से जुड़े कई ऐसे मामलों की जांच कर रही है, जिनमें लोगों और निवेशकों से करोड़ों रुपये की ठगी किए जाने या भारी मात्रा में कर चोरी का आरोप है। बाजार विश्लेषण कंपनियों और जांच एजेंसियों के अनुमान के अनुसार, ऐसे विभिन्न ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप्स के लगभग 22 करोड़ भारतीय उपयोगकर्ता हैं, जिनमें से आधे (लगभग 11 करोड़) नियमित उपयोगकर्ता हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, भारत में ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप का बाजार 100 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का है और 30 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है।

## सड़क हादसे

हादसा हुआ। हादसे में सात बच्चों और चार महिलाओं की मौत हो गई। दौसा के पुलिस उपाधीक्षक रविप्रकाश शर्मा ने बताया कि मृतकों की पहचान पूर्वी (छह), लक्ष्य (छह), वैष्णवी (सात), महक (सात), सलोनी (नौ), मिष्ठी (एक), बाबू (तीन), प्रियंका (25), शीलादेवी (28), सीमा (25) और सोनम (32) के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पिकअप वाहन में 20 लोग सवार थे, जब यह राजमार्ग की सर्विस लेन पर खड़े ट्रक से टकरा गया। उन्होंने बताया कि आठ घायलों में से एक की हालत गंभीर है। हादसे का शिकार हुए लोग खाटू श्याम और सालासर बालाजी मंदिर के दर्शन करने के बाद उत्तर प्रदेश के एटा स्थित अपने गांव लौट रहे थे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए जानमाल के नुकसान को बेहद दुखद बताया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि दौसा, राजस्थान में हुई सड़क दुर्घटना में महिलाओं और बच्चों समेत अनेक लोगों की मृत्यु का समाचार बहुत ही दुखद है। मैं शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहन संवेदना व्यक्त करती हूं। मैं इस दुर्घटना में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं। जयपुर के सवाई मानसिंह चिकित्सालय (एसएमएस) में कुछ घायलों को लाया गया था। एसएमएस के डॉ. अनुराग धाकड़ ने कहा कि तीन महिलाओं और तीन बच्चों सहित लगभग 10 घायलों को यहां लाया गया था। इनमें से एक महिला, सीमा देवी की मृत्यु हो गई, जबकि उनके पति मनोज आईसीयू में हैं। धाकड़ ने बताया कि तीन मरीजों के सिर में चोटें आईं, जबकि तीन बच्चों में से एक की हालत गंभीर है। इस बीच, एटा के असरौली गांव में जब खबर आई कि राजस्थान में हुए सड़क हादसे में उसके 11 निवासी मारे गए तो गांव में सन्नाटा छा गया। एटा के जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और अन्य अधिकारियों के साथ शोक संतप्त परिवारों से मिलने गए और हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। शोक संतप्त परिवारों को सांत्वना देने के लिए असरौली में नेताओं, शुभचिंतकों और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हुई। हमने पीड़ितों के परिजनों की सहायता के लिए एटा से दौसा एक टीम भेजी है। शवों को एटा वापस लाया जाएगा। इस त्रासदी को देखते हुए, लोधी महासभा ने 16 अगस्त को एटा में होने वाली वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी शोभायात्रा स्थगित कर दी है।

## अगले सप्ताह

उपप्रवक्ता अलेक्सी फडेयेव ने मास्को में कहा कि दोनों देशों के विदेश कार्यालयों के प्रमुख द्विपक्षीय एजेंडे के सबसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करेंगे। उपरोक्त सूत्रों ने बताया कि जयशंकर रूस की दो दिवसीय यात्रा पर होंगे और इस दौरान वह पुतिन से मुलाकात करने के अलावा विदेश मंत्री लावरोव के साथ व्यापक मुद्दों पर बातचीत भी कर सकते हैं। विदेश मंत्री द्वारा व्यापार और आर्थिक, वैज्ञानिक-तकनीकी तथा सांस्कृतिक सहयोग पर भारत-रूस अंतर-सरकारी आयोग के 26वें सत्र की सह-अध्यक्षता करने की भी उम्मीद है। बातचीत में रूसी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व प्रथम उप प्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव द्वारा किये जाने की संभावना है। मास्को में रूसी नेताओं के साथ जयशंकर की बैठकों में रूस से भारत की निरंतर ऊर्जा खरीद पर चर्चा होने की संभावना है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले सप्ताह एक सरकारी आदेश जारी किया, जिसमें नयी दिल्ली द्वारा रूसी तेल की निरंतर खरीद के लिए दंड के रूप में भारतीय वस्तुओं पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाया गया। अतिरिक्त शुल्कों से भारत पर कुल शुल्क 50 प्रतिशत तक बढ़ गया। रूस से कच्चे तेल की खरीद का बचाव करते हुए भारत यह कहता रहा है कि उसकी ऊर्जा खरीद राष्ट्रीय हित और बाजार की गतिशीलता से प्रेरित है। फरवरी 2022 में यूक्रेन पर आक्रमण के बाद पश्चिमी देशों द्वारा मास्को पर प्रतिबंध लगाने और उसकी आपूर्ति बाधित करने के बाद भारत ने रियायती दर पर बेचे जाने वाले रूसी तेल को खरीदना शुरू कर दिया।

## अवैध धर्मांतरण

आधार पर तय होगा। सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की नई नियमावली और एसटीआई नीति 2025 को मंजूरी दी गयी।

## एलओसी पर

पहल के तहत एयरोआर्क द्वारा डिजाइन किया गया एमयूएलई (मल्टी-यूटिलिटी लेग्ड इक्विपमेंट) चार पैरों वाला रोबोट है, जो बर्फ, रेगिस्तान, पानी और अन्य चुनौतीपूर्ण इलाकों में भी अपना काम बखूबी करने में सक्षम है। सेना के एक अधिकारी ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान इन रोबोटिक म्यूल ने निगरानी करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने बताया कि उन्नत सेंसरों से लैस यह उपकरण रसद आपूर्ति कर सकता है, विस्फोटकों का पता लगा सकता है और टोह लेने का काम कर सकता है। इसका मॉड्यूलर डिजाइन विभिन्न युद्धक्षेत्र भूमिकाओं के लिए अनुकूलन की अनुमति देता है।




# वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान को 202 रन से हराया

## वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 294 रन बनाये, पाकिस्तान की टीम 29.2 ओवर में 92 रन पर ढेर हो गई

एजेंसी

तारूबा (त्रिनिदाद एवं टोबैगो)। कप्तान शाई होप के शतक और तेज गेंदबाज जेडन सील्स की घातक गेंदबाजी की मदद से वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान को तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 202 रन से करारी शिकस्त देकर तीन मैचों की श्रृंखला 2-1 अपने नाम की। होप ने 94 गेंद पर नाबाद 120 रन बनाए जिसमें 10 चौके और पांच छक्के शामिल हैं। उनकी इस शानदार पारी की बदौलत वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 294 रन बनाए।




पाकिस्तान की टीम इसके जवाब में 29.2 ओवर में 92 रन पर ढेर हो गई। उसके केवल तीन बल्लेबाज ही दोहरे अंक में पहुंचे, जिनमें सलमान आगा ने सर्वाधिक 30 रन बनाए। जेडन सील्स ने 7.2 ओवर में 18 रन देकर छह विकेट लिए। इस तरह से वेस्टइंडीज 1991 के बाद पाकिस्तान के खिलाफ पहली द्विपक्षीय एकदिवसीय श्रृंखला जीतने में सफल रहा। इसके साथ ही उसने ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट और ट्वेंटी-20 प्रारूपों में घरेलू श्रृंखलाओं में हार का सिलसिला भी समाप्त कर दिया। यह बड़ी जीत कैरेबियाई क्रिकेट के लिए आयोजित दो दिवसीय आपातकालीन सम्मेलन के बाद आई। होप ने ब्रायन लारा और क्लाइव लॉयड जैसे महान खिलाड़ियों के साथ इस सम्मेलन में हिस्सा लिया और वेस्टइंडीज को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में फिर से शीर्ष पर लाने के लिए रणनीति बनाने में मदद की। ऑस्ट्रेलिया से लगातार आठ मैच हारने और फिर फ्लोरिडा में पाकिस्तान से टी-20 श्रृंखला 2-1 से हारने के बाद वेस्टइंडीज ने पिछले सप्ताह पाकिस्तान से एकदिवसीय श्रृंखला का पहला मैच पांच विकेट से गंवा दिया था। वेस्टइंडीज ने दूसरे एकदिवसीय मैच में पांच विकेट से जीत हासिल कर श्रृंखला को बराबर किया और फिर तीसरे मैच में भी दबदबा बनाया। होप ने मंगलवार को ब्रायन लारा स्टेडियम में खेले गए मैच में जस्टिन ग्रीव्स के साथ लगभग आठ ओवर में सातवें विकेट के लिए 110 रन की अटूट साझेदारी की।

ग्रीव्स ने केवल 24 गेंदों पर नाबाद 43 रन बनाए, जिसमें दो छक्के और चार चौके शामिल थे। लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान के शीर्ष तीन बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल पाए। सलामी बल्लेबाज़ सैम अयूब पारी की तीसरी गेंद पर विकेट के पीछे कैच आउट हो गए।

## यास्तिका और राधा चमकी, भारत ए ने ऑस्ट्रेलिया ए को तीन विकेट से हराया

ब्रिस्बेन। यास्तिका भाटिया के अर्धशतक और कप्तान राधा यादव की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से भारत ए ने बुधवार को यहां पहले महिला एकदिवसीय क्रिकेट मैच में आस्ट्रेलियाई टीम को 48 गेंद शेष रहते हुए तीन विकेट से हरा दिया। इस जीत से भारत अब तीन मैचों की श्रृंखला में ।-0 से आगे हो गया है। बाएं हाथ की स्पिनर राधा ने 45 रन देकर तीन विकेट लिए, जिससे भारत ए ने ऑस्ट्रेलिया ए को 47.5 ओवर में 214 रन पर समेट दिया।

भारतीय टीम ने इसके बाद भाटिया (70 गेंदों पर 59 रन) की अगुवाई में बल्लेबाजों के अच्छे प्रदर्शन से 42 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। भाटिया ने शेफाली वर्मा (31 गेंदों पर 36 रन) के साथ अच्छी शुरुआत की और पहले विकेट के लिए केवल 10.4 ओवर में 77 रन जोड़े।

शेफाली के सियाना जिंजर की गेंद पर आउट होने के बाद भाटिया ने धारा गुज्जर (53 गेंदों पर 31 रन) के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 63 रन जोड़े जिससे भारत ने 23.3 ओवर में एक विकेट पर 140 रन बना लिए। लेकिन गुज्जर और भाटिया जल्दी-जल्दी आउट हो गई, जिससे भारत ए का स्कोर तीन विकेट पर 157 रन हो गया।

ऑफ स्पिनर एला हेवर्ड (46 रन पर दो विकेट) ने फिर 30वें और 32वें ओवर में तेजल हसब्निस और तनुश्री सरकार को आउट कर दिया, जिससे मेहमान टीम का स्कोर पांच विकेट पर 166 रन हो गया। राघवी बिष्ट (34 गेंदों पर नाबाद 25 रन) ने ऐसे समय में जिम्मेदारी संभाली और टीम को लक्ष्य तक पहुंचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इससे पहले अनिका लियरयोड (90 गेंदों पर नाबाद 92 रन) और रशेल ट्रेनमैन (62 गेंदों पर 51 रन) की ठोस पारियों के बावजूद ऑस्ट्रेलिया बड़ा स्कोर बनाने में नाकाम रहा।

# गुकेश संयुक्त पांचवें स्थान पर कारुआना ने बढ़त हासिल की

सेंट लुई (अमेरिका)। विश्व चैंपियन डी गुकेश के लिए ग्रैंड शतरंज टूर के तहत खेले जा रहे सेंट लुई रैपिड एंड ब्लिट्ज टूर्नामेंट का दूसरा दिन बहुत अच्छा नहीं रहा। उन्हें एक बाजी में हार का सामना करना पड़ा जबकि दो बाजियां उन्होंने ड्रॉ खेली जिससे वह 10 खिलाड़ियों के बीच खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में छह अंकों के साथ संयुक्त पांचवें स्थान पर खिसक गए।

गुकेश ने चौथे दौर में अमेरिका के अंतिम स्थान पर काबिज सैम शंकलैंड के हाथों मिली करारी हार के बाद फ्रांस के मैक्सिम वचियर-लाग्रेव और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के खिलाफ अगले दो मुकाबले ड्रॉ खेले। इस बीच अमेरिकी खिलाड़ी फैबियानो कारुआना ने आर्मेनियाई से अमेरिकी बने लेवोन अरोनियन को दिन की आखिरी बाजी में हराकर दो अंकों की बढ़त ले ली। गुकेश की तरह अरोनियन भी केवल दो बाजी ड्रॉ करा पाए और एक हार गए। रैपिड में अब जबकि केवल तीन दौर का खेल बचा हुआ है तब कारुआना संभावित 12 में से 10 अंक लेकर इस वर्ग में जीत की स्थिति में दिख रहे हैं। अरोनियन अभी भी आठ अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं और अमेरिका के ही वेस्ली सो के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। वाचियर-लाग्रेव सात अंकों के साथ चौथे, जबकि गुकेश एक और अमेरिकी खिलाड़ी लीनियर



डोमिन्गुएज़ पेरेज़ के साथ संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर हैं। उज़्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव और वियतनाम के लिएम ले क्वांग पांच अंकों के साथ संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर हैं। अमेरिका के ग्रिगोरी ओपरिन उनसे दो अंक पीछे हैं। सैम शैंकलैंड ने गुकेश को हराकर दो अंक हासिल किए लेकिन वह अंतिम स्थान पर बने हुए हैं।

**इंडियन शतरंज लीग शुरू करने के लिए स्टेयर्स फाउंडेशन ने ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से हाथ मिलाया**

नयी दिल्ली। एक ऑनलाइन शतरंज मंच ने इंडियन शतरंज लीग शुरू करने और देश में खेल के पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए स्टेयर्स फाउंडेशन के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी के तहत वंचित युवा प्रतिभाओं की पहचान और उन्हें पोषित करने सहित कई पहल की जा रही हैं।

## संक्षेप

### गुलवीर ने बनाया राष्ट्रीय रिकॉर्ड

नयी दिल्ली। भारत के गुलवीर सिंह ने बुडापेस्ट में ग्रुलाई इस्तवान मेमोरियल हंगेरियन एथलेटिक्स ग्रां प्री में पुरुषों की 3000 मीटर दौड़ की गैर ओलंपिक स्पर्धा में अपने ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड को बेहतर किया और पांचवें स्थान पर रहे। गुलवीर ने मंगलवार को सात मिनट 34.49 सेकंड का समय लेकर इस वर्ष फरवरी में बोस्टन विश्वविद्यालय डेविड हेमरी वैलेंटाइन आमंत्रण प्रतियोगिता में बनाए गए अपने ही पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड 7.38.26 सेकंड में सुधार किया। यह 27 वर्षीय खिलाड़ी यूरोप में अपनी पहली ट्रैक रेस में भाग ले रहा था। यह विश्व एथलेटिक्स की कॉन्टिनेंटल टूर स्वर्ण स्तर की प्रतियोगिता है। कीनिया के किपसांग मैथ्यू किपचुम्बा ने 7:33.23 के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता।

### बैडमिंटन : दुनिया के नंबर एक शी युकी से भिड़ेंगे लक्ष्य

पेरिस। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों को 25 अगस्त से शुरू हो रही विश्व चैंपियनशिप के लिए बुधवार को चुनौतीपूर्ण ड्रॉ मिले जिसमें लक्ष्य सेन अपने अभियान की शुरुआत दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी चीन के शी युकी के खिलाफ करेंगे। लक्ष्य और शी इससे पहले चार मुकाबलों में भिड़े हैं जिसमें चीन के खिलाड़ी ने तीन जीते और एक गंवाया है। राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता लक्ष्य पिछले साल पेरिस ओलंपिक में सेमीफाइनल में हार के बाद से लय हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता अल्मोड़ा के 23 वर्षीय लक्ष्य विश्व रैंकिंग में 21वें स्थान पर खिसक गए हैं। वह मौजूदा सत्र में सिर्फ ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में केवल क्वार्टर फाइनल तक पहुंच पाए हैं।

### टेनिस : वीनस विलियम्स बनेगी नई बार्बी डॉल

न्यूयॉर्क। दिग्गज टेनिस खिलाड़ी वीनस विलियम्स जल्द ही बार्बी डॉल के रूप में नजर आएगी। इस गुड़िया निर्माता कंपनी ने प्रेरणादायी महिलाओं की अपनी सीरीज में वीनस को लेकर बार्बी डॉल बनाई है जिसे शुक्रवार को जारी किया जाएगा। इस गुड़िया को उसी तरह की पोशाक पहनाई गई है जो वीनस ने 2007 में विंबलडन चैंपियन बनने के दौरान पहनी थी। यह वही वर्ष था जब पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में महिलाओं को पुरुषों के बराबर पुरस्कार राशि मिली थी। इस गुड़िया की खुदरा कीमत 38 डॉलर बताई गई है, जिसमें वीनस पूरी तरह सफेद पोशाक में होंगी। उनके गले में हरे रंग का रत्न का हार, कलाई का बैंड हाथों में रैकेट और टेनिस बॉल होगी।

# रोहित आईसीसी एकदिवसीय रैंकिंग में दूसरे स्थान पर

एजेंसी

दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने भविष्य को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच भारत के दिग्गज बल्लेबाज रोहित शर्मा बुधवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की नवीनतम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गए। आईपीएल 2025 के बाद से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेलने वाले 38 साल के रोहित ने एक स्थान के फायदे स ा पाकिस्तान के बाबर आजम को पछाड़ा जो कैरेबिया में वेस्टइंडीज के खिलाफ हाल में संपन्न एकदिवसीय श्रृंखला में खराब प्रदर्शन के बाद तीसरे स्थान पर खिसक गए। रोहित के 756 अंक हैं और वह भारत के टेस्ट कप्तान शुभमन गिल (784) से पीछे हैं जो पहले नंबर पर बने हुए हैं। पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली 736 अंक के साथ चौथे स्थान पर बरकरार हैं। रोहित और कोहली दोनों ने भारतीय टीम के इंग्लैंड दौरे से पहले टेस्ट प्रारूप से संन्यास की घोषणा कर दी थी लेकिन उन्होंने 50 ओवर के प्रारूप में खेलना जारी रखने की इच्छा व्यक्त की है। दोनों स्टार बल्लेबाज अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला खेल सकते हैं और उन्होंने लय में वापसी के लिए ट्रेनिंग शुरू कर दी है। मौजूदा रैंकिंग में भारत के पांच बल्लेबाज शीर्ष 15 में हैं जिसमें श्रेयस अय्यर आठवें और लोकेश राहुल 15वें स्थान पर हैं। इस बीच नवीनतम टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों को फायदा हुआ है। टिम डेविड ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के शुरुआती दो मैच में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं और दाएं हाथ का यह आक्रामक बल्लेबाज छह स्थान के सुधार से 10वें पायदान पर है। डेविड के टीम के साथी कैमरन ग्रीन भी छह स्थान के फायदे से 17वें स्थान पर हैं। डार्विन में दूसरे टी20 में 125 रन की रिकॉर्ड शतकीय पारी खेलने वाले दक्षिण अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस लंबी छलांग लगाते हुए 21वें स्थान पर पहुंच गए हैं। पिछली रैंकिंग में वह शीर्ष 100 से बाहर थे। उनकी पारी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने श्रृंखला में 1-1 से बराबरी हासिल की। बल्लेबाजों की सूची में दक्षिण अफ्रीका के ट्रिस्टन स्टब्स (12 स्थान के फायदे से 27वें स्थान पर) जबकि गेंदबाजों की सूची में जोश हेजलवुड (तीन स्थान के फायदे से 20वें स्थान पर), कागिसो रबादा (15 स्थान के फायदे से 44वें स्थान पर) और लुंगी एनगिडी (14 स्थान के फायदे से 50वें स्थान पर) को फायदा हुआ है। जिम्बाब्वे के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में 2-0 के क्लीनस्वीप के दौरान अच्छे प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों की रैंकिंग में सुधार हुआ है। तेज गेंदबाज मैट हेनरी 9.12 की औसत से 16 विकेट चटकाकर श्रृंखला के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए। वह एक स्थान क फायदे से करियर के सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान पर पहुंच गए। हेनरी ने ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस को पीछे छोड़ा। दुनिया के नंबर एक गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और दूसरे नंबर पर मौजूद रबादा ही उनसे आगे हैं। न्यूजीलैंड के रचिन रविंद्र (15 स्थान के फायदे से 23वें पायदान पर), डेवोन कॉनवे (स ा त ा स्थान के फायदे से 37वें स्थान पर) और हेनरी निकोल्स (छह स्थान के फायदे से 47वें स्थान पर) को बल्लेबाजी रैंकिंग में फायदा हुआ है। वहीं दूसरी ओर



भारतीय तेज गेंदबाज आकाशदीप ने कहा कि उनका पहला इंग्लैंड दौरा काफी सहज रहा जहां एक कोच ने खुद से ज्यादा उन पर विश्वास किया, एक कप्तान ने मुश्किल समय में साथ दिया और माहौल घर जैसा था, जबकि परिस्थितियां विदेशी मैदान से ज्यादा घरेलू मैदान जैसी थी। आकाशदीप ने एक मैच में 10 विकेट और दूसरे में अर्धशतक लगाकर भारत की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जिससे वह रातों-रात स्टार बन गए लेकिन वह यह नहीं भूल सकते कि मुख्य कोच गौतम गंभीर ने ओवल में 66 रन बनाने के बाद उनसे क्या कहा था। इस 29 वर्षीय खिलाड़ी ने पीटीआई से कहा गौतम भाई ने मुझसे कहा, तुमको खुद पता नहीं तुम क्या कर सकते हो। देखो, मैं तुमसे कह रहा था कि तुम यह कर सकते हो। तुम्हें हमेशा इसी समर्पण के साथ खेलना होगा। उन्होंने कहा गौतम भाई बहुत ही जुनूनी कोच हैं। वह हमेशा हमें प्रेरित करते हैं। वह मेरी बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों पर मुझसे भी ज्यादा विश्वास करते हैं। रोहित शर्मा के नेतृत्व में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने और अब शुभमन गिल के नेतृत्व में खेलने के बाद बंगाल के इस तेज गेंदबाज के लिए सामंजस्य बिठाना आसान रहा है। उन्होंने कहा कि नया कप्तान शांत स्वभाव का है लेकिन मैदान पर उनके पास कई तरह के आईडिया होते हैं। उन्होंने कहा वह बहुत अच्छे कप्तान हैं। ऐसा नहीं है कि वह नए कप्तान हैं। वह पिछले कुछ वर्षों से आईपीएल में कप्तानी कर रहे हैं, जो एक बड़ा मंच है। यह अनुभव काफी मायने रखता है। जब एक कप्तान आपका समर्थन करता है और चीज़ों को अच्छी तरह समझता है तो इससे बहुत फ़र्क़ पड़ता है। आकाश दीप ने कहा, मैंने पिछले साल उनकी कप्तानी में दलीप ट्रॉफी खेली थी। वह एक शांत प्रकृति के खिलाड़ी हैं और उनके पास ढेर सारे आइडिया होते हैं। जब कोई शांत रहता है, तो इससे मैदान पर अच्छे फैसले लेने में मदद मिलती है। आकाशदीप का यह इंग्लैंड का पहला दौर था लेकिन उन्हें अधिकतर समय लगा कि वे उपमहाद्वीपीय पिचों पर खेल रहे हैं, जहां तेज गेंदबाजों के लिए बहुत कम मूवमेंट होता है। उन्होंने कहा, इंग्लैंड में हमने जो पांच टेस्ट मैच खेले, उनमें से चार में पिचें उन आम इंग्लिश विकेटों जैसी नहीं थीं जिनके बारे में हम वर्षों से सुनते या देखते आए हैं। गेंद कई बार ज़्यादा सीम या स्विंग नहीं कर रही थी और हमें भारतीय लेंथ के हिसाब से, फुल लेंथ पर गेंद डालनी थी। हमें यह सामंजस्य बिठाना पड़ा। अगर आपने काफी क्रिकेट खेली है तो फिर सामंजस्य से बिठाने में परेशानी नहीं होती। इस तेज गेंदबाज ने कहा, अभ्यास सत्र मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। मैं हमेशा मुख्य विपक्षी बल्लेबाज के बारे में सोचने की कोशिश करता हूं, जिसे मुझे गेंदबाजी करनी है। अपनी फिटनेस के बारे में आकाशदीप ने कहा, मैदान पर लगने वाली चोटों से बचा नहीं जा सकता। अगर आपको बाउंड्री बचाने के लिए डाइव लगानी पड़े, तो आपको ऐसा करना ही होगा। आप यह नहीं सोच सकते कि मेरा कंधा वगैरह चोटिल हो जाएगा। हां, अगर यह फिटनेस और ट्रेनिंग से जुड़ी चोटें हैं, तो हमारा लक्ष्य उन्हें जितना हो सके कम से कम रखना होता है। आकाशदीप ने अब तक 10 टेस्ट मैच खेले हैं और 28 विकेट लिए हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें सिर्फ़ खेल के लंबे प्रारूप के लिए ही चुना गया है, तो उन्होंने कहा कि उन्हें अभी तक कुछ खास नहीं बताया गया है। उन्होंने कहा हम चयनकर्ताओं से यूं ही बात नहीं कर सकते। वे अनुभवी लोग हैं और जब उन्हें लगेगा कि किसी भी प्रारूप में उन्हें मेरी ज़रूरत है, तो वे मुझे बुला लेंगे। मेरा काम अच्छा प्रदर्शन करना और टीम में शामिल होने के लिए तैयार रहना है।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टॉड ग्रीनबर्ग का मानना है कि सभी देशों को टेस्ट खेलने की जरूरत नहीं है क्योंकि इससे वित्तीय रूप से कुछ कमजोर बोर्ड पर बोझ पड़ता है। उन्होंने कहा कि हालांकि टेस्ट खेलने वाले देशों की कोई निश्चित संख्या नहीं है लेकिन टेस्ट क्रिकेट की कमी हमारे लिए नुकसानदायक नहीं बल्कि फायदेमंद है।

# आईओए ने 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी करेगा भारत



एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने बुधवार को यहां अपनी विशेष आम बैठक (एसजीएम) के दौरान 2030 में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के लिए देश की बोली को औपचारिक रूप से मंजूरी दे दी।

> ❍ राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी की दावेदारी को औपचारिक मंजूरी दी

भारत ने 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों के लिए अहमदाबाद को मेज़बान शहर बनाते हुए पहले ही आशय पत्र जमा कर दिया है। भारत को हालांकि 31 अगस्त की समय सीमा से पहले अंतिम बोली के लिए प्रस्ताव जमा करने होंगे। आईओए अध्यक्ष पी टी उषा ने कहा कि अहमदाबाद के साथ-साथ 2010 के मेजबान दिल्ली और भुवनेश्वर पर भी विचार किया जाएगा। उषा ने आधे घंटे से ज़्यादा समय तक चली विशेष आम बैठक (एसजीएम) के बाद कहा, मुझे खुशी है कि सभी एक साथ हैं और यह सर्वसम्मति से लिया गया फ़ैसला है। अब हम अपनी तैयारी को आगे बढ़ा सकते हैं। हम अभी यह नहीं कह सकते कि अहमदाबाद मेज़बान शहर है या नहीं। हमारे पास भुवनेश्वर और दिल्ली में भी अच्छी सुविधाएं हैं। उन्होंने कहा, कुछ परिस्थितियों के कारण 2026 में ग्लासगो में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों में कम खेल शामिल किए गए हैं। अगर हमें 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी मिलती है।

## खेल विधेयक छह महीने में लागू कर दिया जायेगा : मांडविया

नयी दिल्ली। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को बताया कि संसद में सुचारू रूप से पारित होने के बाद ऐतिहासिक राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक अगले छह महीने में लागू कर दिया जाएगा और प्रारंभिक कार्य पहले ही शुरू हो चुके हैं जिसमें नियमों का मसौदा तैयार करना और बुनियादी ढांचे की पहचान करना शामिल है। संसद के दोनों सदनों में विधेयक पारित होने के बाद अपने पहले साक्षात्कार में मांडविया ने विधेयक के उस प्रावधान को मानक सुरक्षा के रूप में उचित ठहराया जो सरकार को असाधारण परिस्थितियों में भारतीय टीमों और व्यक्तिगत खिलाड़ियों की अंतरराष्ट्रीय भागीदारी पर उचित प्रतिबंध लगाने का विवेकाधीन अधिकार देता है। मांडविया ने अपने आवास पर विशेष बातचीत में पीटीआई से कहा, यह विधेयक जल्द से जल्द लागू किया जाएगा। अगले छह महीनों के भीतर शत प्रतिशत कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रक्रियाएं पूरी कर ली जाएंगी। इस विधेयक के पारित होने से भारत खेल कानून लागू करने वाला 21वां देश बन जाएगा। इसके सबसे अहम प्रावधानों के कार्यान्वयन के लिए एक राष्ट्रीय खेल बोर्ड की स्थापना की जरूरत होगी जो राष्ट्रीय खेल महासंघों को मान्यता प्रदान करेगा और विवादों के समाधान के लिए एक राष्ट्रीय खेल पंचाट तथा एनएसएफ चुनावों की देखरेख के लिए एक राष्ट्रीय खेल चुनाव पैनल का गठन किया जाएगा।

# लखनऊ में पैरा डांस का सुनहरा जलवा, विजेताओं ने जीता दिल

लखनऊ। लुलु मॉल, लखनऊ के चमचमाते मंच पर बुधवार को प्रथम लखनऊ जिला पैरा डांस स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का माहौल पूरी तरह जोश और उमंग से भर गया। लखनऊ जिला डांस स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित चैंपियनशिप में तालियों की गड़गड़ाहट के बीच 50 से अधिक दिव्यांग डांसर्स ने अपने बेहतरीन मूव्स से न केवल जजों का, बल्कि सभी का दिल जीत लिया। दिव्यांगजनों को खेल और कला के जरिए आत्मविश्वास, रचनात्मकता और सामाजिक भागीदारी का मंच देने के उद्देश्य के साथ आयोजित चैंपियनशिप में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सदस्य अनूप गुप्ता ने दीप प्रज्वलन कर प्रतियोगिता का आगाज किया। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन समाज की अमूल्य धरोहर

> ❍ गोल्डन मूव्स: वरीक्षा से मो. आमिर तक, स्वर्ण पदक विजेताओं ने रचा इतिहास
> ❍ प्रथम लखनऊ जिला पैरा डांस स्पोर्ट्स चैंपियनशिप

हैं, उनकी प्रतिभा को मंच देना हमारी जिम्मेदारी है।

डाउन सिंड्रोम श्रेणी में वरीक्षा, बिजेश केशवानी, दिव्यांश शुक्ला, सिमर सचदेव, सचिन मिगलानी, राहुल विश्वकर्मा, यशी, रिंकी, अभय और बाजिल परवेज ने अपनी लय, अभिव्यक्ति और ऊर्जा से सभी को




चौंकाते हुए स्वर्ण पदक जीते। शारीरिक विकलांगता एवं डाउन सिंड्रोम श्रेणी में अदिति विश्वकर्मा ने सुनहरा तमगा अपने नाम किया, जबकि शारीरिक विकलांगता वर्ग में मो. आमिर ने अपने बेहतरीन नियंत्रण और मंच उपस्थिति से गोल्ड हासिल किया।

युगल वर्ग में वैष्णवी - कमल, राधा- राघवेन्द्र, सिवांश- अभिनव, अहान- राहुल, गुनगुन- वर्षा और निशी- शिखर की जोड़ियों ने तालमेल और क्रिएटिविटी का शानदार मिश्रण दिखाते हुए स्वर्ण पदक जीते।

तिकड़ी वर्ग में वैष्णवी, बाजिल परवेज और मैथ्यूज की तिकड़ी ने अपनी हार्मनी और समन्वय से दर्शकों को खड़े होकर तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। ग्रुप वर्ग में चेतना वाणी प्रदा स्कूल (सुनने की अक्षमता), चेतना संस्थान फार इंटेलेक्चुअल डिसेबिलिटी (डाउन सिंड्रोम) और सेंट फारसेंस स्कूल (मिश्रण श्रेणी - सुनने की अक्षमता) की टीमों ने बेहतरीन टीमवर्क के दम पर गोल्ड अपने नाम किया। समापन सत्र के मुख्य अतिथि डॉ. हिमांशु शेखर झा (राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन अधिकार) ने विजेताओं को मेडल और प्रमाणपत्र प्रदान करते हुए कहा कि यह प्रतियोगिता दिव्यांगजनों की असीम क्षमताओं का प्रमाण है। हमें ऐसे मंच लगातार तैयार करने चाहिए।

अति विशिष्ट अतिथि डॉ. कीर्ति विक्रम सिंह (निदेशक, इग्नू क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ) ने अपने संबोधन में कहा कि दिव्यांगजनों को शिक्षा, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में समान अवसर देना ही सच्चा सशक्तिकरण है। आज की प्रस्तुतियों ने यह दिखाया कि समर्पण और परिश्रम से हर बाधा को पार किया जा सकता है। कार्यक्रम में विशेष रुप से उपस्थित जयकुमार गंगाधरन, निदेशक - तेलंगाना, उत्तर प्रदेश एवं दिल्ली, लुलु इंडिया और नोमान अजीज खान, क्षेत्रीय निदेशक - तेलंगाना, उत्तर प्रदेश एवं दिल्ली, लुलु ने भी खिलाड़ियों के जज्बे की सराहना की और भविष्य में ऐसे आयोजनों को सहयोग देने का वादा किया।

# अमित शाह ने फहराया घर पर तिरंगा

## यह पहल एक जन आंदोलन बन गयी, जो देशभक्ति की भावना को मजबूत करती है



नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत बुधवार को अपने आवास पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया और कहा कि यह पहल एक जन आंदोलन बन गई है जो देशभक्ति की भावना को मजबूत करती है।

हर घर तिरंगा एक अभियान है जो आजादी का अमृत महोत्सव के तत्वावधान में लोगों को भारत की आजादी के उपलक्ष्य में तिरंगा घर लाने और उसे फहराने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शुरू किया गया था। शाह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज हैशटैग हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत अपने आवास पर तिरंगा फहराया। उन्होंने अपनी पत्नी सोनल के साथ ... गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में शुरू हुआ हर घर तिरंगा अभियान आज देश को एकता के सूत्र में पिरोने और राष्ट्रप्रेम की भावना को और भी प्रबल बनाने वाला जन-अभियान बन गया है। उन्होंने कहा कि यह अभियान दर्शाता है कि असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने त्याग, तप और समर्पण से जिस आजाद भारत का सपना साकार किया था, उसे विकसित और सर्वश्रेष्ठ बनाने के लिए 140 करोड़ देशवासी संकल्पित हैं। इस पहल का उद्देश्य लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना को जागृत करना और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना है। यह अभियान इस विचार से उपजा है कि राष्ट्रीय ध्वज के साथ लोगों का रिश्ता हमेशा व्यक्तिगत से ज्यादा औपचारिक और संस्थागत रहा है।

# निर्वाचन आयोग ने बिहार में वोट चोरी के लिए भाजपा के साथ मिलीभगत की: तेजस्वी



पटना। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने बुधवार को निर्वाचन आयोग पर वोट चोरी करने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ मिलीभगत का आरोप लगाया। बिहार में इस साल के आखिर में विधानसभा चुनाव होने हैं।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग भाजपा नेताओं को दो मतदाता पहचान पत्र हासिल करने में मदद कर रहा है और दोहराया कि अगर मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं को ठीक नहीं किया गया तो राजद बिहार विधानसभा चुनावों का बहिष्कार कर सकता है। भाजपा ने इन आरोपों को गलत और भ्रामक बताया है। यादव ने पत्रकारों से बातचीत में आरोप लगाया, यह सच है कि निर्वाचन आयोग (ईसी) आगामी विधानसभा चुनाव से पहले बिहार में वोट चोरी के लिए भाजपा के साथ सांठगांठ कर रहा है। वास्तव में, विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की शुरुआती प्रक्रिया के बाद निर्वाचन आयोग द्वारा प्रकाशित मसौदा मतदाता सूची को वोट की डकैती कहा जाना चाहिए। निर्वाचन आयोग राज्य में भाजपा नेताओं को दो मतदाता पहचान पत्र हासिल करने में मदद कर रहा है। राजद नेता ने कहा कि उनकी पार्टी कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ वोट अधिकार यात्रा में शामिल होगी और मतदाताओं से मिलेगी। यादव ने कहा, यात्रा के समापन के बाद हम विचार करेंगे कि विधानसभा चुनाव में भाग लेना है या नहीं। मैं इसे बराबर दोहरा रहा हूं। अगर निर्वाचन आयोग उसी तरह से काम करता रहेगा जैसे वह वर्तमान में कर रहा है है तो हमें चुनावों का बहिष्कार करने के बारे में सोचना ही होगा। उन्होंने मुजफ्फरपुर की महापौर निर्मला देवी पर दो मतदाता पहचान पत्र रखने का भी आरोप लगाया। आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा की संभावित उम्मीदवार मुजफ्फरपुर की महापौर, मसौदा मतदाता सूची के अनुसार एक विधानसभा क्षेत्र के दो अलग-अलग बूथ से संबंधित दो मतदाता पहचान पत्र रखती हैं।

## संक्षेप

### सड़क हादसों में महिला व बच्चे समेत 4 की मौत


जम्मू। जम्मू-कश्मीर के सांबा और राजौरी जिलों में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो विद्यार्थियों, एक महिला और उसके दो साल के बेटे की मौत हो गई। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज निवासी सनी कुमार (19) और छत्तीसगढ़ के बिलासपुर निवासी जोगिंदर कुमार (19) दोनों 12वीं कक्षा के छात्र थे। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार अपराह्न दो बजकर 40 मिनट पर सांबा के सरोर अड्डा के पास एक स्कूल बस ने सनी और जोगिंदर की मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के बाद स्कूल बस का चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। अधिकारियों ने बताया कि सनी और जोगिंदर के माता-पिता बारी ब्राह्मण औद्योगिक क्षेत्र में काम करते हैं और दोनों लड़के दुर्घटना के समय सांबा जा रहे थे। उन्होंने बताया कि बस चालक को पकड़ने और गिरफ्तार करने के लिए तलाश जारी है। अधिकारी ने बताया कि चालक कथित रूप से लापरवाही से बस चला रहा था। अधिकारियों ने बताया कि एक अन्य दुर्घटना में मंगलवार रात को राजौरी जिले में एक एसयूवी के सड़क से फिसलकर खाई में गिर जाने से वाहन में सवार एक महिला और उसके दो साल के बेटे की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि एसयूवी चला रहा महिला का पति लापता है और उसकी तलाश जारी है।

# अमेरिकी टैरिफ के खिलाफ किसानों ने फूंके ट्रंप के पुतले

इंदौर। भारत से आयातित वस्तुओं पर अमेरिका के घोषित उच्च शुल्क के खिलाफ विरोध जताते हुए मध्यप्रदेश के कई स्थानों पर किसानों ने बुधवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पुतले फूंके। संयुक्त किसान मोर्चा के एक पदाधिकारी ने यह जानकारी दी।

यह विरोध प्रदर्शन संयुक्त किसान मोर्चा और केंद्रीय श्रम संगठनों के अखिल भारतीय आह्वान पर किया गया। संयुक्त किसान मोर्चा की मध्यप्रदेश इकाई के अध्यक्ष बादल सरोज के मुताबिक कृषकों ने राज्य के करीब 40 जिलों में ट्रंप के खिलाफ प्रदर्शन किया और कई स्थानों पर अमेरिकी राष्ट्रपति के पुतले जलाए गए। उन्होंने कहा कि भारत से आयातित वस्तुओं पर ट्रंप का घोषित उच्च शुल्क भारतीय किसानों और मजदूरों के हितों के सरासर खिलाफ है। ट्रंप अमेरिकी माल को भारत में किसी भी तरह खपाना चाहते हैं, जबकि भारत से उनके देश को होने वाले निर्यात को रोकना चाहते हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस तरह की अनुचित सौदेबाजियां नहीं होनी चाहिए। हम नहीं चाहते कि अमेरिका के साथ ऐसा कोई भी व्यापार समझौता किया जाए जिससे भारतीय किसानों और मजदूरों के हितों के हितों पर विपरीत प्रभाव पड़े।

# आर्थिक संकट का रूप ले चुकी है असमानता



नयी दिल्ली। कांग्रेस ने एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए बुधवार को दावा किया कि देश में असमानता अब विकराल सामाजिक एवं आर्थिक संकट का रूप ले चुकी है तथा आम लोगों की जेब खाली हैं।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने एक अखबार की खबर का हवाला देते हुए कहा कि भारत के शीर्ष पांच औद्योगिक समूहों के पास देश की जीडीपी के लगभग 18 प्रतिशत के बराबर संपत्ति है। रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, अभी कुछ दिन पहले, मोदी सरकार के पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) ने एक चर्चित रिपोर्ट के हवाले से न जाने किस तरह आंकड़ों को तोड़-मरोड़ कर एकदम फर्जी दावा किया कि भारत दुनिया में चौथा सबसे अधिक आर्थिक समानता वाला देश बन गया है। इसके बाद पीआईबी के पीछे-पीछे तमाम दरबारी यह प्रचार करने लगे कि देश में जबरदस्त आर्थिक समानता आ गई है। उन्होंने अखबार की खबर का हवाला देते हुए कहा कि सरकार और उसके दरबारियों को यह रिपोर्ट और खबर ज़रूर देखनी चाहिए। हुरुन इंडिया की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, भारत के शीर्ष पांच औद्योगिक घरानों के पास देश की जीडीपी के लगभग 18 प्रतिशत के बराबर संपत्ति है। अकेले अंबानी समूह के पास ही जीडीपी के 12.7 प्रतिशत के बराबर दौलत है। उनका कहना है कि भारतीय अर्थव्यवस्था का अनुमानित आकार 331 लाख करोड़ है, जिसमें से 60 लाख करोड़ की संपत्ति सिर्फ इन पांच परिवारों के पास है। रमेश ने दावा किया, इसमें कोई हैरानी नहीं होनी चाहिए, क्योंकि प्रधानमंत्री पिछले 11 साल से बिना छुट्टी लिए लगातार इन्हीं में से कुछ उद्योगपतियों की तिजोरियां भरने के काम में लगे हुए हैं।

# जेएनयू छात्र संघ ने किया एसआईआर के खिलाफ प्रदर्शन

नयी दिल्ली। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ ने बुधवार को दावा किया कि बिहार की मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के विरोध में प्रदर्शन कर रहे उसके कई छात्र नेताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। यह विरोध प्रदर्शन विश्वविद्यालय के गेट के बाहर हुआ। निर्वाचन आयोग बिहार में इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले राज्य की मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कर रहा है।

ग्राम पंचायत-जंगल धूषण, विकास खण्ड-चरगांवा, जनपद-गोरखपुर की समस्त सम्मानित जनता को स्वतंत्रता दिवस व श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर हार्दिक शुभकामनाएं



राजेंद्र प्रसाद निषाद
ग्राम प्रधान विशिष्ट अतिथि (राजपथ पर गणतंत्र पर आयोजित महामहिम राष्ट्रपति के ध्वजारोहण समारोह में)

शकील कुमार
ग्राम पंचायत सचिव/ ग्राम विकास अधिकारी

जयराम
क्षेत्र पंचायत सदस्य

ग्राम पंचायत-जंगल धूषणविकास खण्ड-चरगांवा गोरखपुर

# महाभियोग से बचने के लिए न्यायमूर्ति वर्मा के पास इस्तीफा ही एकमात्र विकल्प: बिरला



नयी दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के लिए एक समिति के गठन की घोषणा की है और ऐसे में संसद द्वारा पद से हटाए जाने से बचने के लिए इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के पास इस्तीफा ही एकमात्र विकल्प बचा है।

जांच समिति में उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश अरविंद कुमार, मद्रास उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश मनींद्र मोहन श्रीवास्तव और कर्नाटक उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता बी वी आचार्य शामिल होंगे। बिरला ने मंगलवार को लोकसभा में कहा, समिति यथाशीघ्र अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। जांच समिति की रिपोर्ट प्राप्त होने तक प्रस्ताव (न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने का) लंबित रहेगा।

उन्होंने सदन को सूचित किया कि उन्हें गत 31 जुलाई को भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद और सदन में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी सहित सत्ता पक्ष और विपक्ष के कुल 146 सदस्यों द्वारा हस्ताक्षरित प्रस्ताव की सूचना प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा था कि उक्त सूचना में न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के पद से हटाने के लिए राष्ट्रपति को एक समावेदन प्रस्तुत करने का प्रस्ताव है। शीर्ष अदालत और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति और उन्हें हटाने की प्रक्रिया से अवगत अधिकारियों ने बताया कि किसी भी सदन में सांसदों के समक्ष अपना पक्ष रखते हुए न्यायमूर्ति वर्मा यह घोषणा कर सकते हैं कि वह पद छोड़ रहे हैं और उनके मौखिक बयान को उनका इस्तीफा माना जाएगा। यदि वह इस्तीफा देने का फैसला करते हैं, तो उन्हें उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश के बराबर पेंशन और अन्य सुविधाएं मिलेंगी। अधिकारियों ने कहा कि लेकिन यदि उन्हें संसद द्वारा पद से हटाया जाता है, तो उन्हें पेंशन और अन्य लाभों से वंचित कर दिया जाएगा। संविधान के अनुच्छेद 217 के अनुसार, उच्च न्यायालय का कोई न्यायाधीश राष्ट्रपति को संबोधित अपने हस्ताक्षर वाले पत्र द्वारा पद से इस्तीफा दे सकता है। न्यायाधीश के इस्तीफे के लिए किसी मंजूरी की आवश्यकता नहीं होती।

विकास खण्ड चरगांवा, जनपद.गोरखपुर के सभी सम्मानित जनता जनार्दन को स्वतंत्रता दिवस एवं श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर हार्दिक शुभकामनाएं
हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग
स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर



वन्दना सिंह
ब्लॉक प्रमुख
विकास खण्ड चरगांवा
जनपद गोरखपुर

रणविजय सिंह मुन्ना
ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि

सत्य प्रकाश सिंह
खण्ड विकास अधिकारी

सतीश चतुर्वेदी
सहायक विकास अधिकारी (पंचायत)

ग्राम पंचायत सचिव - राजेश कुमार गुप्ता, मत्स्यराज, ऋषि कुमार, अमित कुमार श्रीवास्तव, वकील कुमार, नेहा गुप्ता, प्रीति अग्रहरि, रुचि नायक व मनोज कुमार




# फिल्म 'महावतार नरसिम्हा' ने दर्शको को किया सरप्राइज

**मुंबई।** 'सैयारा' के बाद डायरेक्टर अश्विन कुमार की एनिमेटेड फिल्म 'महावतार नरसिम्हा' ऐसी फिल्म बनकर सामने आई जिसने सभी को अपनी बॉक्स ऑफिस परफॉरमेंस से सरप्राइज किया। इतना ही नहीं पौराणिक कथा पर आधारित होने के बावजूद इस फिल्म को हर समुदाय के लोग खूब पसंद कर रहे हैं। खास करके मुस्लिम समुदाय के लोग। हाल ही में खास बातचीत के दौरान डायरेक्टर अश्विन कुमार ने बताया कि आखिर में इस फिल्म को हर समुदाय के लोग क्यों पसंद कर रहे हैं। महावतार नरसिम्हा को हर मजहब के लोग इस लिए पसंद कर रहे हैं।

# रजनीकांत की फिल्म कुली की रिलीज पर सिंगापुर में छुट्टी



**मुंबई।** थलाइवा रजनीकांत की फिल्म कुली, 14 अगस्त को रिलीज हो रही है। भारत के अलावा सिंगापुर में भी रजनीकांत की फैन फॉलोइंग इस कदर है कि एक कंपनी ने फिल्म देखने के लिए कंपनी के सभी कर्मचारियों को छुट्टी दे दी है। इसके साथ कर्मचारियों को मुफ्त टिकट और खाना भी दिया जा रहा है। सिंगापुर की फार्मर कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर मधवा प्रसाद ने सभी कर्मचारियों को एक नोट भेजा है। सुपरस्टार (रजनीकांत) की फिल्म 'कुली' के 14 अगस्त 2025 को रिलीज होने के उपलक्ष्य में प्रबंधन तमिल कामगारों को सवेतन अवकाश घोषित करता है। इसके अलावा, कंपनी एफडीएफएस (फर्स्ट डे फर्स्ट शो) मूवी टिकट और एफबी (फूड एंड बेवरेज) खर्च के लिए 30 डॉलर प्रदान करेगी। यह गतिविधि कामगारों के कल्याण और तनाव प्रबंधन के अंतर्गत की जा रही है। इसके अलावा एसबी मार्ट नाम की एक सिंगापुर की कंपनी ने फिल्म रिलीज पर कर्मचारियों को हाफ डे दिया है। कंपनी ने नोटिस जारी कर लिखा है, 'हम 14 अगस्त 2025 को सुबह 7:00 बजे से 11:30 बजे तक बंद रहेंगे, क्योंकि उस दिन सुपरस्टार रजनीकांत अभिनीत फिल्म 'कुली' रिलीज हो रही है। व्यवसाय 11:30 बजे के बाद सामान्य रूप से फिर शुरू होगा। होने वाली असुविधा के लिए खेद है। साल 2016 में रजनीकांत की फिल्म काबाली रिलीज हुई थी। इस समय भी साउथ की ओपस नाम की एक कंपनी ने फिल्म देखने के लिए कर्मचारियों के लिए छुट्टी की घोषणा की थी। बताते चलें कि फिल्म कुली : द पावरहाउस 14 अगस्त को रिलीज हो रही है। फिल्म में रजनीकांत के साथ-साथ श्रुति हासन, नागार्जुन, उपेंद्र राव अहम किरदारों में हैं। आमिर खान भी इस फिल्म में कैमियो में नजर आने वाले हैं। भारत में इस फिल्म का क्लैश ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की फिल्म वॉर 2 से होगा, जो 14 अगस्त को ही रिलीज हो रही है।

इंडिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड, गीडा गोरखपुर
INDIA GLYCOLS LIMITED

79 वीं स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर आईजीएल के बिज़नस हेड एस के शुक्ल की तरफ से आप सभी प्रदेशवासियों एवं देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

आईजीएल सदैव समाज की सेवा के लिए प्रतिबद्ध है, बेहतर शिक्षा,उत्तम स्वास्थ्य,स्वच्छ पर्यावरण,एवं जन परोपकारी कार्यो में अग्रणी हिस्सा लेती है।



इंडिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड, गीडा गोरखपुर परिसर
एशिया बुक ऑफ़ रिकार्ड्स एवं लगातार तीसरी बार इंडिया बुक ऑफ़ रिकार्ड्स द्वारा आईजीएल का सम्मान।
आईजीएल द्वारा 25000 पौधों का वृक्षारोपण किया गया।
स्वक्षता सर्वेक्षण में शीर्ष स्थान प्राप्त होने पर आईजीएल द्वारा महापौर का सम्मान
आईजीएल द्वारा महिला सम्मान कार्यक्रम का आयोजन

आईजीएल के बिजनेस हेड एस के शुक्ल के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में विगत एक वर्ष में किये गए कार्यो का विवरण-

- एक नयी पहल - किसानो की आय बढ़ाने के क्रम में आईजीएल द्वारा रवि कालीन मक्के की खेती नविन आधुनिक यन्त्रों द्वारा करवाकर, मक्का का खरीद सीधे किसानो के खेत से करके किसानों को भुगतान उनके खाते में किया गया।
- आई० जी० एल० द्वारा टेट्रापैक के अपशिष्ट (कचड़ा) से बने 2 बेंच शहीद अशफ़ाक़ उल्लाह खान प्राणी उद्यान, गोरखपुर को भेंट किया गया।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में चलाए गए पैतीस करोड़ वृक्षारोपण महाअभियान एक पेड़ माँ के नाम योजना के तहत 25000 पौंधो का पौधरोपण आईजीएल परिषर एवं पूर्वांचल लिंक एक्सप्रेस वे के जीरो पॉइन्ट से 20 किमी तक के बीच में किया गया।
- आईजीएल द्वारा अंगीकृत छात्रा नीलाक्षी का बारहवीं कक्षा में प्रवेश कराया गया तथा स्कूल बैग किट और कॉपी किताब पेन प्रदान किया गया।
- पाँच चिकित्सा शिविर का आयोजन कराया गया जिसमे आँखों का परिक्षण एवं खून द्वारा जाँच एवं आईजीएल के संस्थापक स्व एम एल भरतिया जी के पुण्यतिथि के अवसर पर रक्तदान शिविर एवं जरूरतमंद महिलाओं व् पुरुषों को अंगवस्त्र दान किया गया। - एशिया बुक ऑफ़ रिकॉर्ड से पहली बार एवं इंडिया बुक ऑफ़ रिकॉर्ड से लगातार तीसरी बार अपने उत्पाद बंटी बबली का सर्वाधिक बिक्री करने हेतु सम्मानित किया गया।
- शुद्ध जल आपूर्ति हेतु सात इंडिया मार्का हैंड पम्प को ग्राम जुड़ियाँन, जगदीशपुर एवं अन्य स्थानों पर लगवाया गया।
- नारी सशक्तिकरण के अंतर्गत इंडिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड में कार्यरत महिलाओं द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु महिला सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चरगावां द्वारा पूर्वांचल में सर्वाधिक रोजगार प्रदान करने हेतु आईजीएल कम्पनी को सम्मानित किया गया।
- निपुण मिशन कार्ययोजना के अन्तर्गत गोरखपुर शिक्षा महोत्सव का आयोजन आईजीएल द्वारा गोद लिए विद्यालय जुड़ियाँन प्राथमिक विद्यालय पर साँसद गोरखपुर के उपस्थित में किया गया।
- राष्ट्रीय स्तर पर गोरखपुर को स्वक्षता सर्वेक्षण में शीर्ष स्थान प्राप्त होने पर महापौर का सम्मान किया गया और एक पेड़ माँ के नाम योजना के अंतर्गत 25000 पौधों का पौधरोपण का शुभारंभ किया गया।

इण्डिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड,गीडा गोरखपुर में पीने योग्य उच्च गुणवत्ता की देशी /विदेशी मदिरा,एथेनॉल,16 मेगावाट बिजली का निर्माण करती है ।
Works : E-1, Sector -15, GIDA, Gorakhpur-273209, U.P. - Head Office : Plot No. 2B, Sector - 126, Noida - 201304, U.P.

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com

C M Y K